3 | राजधानी
जरूरतमंदों को दस रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन

6 | अभिमत
सही समय पर बिकी एयर इंडिया

11 | विदेश
उ. कोरिया ने किया पनडुब्बी मिसाइल का परीक्षण

12 | विविध
बुजुर्गों की देखभाल में बदलाव लाती प्रौद्योगिकी



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 4
लखनऊ, बुधवार, 20 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





भारत-पाक के बीच विश्वकप मुकाबले होने चाहिए
स्पोर्ट्स-11



www.dailypioneer.com


# प्रधानमंत्री कुशीनगर में आज करेंगे अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन

### ● श्रीलंका से आएगा पहला विमान, प्रदेश का सबसे बड़ा रनवे वाला है यह हवाईअड्डा

**भाषा।** कुशीनगर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बौद्ध धर्म के अनुयायियों के एक प्रमुख तीर्थस्थल कुशीनगर में 260 करोड़ रुपए की लागत से 589 एकड़ में बने अंतरराष्ट्रीय विमानतल का बुधवार सुबह उद्घाटन करेंगे। इस हवाई अड्डे पर उतरने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय विमान श्रीलंका सरकार का होगा, जिसमें उच्च-स्तरीय सरकारी प्रतिनिधिमंडल होगा।

प्रधानमंत्री अपनी इस यात्रा के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज समेत 12 अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर उतरने वाले श्रीलंकाई सरकार के विमान में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बौद्ध भिक्षु भी शामिल रहेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान महापरिनिर्वाण मंदिर में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध कॉन्क्लेव



कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा

का भी करीब साढ़े 11 बजे शुभारंभ करेंगे। वह कुशीनगर में ही रामकोला रोड, नारायणपुर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे और करीब सवा एक बजे विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। गौरतलब है कि कुशीनगर भगवान गौतम बुद्ध की निर्वाण स्थली है और प्रतिवर्ष यहां पर चीन, श्रीलंका, कम्बोडिया, थाईलैंड, जापान, मलेशिया, म्यांमार, कोरिया, लाओस, सिंगापुर, वियतनाम, ताइवान, नेपाल और भूटान के नागरिक आते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। बिहार की सीमा पर बसे कुशीनगर की दूरी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से करीब 325 किलोमीटर की है। यहां अन्तरराष्ट्रीय स्तर का विमानतल बनने से देश-विदेश के पर्यटकों को आने में सुविधा होगी।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन, राजकीय मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास और 12 अन्य विकास परियोजनाओं की सौगात पाकर कुशीनगर 20 अक्टूबर से विकास की नई उड़ान भरने और अपनी सुदृढ़ पहचान बनाने को तैयार है। इस हवाई अड्डे से जहां तथागत की महापरिनिर्वाण स्थली का ऐतिहासिक गौरव और समृद्ध होगा, वहीं प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज 40 लाख लोगों के जीवन में संजीवनी सरीखा उपहार होगा। इसके साथ ही बाढ़ सुरक्षा, सड़क व ज्ञानालयों से जुड़ी परियोजनाएं जिले की खुशहाली बढ़ाएंगी। नागरिक उड्डयन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कुशीनगर का अंतरराष्ट्रीय विमानतल 589 एकड़ में 260 करोड़ रुपए की लागत से बना है और इसके एप्रन पर चार बड़े हवाई जहाज एक साथ खड़े हो सकते हैं।

प्रदेश के सबसे बड़े रनवे (3200 मीटर) वाले इस विमानतल के शुरू होने के साथ ही पर्यटन विकास, निवेश, रोजगार का बड़ा प्लेटफॉर्म तैयार हो रहा है। साथ ही देश के सांस्कृतिक संबंधों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और विस्तार होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुशीनगर में 281.45 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले राजकीय मेडिकल कॉलेज का भी शिलान्यास करेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2022-23 के सत्र से यहां एमबीबीएस की 100 सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया है। इस मेडिकल कॉलेज में 460 की क्षमता का छात्रावास तथा 500 बेड (शेष पेज 9)

### पर्यटन की असीम संभावनाएं होंगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे : योगी आदित्यनाथ

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर मंगलवार को कुशीनगर का दौरा कर सम्पूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में योगी ने कहा, यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश को कल तीसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट सौंपा जाएगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमोत्तर बिहार के विकास में इस नए हवाई अड्डे का बहुत बड़ा योगदान होगा। इससे न केवल पर्यटन की असीम संभावनाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, हम सब जानते हैं कि भगवान बुद्ध से जुड़े सर्वाधिक पावन स्थल उत्तर प्रदेश (शेष पेज 9)

# स्वदेशी उत्पादों की चमक देख चीन फोड़ लेगा अपना माथा

### ● खादी महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर बोले मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित खादी महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि माटी कला बोर्ड द्वारा शानदार मिट्टी के उत्पाद, गणेश और लक्ष्मी की मूर्ति तैयार की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की चमक देखकर चीन अपना माथा फोड़ लेगा। उनकी एक भी मूर्ति इन स्वदेशी उत्पादों के आगे नहीं बिकने वाली हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक का साथ और शासन का अगर थोड़ा सा संबल मिल जाए तो हमारा यह ब्रांड मार्केट में छा जाएगा।

एक जनपद एक उत्पाद की योजना हो, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना हो, खादी के उत्पादों को ब्रांड बनाने की कला हो, माटी कला को एक ब्रांड बनाने की योजना हो, एक से बढ़कर एक योजनाएं आज सफल होती दिखाई दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान 1,68,000 से अधिक लोगों को सीधे तौर पर रोजगार



लखनऊ में खादी महोत्सव के दौरान चरखा चलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

दिया जा चुका है। प्रदेश सरकार ने 2021-22 में लगभग 50,000 लोगों को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता के तहत 2017-18 से 20-21 तक 307 खादी संस्थानों के 33 करोड़ 37 लाख 62 हजार रुपए का अब तक भुगतान किया गया है। इसमें खादी संस्थाओं के लगभग 1,61,345 कामगारों को 9 करोड़ 52 लाख 92 हजार रुपए के प्रोत्साहन बोनस का भुगतान किया जा चुका है। 21-22 में अब तक 136 खादी संस्थाओं को चार करोड़ 87 लाख 33 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। जिनमें 25,474 कामगारों को एक करोड़ 65 लाख 70 हजार रुपए के प्रोत्साहन बोनस का भुगतान किया गया है। इसके साथ ही बीते 3 वर्षों में नि:शुल्क सोलर चरखों का वितरण, 3,803 लाभार्थियों को नि:शुल्क टूल किट दी हैं। इस वर्ष के अंत तक 2500 टूल किट वितरण का लक्ष्य हम लोगों ने रखा है।

15 दिवसीय चलने वाले इस खादी महोत्सव से मुख्यमंत्री ने लोगों से वोकल फॉर लोकल की अपील करते हुए स्वदेशी उत्पादों को भेंट करने को कहा उन्होंने इस अवसर पर लाभार्थियों को बधाई दी। उल्लेखनीय है योगी सरकार लगातार स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने की योजना पर लगातार काम कर रही है और इसके उत्साहजनक परिणाम भी सामने आ रहे है।

## रेप पीड़िता के आत्मदाह प्रकरण में निलंबित सीओ बर्खास्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**घोसी** लोकसभा सीट से बसपा सांसद अतुल राय पर दुराचार का मुकदमा दर्ज कराने वाली पीड़िता और उसके गवाह सत्यम प्रकाश राय को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में जिला जेल में बंद निलंबित सीओ अमरेश सिंह बघेल को शासन ने बर्खास्त कर दिया है। उनकी बर्खास्तगी का आदेश अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से जारी कर दिया गया है। सांसद अतुल राय पर लंका थाने में बलिया निवासी युवती ने 1 मई 2019 को दुराचार और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज कराए गए मुकदमे को फर्जी बताते हुए अतुल राय के पिता ने पुलिस अधिकारियों से प्रकरण की जांच की मांग की थी। इस मामले की जांच तत्कालीन सीओ भेलूपुर अमरेश सिंह बघेल ने की थी। उन्होंने जांच रिपोर्ट में पीड़िता के आरोप को निराधार बताते हुए इस पूरे प्रकरण की दोबारा विवेचना की (शेष पेज 9)

## उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश से 42 और मौतें

### ● उत्तर प्रदेश में भी चार लोगों की गई जान

**भाषा।** नई दिल्ली, देहरादून, लखनऊ

**उत्तराखंड** के विभिन्न हिस्सों से मंगलवार को बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 42 और लोगों की मौत की खबर है, वहीं उत्तर प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में चार लोगों की मृत्यु हो गई। केरल में भारी बारिश की वजह से कई बांध भर गए हैं और कई जिलों को अलर्ट किया गया है। उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के हथगाम थाना क्षेत्र में तेज बारिश के दौरान दीवार ढहने से छप्पर के नीचे सो रहीं सास-बहू की मौके पर मौत हो गई। प्रदेश के बरेली जिले में भी बीसलपुर रोड पर दो श्रमिकों की सोलर पैनल के संपर्क में आने के बाद करंट लगने से मौत हो गई।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोगों से न घबराने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने चारधाम यात्रियों से फिर अपील की कि वे जहां हैं, वहीं रुक



उत्तराखंड में भारी बरसात से जिम कार्बेट नेशनल पार्क में डूबे वाहन

जाएं और मौसम में सुधार होने से पहले अपनी यात्रा शुरू न करें। धामी ने राज्य में भारी बारिश से जान गंवाने वालों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। राज्य आपात अभियान केंद्र (एसईओसी) के अनुसार मंगलवार को राज्य में वर्षा जनित हादसों में 23 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या 28 हो गई है। सोमवार को पांच लोगों की मौत की खबर थी। एसईओसी के अनुसार आज जिन 23 लोगों के मारे जाने की खबर है उनमें से 18 नैनीताल में, तीन अल्मोड़ा में और चंपावत तथा उधमसिंह नगर जिलों में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु की खबर है। कुमाऊं के बारिश प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने मुख्यमंत्री धामी के साथ गए उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि नैनीताल में काठगोदाम और लालकुआं तथा उधमसिंह नगर के रुद्रपुर में सड़कें, पुल और रेलवे पटरियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त पटरियों की मरम्मत में कम से कम चार से पांच दिन लगेंगे। राज्य में राहत और बचाव अभियानों में मदद के लिए भारतीय वायु सेना के तीन हेलीकॉप्टर पहुंच गए हैं। इनमें से दो को नैनीताल जिले में तैनात किया गया है जो बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई भूस्खलनों के (शेष पेज 9)

## अपनी पार्टी बनाएंगे अमरिंदर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने मंगलवार को कहा कि वह जल्द ही राजनीतिक दल के गठन की घोषणा करेंगे और अगर किसान आंदोलन का समाधान किसानों के पक्ष में होता है तो भाजपा के साथ सीटों को लेकर समझौता होने की उम्मीद जताई। कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के साथ लंबे मतभेद और प्रदेश कांग्रेस में अंदरूनी लड़ाई के बाद अमरिंदर ने मुख्यमंत्री पद से पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था। पार्टी ने उनके स्थान पर चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया है। सिंह ने कहा, पंजाब के भविष्य को लेकर लड़ाई जारी है। मैं जल्द ही राजनीतिक पार्टी के गठन की घोषणा करूंगा, ताकि पंजाब और उसके लोगों, साथ ही पिछले एक साल से अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे किसानों के हितों के लिए काम किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि मैं अपने लोगों और अपने (शेष पेज 9)

## विधानसभा चुनाव में 40 फीसद टिकट महिलाओं को देगी कांग्रेस

### ● पार्टी ने चुनाव के लिए दिया नया नारा, लड़की हूं, लड़ सकती हूं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा दांव चलते हुए महिला वोटरों को लुभाने के लिए 40 फीसदी टिकट उन्हें देने की घोषणा की है। कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसका ऐलान किया। प्रियंका ने कहा कि अगर उनका बस चलता तो उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक टिकट देतीं लेकिन सबकी सहमति 40 प्रतिशत पर ही बनी और यही वजह है कि 40 प्रतिशत टिकट देने का फैसला किया गया है।

इसके साथ ही कांग्रेस ने यूपी चुनाव के लिए नया नारा लड़की हूं, लड़ सकती हूं भी दिया है। प्रियंका ने खुद के चुनाव लड़ने और सीएम चेहरे



के सवाल पर कहा कि फिलहाल अभी इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाएं यूपी विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से भागीदारी करेंगी। पार्टियां सोचती हैं कि वे एलपीजी सिलिंडर और दो हजार रुपये देकर उन्हें बहला लेंगी।

उन्होंने कहा कि देश में नफरत की राजनीति चल रही है और केवल महिलाएं ही इसे खत्म कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए कहा। प्रियंका ने कहा कि हमने हर विधानसभा के लिए आवेदन मांगे हैं जो अगले महीने की 15 तारीख तक खुला है। जो (शेष पेज 9)

## कोरोना रोधी टीकों की दूसरी खुराक पर ध्यान दें राज्य: केंद्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में जल्द ही कोविड-19 रोधी टीकों की एक अरब खुराक दे दी जाएंगी और अब टीकाकरण को और बेहतर बनाने के लिए केन्द्र ने राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों से दूसरी खुराक लगाने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 99 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी को देशभर में कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत की थी। केन्द्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए नए दिशानिर्देश तैयार करने के लिए राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों से भी सुझाव मांगे हैं। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सोमवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशकों के साथ टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,737 | ↓ | 452 | |
| निफ्टी | 18,161 | ↓ | 169 | |
| सोना | 46,580 | ↑ | 256 | /10g |
| चांदी | 62,328 | ↑ | 188 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### सीआईएससीई बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली।** भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) की ओर से मंगलवार को कहा गया कि नियंत्रण से बाहर वाले कारणों केचलते कक्षा 10 और 12 के पहले टर्म की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी और सचिव गेरी आराथून ने एक आदेश में कहा, सीआईएससीई ने 2021-22 के लिए कक्षा 10 और 12 के पहले टर्म की परीक्षा को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यह कुछ ऐसे कारणों से किया गया जो हमारे नियंत्रण में नहीं थे। सभी हितधारकों को भविष्य में संशोधित परीक्षा तिथि की सूचना दी जाएगी। कक्षा 10 और 12 की परीक्षा 15 नवंबर से होने वाली थी।

## पूर्वी क्षेत्र के अंदरूनी इलाकों में गतिविधियां बढ़ा रहा चीन

### ● पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडेय ने कहा, भारत ने भी की है पूरी तैयारी

**भाषा।** रूपा (अरुणाचल प्रदेश)

**पूर्वी** सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र के सामने अपने अंदरूनी इलाकों में तैनाती और सैन्य अभ्यास बढ़ा दिए हैं तथा भारत ने क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हर प्रकार की चुनौती से निपटने के लिए इसी के अनुसार आकस्मिक योजनाएं बना ली हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने भारत के समग्र सैन्य आधुनिकीकरण की जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत युद्ध समूह (आईबीजी) नामक नई लड़ाकू संरचनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। ए समूह अधिक प्रभावी दृष्टिकोण के साथ तेजी से कार्य करने में समक्ष हैं। आईबीजी में पैदल सेना, तोपखाने, वायु रक्षा, टैंक और रसद इकाइयां शामिल होंगी।

इस नई व्यवस्था से खासकर चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर सेना की युद्ध लड़ने की क्षमताओं में सुधार की उम्मीद है। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने कहा कि 17 माउंटेन कोर के संचालन की योजना को 2014 में बनाई गई योजना के अनुरूप लागू किया गया है। उन्होंने कहा, पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) वहां जो वार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास करती है, उस संबंधी गतिविधियों में अंदरूनी इलाकों में बढ़ोतरी देखी गई है। पीएलए ने जो कुछ आरक्षित समूह गोलबंद किए थे, वे अंदरूनी इलाकों में बने अपने प्रशिक्षण क्षेत्रों (शेष पेज 9)

# जिहादी बनता जा रहा बांग्लादेश, मदरसे फैला रहे नफरत

### ● लेखिका तसलीमा नसरीन ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं और बौद्धों की स्थिति दयनीय

**भाषा।** नई दिल्ली

**बांग्लादेश** में हिंदू विरोधी हिंसा की हालिया घटनाओं से क्षुब्ध मशहूर लेखिका तसलीमा नसरीन ने कहा है कि उनका देश अब जिहादिस्तान बनता जा रहा है जहां सरकार अपने सियासी फायदे के लिए मज़हब का इस्तेमाल कर रही है और मदरसे कट्टरपंथी पैदा करने में लगे हैं।बांग्लादेश से 28 वर्ष पहले निष्कासित लेखिका ने भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं अब इसे बांग्लादेश नहीं कहती।

यह जिहादिस्तान बनता जा रहा है। सभी सरकारों ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का इस्तेमाल



किया। उन्होंने इस्लाम को राजधर्म बना दिया जिससे वहां हिंदुओं और बौद्धों की स्थिति दयनीय हो गई है। पिछले सप्ताह बांग्लादेश में, कोमिला इलाके में दुर्गापूजा के एक पंडाल में कथित ईशनिंदा के बाद हिंदू मंदिरों पर हमले किए गए और कोमिला, चांदपुर, चटगांव, कॉक्स बाजार, बंदरबन, मौलवीबाजार, गाजीपुर, फेनी सहित कई जिलों में पुलिस और हमलावरों के बीच संघर्ष हुआ। हमलावरों के एक समूह ने रंगपुर जिले के पीरगंज गांव में हिंदुओं के करीब 29 घरों में आग लगा दी। अपने लेखन के कारण हमेशा कट्टरपंथियों के निशाने पर रहीं तसलीमा ने कहा कि हिंदू विरोधी भाव बांग्लादेश में नया नहीं है और यह हैरानी की बात है कि इसके बावजूद दुर्गापूजा के दौरान हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रबंध नहीं किया गया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री शेख हसीना को बखूबी पता है कि दुर्गापूजा के समय हमेशा हिंदुओं पर जिहादियों के हमले का खतरा रहता है तो उनकी सुरक्षा के उपाय क्यों नहीं किए गए? उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब दहशत के कारण बचे खुचे हिंदू भी वहां नहीं रहेंगे। सरकार चाहती तो उनकी रक्षा कर सकती थी।

यह हिंदू विरोधी मानसिकता चिंताजनक है। विभाजन के समय वहां 30 प्रतिशत अल्पसंख्यक थे जो अब घटकर नौ प्रतिशत रह गए हैं तथा आने वाले समय में और कम होंगे। तसलीमा को 1993 में उनके चर्चित उपन्यास लज्जा के प्रकाशन के बाद बांग्लादेश से निष्कासित कर दिया गया था। भारत में 1992 में हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद बांग्लादेश में हिंदू विरोधी दंगों की पृष्ठभूमि में उन्होंने लज्जा लिखी थी। उन्होंने कहा, मैने 1993 में लज्जा लिखी, जिसकी कहानी एक हिंदू परिवार पर केंद्रित थी जो कट्टरपंथी हिंसा के बाद देश छोड़ने को मजबूर हो गया था। ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ 1993 की बात है, यह सिलसिला लगातार चला आ रहा है। मुस्लिम चाहते हैं कि हिंदू बांग्लादेश छोड़ दें (शेष पेज 9)

### शेख हसीना ने हिंसा भड़काने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश** की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को गृहमंत्री को उन लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया, जिन्होंने धर्म का इस्तेमाल कर हाल में हिंसा भड़काई थी। हसीना ने लोगों से तथ्यों की जांच किए गए बगैर सोशल मीडिया पर किसी भी चीज पर विश्वास नहीं करने को कहा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 50 साल पहले पाकिस्तान से बांग्लादेश की आजादी का विरोध करने वाले घरेलू तत्व अब भी हिंसा भड़काने के लिए जहर उगल रहे हैं, नफरत भरे विमर्श और पाखंड फैला रहे हैं। पिछले बुधवार से बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों पर हमले बढ़ गए हैं। दरअसल, इससे पहले दुर्गा पूजा समारोहों के दौरान सोशल मीडिया पर कथित तौर पर ईश निंदा करने वाला एक पोस्ट देखने को मिला था। रविवार देर रात बांग्लादेश में एक भीड़ ने 66 मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कम से कम 20 मकानों को आग के हवाले कर दिया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 20 अक्टूबर, 2021



## वाल्मीकि जयन्ती पर सीएम ने दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाव्य रामायण के रचयिता की जयन्ती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने आदिकाव्य रामायण की रचना कर लोगों को सत्य एवं कर्तव्य परायणता पर चलने का मार्ग दिखाया। भगवान श्रीराम की गाथा को देश दुनिया में पहुंचाने का श्रेय महर्षि वाल्मीकि को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन हम सभी को त्याग, मर्यादाओं के पालन और कर्तव्य परायणता की सीख देता है। भगवान श्री राम से हमें सदैव धर्म का अनुसरण करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।

## अतिवृष्टि प्रभावित लोगों को राहत और मदद दें: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अतिवृष्टि के दृष्टिगत राहत कार्य पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश से प्रभावित लोगों को राहत और मदद प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनहानि, पशुहानि तथा क्षतिग्रस्त मकानों का आकलन करते हुए प्रभावितों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल उपलब्ध करायी जाए। जिलाधिकारी तेज बारिश से फसल को हुए नुकसान का आकलन करते हुए अपनी रिपोर्ट शासन को शीघ्र उपलब्ध कराएं ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध करायी जा सके।

# आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा कर रहा यूपी

## रेशम उत्पादन के लिए यूपी में हैं अपार संभावनाएं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को खादी ने दी मजबूती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महामारी के दौरान देश को आत्मनिर्भर भारत का एक नया मंत्र दिया। आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किए बगैर कोई देश सम्मान पूर्वक अपने जीवन को आगे नहीं बढ़ा सकता। आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र का पालन करना चाहिए। जो हमारे देसी, स्वदेशी, स्थानीय उत्पाद हैं उसको प्रोत्साहित, प्रमोट करने संग उसको नई तकनीकी के साथ जोड़ते हुए आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। जिसके लिए विभाग कि ओर से कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित खादी महोत्सव 2021 के उद्घाटन अवसर पर कहीं। सीएम



योगी ने कहा कि यूपी आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को तेजी से पूरा कर रहा है। प्रदेश में एक जनपद एक उत्पाद की योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, माटी कला बोर्ड से जुड़ी हुई योजनाओं से जुड़कर लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं। खादी आज नए भारत का एक नया ब्रांड बन गया है। आगे आने वाला समय खादी का है। देश ने आजादी के 75 वर्ष में प्रवेश किया है आज खादी के प्रति लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है। खादी ने भारत की आजादी की लड़ाई को एक नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के साथ देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को एक मंच दिया था। वह खादी ही आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए एक नए ब्रांड के रूप में काम करेगा।

सीएम ने कहा कि खादी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है इससे ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी। विभाग ने विगत तीन चार वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से बहुत कुछ नया किया है। जैसे पहले मैनुअल चरखे हुआ करते थे उसको सोलर चरखों के साथ जोड़ा है। तकनीकी के संग जब सामान्य कार्य को जोड़ते हैं तो व्यक्ति की कार्य क्षमता के साथ उसकी कमाई को भी बढ़ा देता है।

प्रदेश में आज खादी की मांग तेजी से बढ़ी है ऐसे में तकनीक, टूलकिट्स और ट्रेनिंग के कार्यक्रम चल रहे हैं। महज पिछले 3-4 वर्षों में बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर हम सबने देखी है। साल 2017 में बेरोजगारी की दर 17 से 18 फीसद थी, जो आज घटकर 5 फीसदी ही रह गई है। ये इस बात का प्रमाण देती है कि हमारी सरकार की योजनाएं प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं।

# यूपी समेत कई राज्यों के खादी उत्पाद प्रदर्शनी में बने आकर्षण का केंद

- मुख्यमंत्री ने टूल किट वितरण के साथ ही लाभार्थियों को किया पुरस्कृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंदिरा** गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित खादी महोत्सव 2021 में लगाई गई प्रदर्शनी में खादी का नया नवेला अंदाज देखने को मिला। इस प्रदर्शनी में 200 से अधिक स्टाल लगाये गये है । यूपी राज्य के विभिन्न जनपदों के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों जैसे गुजरात, बिहार, आंध्र प्रदेश, उत्तराखण्ड तथा राजस्थान आदि स्थानों से आये उद्यमियों द्वारा अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में सहारनपुर के नक्काशीदार फर्नीचर, लेदर का सामान ,भदोही के कारपेट, कन्नौज के मिटटी से बने बर्तन व घरेलू सजावटीं सामान ,प्रतापगढ़ का आँवला मुरब्बा ,कानपुर का हैण्डीक्राफ्ट, अमरोहा के चादर, गमछे एवं सदरी, सीतापुर के तौलिये एवं दरी, उन्नाव की बेकरी एवं जैकेट लखनऊ की शुद्ध रॉयल हनी, वाराणसी की रेशम तथा शिल्क की साड़ी, राजस्थान के बीकानेरी पापड़ एवं नमकीन , उत्तरांचल के कोट एवं जैकेट तथा गुजरात एवं राजस्थान के हस्तकला पर आधारित वस्त्र उपलब्ध हैं। आजादी के अमृत महोत्सव पर पं. दीनयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत 71 लाभार्थी लाभान्वित होंगे, जिसमें सांकेतिक रूप से मुख्यमंत्री द्वारा योजना से जुड़े 5-5 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र एवं चेकों का वितरण किया गया तथा कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार प्रदान करने वाले 3 उद्यमियों कमश: दानबहादुर चौधरी, भारती एवं शिवकुमार यादव को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया । इसके अतिरिक्त योजना से जुड़े 71-71 उद्यमियों को सोलर चर्खे, विद्युत चालित चाक, दोना-पत्तल मशीनें एवं माटीकला के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। इस कार्यक्रम में पं दीनदयाल उपाध्याय रेशम उत्पादकता पुरस्कार योजना के 5 लाभार्थियों को भी मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। खादी मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बताया कि आज खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों एवं योजनाओं को जन सामान्य तक पहुँचाने व उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु नयी विस्तृत खादी तथा ग्रामोद्योग विकास एवं सतत् स्वरोजगार प्रोत्साहन नीति बनाई गयी है। प्रदेश सरकार द्वारा माटी कला बोर्ड का गठन कर मिटटी का कार्य करने वाले कारीगरों एवं शिल्पियों के व्यव को बढ़ाने, कला को संरक्षित करने एवं उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ साथ रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

# चुनावी रिहर्सल में सीएम योगी ने सबको पछाड़ा

## अब तक करीब चालीस जिलों में जाकर टटोली चुनावी जमीन

- सपा ने विजय यात्रा तो शुरू की लेकिन दौरों के मामले में योगी से पीछे
- कांग्रेस और बसपा भी जिलों के दौरों के मामले में बहुत पीछे

**कमल दुबे।** लखनऊ

**अगले** साल होने वाले विधानसभा चुनाव में यूपी में सत्ता के दावेदारों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बसपा प्रमुख मायावती और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के प्रमुख नाम हैं। ये सभी चेहरों में पिछले महीने से ग्राउंड जीरों पर उतरकर चुनाव की घोषणा होने से पहले होमवर्क में जुटे हैं। सत्ता हासिल करने की इस रिहर्सल में फिलहाल सीएम योगी सब पर भारी पड़ते नजर आ रहे है। उन्होंने अब तक सूबे के करीब चालीस जिलों में जाकर न केवल जनता की नब्ज टटोली है बल्कि अरबों रुपये की विकास योजनाओं के तोहफों की बौछार भी की है। अगर आंकड़ों की बात करें तो सीएम योगी के मुकाबले अन्य दलों के नेता फिलहाल कहीं नहीं ठहरते। विपक्ष के सपा बसपा और कांग्रेस के नेताओं ने चुनावी बिगुंल तो जरूर बजा दिया है लेकिन जिलों में जाकर सभाएं करने के मामले में वह पिछड़ते दिख रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधानसभा चुनाव 2022 के चुनावी अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में विगत 14 सितंबर को अलीगढ़ से की थी। पीएम मोदी ने यहां राजा महेन्द्र सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी की आधारशिला तथा डिफेन्स कारीडोर के अलीगढ नोड का शिलान्यास करके राज्य की जनता को बड़ा संदेश दिया था। पीएम की मौजूदगी में चुनावी अभियान का आगाज करने के बाद से सीएम योगी लगातार जिलों का दौरा करके विकास योजनाओं का लोकापर्ण-शिलान्यास कर रहे हैं। मुरादाबाद, बिजनौर, संभल, गाजियाबाद, हापुड, अमरोहा, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन, गौतमबुद्ध नगर, अयोध्या, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर तथा प्रयागराज सहित करीब चालीस जिलों को दौरा कर चुके हैं। इन दौरों में उन्होंने पार्टी की रणनीति के तहत विकास योजनाओं का लोकपर्ण और शिलान्यास करने, पार्टी के स्थानीय नेताओं की जमीन का आंकलन करने के अलावा जनता तथा प्रशासनिक अधिकारियों की नब्ज को भी अच्छे से टटोला। दरअसल भाजपा ने जो चुनावी रणनीति तय की है उसके हिसाब से सीएम योगी को प्रत्येक सप्ताह में चार से पांच दिन किसी न किसी सरकारी या संगठनात्मक कार्यक्रम में शिरकत करना है और हर दिन एक से दो जिलों का दौरा करने का प्रावधान किया गया है। इस रणनीति में सप्ताह में दो से तीन दिन जिलों में रात्रि विश्राम कर वहां की चुनावी थाह लेने के साथ प्रशासनिक मशीनरी को दुरुस्त करना तथा संगठन के जरिये चुनावी बिसात बिछाना भी शामिल है। भाजपा की कोर कमेटी ने विपक्षी दलों की धार को कुंद करने और चुनाव में भगवा माहौल बनाने के लिए नवंबर तक योगी से पूरा प्रदेश मथने की योजना बनाई है। इसी रोडमैप के आधार पर सीएम योगी अपने कदमों को आगे बढा रहे हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर सीएम योगी के इस रिहर्सल के विपरीत सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिता मुलायम सिंह यादव का आशीर्वाद लेकर विगत 12 अक्टूबर से अपनी विजय यात्रा को शुरू किया है, अभी तक उन्होंने दस से 12 जिलों में जाकर पार्टी के संदेश लोगों को दिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लखीपुर कांड के बाद से लगातार यूपी में सक्रिय जरूर हैं लेकिन जिलों के दौरों के मामले में वह सपा के अखिलेश यादव के भी पीछे हैं। वहीं बसपा सुप्रीमों मायावती ने बहुत ज्यादा सभाएं नहीं की हैं। वह पार्टी के बैठकें करके चुनावी रणनीति बनाने तक अभी सीमित हैं। हालांकि ब्राह्मण वोटों को रिझाने के लिये बसपा महासचिव तो दौरे कर रहे हैं।

पायनियर वर्गीकृत

### आवश्यकता है

आवश्यकता है, प्रधानाचार्य-1, लेक्चरर-3, पद की बी.बी.ए. कोर्स के लिए सम्पर्क करें ऑरस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बाराबंकी-225003, वेतन व योग्यता Dr. R.M.L.A.U. अयोध्या के अनुसार। अपना C.V. ईमेल करें aurousinfo@gmail.com पर।

### सूचना

मैं शपथिनी मधुलता शर्मा, 548/V-299 विक्रम नगर, मानक नगर, लखनऊ अपने पुत्र आशीष शर्मा एवं पुत्री आरती शर्मा, नीलम शर्मा, पूजा शर्मा उर्फ (पूजा महेश्वरी) को उसके दुर्व्यवहार के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ, भविष्य में इनके किसी कृत्यों से मेरा/मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

### सूचना

मैं Shiv kumari M/o आर्मी नंबर-14841738K ,Hav/MT shailendra Kumar, R/o- village- Ubhai Post-Bhabawal, Tehsil- Harraiya , District-Basti (UP) मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम और जन्मतिथि गलती से sheu kumari और जन्म तिथि-01 July 1965 लिख गया जबकि सही नाम shiv kumari और जन्मतिथि 02 jan 1974 है।

### सूचना

मैं chandrashekhar upadhyay S/o आर्मी नंबर -14841738K, Hav/MT shailendra kumar R/o village-ubhai Post-bhabawal, tehsil-Harraiya, district-Basti (UP), मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से chandrashekhar upadhyay और जन्म तिथि 01 जुलाई 1963, लिख गया जबकि मेरा सही नाम chandrashekhar और जन्म तिथि 01 जनवरी 1964 है।

### आवश्यकता है

आवश्यकता है

**शारदा देवी मेमोरियल डिग्री कालेज मगहर, संत कबीर नगर** में स्नातक कला स्तर पद 01 प्राचार्य की आवश्यकता है।

**योग्यता :-** पी0एच0डी0, नेट एवं 15 वर्ष का अनुभव, यू0जी0सी0/सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर की परिनियमावली के अनुसार।

**नोट:-** विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन भेज सकते हैं या कार्यालय में स्वयं जमा कर सकते हैं।

डॉ0 गुंजन यादव-प्रबंधक
मो0नं0-8585981046
कार्यालय मो0 नं0-9838976820

# एनर्जी एक्सचेंज में बिजली की कालाबाजारी रोकने की उठी मांग

## इंजीनियर्स फेडरेशन ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

- कोयला संकट की जांच के लिए उच्च स्तरीय तकनीकी कमेटी बनाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ऑल** इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने केंद्रीय विद्युत मंत्री को लिखकर एनर्जी एक्सचेंज में बिजली की कालाबाजारी को रोकने की मांग की है। फेडरेशन ने कहा कि एनर्जी एक्सचेंज में निजी घरानों द्वारा 20 रूपए प्रति यूनिट तक बिजली बेचने की कालाबाजारी को रोकने के लिए तत्काल फोरम ऑफ रेगुलेटर्स की बैठक बुलाई जाए। एनर्जी एक्सचेंज में बिजली बेचने की अधिकतम दर तय की जाए। फेडरेशन ने यह भी मांग की है कि मौजूदा कोयला संकट की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का गठन किया गया जो ऐसे संकट से बचने के उपाय सुझाए जिससे भविष्य में ऐसा संकट ना होने पाए।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने केंद्रीय विद्युत मंत्री आर के सिंह को प्रेषित पत्र में यह मांग की है कि कोयला संकट से उत्पन्न बिजली संकट के इस दौर में निजी घरानों को मनमाना मुनाफा कमाने और लूट की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके लिए फोरम आफ रेगुलेटर्स की बैठक तत्काल बुलाई जाए जो इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के प्रावधानों के अनुसार बिजली की कालाबाजारी रोके और सुनिश्चित करें कि एनर्जी एक्सचेंज में किसी भी स्थिति में 5 रूपए प्रति यूनिट से अधिक की कीमत पर बिजली न बेंची जा सके। फेडरेशन ने मौजूदा कोयला संकट को बिजली संकट का एक मुख्य कारण मानते हुए यह मांग की है कि एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का तुरंत गठन किया जाए जो मौजूदा कोयला संकट की जांच कर कोयला संकट की जिम्मेदारी तय करें और यह भी सुझाव दें की ऐसी परिस्थिति में भविष्य में क्या कदम उठाए गए जिससे ऐसा संकट पुनः उत्पन्न न हो। फेडरेशन ने मांग की है कि उच्च स्तरीय समिति में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के प्रतिनिधि भी शामिल किए जाएं जो कोयले की स्थिति का लगातार अनुश्रवण करते हैं।

# पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक व उनके पुत्र पंकज ने कांग्रेस छोड़ी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनावों से पहले ही कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। प्रियंका गांधी के सलाहकार पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक के साथ ही उनके पुत्र व कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज मलिक ने भी इस्तीफा दे दिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दोनों बड़े और ताकतवर नेता माने जाते हैं। गौरतलब है कि पंकज मलिक दो बार कांग्रेस से विधायक रह चुके हैं, वहीं हरेंद्र भी सांसद रह चुके हैं। प्रियंका गांधी ने कुछ दिनों पहले ही पंकज मलिक को चुनाव स्ट्रेटेजी और प्लानिंग कमेटी का सदस्य भी बनाया था। चर्चा है कि दोनों ही नेता जल्द समाजवादी पार्टी की सदस्यता ले सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे पत्र में पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा है कि मैं काफी लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ हूं। मैं अपरिहार्य कारणों से कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता तथा उन सभी पदों से जो पार्टी नेतृत्व द्वारा मुझे नामित किया गया था त्यागपत्र दे रहा हूं। वहीं पंकज मलिक ने प्रियंका गांधी को भेजे त्यागपत्र में लिखा है कि एआईसीसी यूपी उपाध्यक्ष और पार्टी की ओर से मिली अन्य सभी जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे रहा हूं।

## पावर एक्सचेंजों की केंद्र कराए जांच: परिषद

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने खुलासा करते हुए कहा है कि कोयला संकट के बाद पावर एक्सचेंजों ने मुनाफा कमाने के लिए यह सब किया। केवल पांच दिन में लगभग 1000 करोड़ की मुनाफाखोरी की गई जिसकी केंद्र सरकार उच्च स्तरीय जांच कराए। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया ऐसे में वर्तमान में देखा जाए तो केवल इंडियन एनर्जी एक्सचेंज जिसने कभी 145 मिलयन यूनिट से ज्यादा रोज व्यापार नहीं किया। संकट के दिनों में 350 मिलयन यूनिट बिजली रोज बेची जिसकी औसत कीमत 15 से 17 प्रति यूनिट के बीच रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं सब कुछ पहले से मुनाफाखोरी की प्लानिंग का एक हिस्सा तो नहीं था। ऐसे में केंद्र सरकार इस पूरे मांमले की जांच कराए जिसमे सभी उन राज्य के नियामक आयोगों के चेयरमैन को शामिल किया जाए। जिस राज्य में सबसे अधिक मंहगी बिजली का भुगतान किया।

# कांग्रेस की घोषणा कोरी चुनावी नाटकबाजी: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** द्वारा यूपी चुनाव में 40 फीसद महिलाओं को टिकट देने की घोषणा को बसपा सुप्रीमो मायावती ने कोरी चुनावी नाटकबाजी बताया है। मायावती ने कहा कि कांग्रेस को महिलाओं की इतनी चिंता है तो संसद में 33 फीसद आरक्षण का कानून क्यों नहीं बनाया।

मंगलवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में होती है व इनके अच्छे दिन होते हैं तो इनको दलित, पिछड़े व महिलाएं आदि याद नहीं आतीं, किन्तु अब जब इनके बुरे दिन नहीं हट रहे हैं तो पंजाब में दलित की तरह यूपी में इनको महिलाएं याद आई हैं व उन्हें 40 प्रतिशत टिकट देने की घोषणा इनकी कोरी चुनावी नाटकबाजी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति कांग्रेस की चिन्ता अगर इतनी ही वाजिब व ईमानदार



होती तो केन्द्र में इनकी सरकार ने संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून क्यों नहीं बनाया, कांग्रेस का स्वाभाव है कहना कुछ व करना कुछ जो इनकी नीयत व नीति पर प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। मायावती ने कहा कि यूपी व देश में महिलाओं की आधी आबादी है तथा इनका हित व कल्याण ही नहीं बल्कि इनकी सुरक्षाए आदर सम्मान के प्रति ठोस व ईमानदार प्रयास सतत् प्रक्रिया, जिसके प्रति मजबूत इच्छाशक्ति जरूरी, जो कांग्रेस व भाजपा आदि में देखने को नहीं मिलती है जबकि बीएसपी ने ऐसा करके दिखा दिया है।

# नरेश उत्तम फिर बने सपा के प्रदेश अध्यक्ष

- सपा की 72 सदस्य राज्य कार्यकारिणी घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से आज 72 सदस्यीय उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित डॉ. फिदा हुसैन अंसारी, जयशंकर पाण्डेय तथा जगपाल दास गुर्जर को उपाध्यक्ष, राजकुमार मिश्रा को कोषाध्यक्ष, राज नारायण बिंद को प्रमुख महासचिव तथा श्यामलाल पाल एवं पूर्व मंत्री तिलक चंद्र अहिरवार को महासचिव नामित किया गया है। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में 24 सचिव नामित किये गये है जिसमें क्रमशः जयशंकर पाण्डेय, जगपाल दास गुर्जर, राजनारायण बिन्द, श्याम लाल पाल, तिलक चन्द्र अहिवार, पूर्व मंत्री हाजी मो अनवर खां, रामसिंह राणा, सरदार सतनाम सिंह सेठी, दयाशंकर निषाद, लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद, महेन्द्र चौहान, बख्तावर सिंह, दिलीप कमलापुरी, संजय सविता विद्यार्थी, जुगुल किशोर बाल्मीकि, अब्दुल्ला आजम, रामगोविन्द प्रजापति, लालता प्रसाद बियार, देवनाथ साहू, प्रमोद मौर्या, राजेश कुशवाहा, ओंकार पटेल, सराफत खां, त्रिवेणी प्रसाद पाल, दीपाली रायकवार, विभा शुक्ला, डा महिमा यादव, अनीता दिवाकर, अजय चौधरी को सचिव नामित किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में 40 सदस्य नामित किये गये हैं।

## स्कालरशिप व शुल्क प्रतिपूर्ति को लेकर ऑनलाइन आवेदन की तिथि 25 तक बढ़ी

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने छात्रवृत्ति व फीस प्रतिपूर्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा बढ़ा दी है। कक्षा दशमोत्तर कक्षाओं के लिए स्टूडेंट्स अब 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नवीन व नवीनीकरण से बचे छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। अभी तक आवेदन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर थी। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ अमरनाथ यति के मुताबिक स्टूडेंट्स आवेदन की हार्ड कॉपी जरूरी सभी संलग्नकों के साथ 27 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से अपने शिक्षण संस्थानों में जमा कर दें।

### सार्वजनिक सूचना

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई. सी.एच.एफ.एल. एरिया आफिस सीतापुर रोड लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं0 422/एनेक्जर-ई एल.आई.सी. एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राजेन्द्र सिंह उर्फ सीतू पुत्र श्री अमर नाथ सिंह व श्रीमती सुमन सिंह पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह के पक्ष मे जारी मूल आवण्टन पत्र जो कि भूखण्ड सं0-3/148, टाईप-डी, रकबा 52.40 वर्गमीटर स्थित-सेक्टर-बी, प्रियदर्शिनी योजना, वार्ड-भारतेन्दु हरीश्चन्द्र, जिला- लखनऊ के सम्बन्ध में है, वर्तमान श्रीमती अनुपम सिंह व प्रभात सिंह से खो गया है तथा उनके अधिपत्य में नहीं है। चूंकि अजीत कुमार सोनी व पूनम रस्तोगी द्वारा एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड/भवन के सम्बन्ध मे उक्त मूल आवण्टन पत्र बन्धक किया जाना है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल आवण्टन पत्र तथा उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरुद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।

महेन्द्र मोहन मिश्रा(एडवोकेट)
चेम्बर: शॉप नं. 4 व 5, भूतल, कृष्णा टॉवर
निकट सीएमओ ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ, मो. 9415426914.

# यूपीसीडा ने लगभग 1200 इकाइयों को 1,100 एकड़ से अधिक भूमि आवंटित की

## यूपीसीडा राज्य भर में उद्यमिता विकास और प्रोत्साहन सप्ताह का कर रहा है आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में संतुलित विकास और उद्यमियों के लिए अनुकूल औद्योगिक परिवेश बन रहा है। इसके परिणामस्वरूप पिछले साढ़े चार वर्षों में यूपीसीडा ने राज्य में लगभग 1200 इकाइयों को 1,100 एकड़ से अधिक भूमि आवंटित की है और इन इकाइयों में 8,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है तथा 80,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। पूर्व में देवरिया से लेकर पश्चिम में सहारनपुर तक और उत्तर में पीलीभीत से लेकर दक्षिण में चित्रकूट तक कई प्रतिष्ठित उद्यमियों ने निवेश के साथ अपनी प्रमुख परियोजनाओं की स्थापना की है अथवा कर रहे हैं। हाल ही में यूपीसीडा ने 2,300 करोड़ रुपये से अधिक के विदेशी निवेश की परियोजनाएं जैसे एबी मौरी, पेप्सिको,



आईनॉक्स और एमएपीईआई जैसे प्रसिद्ध समूहों को भूमि आवंटित की गई है। जैसा कि राज्य के सिंगल विन्डो पोर्टल, निवेश मित्र में दर्ज किया गया है, प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित निवेशक अनुकूल पहल और सुधारों के परिणामस्वरूप चालू वर्ष में 94 प्रतिशत से अधिक उपयोगकर्ताओं ने यूपीसीडा की सेवाओं पर संतुष्टि व्यक्त की है। एक और निवेशक अनुकूल पहल के रूप में 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2021 के बीच यूपीसीडा राज्य भर के अपने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमिता विकास और प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन कर रहा है।

इस उद्यमिता विकास और प्रोत्साहन सप्ताह के दौरान यूपीसीडा द्वारा किए गए डिजिटल सुधारों, सेवा वितरण प्रक्रियाओं के सरलीकरण और निवेशक अनुकूल नीतिगत पहलों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमियों और आवंटियों के साथ बैठकें आयोजित कर रहा है। इन संवादात्मक बैठकों का उद्देश्य विभिन्न उद्यमियों और औद्योगिक संघों से सुझाव प्राप्त करना है ताकि राज्य में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए विचारों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सके। इस पहल के तहत लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, हमीरपुर, जौनपुर, सहारनपुर, आगरा, मुरादाबाद और गाजियाबाद जैसे जिलों के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। यूपीसीडा द्वारा निवेशकों के हित में लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी का प्रसार करने के लिए यूपीसीडा द्वारा पूरे सप्ताह अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी इसी तरह के संवादात्मक सत्रों को आयोजित करने की योजना है। उद्योग संघों के अधिकारियों के साथ साथ उद्यमियों ने भी इन सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अनुभव और प्रतिक्रियाएं साझा कीं। इन सत्रों के दौरान यूपीसीडा के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को यूपीसीडा द्वारा शुरू किए गए डिजिटल सुधारों के बारे में बताया। यूपीसीडा के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को उनकी शिकायतों का त्वरित अनुश्रवण तथा निवारण किए जाने का भी आश्वासन दिया।

यूपीसीडाके सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमियों से जुड़ना है ताकि नई पहलों और नीतिगत सुधारों पर उनके सुझाव और प्रतिक्रिया प्राप्त की जा सके और यूपीसीडाके औद्योगिकक्षेत्रों में निवेश के विभिन्न लाभों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके।

**PSIT COLLEGE OF HIGHER EDUCATION**
(Affiliated to Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur)
A leading Educational Group of North India
INVITES APPLICATIONS FOR
PRINCIPAL | PROFESSOR | ASSOCIATE PROFESSOR
ASSISTANT PROFESSOR
(For Department of BCA & BBA)
QUALIFICATION, EXPERIENCE AND COMPENSATION AS PER UGC NORMS.
Interested academicians with sound academic record and flair for teaching may only apply by sharing their C.V. within one week of the date of this advertisement at careers@psit.in
Kanpur-Agra-Delhi National Highway (NH-2). Bhauti, Kanpur-209305
Contact Number : 08004232777, 09389407540

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# जरूरतमंदों को दस रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन

## महापौर ने किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में किया अनुसुइया रसोई का शुभारंभ




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर** द्वारा अपने जन्मदिन पर लखनऊ में कोई भूखा न सोए इसको साकार करने के लिए बड़े कार्यक्रम की घोषणा की गयी है। शहर के गरीबों, जरूरतमंदों, मजदूरों, अस्पताल में मरीजों के इलाज कराने आए तीमारदारों के लिए एक समय का मात्र 10 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। गुणवत्तापूर्ण और स्वास्थवर्धक भोजन उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम के तत्वाधान में महापौर अनुसुइया रसोई का शुभारंभ किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में किया।

मंगलवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रेरणा से गरीबों को अपने जन्म दिवस पर केजीएमयू के यूनिवर्सिटी के ट्रामा सेंटर में स्वयं भोजन वितरित कर अनुसुइया रसोई की शुरुआत की। महापौर के जन्मदिन पर शुरू हुई इस योजना से एक महीने तक निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, उसके बाद मात्र 10 रुपए में भोजन वितरित किया जाएगा। महापौर ने बताया कि महापौर अनुसुइया रसोई का उद्देश्य है कि लखनऊ के गरीबों, जरूरतमंदों, मजदूरों, अस्पताल में मरीजों के इलाज कराने आए तीमारदारों को दिन में एक समय का स्वाभिमान से कम पैसे में (मात्र 10 रुपए में) गुणवत्तापूर्ण और स्वास्थ्यवर्धक भोजन उपलब्ध कराया जाए, जिसके लिए स्वच्छता और शुद्धता के लिए मशहूर संस्था अक्षय पात्र से भोजन बनवाकर शहर के ऐसे स्थान जहाँ जरूरतमंद हो, वहाँ वितरित किया जाएगा। इसका प्रारंभ केजीएमयू के ट्रामा सेंटर से किया जा रहा है, आगे और भी स्थानों पर भोजन वितरण किया जाएगा। महापौर ने बताया इसकी शुरुआत मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर से इसलिए की जा रही है क्योंकि यहाँ शहर में आपात स्थिति में लोग आते हैं, उनकी सेवा की जिम्मेदारी अब नगर निगम उठाएगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी, कुलपति डॉ बिपिन पुरी, ट्रामा सेन्टर के इंचार्ज हेड डॉ संदीप तिवारी, उपाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, पार्षद अनु मिश्रा, पार्षद पूनम मिश्रा, जितेंद्र राजपूत, अक्षय पात्र संस्था के एजीएम विनय शर्मा, संपर्क प्र कुलदीप तिवारी, जेडओ बिन्नो रिजवी सहित अन्य जन उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव राजभर के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की

# मेयर ने जनता को समर्पित किए 24.85 करोड़ के विकास कार्य



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर** द्वारा 24.85 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया गया। विगत 3 वर्ष 10 माह में एक हज़ार करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए। सभी पार्षदों को डेंगू और चिकिनगुनिया मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए मॉर्टिन के बॉक्सेज वितरित किये जो जनता में बांटे जाएंगे।

महापौर संयुक्ता भाटिया ने अपने जन्मदिन पर शहर के समुचित विकास को गति देते हुए महापौर संस्तुति राशि के 24 करोड़ 85 लाख रुपये के 345 विकास कार्यों की सौगात दी। महापौर ने इन कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। नगर निगम मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर संयुक्ता भाटिया ने लखनऊ के सभी 110 वार्डो के विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए कहा कि लखनऊ में नगर निगम द्वारा विगत 3 वर्ष 10 माह में 1 हज़ार करोड़ रुपये के विकास कार्य जनता को समर्पित किए गए है। अब तक सर्वाधिक विकास लखनऊ नगर निगम द्वारा जनता को समर्पित किया गया है। आगे लखनऊ के विकास में कोई कोर कसर नही छोड़ी जाएगी। इस दौरान महापौर ने पार्षदों और अधिकारियों को लखनऊ के उपस्थित सभी पार्षदों को डेंगू और चिकिनगुनिया मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु मॉर्टिन के बॉक्सेज वितरित किये जो जनता में बांटे जाएंगे। महापौर ने बताया कि आगे वह स्वयं सेवा बस्तियों में मॉर्टिन का वितरण करेंगी।

# प्रदेश के 42 जिले कोरोना से पूरी तरह मुक्त

● बीते 24 घंटे में हुई 1 लाख 27 हजार 322 सैम्पल की टेस्टिंग, 71 जिलों में संक्रमण का कोई भी नया केस नहीं मिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में कोरोना पर नियंत्रण बना हुआ है। बीते 24 घंटे में हुई 1 लाख 27 हजार 322 सैम्पल की टेस्टिंग में 71 जिलों में संक्रमण का कोई भी नया केस नहीं पाया गया। कुल 12 नए संक्रमित मरीज मिले, जबकि 16 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। प्रदेश के 42 जिले कोरोना से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं। इनके कोरोना का कोई भी एक्टिव केस नहीं बचा है।

अगर पूरे देश की बात करें और बीते 24 घंटों का हाल देखें तो केरल में 7 हजार, महाराष्ट्र में 1400 और तमिलनाडु में करीब 12 सौ नए कोरोना मरीज मिले। 24 करोड़ की आबादी वाले यूपी के 75 में से 42 जिलों में कोरोना का एक भी एक्टिव मरीज नहीं है, जबकि 18 जिलों में 1-1 मरीज हैं। वहीं केरल में 83 हजार एक्टिव केस हैं तो महाराष्ट्र में 28 हजार से अधिक कोरोना संक्रमित उपचाराधीन हैं। यूपी में पॉजिटिविटी दर शून्य फीसदी से भी कम होने के बाद भी हर दिन औसतन दो लाख कोविड टेस्ट किए जा रहे हैं। यहां एक्टिव कोविड केस की संख्या 118 रह गई है जबकि 16 लाख 87 हजार 31 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं।

प्रदेश में अब तक 8 करोड़ 16 लाख से अधिक सैम्पल की कोविड जांच की जा चुकी है। औसतन हर दिन ढाई लाख से अधिक टेस्ट हो रहें हैं जबकि दैनिक पॉजिटिविटी दर 0.01 से भी कम और रिकवरी दर 98.7 फीसदी है। ताजा स्थिति के मुताबिक अमरोहा, औरैया, बदायूं, बागपत, बलिया, बाराबंकी, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, चन्दौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गोंडा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, झांसी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कासगंज, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर-खीरी, ललितपुर, महोबा, मीरजापुर, मैनपुरी, मऊ, मुरादाबाद, प्रतापगढ़, रामपुर, संतकबीरनगर, शामली, श्रावस्ती, सीतापुर, उन्नाव और सोनभद्र में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जनपद आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। कोविड टेस्ट और टीकाकरण की देशव्यापी स्थिति को देखें तो बचाव की दोनों जरूरी कोशिशों में यूपी पहले पायदान पर बना हुआ है। यहां अब तक 12 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। 9 करोड़ 32 लाख से अधिक लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। यह टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी के 63.24 फीसदी से ज्यादा है। 2 करोड़ 68 लाख से अधिक लोगों ने टीके की दोनों डोज ले ली है। दूसरे स्थान पर 9.13 करोड़ डोज लगाकर महाराष्ट्र है, जबकि गुजरातए पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश क्रमश: तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

## राजधानी में डेंगू के 26 नये मरीज मिले

**लखनऊ।** कोरोना के बाद राजधानी में डेंगू लगातार मरीजों की संख्या बढ़ा रहा है। जबकि डेंगू प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान चला रहा है। मंगलवार को डेंगू के 26 नए मरीज सामने आए हैं। यह मरीज ऐशबाग, काकोरी, आलमबाग, रेडक्रास, अलीगंज, इन्दिरानगर, एनके रोड, सिल्वर जुबली, सरोजनीनगर आदि क्षेत्र में पाये गये हैं। डेंगू-मलेरिया पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने आज कुल 1255 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 7 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। इन घरों में कूलर, खाली बर्तन, गमले आदि में डेंगू मच्छर के लार्वा मिले हैं।

इन्हें नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। वही मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर आज नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा हुसैनाबाद, बालागंज, इन्दिरानगर, रफी अहमद किदवई, बाबू कुंज बिहारी इब्राहिमपुर वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया।

# पुलिस स्मृति दिवस परेड का हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल



● पुलिस लाइन में 21 अक्टूबर को होगा आयोजन, मुख्यमंत्री शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवारों को सम्मानित करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर आयोजित होने वाली परेड का मंगलवार को लखनऊ की रिजर्व पुलिस लाइन में शासन द्वारा निर्गत कोरोना गाइड लाइन्स का अनुपालन करते हुए फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया।

पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल द्वारा रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया गया। पूर्वाभ्यास परेड की कमान्ड संजीव सुमन, पुलिस उपायुक्त पूर्वी लखनऊ कमिश्नरेट द्वारा की गयी। परेड में नागरिक पुलिस, पीएसी, महिला पुलिस, जीआरपी, फायर सर्विस, यातायात पुलिस, एटीएस, आरआरएफ एवं एसडीआरएफ, एसएसएफ की टीमें सम्मिलित हुईं। पूर्वाभ्यास के दौरान पुलिस महानिदेशक द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को परेड के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस महानिदेशक द्वारा परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों से वार्तालाप किया गया तथा 21 अक्टूबर 2021 पुलिस स्मृति दिवस की महत्ता के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

## अनाथ बच्चों को बांटी मिठाई, मंदिरों में की पूजा अर्चना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर** द्वारा अपने जन्मदिन पर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना की। मोती नगर स्थित अनाथालय जाकर बच्चों संग अपने जन्मदिन की खुशियाँ बांटी। महापौर ने बच्चों को मिठाइयां, चॉकलेट्स और खाद्य पदार्थ भी वितरित किए।

मंगलवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर पूजा अर्चना की। सर्वप्रथम हनुमान सेतु जाकर भगवान शिव पर जलाभिषेक कर हनुमान जी की पूजा अर्चना की। उसके बाद मनकामेश्वर मंदिर में पहुँचकर भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया व पूजा अर्चना की। मनकामेश्वर मंदिर के बाद महापौर आलमबाग गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका और वाहेगुरु से लखनऊवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद महापौर मोतीनगर स्थित लीलावती मुंशी बालगृह पहुंची जहाँ बच्चों संग महापौर ने अपने जन्मदिन की खुशियाँ बांटी। महापौर ने बच्चों को मिठाइयां, चॉकलेट्स और खाद्य पदार्थ भी बांटे। वहीं महापौर संयुक्ता भाटिया वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर एवं अपने जन्मदिन पर डालीगंज स्थित वाल्मीकि बस्ती पहुंची। बस्ती में भगवान वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। वहाँ आयोजित समरसता भोज में तहरी वितरीत कर उपस्थित वाल्मीकि समाज के लोगों के संग तहरी भी खाई।

## नाबालिग किशोरी का यौन शोषण व जबरन गर्भपात कराने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पहले** शादी का झांसा देकर नाबालिग किशोरी का योन शोषण किया, गर्भवती हो जाने पर जबरन गर्भपात कराया और फिर एक दिन फरार हो गया। पीड़िता ने काफी समय तक उसका इंतिजार किया लेकिन वह नहीं लौटा तो वह अपने परिजनों के साथ गाजीपुर थाने पहुंची और तहरीर देकर आप बीती सुनाई। पुलिस ने तत्काल गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर निवासिनी किशोरी के घर के सामने गायत्री नगर मड़ियांव निवासी मोहित यादव उर्फ रूद्र यादव ने दूध डेरी खोल रखी थी बताया जा रहा है वहीं दूध लेने के लिए पीड़िता जाती थी और फिर धीरे धीरे नजदीकियां बनी और फिर रूद्र ने उसे झूठे प्यार का झांसा देकर योन शोषण शुरू किया और जब वह प्रेग्नेंट हो गयी तो आरोपी ने जबरन उसका गर्भपात कराया और फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया।

**समाज कल्याण विभाग से रिटायर्ड बाबू ने लगाई फांसी, मौत**

**लखनऊ।** राजधानी के गाजीपुर इलाके में समाज कल्याण विभाग से रिटायर्ड हेड क्लर्क ने घर में लगे लोहे के कुंडे से नारियल की रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिससे मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ऑस्टियोपोरेसिस के केस ज्यादा

**लखनऊ।** पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ऑस्टियोपोरेसिस के केस ज्यादा सामने आ रहे हैं। हर तीसरी महिला व हर पांचवा पुरुष इस बीमारी से ग्रसित है। यह जानकारी मंगलवार को विश्व ऑस्टियोपोरेसिस दिवस की पूर्व संध्या पर डायबिटीज सपोर्ट वेलफेयर सोसाइटी के सचिव डॉ अरुण पांडेय ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी है। डॉ अरुण पांडेय ने बताया कि महिलाओं में माहवारी बन्द होने के बाद यह आम समस्या है। कमर दर्द, कूल्हा व दूसरे अंगों में दर्द बढ़ जाता है। यह बीमारी अमूनन 60 से अधिक उम्र के लोगों में ज्यादा होती है। डॉ पांडेय के मुताबिक बीमारी में हड्डियां कमजोर एवं खोखली हो जाती है। धूम्रपान और शराब के सेवन करने वालों में यह बीमारी होने की संभावना ज्यादा होती है। इसका बचाव के लिए खुराक में कैल्शियम या प्रोटीन को शामिल करना चाहिए।

## अक्टूबर के अंत तक पीजीआई में शुरू होगा लिवर ट्रांसप्लांट

**लखनऊ।** पीजीआई में अक्टूबर माह के अंत तक लिवर ट्रांसप्लांट शुरू होगा। संस्थान में पहले दस मरीजों का मुफ्त में लिवर ट्रांसप्लांट करने का प्लान है। इस बावत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। इसके बाद ट्रांसप्लांट का शुल्क तय होगा। ट्रांसप्लांट के लिए संस्थान की तरफसे चार मरीजों की स्क्रीनिंग कर ली गई है। इनके परिजनों ने लिवर डोनेट करने की सहमति दे दी है। ऐसे में पीजीआई यूपी में केजीएमयू के बाद लिवर ट्रांसप्लांट करने वाला दूसरा सरकारी संस्थान बन जायेगा। पीजीआई के निदेशक डॉ आरके धीमान के मुताबिक कोरोना संक्रमण अब कम हो गया है। ऐसे में संस्थान में लिवर ट्रांसप्लांट शुरू करने का प्लान है। इसके लिए डॉक्टरों ने 22 जुलाई से ओपीडी शुरू कर दी है। सोमवार से शुक्रवार तक लिवर फेल्योर के मरीजों को देखा जा रहा है। ट्रांसप्लांट के लिए मरीज और डोनर की काउंसिलिंग की जा रही है। चार मरीजों ने ट्रांसप्लांट पर सहमति जताई है। इनकी जांचें व ऑर्गन डोनर संबंधी प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो गई है। संस्थान में पहले लाइव डोनर ट्रांसप्लांट होगा। इसके बाद कैडेवरिक ऑर्गन ट्रांसप्लांट को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इससे अधिक से अधिक अंग प्रत्यारोपण किया जा सकेगा। बता दें कि अभी प्राइवेट में 30 से 40 लाख व आईएलबीएस दिल्ली में 18 लाख के लगभग खर्च आता है। वहीं केजीएमयू 10 से 12 लाख में लिवर ट्रांसप्लांट मुमकिन है। ऐसे में पीजीआई में भी केजीएमयू के आसपास का लिवर ट्रांसप्लांट का शुल्क होगा।

## बेसिक शिक्षा विभाग दो लाख से ऊपर आउट ऑफ स्कूली बच्चों को देगा विशेष प्रशिक्षण

**लखनऊ।** 7 से 14 वर्ष के आउट ऑफ स्कूली बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने विशेष प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। यह प्रशिक्षण बुधवार से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शुरू होगा। आउट ऑफ स्कूल के तहत विभाग की तरफ से प्रशिक्षण के लिए 247719 बच्चों को चिन्हित किया गया है। राज्य परियोजना निदेशक अनामिका सिंह के स्तर से डायट प्राचार्य व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि आउट ऑफ स्कूल के तहत चिन्हित बच्चों का नामांकन कराकर उन्हें विशेष तौर पर प्रशिक्षण दिया जाय। इसके लिए इक्कीस करोड़ तीस लाख अड़तीस हजार तीन सौ चालीस रुपये का बजट जारी किया गया है। जारी बजट से शारदा कार्यक्रम के तहत आउट ऑफ स्कूली बच्चों को आयुसंगत अनुसार कक्षाओं में नामांकन कराकर विद्यालय के प्रधानाचार्य अथवा नोडल शिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिलाने को कहा गया है। प्रशिक्षण विद्यालय अवधि के दौरान ही दिया जाएगा। साथ ही जहां बच्चा नामांकित होगा, वहीं प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# एलयू परास्नातक स्तर पर छह कोर्सों को लेकर सीट आवंटन जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शैक्षिक** सत्र 2021-22 के अंतर्गत परास्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने छह विषयों के सीट आवंटन जारी कर दिए। इसमें सोशल वर्क, हिन्दी, पालिटिकल साइंस, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ, साइकोलॉजी और मास्टर आफपब्लिक हेल्थ (कम्यूनिटी मेडिसिन) विषय शामिल हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार अभ्यर्थी 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के बाद अपनी लॉग इन आइडी पर इसे देख सकेंगे। इसमें जिस रैंक तक के अभ्यर्थियों को सीट आवंटन किया गया है, उसकी रैंक कटआफ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। जिन अभ्यर्थियों की सीट आवंटित हुई है, उनकी शैक्षिक अर्हता की जांच संबंधित विभाग की ओर से आनलाइन की जाएगी। विभाग की जांच के बाद अर्ह अभ्यर्थियों को फीस आनलाइन अपनी लागइन के माध्यम से जमा करनी होगी। इसकी अंतिम तिथि 23 अक्टूबर तय की गई है।

**पीएचडी संस्कृत चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी:** संस्कृत विषय में पीएचडी दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा में साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची मंगलवार को जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए 22 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के पुराने परिसर स्थित संस्कृत विभाग में पहुंचना होगा। प्रवक्ता के मुताबिक सूची में जिनका नाम सीरियल नंबर 1 से 18 तक है, उन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सुबह नौ बजे और जिनका नाम सीरियल नंबर 19 से आगे है, उन्हें दोपहर एक बजे संस्कृत विभाग में पहुंचना होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश पत्र, रिसर्च प्रस्ताव, सभी मूल प्रमाणपत्र एवं उनकी एक फोटो प्रति लेकर आना है।

# शव रखकर ढाई घंटे तक रोड जाम कर किया प्रदर्शन



सोमवार को युवक की सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में पिकप ड्राइवर पर कार्रवाई व मुआवजा दिलाने के आश्वासन पर माने परिजन

संवाददाता। मोहनलालगंज

**पिकप** ड्राइवर पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग लेकर बाइक मैकेनिक के परिजनों ने मंगलवार को सिसेण्डी में शव रखकर रोड जाम कर दी। कुछ देर में ही मौरावां रोड पर दोनों ओर काफी लम्बा जाम लग गया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों की भीड़ उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ गई । लिहाजा मौके पर पहुंचे एडीसीपी ने परिजनों को समझाबुझाकर जाम खुलवाया और तहरीर लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

मोहनलालगंज के सिसेण्डी निवासी बाइक मैकेनिक इंसार की सोमवार शाम धनुवासांड़ के निकट पिकप लोडर की टक्कर से मौत हो गई थी। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव वापस गांव आया तो आक्रोशित परिजनों ने सिसेण्डी बाईपास पर शव रखकर मौरावां रोड का आवागमन ठप कर दिया। कुछ देर में ही मौके पर काफी भीड़ जुट गई। पुलिस के लाख समझाने पर भी नाराज परिजन मानने को तैयार नहीं हुए और उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की जिद करने लगे। करीब ढ़ाई घण्टे तक परिजन रोड जाम कर प्रदर्शन करते रहे जिसके बाद एसीपी दिलीप कुमार सिंह और एडीसीपी पूर्णेन्दु सिंह मौके पर पहुंचे। एडीसीपी से परिजनों ने पिकप ड्राइवर पर एफआईआर दर्ज कराने और मुआवजा दिलाने की मांग की। एडीसीपी ने परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा देकर रोड जाम खुलवाया। उधर पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर बितर किया और मौरावां रोड का आवागमन शुरु कराया। इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया परिजन एफआईआर नहीं दर्ज कराना चाह रहे थे बल्कि मौके पर ही मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे। उन्हें समझा बुझाकर मृतक की मां किशमतुल की तहरीर पर आरोपी पिकप ड्राइवर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जा रही है। जाम समाप्त कराकर आवागमन शुरु करा दिया गया है।

# फसलों के लिए संकट लेकर आई बारिश, किसान बेचैन

संवाददाता। मोहनलालगंज



**बेमौसम** बारिश ने धान की फसल पकने का इंतजार कर रहे किसानों के माथे पर शिकन ला दी है। हवाओं के थपेड़ों से गिर रही धान की फसल को नुकसान की आशंका से किसान बेहद परेशान हैं। आलू की बुवाई कर रहे किसान भी बारिश को लेकर गंभीर रुप से चिन्तित हैं। वहीं तिलहन की बुवाई कर चुके किसान भी फसल चौपट होने के डर से बेहद परेशान हैं।

मोहनलालगंज में पिछले दो दिन से हो रही छिटपुट बारिश से धान की फसल तैयार होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे किसान गहरी चिन्ता में डूब गए हैं। बारिश की बूंदों के साथ हवा के थपेड़ों से धान की फसल खेत में गिरने लगी है। जिससे फसल को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं पक रही धान की फसल के दाने भीगने से उत्पादन पर बुरा असर पड़ने की आशंका से किसान बेचैन हैं। यही नहीं आलू की बुवाई के लिए तैयारी कर रहे किसानों की उम्मीदों को भी बेमौसम बारिश से जोरदार झटका लगा है। किसानों का कहना है कि आलू का अंकुरण हो चुका है और बुवाई में देरी हुई तो अंकुरित आलू बुवाई लायक नहीं रह जाएगा साथ ही बुवाई भी पिछड़ जाएगी। इसी तरह सरसों की बुवाई कर चुके किसानों के लिए भी बेमौसम बारिश काफी नुकसानदेह है। किसानों का कहना है कि बारिश से सरसों का जमाव बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक दिलीप दोहरे के मुताबिक बेमौसम बारिश से धान की फसल को नुकसान पहुंच सकता है। जिसके लिए किसानों को सजग रहकर फसल में जलभराव नहीं होने देने की आवश्यकता है। उनके मुताबिक आलू की बुवाई पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने बताया तिलहनी फसल की बुवाई कर चुके किसानों के लिए भी बारिश परेशानी का सबब बन सकती है। बारिश से सरसों के अंकुरण और जमाव पर बेहद खराब प्रभाव पड़ेगा। उधर तहसील अधिकारियों के मुताबिक फसल नुकसान की शिकायत मिलने पर सर्वे कराया जाएगा।

# सपा, बसपा व कांग्रेस भ्रष्टाचार और वंशवाद के पोषकः भाजपा

## ● बेटियों को जो परेशान करेगा सीधा जेल जाएगाः स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा, लखनऊ

**बीजेपी** के सामाजिक सम्पर्क अभियान के तहत मंगलवार को द्वितीय सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में संबोधित करते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सपा सरकार में बेटियों के साथ सरेआम दुर्व्यवहार की घटनाएं होती थी और दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट नहीं लिखी जाती थी लेकिन आज योगी सरकार में किसी की हैसियत नहीं जो किसी बेटी को परेशान कर सके, जो परेशान करेगा सीधा जेल जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दल लोगों का सम्मान करने व उनका कल्याण करने नहीं आए हैं वे देश-प्रदेश और लोगों को लूटने के लिए आए हैं। वे वंशवाद चलाने आए है वे परिवारवाद चलाने आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल फैमिली ट्रस्ट है जहां बड़े पदों पर सिर्फ परिवार के लोग ही बैठतें है और वहां सामान्य कार्यकर्ता की कोई हैसियत नहीं हैं। बीजेपी में ही किसी भी जाति का गरीब, पिछड़ा और वंचित व्यक्ति भी प्रदेश अध्यक्ष हो सकता है प्रदेश का मुखिया हो सकता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लगातार सत्ता में रही कांग्रेस ने गरीबों की बात तो की लेकिन गरीबी दूर नहीं की सपा, बसपा और कांग्रेस सिर्फ भ्रष्टाचार और वंशवाद के पोषक हैं। इनके लिए सत्ता अपना और अपने परिवार के हितों को पूरा करने का साधन मात्र है। विपक्षी दलों ने हमेशा देश, प्रदेश, गरीब, शोषित और वंचितों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के अस्तित्व तक को नकार दिया और हिन्दू आंतकवाद जैसे शब्दों को गढने का काम किया। कांग्रेस ने करोड़ों हिन्दुओं की श्रद्धा के केंद्र शंकराचार्य को गिरफ्तार तक करवा दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेसी खानदानियों ने पूरा देश लूटा है। आज एक ईमानदार, राष्ट्र भक्त देश का प्रधानमंत्री बना तो उसने अपने परिवार के लिए पक्का मकान नहीं दिया। परिवार का एक सदस्य सरकारी गाड़ी में नहीं बैठा लेकिन देश के गरीबों को पक्का मकान देने का संकल्प लिया है। 2024 तक जिन गरीबों का मकान नहीं बना हैं उन गरीबों के लिए पक्का मकान बनाने का काम मोदी जी कर रहे हैं। वहीं उन्होंने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव में व्यक्ति नहीं केवल कमल का निशान देखना, भले ही सपा से आप के समाज का प्रत्याशी हो मगर वो जीत गया तो सदन में मंदिर का विरोध और पाकिस्तान का विरोध करेगा।



### समाज को जाति धर्म में बांटने वाली ताकतें फिर हो रही हैं सक्रियः दिनेश शर्मा

उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि समाज को जाति धर्म में बांटने वाली ताकते फिर सक्रिय हो रही है। ऐसी ताकतो से सावधान रहने की जरूरत है। भाजपा जाति धर्म के आधार पर नहीं बल्कि सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इस प्रदेश को बड़ी मुश्किल से जातिवाद क्षेत्रवाद व सम्प्रदायवाद से बचाया गया है। पिछली सरकारों के समय में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलन्द थे कि उनकी सवारियां निकलती थी। पुलिस के अधिकारी भी उनसे डरते थे तथा पुलिस के थाने सत्ताधारी दल के कार्यालय हो गए थे। वर्तमान सरकार ने इन माफियाओं के खिलाफजो बुल्डोजर चलाया तथा वे सब आज जेल में हैं। अपराधियों के हौसले आज पूरी तरह से पस्त हैं। उनकी करोड़ों रुपए की अवैध सम्पत्ति जब्त कर ली गई है। आज अपराधी मुख्यमंत्री से माफी की गुहार लगा रहे हैं और लोग अमन चैन में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जाति धर्म के आधार पर नहीं बल्कि सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। यह ऐसी पार्टी है जो अपने महापुरुषों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ को शहर के तौर पर सुंदर करने का काम महाराजा लखना पासी जी ने किया था। आज महाराजा लखना पासी हमारे बीच में नहीं है पर उनके द्वारा निर्मित मंदिर कुंड किले सरोवर तट आदि स्मृतियां उनकी याद दिलाते हैं। उनकी स्मृतियों व उनके योगदान को उचित स्थान दिलाने के लिए ही महापौर रहते गोमती तट पर लाखन उपवन का निर्माण कराया था।

### भाजपा अगड़ों की नहीं सर्व समाज की पार्टी हैः केशव प्रसाद मौर्य

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पासी समाज का स्वर्णिम इतिहास रहा है। मुगलों और अंग्रेजों से लड़ाई में पासी समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। पासी राजाओं ने मुगल आक्रमणकारियों को नाकों चने चबवाये थे। अंग्रेजों की छाती पर भारत का तिरंगा फहराने में पासी समाज का भी अन्य स्वतंत्र सेनानियों के साथ बहुत बड़ा योगदान रहा। पासी समाज को भाजपा में पूरा सम्मान मिल रहा है। कांग्रेस-सपा-बसपा अनुसूचित वर्ग के विरोधी हैं। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सारे समाज को साथ लेकर चलती है और सबको समभाव से देखती है और सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र के साथ काम करती है। उन्होंने कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पंचतीर्थो का विकास मोदी जी के ही नेतृत्व में किया गया है। बीजेपी को पहले कहा जाता था कि यह अगड़ो की पार्टी है जबकि ऐसा नहीं है यह सर्व समाज की पार्टी है। मोदी जी ने कोरोना संकटकाल में रोज कमाने खाने वालों को के घर राशन से भर दिए और किसी को भूखा नहीं रहने दिया गया। सबको सम्मानजनक जीवन जीने का संकल्प पार्टी ने लिया है। उन्होंने कहा कि मतदान के समय सबसे ज्यादा अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लोग अपना मताधिकार के लिए का प्रयोग करने के लिए निकलते हैं। यह जागरूकता बनी रहनी चाहिये। सरकार ने जब गरीबों के घर खोज-खोज करके उनको बिजली के कनेक्शन दिए गए तो विरोधियों के पेट में दर्द होता है। सम्मेलन में पूर्व सांसद प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत, अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, भगवती प्रसाद रावत, रामपाल वर्मा, कृष्णा पासवान, बृजेश रावत, बैजनाथ रावत, सुरेश राही, उपेंद्र पासवान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्रियंका का महिलाओं को चुनाव लड़ाने की बात करना महज शोशेबाजीः रीता बहुगुणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका वाड्रा के यूपी विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देने की बात को रीता बहुगुणा जोशी ने महज शोशेबाजी करार दिया है। कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में सांसद प्रयागराज रीता जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कभी भी महिलाओं का सम्मान नहीं रहा। अगर होता तो आधी जिंदगी कांग्रेस की सेवा में समर्पित करने के बाद न मैं पार्टी छोड़ती न ही प्रियंका चतुर्वेदी जैसी युवा कार्यकर्ता को निराश होकर पार्टी छोड़ने का फैसला करना पड़ता। आज राजस्थान, महाराष्ट्र में और पूर्व में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकारों के दौरान महिला उत्पीड़न और शोषण की हर दिन एक नई कहानी सुनने को मिलती है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए रीता बहुगुणा ने कहा कि यूपी जैसे राज्य में जहां कांग्रेस की हार तय है, वहां महिलाओं को चुनाव लड़ाने की बात करना, स्वांग से अलग कुछ भी नहीं। अगर उन्हें इतनी ही महिला हित की चिंता है तो क्यों नहीं अमेठी और रायबरेली की सीटों पर महिलाओं को उतारतीं। यूपी चुनाव में अपनी हार तय जानकर कांग्रेस न अब महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने का राजनीतिक स्टंट शुरु किया है, हालांकि उन्हें इससे कुछ भी हासिल होने वाला नहीं।

## क्विक न्यूज

### अखिलेश यादव ने सुखदेव राजभर को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सुखदेव राजभर के निवास स्थान पर पहुंचकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक संतप्त परिवार से संवेदना जताई। अखिलेश यादव ने कहा कि सुखदेव राजभर के निधन से प्रदेश को अपूरणीय क्षति हुई है। सामाजिक न्याय को समर्पित उनका राजनीतिक जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा। एक गरीब परिवार से सम्बंध रखते हुए वकालत और सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने वाले राजभर जी को नमन।

### व्यापार मंडल की बैठक में हुआ संगठन का विस्तार, बनाए गए 27 नए पदाधिकारी




**लखनऊ।** भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी की समीक्षा एवं संगठन के विस्तार को लेकर प्रदेश कार्यालय चर्च रोड विकासनगर में बैठक आहूत की गई। बैठक को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सदैव व्यापारी, उद्यमी और किसान और आम जनता के सम्मान की चिंता व संघर्ष करते हुए आगे अपना विस्तार जारी रखेगा। राष्ट्रीय प्रभारी हाफिज जलील अहमद सिद्दीकी ने कहा कि संगठन एक परिवार की तरह है इसमें सबको मिल जुल कर रहना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना ने कहा कि संगठन की शक्ति ही हमेशा सभी के सुख और दुख में काम आती है। लखनऊ जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने कहा मैं व्यापारी, उद्यमी, किसान और आम जनता के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। मंच का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष ताज खान ने किया। लखनऊ नगर अध्यक्ष फुरकान अहमद ने सभी नवनियुक्त साथियों को बधाई दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला महासचिव यादवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला महासचिव आशुतोष खरे, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह, उपाध्यक्ष पुरषोत्तम जालान, अमन कुमार, विशाल गुप्ता, कुलदीप यादव, मो. अल्तमश, नितेश सिंह, राज अवस्थी समेत अनेक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### बिजनौर के सुभाष चन्द्र शीघ्र पौधा संवर्ग में अव्वल

**लखनऊ।** गन्ना विकास विभाग द्वारा राज्य गन्ना प्रतियोगिता वर्ष 2020-21 के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। आयुक्त, गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिये अनुमन्य संवर्ग यथा पेड़ी, शीघ्र पौधा, सामान्य पौधा एवं ड्रिप विधि से सिंचाई अन्तर्गत सम्पूर्ण प्रदेश से कुल 126 आवेदन पत्र प्राप्त हुये थे। गन्ना फसल प्रतियोगी खेतों की कटाई हेतु राज्य स्तर से कटाई अधिकारी नामित किये गये। नामित कटाई अधिकारियों के स्तर से प्राप्त परिणामों के आधार पर कृषकों को विजयी घोषित किया गया है। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि घोषित परिणामों के अनुसार शीघ्र पौधा संवर्ग अन्तर्गत सुभाष चन्द्र पुत्र रामपाल सिंह ने जोन बरकातपुर, जिला बिजनौर द्वारा 2634 कुंतल प्रति हे. उपज प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजेन्द्री देवी धर्मपत्नी जागेश्वर जिला लखीमपुर खीरी द्वारा 2473 कुंतल प्रति हे. उपज प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अचल कुमार जिला लखीमपुर खीरी द्वारा 2368 कुंतल प्रति हे. उपज प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया गया है। इस प्रतियोगिता में शीघ्र पौधा संवर्ग के अन्तर्गत प्रथम पुरस्कार विजेता को 15,000 द्वितीय को 10,000 तथा तृतीय को 7,500 रपुए की धनराशि प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि पेड़ी, सामान्य पौधा एवं ड्रिप सिंचाई संवर्ग के अन्तर्गत राज्य गन्ना प्रतियोगिता नियमावली के नियम संख्या 28 के आधार पर मानक से कम प्रतियोगी होने तथा प्रतियोगी कृषकों के खेत की उपज का स्तर भी संतोषजनक न होने के कारण इन संवर्गों के कृषकों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये जाने हेतु समिति द्वारा संस्तुति की गयी है। उन्होनें यह भी बताया कि पेड़ी संवर्ग के अन्तर्गत जिला लखीमपुर खीरी के पलविन्दर सिंह, गोण्डा के अनिल चन्द पाण्डेय एवं बिजनौर के प्रीतम को तथा सामान्य पौधा संवर्ग में शामली के अश्वनी एवं मेरठ के अमित कुमार को प्रोत्साहन पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गयी है। ड्रिप विधि से सिंचाई को बढावा देने के लिये इस वर्ष राज्य गन्ना प्रतियोगिता 2020-21 में एक नई श्रेणी ड्रिप विधि से सिंचाई संवर्ग को भी पुरस्कार हेतु सम्मिलित किया गया है। इस श्रेणी के अन्तर्गत जिला शमली के किसान योगेन्द्र एवं मेरठ के सुबोध को प्रोत्साहन पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गयी है।

### पंजाब नेशनल बैंक ने किया शिवाक्षी को सम्मानित



**लखनऊ।** पंजाब नेशनल बैंक के स्थानीय स्टाफट्रेनिंग कॉलेज के सभागार में बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीएचएसएस मल्लिकार्जुन राव द्वारा शिवाक्षी दीक्षित को सम्मानित किया गया। शिवाक्षी दीक्षित ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सन 2020 मे आयोजित सिविल सेवा परीक्षा मे 64वी रैंक हासिल कर लखनऊ शहर का नाम रोशन किया है। शिवाक्षी दीक्षित बैंक द्वारा प्रायोजित ग्रामीण बैंक प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के प्रबन्धक रहे स्व. केके दीक्षित की सुपुत्री हैं। इस अवसर पर लखनऊ अंचल के महाप्रबंधक संजय गुप्ता ने शिवाक्षी दीक्षित के उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाए दीं।

### रामकली और सरोज महिला सभा की पदाधिकारी मनोनीत

**मोहनलालगंज।** रामकली रावत को मंगलवार समाजवादी पार्टी महिला सभा का जिला उपाध्यक्ष और सरोज यादव को जिला सचिव मनोनीत किया गया। महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव ने दोनों को मनोनयन पत्र सौंपकर बखूबी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया। जिला पंचायत सदस्य विजयलक्ष्मी और विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने महिला सभा की दोनों नवनियुक्त महिला नेताओं से विधानसभा चुनाव के लिए जुटने की अपील करते हुए आमजन को पिछली सपा सरकार की उपलब्धियां बताने का आह्वान किया। इस मौके पर सतीश गुप्ता समेत अन्य सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों को सप्ताह में कम से कम पांच बार शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए करें प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बच्चों** को सप्ताह में कम से कम 5 बार शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इन गति ?विधियों में उनकी उम्र के अनुसार मजेदार खेल या अन्य एक्टिविटी शामिल कर सकते हैं। ऐसा करने से बच्चों की हड्डियां, जोड़ मजबूत रहेंगे। मंगलवार को यह जानकारी बाल चिकित्सा हड्डी रोग विभाग केजीएमयू और उत्तर प्रदेश ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वर्ल्ड पीडियाट्रिक बोन एंड ज्वाइंट डे के दौरान आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विभागाध्यक्ष प्रो अजय सिंह ने दी।

डॉ सिंह ने कहा कि माता पिता को अपने बच्चे की हड्डियों के स्वास्थ्य को पोषण देने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता पिता को चाहिये कि अपने बच्चे को उपयुक्त, मज़ेदार और विविध गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। डॉ सिंह ने बताया कि व्यायाम या खेल कौन सा चुना जाये यह आपके बच्चे की उम्र के आधार पर अलग अलग हो सकता है। उन्होंने कहा कि जैसे 3 वर्ष से 5 वर्ष की उम्र तक जब बच्चा स्कूल नहीं जाता है, उस समय कम से कम एक घंटा कोई न कोई फिजिकल एक्टिविटी जरूर करनी चाहिये, इसके अलावा इससे बड़े स्कूल जाने वाले बच्चे या टीन एजर यानी 6 वर्ष से 17 वर्ष की आयु के बच्चों को रोजाना एक घंटे शारीरिक श्रम वाले खेल या कार्य को करने के अलावा मांसपेशियों की मजबूती के लिए सप्ताह में कम से कम दो बार किसी ऊंची जगह पर चढ़ना या दंड बैठक अवश्य करना चाहिये। इसके अलावा पोषण के लिए अपने बच्चों को कैल्शियम युक्त आहार प्रदान करें। उन्होंने बताया कि डेयरी उत्पादों में कैल्शियम मध्यम मात्रा में पाया जाता है। रागी जिसे मंडुवा भी कहते हैं, कैल्शियम का बेहतरीन स्रोत है। रागी को अपने आहार में शामिल करना महत्वपूर्ण है। अगर रागी उपलब्ध नहीं है तो इसकी जगह राजमा या तिल ले सकते हैं। डॉ अजय सिंह ने बताया कि आंकड़े बताते हैं कि ज्यादा सोडा और काबोनेटेड पेय जैसे कोल्ड ड्रिंक से हड्डियां कमजोर होती हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि सोडा विशेष रूप से कोला का सेवन हड्डियों के घनत्व पर कई प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इस अवसर पर प्रो अजय सिंह एचओडी और टीम पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स केजीएमयू डॉ सुरेश और डॉ फैसल ने बच्चों में स्वस्थ हड्डियों को रखने के उपायों के बारे में बताया।

## अध्यक्ष व सभापति ने दी वाल्मीकि जयंती की बधाई

**लखनऊ।** विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने वाल्मीकि जयंती एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के महान विचार हमारी ऐतिहासिक यात्रा के बीच तत्व हैं जिस पर हमारी परंपरा और संस्कृत पुष्पित पल्लवित होती रही है सामाजिक न्याय के प्रकाश स्तंभ रहे उनके संदेश हमेशा हम सबको प्रेरित करते रहेंगे। विधान सभा के उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उपाध्यक्ष विधानसभा ने कहा कि श्रीराम की गाथा को देश-दुनिया में पहुंचाने का श्रेय महर्षि वाल्मीकि को जाता है। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। सभापति विधान परिषद ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने आदिकाव्य रामायण की रचना कर लोगों को सत्य एवं कर्तव्य परायणता पर चलने का मार्ग दिखाया। भगवान श्रीराम की गाथा को देश-दुनिया में पहुंचाने का श्रेय महर्षि वाल्मीकि को जाता है।

## समाज का स्थायी आर्थिक विकास सहकारिता के माध्यम से ही संभवः सहकार भारती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बिना संस्कार** नहीं सहकार इस घोष वाक्य के साथ सहकारिता क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाला सहकार भारती देश में 27 प्रदेश तथा 600 से अधिक जिलों में कार्यरत हैं उपरोक्त बात आज हजरतगंज लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक के सभागार में सहकार भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश वैद्य एवं राष्ट्रीय महामंत्री डॉ उदय जोशी ने पत्रकारों को प्रेस वार्ता में बताई। उन्होंने काह कि पूरे भारतवर्ष में आठ लाख पचास हजार सहकारी समितियों का पंजीयन हुआ है तथा तीस करोड़ आबादी सहकारिता से जुड़ी है समाज का स्थायी आर्थिक विकास केवल सहकारिता के माध्यम से हो सकता है ऐसी सहकार भारती की अवधारणा है। सहकार भारती के प्रेरणा पुरुष लक्ष्मण राव ईनामदार का यह मानना था कि समाज के शोषित वंचित पीड़ित दुर्बल निर्धन उपेक्षित असंगठित समाज वर्ग का स्थायी आर्थिक विकास करने का एकमात्र साधन सहकारिता है, इस विचारधारा को लेकर 1979 से सहकार भारती सहकारिता क्षेत्र में कार्य कर रही है। सहकार भारती का सातवां राष्ट्रीय अधिवेशन 17,18,19 दिसंबर को राजकीय पॉलीटेक्निक लखनऊ में होने जा रहा है। 17 दिसंबर को अधिवेशन का उद्घाटन भारत सरकार के प्रथम सहकारिता मंत्री अमितभाई शाह अधिवेशन को संबोधित करेंगे वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी सहकार भारती ने आमंत्रित किया है। इस त्रय वार्षिक अधिवेशन में अगले तीन वर्ष के लिए सहकार भारती के कार्य की दिशा और पथ दर्शक, रोड मैप की योजना तैयार की जाएगी।

## निशुल्क गैस चूल्हा पाकर खिले गृहणियों के चेहरे

**बख्शी का तालाब ।** नगर पंचायत बीकेटी सीतापुर रोड स्थित अर्चना भारत गैस एजेंसी पर भाजपा द्वारा नि:शुल्क गैस और चूल्हे का वितरण किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में बीकेटी मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह चौहान ने इनका वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना उज्जवला 2 के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण किया जा रहा है। उन्होंने लाभार्थियों को मोदी-योगी सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष दीपक ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष भाजयुमो मोनू सिंह तोमर, प्रशांत सिंह चौहान, शक्तिकेंद्र संयोजक रामस्वरूप बघेल तथा अन्य क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने अखाड़े में आजमाए दांव



संवाददाता। निगोहां

**खराब** मौसम के होने के बावजूद मंगलवार को रघुनाथ खेड़ा के एसबीएन इंटर कॉलेज प्रांगण में विराट दंगल का आयोजन किया गया जहाँ इस दंगल प्रतियोगिता में लखनऊ सहित रायबरेली, बाराबंकी उन्नाव आदि जिलों से आए हुए पहलवानों ने अखाड़े में प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय कौशलता को क्षेत्रीय प्रतिभाओं के हौसले को बढ़ाने के लिए उन्हें भी पुरुस्कृत किया गया वही इस प्रतियोगिता में फाइनल कुश्ती जीतने वाले जय चंद्र निवासी रघुनाथ खेड़ा को साइकिल व 5100 रुपए की नगद धनराशि देकर एवं क्षेत्र के पहलवानों और अन्य जिलों से आए हुए पहलवानों में रामा परसपुर चन्दन पहलवान बाराबंकी, मोहित लखनऊ, मुकेश रायबरेली व इशरतअली को नगद धनराशि से पुरस्कृत किया गया । इस विशाल दंगल आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक अमरीश पुष्कर, एसबीएन इंटर कॉलेज संरक्षक संतराम यादव, जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भरद्वाज, थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नईम उल हसन लवकुश यादव प्रधान आदि मौजूद रहे।

## मच्छरों को पनपने से रोकें, संचारी रोगों से बचेंः बोरा

### ● फैजुल्लागंज में अगले माह 100 बेड के अस्पताल के शिलान्यास की तैयारी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जनपद** में एक माह तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का शुभारम्भ मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों ने किया। इसी क्रम में लखनऊ उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ नीरज बोरा ने प्रियदर्शिनी कालोनी क्षेत्र से हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सघन अभियान चलाकर संचारी रोगों पर नियंत्रण की स्वास्थ्य विभाग की पूरी तैयारी है। इस अभियान में नगर निगम व अन्य विभाग स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करेंगे।

आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ ही अन्य अन्य विभागों के कार्यकर्ता घर घर पहुंचकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही साफ़ सफाई व छिड़काव आदि की व्यवस्था करेंगे। डॉ बोरा ने कहा कि संचारी रोगों को लेकर बहुत ही संवेदनशील क्षेत्र में शामिल रहे फैजुल्लागंज में अगले माह 100 बेड के अस्पताल के शिलान्यास की पूरी तैयारी है। अस्पताल के बन जाने से यहाँ के लोगों को डेंगू, मलेरिया आदि के साथ ही अन्य बीमारियों का इलाज और आसान हो जायेगा। इसके अलावा रहीम नगर डुडौली व दाऊद नगर में स्वास्थ्य केंद्र काम रहे हैं, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों पर काबू पाने में सभी के सहयोग की जरूरत है क्योंकि अगर हम मच्छर को पनपने ही न दें तो बीमारी, जाँच और इलाज की नौबत ही न आये।

इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संचारी रोग नियंत्रण के नोडल अधिकारी डॉ केपी त्रिपाठी ने अभियान के बारे में विस्तार से बताया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 19 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक चलेगा, इसके साथ ही 19 अक्टूबर से एक नवम्बर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डी एन शुक्ला ने भी अभियान को सफल बनाने की सभी से अपील की।


## कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद-उन्नाव

पत्रांक : 1193/न0प0नवा0/रा.वि.आ कोटेशन/2021-22 — दिनांक : 18.10.2021

**कोटेशन सूचना**

एतदद्वारा समस्त ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव में राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष-2021-22 में प्राप्त होने वाली धनराशि अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न वर्णित कार्य हेतु सीलबन्द कोटेशन दिनांक 25.10.2021 को मध्यान्ह 12:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव में आमंत्रित की जायेंगी। उक्त तिथि में निर्धारित समय के अन्तर्गत प्राप्त कोटेशन दिनांक:-25.10.2021 को 2:30 बजे अपरान्ह में अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय के समक्ष उपस्थित कोटेशनदाताओं के सामने खोले जायेंगे। कोटेशन के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करने की रसीद लगाना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रपत्र निर्धारित मूल्य जमा करके दिनांक-23.10.2021 को कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव में कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। किसी भी एक कोटेशन अथवा समस्त कोटेशनों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय से कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यों का विवरण निम्नवत् है :-**

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | आगणन की धनराशि (जी.एस.टी. रहित) (रू0 में) | धरोहर राशि 02 प्रतिशत | कोटेशन फार्म की कीमत 18 प्रतिशत GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य - | | | | | |
| 1 | वार्ड सं0 01, 02 में हरिनाम के मकान से मन्दिर गेट तक गड्ढामुक्त का कार्य। | 69766.00 | 1395.0 | 83.00 (70+13) | 15 दिवस |
| 2 | वार्ड सं0 04 में अस्थाई गौशाला (कांजी हाउस) से जी0जी0आई0सी0 स्कूल तक गड़ढामुक्त का कार्य। | 68147.00 | 1363.00 | 80.00 (68+12) | |

**नोट :**
1. विस्तृत जानकारी कार्यालय दिवस में कार्यालय से की जा सकती है।
2. स्वीकृत धनराशि के अवमुक्त होने एवं अतिरिक्त धनराशि का भुगतान नगर पंचायत निधि एवं राज्य वित्त आयोग से बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य पश्चात् बजट उपलब्ध न होने तक भुगतान के सम्बन्ध में यदि किसी प्रकार की आपत्ति की जाती है तो मान्य नहीं होगी।
3. ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करों की नियमानुसार कटौती की जायेगी जो ठेकेदार को मान्य होगी।
4. शासनादेशों के अन्तर्गत एक वर्ष तक सम्बन्धित कार्य का रखरखाव की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
5. कोटेशन के साथ 100/- रू0 का जनरल स्टाम्प पेपर जमा करना होगा।
6. कोटेशन दाताओं को उल्लिखित धरोहर राशि 02 प्रतिशत एवं कोटेशन प्रपत्र की नगद धनराशि की रसीद कार्यालय लिपिक के पास जमाकर निविदा के साथ लगाना अनिवार्य होगा, तथा 08 प्रतिशत का निर्दिष्ट धरोहर नगद/एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव के नाम बंधक जमा करना अनिवार्य होगा।

(विजेता गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव

(दिलीप कुमार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव

# पीएम के सभा स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**● जिले के उच्चाधिकारियों ने पंडाल बनाने वाले टेंट कारोबारी से बात करने के साथ ही पार्किंग व्यवस्था समेत रिंगरोड़ व हाईवे को भी देखा**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी की 25 अक्टूबर को आयोजित जनसभा हेतु रिंगरोड ओवरब्रिज (रखौना) के किनारे मेंहदीगंज गांव में बन रहे वाटर व फायर फ्रूफ550 फीट चौड़ा व 850 फीट लंबा जर्मन हैंगर पंडाल व जनसभा स्थल का मंगलवार को एडीजी बृजभूषण शर्मा, आईजी एस.के. भगत, एसपी (ग्रामीण) अमित वर्मा, एसडीएम सिद्धार्थ यादव, एएसपी नीरज पांडेय, सीओ जगदीश कालीरमन, थानाप्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने निरीक्षण कर तैयारियों के बाबत जानकारी ली। जिले के उच्चाधिकारियों ने पंडाल बनाने वाले टेंट कारोबारी से बात करने के साथ ही पार्किंग व्यवस्था समेत रिंगरोड़ व हाईवे को भी देखा।सरकार के आगमन को देखते हुए खेत में बनाएं जा रहे उनके दरबार को आकार देने का काम तेजी से चल रहा हैं। हार्वेस्टर द्वारा खेत से धान की फसल को काटने के बाद हक्सावेटर, रोलर, डोजर व ग्रेडर मशीने लगाकर 40 बीघा खेत को पूरी तरह समतल बना दिया गया हैं। ट्रकों से पंडाल बनाने व बैरिकेडिंग के सामान पहुंच रहे हैं।प्रधानमंत्री द्वारा रिंगरोड समेत अन्य योजनाओं का लोकार्पण किया जाना हैं। रिंगरोड़ के निकट ही हाइवे की एनएच 19 का वाराणसी–प्रयागराज सिक्सलेन है। रिंगरोड़ बनाने वाली एनएचएआइ व जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कम्पनी के अधिकारी भी तैयारियों के बाबत जुट गए हैं। रिंगरोड़ के किनारे चहल– पहल बढ़ गई हैं।राहगीरों की नजर अनायास जनसभा स्थल की ओर चली जा रही हैं। रिंगरोड़ पर फूल–पत्ती लगाने के साथ ही हाइवे की भी साफ-सफाई और रंगाई–पुताई हो रही हैं। प्रधानमंत्री की जनसभा हेतु मेंहदीगंज में बन रहे पंडाल व मैदान की सुरक्षा व्यवस्था परखने मंगलवार को बम निरोधक दस्ता के कर्मी भी पहुंच अपने कार्य में जुट गया।

पीएम मोदी के गोद लिए गाँव में पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है: वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गोद लिए गए गांव डोमरी पड़ाव में पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी अरविंद श्रीवास्तव द्वारा स्थापित कालीचरण क्रिकेट एकेडमी में एक क्रिकेट परीक्षण (ट्रायल)का आयोजन 17 अक्टूबर को किया गया। पूर्वांचल के लगभग समस्त जिलों के खिलाड़ियों ने इस ट्रायल में हिस्सा लिया। क्रिकेट के इस ट्रायल में वाराणसी के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ियों जैसे धर्मेंद्र मिश्रा, नासिर अली, अनिल श्रीवास्तव, प्रमोद राय इत्यादि ने अपने पारखी नजरों से इन खिलाड़ियों को जांचा। इस परीक्षण में 60 से ज्यादा 14 से 19 वर्ष की उम्र के बच्चों ने भाग लिया। इस ट्रायल में जितने भी बच्चों ने हिस्सा लिया उनमें से 30 खिलाड़ियों को अगले 15 दिनों तक लगने वाले निशुल्क प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित किया जाएगा। इस परीक्षण शिविर की सबसे खास बात यह है की इसमें पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं रणजी सेलेक्टर नासिर अली, पूर्व रणजी खिलाड़ी धर्मेंद्र मिश्रा, पूर्व रणजी खिलाड़ी अनिल श्रीवास्तव, नॉर्थ ईस्ट रेलवे के कोच प्रमोद राय सरीखे दिग्गज क्रिकेटर अपने अनुभव और क्रिकेट की बारीकियों को बच्चों को सिखाएंगे। आज जो ट्रायल हुआ उसके मुख्य अतिथि थे प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ गिरिजा प्रसाद रहे।

## ईंट भट्ठा मालिकों को अच्छे किस्म का कोयला न मिलने से भट्ठा चलाने में संकट

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ईंट निर्माता** परिषद वाराणसी के अध्यक्ष कमलाकांत पाण्डेय ने मंगलवार को पराड़कर स्मृति भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि इस बार अच्छे किस्म के कोयले की कीमत में भारी बढ़ोत्तरी के चलते ईंट मंहगी होगी जिससे यह आम जन मानस के ऊपर प्रभाव पड़ेगा। ईंट भट्ठों में अच्छे किस्म के कोयले की आवश्यकता पड़ती है तथा यह कोयला अमेरिका, इंडोनेशिया से आता है तथा भारत के ई0सी0एल0 रानीगंज क्षेत्र से प्राप्त होता है। इस समय कोयला आना बंद हो गया है तथा किसी सप्लायर के पास थोड़ा बहुत है तो उसको बिक्रीदर पिछले वर्ष से काफी वृद्धि हो गई है। भारतीय कोयला रानीगंज का 14 हजार से बढ़कर 16 हजार प्रति टन तथा अमेरिकन कोयला 22 हजार से बढ़कर 24 हजार प्रति टन बिक रहा है, आगे सीजन में और बढ़कर कितना होगा कहा नहीं जा सकता।

## बाबा साहब के सपनों और समाज हित के लिए भाजपा कर रही कार्य: कांता कर्दम



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**भाजपा** के सिविल लाइन स्थित जिला कार्यालय के सभागार में भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा अनुसूचित समाज के लोगों के लिए सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राजेश सोनकर ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही वास्तव में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करते हुए अनुसूचित समाज के हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज मोदी और योगी सरकार की योजनाएं हमारे समाज के कमजोर निर्बल लोगों के लिए सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना निशुल्क बिजली कनेक्शन सौभाग्य योजना जन धन योजना आयुष्मान योजना उज्जवला योजना शौचालय निर्माण योजना का लाभ आज हमारे समाज को मिल रहा है। उनके जीवन में खुशियों का विकास दिखाई दे रहा है। कहा कि अभी तक सपा बसपा कांग्रेस और अन्य राजनैतिक दल हमें सिर्फ अपना वोट बैंक समझता था लेकिन हमारे दर्द को सिर्फ नरेंद्र भाई मोदी ने समझा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में जितना सम्मान आज हमारे समाज के लोगों को मिल रहा है। वास्तव में अन्य राजनैतिक दल में कभी नहीं मिला। आज हमारे समाज से भारत के सर्वोच्च पद पर बैठे देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद हैं और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री के रूप में कौशाम्बी के सांसद विनोद सोनकर पूरे देश का नेतृत्व कर रहे हैं। कहा कि मैं स्वयं आज राज्यसभा सांसद बनकर लोगों की सेवा कर रही हूंऔर ऐसे कई स्थानों पर बैठकर हमारे समाज के लोगों को राष्ट्र एवं समाज की सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। कहा कि जो हमारे समाज के लिए थोड़ा करता है हम उसके लिए बहुत ज्यादा करते हैं। इसलिए हमारी जिम्मेदारी है आने वाले उत्तर प्रदेश के विधानसभा के चुनाव में मेरा बूथ सबसे मजबूत का संकल्प लेकर भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत के साथ विजय दिलाएं। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित समाज के लोगों को राजनीतिक आर्थिक सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रही है। कहा कि अनुसूचित समाज के लोगों का आशीर्वाद आज भारतीय जनता पार्टी के साथ है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने शराब छोड़ो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं स्वच्छ भारत अभियान का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कांता कर्दम का भाजपा महानगर द्वारा माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अभिनंदन करने वालों अवधेश चंद्र गुप्ता निर्मला पासवान राजेश कुमार सोनकर देवेश सिंह राजेश केसरवानी राजू पाठक गिरीजेश मिश्रा कविराज राधा शाक्य विजयलक्ष्मी अभिषेक सोनकर पूनम सोनकर पवन पासी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने संचारी रोग व दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

**● 17 नवंबर तक संचारी व 1 नवंबर तक चलेगा दस्तक अभियान**

संवाददाता। सोनभद्र



**जिलाधिकारी अभिषेक** सिंह ने मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर जिले में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। रैली के माध्यम से नगर में लोगों को संचारी रोग एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। रैली में स्वास्थ्य विभाग एबाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एनगर पालिका परिषद सहित अन्य विभाग के कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहे। जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि संचारी रोग के साथ ही डेंगूए मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया जाए। इसमें किसी तरह की किसी कर्मी के द्वारा शिथिलता या लापरवाही बरती गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 17 नवंबर तक चलाया जाएगा। जबकि दस्तक अभियान 1 नवंबर तक चलेगा ।इस दौरान स्वास्थ्य टीम घर.घर जाकर लोगों को जहां संचारी रोग व अन्य बीमारियों के प्रति जागरूक करेंगी वहीं दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता कुपोषित बच्चोंए क्षय रोगियों एवं बुखार से पीड़ित लोगों को चिन्हित करेंगी जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अलावा, आईसीडीएसए शिक्षा विभागए पशुपालन व कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के सहयोग से यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में 1500 आशा कार्यकर्ताओं को लगाया गया है जो घर घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देगी वही बुखार, टीबी मरीजों सहित कुपोषित बच्चों की पहचान करेंगो। इसके अलावा कोरोना टीकाकरण हेतु लोगों को प्रेरित किया जाएगा । उन्होंने बताया कि 17 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में लोगों को साफसफाई पर विशेष ध्यान देनेए घरों के पास पानी न इकट्ठा होने देने, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने हेतु जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गोष्ठियों के माध्यम से संचारी रोगों से बचाव हेतु प्रेरित किया जाएगा। जिससे लोगों को संक्रामक बीमारियों की जद में आने से बचाया जा सके। रैली के शुभारंभ के अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जी यादव, डॉ प्रेम नाथ जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, मलेरिया विभाग के कर्मचारी अधिकारी, आंगनबाड़ी, आशा एवं एएनएम के अलावा नगर पालिका के सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# प्राधिकरण पर्यटकों की सुविधा के लिए चार कम्युनिटी जेक्टी बनाएगा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**काशी में** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गंगा में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने एक और बड़ी पहल की है। पर्यटकों की सुविधा के लिए अर्धगंगा योजना के तहत चार कम्युनिटी जेक्टी (सामुदायिक सेंटर) बनाएगा। प्राधिकरण ने रामनगर, अस्सी घाट, कैथी और राजघाट को चिह्नित किया है। आइडब्ल्यूएआइ ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। चारों स्थानों पर जेक्टी बनाने में करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे। सेंटर में टीनशेड, गार्ड रूम, लाइटिंग व कुर्सियां लगाई जाएंगी। विभाग का दावा है कि कम्युनिटी जेक्टी पर छोटे जलयान व नाव का ठहराव होने के साथ पर्यटकों को सुविधा मिलेगी।अध्यात्मिक व धार्मिक नगरी काशी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं। कई योजनाएं धरातल पर आ चुकी हैं तो कई जल्द ही दिखाई पड़ेंगी। रामनगर स्थित राल्हूपुर में बंदरगाह बनने के साथ व्यापारी जलमार्ग से जुडने् लगे हैं। पर्यटक देखने भी जाते हैं। कम्युनिटी सेंटर नहीं होने के कारण पर्यटक अस्सी, राजघाट, रामनगर और कैथी में नहीं उतर पाते थे। यदि पर्यटक उतरते हैं तो उन्हें काफी परेशानी होती है। घाट पर जेक्टी बनने के साथ पर्यटक मनमाफिक स्थानों पर उतरने के साथ दर्शन–पूजन संग भ्रमण कर सकेंगे।भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का दावा है कि नवंबर माह तक कम्युनिटी जेक्टी को बनाकर तैयार कर लिया जाएगा। जेक्टी पर छोटे जलयान और नाव से लोग उतर सकेंगे। जेक्टी से फायदा होगा कि पर्यटक को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी, वे जरूरत के मुताबिक कहीं भी उतर सकेंगे। साथ में उनका समय भी बचेगा। विभाग का दावा है कि मौखिक तौर पर शासन से सहमति बन चुकी है, बस फाइलों में स्वीकृति मिलने की जरूरत है। जनप्रतिनिधियों ने उठाई थी समस्या: गंगा घाट पर पर्यटकों की सुविधा को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सवाल उठाया था। उन्होंने जेक्टी बनाने की मांग की थी। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने उनकी मांगों पर विचार करते हुए चार स्थानों जेक्टी बनाने का निर्णय लिया है।

# राम मंदिर की प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था होगी आधुनिक: चंपत राय

संवाददाता। अयोध्या



**सूर्य** की किरणों से रामलला का होगा अभिषेक।राम मंदिर में हर रामनवमी पर रामलला का अभिषेक होगा भगवान सूर्य की सुनहरी किरणों से।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी।प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से की है अपील।खोजें ऐसी तकनीक ताकि सूर्य की किरणों से हो सके रामलला का अभिषेक।आज की बैठक में राम मंदिर में प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था पर भी हुई चर्चा।मंदिर के अंदर प्रकाश।विशेष अवसरों पर किस तरह का हो प्रकाश व्यवस्था।मंदिर का बाहरी भाग कैसे हो प्रकाशित। प्रकाश को सदैव एक सा रहने का प्रयास। आम दिनों में कैसा हो। त्योहारों पर प्रकाश कैसा हो।जन्मोत्सव के अवसर पर लाइटिंग की व्यवस्था कैसी हो।इस पर हुई चर्चा। राम मंदिर के अंदर दीवारों व खंभो पर बनाई जाएंगी मूर्तियां। परकोटा के अंदर भी बनाई जाएंगी मूर्तियां। दशावतार, नवग्रह, शक्ति पीठ की बनाई जाएंगी मूर्तियां। बिजली के लिए आधुनिक तकनीक का होगा प्रयोग।बिजली के लिए तारों का नहीं होगा प्रयोग।जिस तरह से साउंड सिस्टम बेतार का होता है वैसी होगी प्रकाश व्यवस्था।मंदिर में हमेशा बजता रहेगा भजन। सुरक्षा भी होगी आधुनिक। सुरक्षा में तकनीक का होगा प्रयोग। मैन पावर का कम होगा प्रयोग.चंपत राय। बैठक की अध्यक्षता राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने की। बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्य के अलावा टाटा कंसल्टेंसी व एलएनटी के एक्सपर्ट भी मौजूद रहे ।

# गायब युवक और किशोरी के खेत में मिले अस्थि पंजर

**● परिजनों ने की शिनाख्त, चर्चाओं में ऑनर किलिंग की हो रही बात**

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**कोतवाली** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बल्लापुर के मजरा भिखरियापुर के निकट धान के खेत में मंगलवार प्रात: दो अस्थि पंजर बरामद हुए। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों का हुजूम लग गया। कुछ ही देर बाद दोनों अस्थि पंजरों की शिनाख्त गांव के ही युवक और किशोरी के रूप में हुयी। युवक और किशोरी करीब 4 दिन पूर्व गांव से अचानक लापता हुए थे। पुलिस ने दोनों अस्थि पंजरो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।ग्राम भिखरियापुर निवासी ग्रामीणों के अनुसार गांव के ही राम सिंह का 24 वर्षीय पुत्र बालकृष्ण तथा रामकुमार की 15 वर्षीय पुत्री सरला बीते 13 अक्टूबर को अचानक लापता हो गये थे। लापता युवक और किशोरी के स्वजनों द्वारा दोनों की तलाश की गई। लेकिन कोई सुराग न मिलने पर अगले दिन बांगरमऊ कोतवाली पहुंचे रामकुमार ने अपनी पुत्री सरला के अपहरण की रिपोर्ट तो राम सिंह ने अपने बेटे बालकृष्ण की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार प्रात: राम सिंह के खेत में खड़ी धान की फसल के बीच दो अस्थि पंजर पड़े होने की सूचना से हड़कंप मच गया। आनन फानन ग्रामीणों का मजमा लग गया सूचना ग्रामीणों से होते हुवे कोतवाली पहुंची। जिसके बाद पहुंची कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों को बुलाकर दोनों नर कंकालों की शिनाख्त कराई। इनमें एक अस्थि पंजर की शिनाख्त राम सिंह ने अपने पुत्र बाल कृष्ण के रूप में तथा दूसरे अस्थि पंजर की शिनाख्त रामकुमार ने अपनी पुत्री सरला के रूप में करी। पुलिस ने दोनों अस्थि पंजर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। जबकि फॉरेंसिक जांच के लिए बिसरा भी सुरक्षित किया है। सीओ आशुतोष कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने घटना के बाबत ग्रामीणों तथा बालकृष्ण और सरला के परिजनों से अलग.अलग बात की। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ के बाद घटना के बाबत महत्वपूर्ण सुराग मिले है। इसी सुराग के आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय तथा अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। पुलिस आत्महत्या और ऑनर किलिंग दोनों बिंदुओं पर जांच करने में जुटी है।

## हाईकोर्ट बार के एल्डर कमेटी व कार्यकारिणी में मारपीट की घटना ने पकड़ा तूल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की 18 अक्टूबर को हुई आमसभा के दौरान एल्डर कमेटी और बार कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के बीच हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया है। घटना को लेकर मंगलवार को दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कैंट थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। कमेटी की ओर से चेयरमैन और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल शशि प्रकाश सिंह ने थाने में तहरीर दी है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनको बार एसोसिएशन का चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके संबंध में 18 अक्टूबर को आम सभा की बैठक बुलाई गई थी लेकिन उनके बैठक में पहुंचने से पहले ही निवर्तमान कार्यकारिणी के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह महासचिव प्रभा शंकर मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष जमील अहमद आज़मी कोषाध्यक्ष दुर्गेश चंद्र तिवारी प्रभा शंकर मिश्रा के सहयोगी राहुल मिश्रा कृष्णम पांडेय नारायण त्रिपाठी सोहगौरा आदि ने सभा स्थल पर पहले से ही कब्जा जमा रखा था।

## क्विक न्यूज

### शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया बारावफात का त्योहार



**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा बीजपुर में मंगलवार को मुस्लिम भाइयों ने बारावफात का त्योहार शांतिपूर्ण व परंपरागत तरीके से मनाया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक बीजपुर भैया शिव प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल की टुकड़ियां समुचित स्थानों पर तैनात देखी गई। बीजपुर के मुस्लिम भाई मंगलवार की पूर्वाहन अपने मुहल्ले से परम्परागत ढंग से समूह में एकत्र होकर शांतिनगर टोले में स्थित मस्जिद में पहुँचकर नमाज अदा की। नमाज अदा करने के उपरांत उन सभी ने अल्लाह से अपने व देश की सलामती के लिए दुआ मांगी। यही आलम थानाक्षेत्र के अन्य मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भी देखने को मिलाए जहाँ पुलिस की मौजूदगी में त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया।

### पैर फिसल जाने से किसान की नदी में डूबकर मौत

**सकलडीहा/चंदौली।** कोतवाली क्षेत्र के श्रीरामपुर कवरुआ गांव निवासी 43 वर्षीय अशोक कुमार राजभर की नदी में डूब जाने से मौत हो गई। वह मंगलवार की सुबह खेत पर काम करने के बाद अगहर वीर बहुरिया नदी में हाथ पैर धोने गये थे। अचानक पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चले जाने से नदी में डूबकर मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा गया। मौके पर पहुंची नईबाजार चौकी पुलिस शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में पीएम के लिये भेज दिया। श्रीरामपुर कवरूआ गांव निवासी शिवधन राजभर के 43 वर्षीय पुत्र अशोक राजभर गांव के सिवान स्थित खेत में काम करने के बाद मंगलवार की सुबह नदी में हाथ पैर धो रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और गहरे पानी में चले गये। इसकी जानकारी होने पर आसपास के लोग नदी में खोजबीन करने लगे। वहीं लगभग दो घंटे के प्रयास से अशोक को बाहर निकाला। लेकिन तबतक मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पत्नी माना देवी और पुत्री सुंध्या, गुंजा, अनुराधा, पुत्र गोलू और अरून का रोते रोते बुरा हाल होगया। इस बाबत कोतवाल संजीव मिश्र ने बताया कि मृतक किसान का शव पीएम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया गया। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

### कौशाम्बी संसदीय की सभी विधानसभाओं में मोदी वैन करेगी प्रचार

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में बीस साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में मोदी वैन को हरी झंडी दिखाई। भारतीय जनता पार्टी के सेवा ही संगठन कार्यक्रम के तहत यह वैन कौशांम्बी विकास परिषद के द्वारा संचालित की जाएगी। उक्त मोदी वैन कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र की सभी पांचों विधानसभाओं में प्रचार प्रसार करेगी। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री और कौशांबी से लोकसभा सांसद विनोद सोनकर ने अपने संसदीय क्षेत्र के लिए मोदी वैन की शुरुआत की है। सांसद विनोद सोनकर ने बताया कि कौशांबी संसदीय क्षेत्र के पांच विधानसभाओं में मोदी वैन घूमेगी। जिसमें कौशाम्बी जिले के सिराथू चायल एवं मंझनपुर एवं प्रतापगढ़ जिले के कुण्डा एवं बाबागंज विधानसभाओं में एक एक वैन प्रचार करेगी।

### आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**प्रयागराज।** शाहजहांपुर में दिनदहाड़े अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह की हत्या के विरोध में यूपी बार काउंसिल ने बुधवार 20 अक्टूबर को प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। यूपी बार काउंसिल ने सभी बार संगठनों से प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन में शामिल होने और न्यायिक कार्य से विरत रहने की भी अपील की है। यूपी बार काउंसिल के सदस्य अमरेन्द्र नाथ सिंह के मुताबिक यूपी बार काउंसिल ने अध्यक्ष श्रीश कुमार मेहरोत्रा के निर्देश पर उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह और अन्य सदस्यों से परामर्श के बाद 20 अक्तूबर को प्रदेशव्यापी विरोध जताने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा है कि यूपी बार काउंसिल ने पीड़ित परिजनों को 50 लाख का मुआवजा दिए जाने और पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराए जाने की भी मांग की है। इसके साथ ही अधिवक्ता के एक परिजन को नौकरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हालांकि इस मामले में आरोपी पकड़े गए हैं और अब पुलिस विवेचना करेगी लेकिन वकील की हुई हत्या के विरोध में यूपी बार काउंसिल ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है।

# मीरजापुर में मेडिकल कॉलेज का मेरा सपना पूरा हुआ: अनुप्रिया पटेल

**● स्थानीय सांसद केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण**

संवाददाता। मीरजापुर



**स्थानीय सांसद** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को पिपराडाड़ में बने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मीरजापुर के विकास के जो सपने देखे थे, उनमें एक इस मेडिकल कॉलेज के रूप में आज पूरा हुआ। इसका लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री जी 25 अक्टूबर को करेंगे। निरीक्षण में साथ रहे जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार से कहा कि जो भी शेष काम हैं, उनको गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराएं।

श्रीमती पटेल ने कहा कि उन्होंने सांसद के रूप में पिछले कार्यकाल में जिन परियोजनाओं की शुरुआत मिर्ज़ापुर में कराई थीं, अब एक.एक कर पूरी हो रहीं है। उनके लिए खुशी की बात है कि शिलान्यास के बाद लोकार्पण भी उनके ही कार्यकाल में हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिले में केंद्रीय विद्यालय और इंजीनियरिंग कॉलेज की भी स्थापना कराई। एक सैनिक स्कूल की स्थापना कराने का प्रयास कर रही हूं। उम्मीद है कि शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। आने वाले दिनों में मिर्ज़ापुर विकास के मामले में अग्रणी जिलों में शुमार होगा। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों के अलावा अपना दल एस के जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच रामरक्षा बिंद, युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल, आईटी मंच जिला अध्यक्ष हेमंत बिंद, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम पटेल, जिला महासचिव सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष अशोक पटेल, जोन अध्यक्ष कछवा सुखराज पटेल, युवा नेता संतोष विश्वकर्मा, युवा मंच जिला महासचिव संतोष कुमार पटेल, विधानसभा अध्यक्ष श्रमिक मंच विनोद कुमार बिंद, कुलदीप पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनएसजी कमांडो का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव, छाया मातम

**● अंतिम विदाई में शामिल हुए पूर्व सांसद रामकिशुन व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू सहित अन्य जनप्रतिनिधि**

संवाददाता। चंदौली



**जिले के** नियामताबाद विकासखंड स्थित हीरामनपुर गांव निवासी एनएसजी कमांडो राकेश कुमार यादव ;41द्ध का पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पर पहुँचा जहां हजारों की संख्या में मौजूद लोगों की आँखे नम रही आसपास के गांवों में मातम का माहौल व्याप्त है । मौके पर पूर्व सांसद रामकिशुन यादवए पूर्व विधायक सैयदराजा मनोज सिंह डब्लूए प्रदेश प्रवक्ता मनोज सिंह काका सहित अन्य जनप्रतिनिधि पहुंच कर जवान की अंतिम विदाई में शामिल हुए ।

जानकारी के अनुसार बंगलूरू में प्रशिक्षण के दौरान जवान राकेश कुमार यादव की हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया । घटना की जानकारी होने पर परजिनों में मातम छा गया । परिजनों के अनुसार राकेश कुमार यादव (41) एनएसजी में कमांडो के पद पर पंजाब के भटिंडा में तैनात थे । कुछ दिनों पूर्व उनकी पदोन्नति जेसीओ पद पर हुई थी इसकी ट्रेनिंग के लिए उन्हें कर्नाटक के बंगलूरू प्रशिक्षण केंद्र में भेजा गया था। रविवार को प्रशिक्षण के दौरान ही ह्दयाघात से उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी वंदना यादव बेसुध पड़ी हैं वहीं पुत्री सपना व पुत्र मोहित सहित अन्य परिजन काफी सदमे में है । सैनिक का पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पहुँचते ही पूरा क्षेत्र मातम में बदल गया। परिजनों के साथ ही गांव के लोगों के भी आँसू रुकने का नाम नहीं ले रहे। एनएसजी कमांडो चन्दौली के लाल की मौत की सूचना के बाद चंदौली जिले के समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद रामकिशुन यादव और सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह डब्लू समेत तमाम जन प्रतिनिधि जवान की अंतिम बिदाई में शामिल होने उनके घर पहुँच गए । वहीं जिले भर से तैयारी करने वाले युवाओं की भी भारी भींड़ जवान की अंतिम विदाई में शामिल होने के लिए पड़ाव से ही जुलुश की शक्ल उनके पार्थिव शरीर के साथ उनके आवास पहुँचे । इस दौरान देश भक्ति के नारों और गीतों से इलाका गूंजता रहा।

## शशिकला का प्रयास

### राजनीतिक प्रासंगिकता

**शशिकला** स्वयं को पुन: राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाने के प्रयास कर रही हैं, पर वे प्रभावशाली नहीं लग रहे हैं। यह तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक का स्वर्ण जयंती वर्ष है, पर इस अवसर पर आयोजनों का अभाव है। उसके पास एकजुट करने वाला नेता नहीं है। वह राज्य की सत्ता द्रमुक को सौंप चुकी है तथा जयललिता के निधन के बाद से उसके कार्यकर्ता गुटीय लड़ाइयों में फंसे हैं। क्या ऐसी पार्टी कभी पुनर्जीवन की सोच सकती है? हालांकि, उनकी निकट सहयोगी पुरातची थैलवी वी.के.शशिकला ऐसा सोचती हैं। वे यदि पार्टी नहीं तो कम से कम उसकी नेता बन कर अपने पुनर्जीवन की संभावना खोज रही हैं। भ्रष्टाचार मामले में चार साल जेल की सजा पूरी करने के बाद उन्होंने पार्टी स्थापना के 50 साल के अवसर का आयोजन स्वयं को पुन: राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाए रखने के लिए किया। हालांकि, उनके राजनीतिक प्रयास हल्के रहे, पर उनमें प्रचार की कमी नहीं थी। शशिकला ने चेन्नै में पार्टी के स्मारकों व संग्रहालयों का दौरा कर एमजीआर तथा जे. जयललिता को श्रृद्धांजलि दी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से जयललिता की विरासत वापस लाने की बात कही, लेकिन शायद अभी उनके द्वारा जनता को संबोधित करने का समय नहीं आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की भावनायें समझने के लिए राज्य के दौरे की बात कही। इससे शशिकला का शुरुआती दांव पूरा हो गया है। अब पार्टी की नेतृत्व करने वाली एलापडि के. पलानीस्वामी तथा ओट्टाकार्तेवर पनीरसेल्वम को प्रतिक्रिया देनी है। पलानीस्वामी ने विधानसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक का सफाया न होने का श्रेय लिया है जिसे आश्चर्यजनक रूप से 77 सीटें मिली हैं। वे स्वयं को ओपीएस से बेहतर नेता मानते हैं। ओपीएस को शशिकला का प्रभाव बढ़ने की आशंका है क्योंकि उनकी जाति एक ही है। शशिकला के लिए नेतृत्व वाली जोड़ी तोड़ना कठिन नहीं है, पर वे पार्टी को तोड़ना नहीं चाहती हैं क्योंकि इससे उनका उद्देश्य पूरा नहीं होगा। वे देखना चाहती हैं कि 2017 में जयललिता के कोडानाड स्टेट में हुई हत्या की घटना का ओपीएस-ईपीएस जोड़ी पर क्या प्रभाव पड़ता है। तत्कालीन मुख्यमंत्री ईपीएस ने इसकी विशेष जांच का आदेश नहीं दिया था, लेकिन अब द्रमुक सरकार ने यही किया है। इन सारी घटनाओं से पार्टी कार्यकर्ता भ्रमित हैं। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि तीन नेताओं में से किसे शक्ति मिलेगी। वे देखना चाहते हैं कि क्या शशिकला को 'अम्मा' के निकट होने का भावनात्मक लाभ मिलेगा। वे प्रतीक्षा करना और देखना चाहते हैं कि क्या क्या कोडानाड जांच से ईपीएस व ओपीएस को कोई परेशानी होती है। इसी कारण कोई नेता जल्दबाजी में कदम नहीं उठा रहा है।



राज्य की द्विध्रुवी राजनीति में अन्नाद्रमुक को एकजुट रखने की संभावना वाला नेता जयललिता का वारिस बन सकता है। द्रमुक भी नहीं चाहती है कि राज्य में उसके सामने अन्नाद्रमुक के सिवा कोई और बने। एम.के.स्टालिन का बयान इसका रिकार्ड है। कांग्रेस पहले से ही अपना स्थान जानती है। हालांकि, भाजपा इस संघर्ष में सक्रिय भूमिका निभाना चाहती है। उसने मूल रूप से चुनाव में अन्नाद्रमुक के कमजोर होने तथा उसके टूटने पर एक गुटीय नेता अपने पक्ष में लाने की तैयारी की थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ओपीएस-ईपीएस का लक्ष्य बड़ा है और वे स्वयं पार्टी पर कब्जा करना चाहते हैं। शशिकला ने स्वयं को चुनावों से दूर रखा था और उनके इस निर्णय के पीछे एक अदृश्य हाथ की बात कही जाती थी। क्या वे जयललिता की तरह राष्ट्रीय पार्टियों को किनारे रखने का साहस दिखा सकेंगी?

# सही समय पर बिकी एयर इंडिया

### एक दशक से अधिक समय तक एयर इंडिया की लगातार अनदेखी उसकी बिक्री पर विचार के समय भी जारी रही जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली ने 28 जून, 2017 को केन्द्रीय कैबिनेट में एयर इंडिया-एआई तथा उसकी पांच सहायक कंपनियों के 'सिद्धान्त रूप से' रणनीतिक विनिवेश के निर्णय की घोषणा की थी। इसके पचास महीने से अधिक समय बाद 8 सितंबर, 2021 को सरकार ने एआई तथा उसकी शत प्रतिशत सहायक एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड के निजीकरण तथा एयर इंडिया एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटेड-एआईएटीएसएल में 51 प्रतिशत शेयर बेचने की घोषणा की। इससे प्रतीक 'महाराजा' एक बार फिर 68 साल बाद अपने मूल टाटा समूह के पास पहुंच गया है, जबकि इस कपंनी का 1953 में राष्ट्रीयकरण किया गया था। एआई निजीकरण प्रक्रिया में चार प्रमुख कमियां दिखती हैं।

पहला, यह कदम पहले दिन से ही आधा-अधूरा था। यह नौकरशाहों तथा राजनेता वर्ग में अंतर्निहित प्रवृत्ति स्पष्ट करता है कि वे विनिवेश के बाद भी थोड़ा नियंत्रण बनाए रखना चाहते हैं ताकि नए मालिक के अंतर्गत भी कर्मचारियों को सुरक्षा कवच सुनिश्चित हो। 2017-18 में पहले कदम का कोई नतीजा नहीं निकला क्योंकि उस प्रस्ताव में सरकार ने 24 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने पास रखने पर जोर दिया था तथा कर्मचारियों को कम से कम तीन साल बनाए रखने जैसी अन्य शर्तें भी लगाई गई थीं। एक अतिरिक्त शर्त यह भी थी कि कम्पनी एआई के कर्जों का बड़ा हिस्सा स्वीकार करेगी। इस कारण निवेशकों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। आखिरकार आधे-अधूरे मन के स्थान पर पूरे मन को जगह मिली तथा सरकार ने अपना शत-प्रतिशत हिस्सा बेचने और अधिग्रहीत करने वाली कंपनी को कर्मचारियों को एक साल बाद हटाने की छूट दी। उसने बोलीकर्ताओं को 'उद्यम मूल्य' बताने को कहा। इसका वित्तीय रूप से अर्थ यह है कि उनको बिक्री वाले उद्यम की बैलेंस शीट का बहुत कम कर्ज स्वीकार करना था। लेकिन इस विलम्ब से केन्द्र सरकार को भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। जब पहले विनिवेश का विचार सामने आया था तब एआई पर कर्ज लगभग 50,000 करोड़ था। निवेश व सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव के अनुसार एआई से रोज 20 करोड़ का नुकसान हो रहा था। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि कुल कर्ज बढ़ कर 77,500 करोड़ रुपये हो गया था।

दूसरा, विनिवेश योजना सामने आने के बाद संबंधित पीएसयू के प्रबंधन में मतभेद से उसका वित्तीय स्वास्थ्य और खराब होता है। 31 मार्च, 2021 को एआई का कर्ज 58,000 करोड़ था। अगले पांच महीनों में 31 अगस्त, 2021 तक इसमें 3,500 करोड़ का अतिरिक्त कर्ज जुड़ गया। इसके साथ ही महाराजा पर तेल पीएसयू, हवाईअड्डों के बकाए तथा अन्य वेंडरों के 16,000 करोड़ के 'बकाया बिलों' का भुगतान लंबित है। कुल मिला कर एआई पर 77,500 करोड़ की देनदारियां हैं। इनमें से टाटा केवल 18,000 करोड़ का भुगतान करेगा तथा 15,300 करोड़ के कर्ज के हिस्से के बदले 2,700 करोड़ देगा। इससे केन्द्र सरकार पर कम से कम 60,000 करोड़ की भारी देनदारियां बची रहती हैं। इनको पूरी तरह एक स्पेशल परपज़ वेहिकिल में बदला जाएगा जिसे एयर इंडिया असेट होल्डिंग कंपनी लिमिटेड-एआईएएचसीएल का नाम दिया गया है। केन्द्र ने गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों, जैसे जमीन, इमारतों और आवासीय कालोनियों को अपने पास रखा है जिनकी बिक्री से लगभग 15,000 करोड़ प्राप्त हो सकते हैं। यह धनराशि अंतत: करदाताओं की जेब से जाएगी जो 2009-10 तक एयर इंडिया चलाए रखने पर खर्च 1,10,000 करोड़ के अलावा है।

तीसरा, नौकरशाही में व्याप्त लाल फीताशाही का वर्चस्व बना रहता है। अवधारणा बनाने, स्वीकृतियां प्राप्त करने, प्राथमिक सूचना मेमोरैंडम-पीआईएम, प्रस्ताव की प्रार्थना-आरएफपी, वित्तीय बोलियां आमंत्रित करना, बोलीकर्ता का चयन, शेयर साझा समझौता-एसपीए, आदि लगभग सभी प्रक्रियाओं पर नौकरशाही की पकड़ बनी रहती है जो विनिवेश को सफल बनाने के लिए जरूरी हैं। इसके साथ ही नौकरशाह इस भय से समय पर निर्णय नहीं लेते हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनसे इस पर सवाल पूछे जा सकते हैं।

एआई की बिक्री भी इस समस्या से अछूती नहीं रही है। बताया जाता है कि कुछ उपायों पर विचार किया गया, जैसे पीआईएम, आरएफपी व एसपीए पर निर्णय को दीपम पर छोड़ा गया। वर्तमान समय में इन मुद्दों पर फैसला अंतर-मंत्रालयी समिति समिति लेती है जिसकी सह-अध्यक्षता सचिव दीपम तथा संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय के सचिव के पास होता है। यह आधा-अधूरा सुधार है। चौथा, पीएसयू को अक्सर राजनीतिक अवस्थापना द्वारा 'घाटे' वाली स्थिति में पहुंचाया जाता है जिसमें नौकरशाही पूरी सहायता करती है। इसका कारण नौकरशाही द्वारा लगातार इन उद्यमों के कामकाज में हस्तक्षेप है जो अत्यधिक श्रमशक्ति, बढ़े हुए खर्चों, वेंडरों को अधिक भुगतान, आदि के रूप में सामने आते हैं। एआई के मामले में यह 2007 में उस समय संकट में आई जब राजनेताओं ने प्रबंधन को 70,000 करोड़ में 111 विमान खरीदने के आदेश दिए जो प्रबंधन द्वारा बताए 28 विमानों की आवश्यकता का चार गुना था। जब कोई फर्म भारी देनदारी ओढ़ लेती है जिसका उसके बिजनेस से कोई मेल नहीं होता है तो वह अपरिहार्य रूप से खतरनाक स्थिति में पहुंच जाती है।


हवाईजहाजों की खरीद को बैंकों के एक समूह से कर्ज लेकर पूरा किया गया था। इस प्रकार के निर्णय से लाभ बहुत कम होता है और बाकी धन कर्ज में बदल जाता है। विडंबना है कि तत्कालीन सरकार ने विमानों का प्रयोग बढ़ाने के बारे में कुछ नहीं किया। इसके अलावा अत्यधिक द्विपक्षीय सीटें तथा मुनाफे वाले रूट विदेशी-निजी एयरलाइनों को दिए गए। इनके कारण ये विमान बेकार खड़े रहे। दूसरा गलत निर्णय 2007 में इंडियर एयरलाइन्स का एआई में विलय था। इनके बीच कोई संगति नहीं थी तथा इनकी कार्य संस्कृति, मुआवजे के पैकेजों, कर्मचारियों की आयु संरचना, आदि में भारी अंतर था। इससे आपरेशनल विसंगतियां पैदा हुईं तथा संयुक्त किए उद्यम का कर्ज बढ़ा।

कुल मिला कर कहें तो एक दशक से अधिक समय तक एयर इंडिया की लगातार अनदेखी उसकी बिक्री पर विचार के समय भी जारी रही जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। ऐसे में इसकी बिक्री कभी नहीं से देर भली वाली स्थिति है। दिसंबर, 2021 में पूरे होने वाले इस समझौते से मोदी सरकार ने संसाधनों की और बरबादी को बचा लिया है। इसके साथ ही टाटा से 18,000 करोड़ तथा गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों की बिक्री से 15,000 करोड़ प्राप्त होंगे। दर्जनों पीएसयू में विनिवेश लंबित है। इसे देखते हुए सरकार को अतीत की गलतियों से सबक लेना चाहिए, जिनकी चर्चा यहां की गई है।

इससे लाभकारी उद्यमों की बिक्री से अधिकतम प्राप्तियां होंगी तथा घाटे वाले उद्यमों की देनदारियों में वृद्धि न्यूनतम होगी। उदाहरण के लिए, एआई के मामले में यदि 2017-18 में शत-प्रतिशत शेयर बेचने तथा शर्तें न लगाने का निर्णय होता तो कर्ज और बढ़ने से रोका जा सकता था। इसके साथ ही इसकी परिसंपत्तियों व संसाधनों से लाभ उठाया जा सकता था जिनमें 141 विमानों के साथ 4,400 घरेलू व 1,800 अंतरराष्ट्रीय लैंडिंग व पार्किंग स्लाट तथा विदेशी हवाईअड्डों पर 900 स्लाट शामिल हैं। इसके साथ ही वह महाराजा जैसे आकर्षक ब्रांड की स्वामी है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सक्रिय व सहयोगी नौकरशाही के साथ अन्य पीएसयू की बिक्री में बेहतर नतीजे दिखाएंगे।

# भारत के लिए लाभकारी था विभाजन

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं स्तम्भकार हैं)



प्राण चोपड़ा, जो बाद में स्टेट्समैन के संपादक बने, एक चुनाव पर रिपोर्टिंग कर रहे थे जिसने बहुत कुछ कहा। जालंधर में एक जनसभा आयोजित की गई, जिसके बीच में अज़ान या प्रार्थना का आह्वान किया गया। भीड़ प्रार्थना करने गई लेकिन जिन्ना एक कुर्सी पर बैठ गए, एक सिगार निकाला और उसे जला दिया। उन्होंने तब तक धूम्रपान किया जब तक भीड़ वापस नहीं लौटी और फिर अंग्रेजी में अपना भाषण फिर से शुरू किया। वे केवल गुजराती ही बोल सकते थे। उन्हें उर्दू सीखने की फुरसत नहीं थी। जब भी जिन्ना चिल्लाते थे 'इस्लाम खतरे में है', भीड़ ने उनका जोरदार समर्थन किया। एक मुस्लिम नेता का नमाज और धूम्रपान से दूर रहने का उदाहरण बता रहा है।

यदि नेता नहीं तो वह कौन था जो एक उपमहाद्वीप को विभाजित करने में सफल रहा? जाहिर है, वह पाकिस्तान के लिए महाधिवक्ता थे। वह देख सकता था कि भारत में मुसलमान आम तौर पर घबराए हुए थे, अगर डरे हुए भी नहीं थे। वे हिंदुओं से कम पढ़े-लिखे थे और देश में कुल संख्या में कम थे। इसके अलावा, उनके कुलीन स्वामित्व वाले उद्योग और नेहरू की समाजवादी सरकार भी उनकी जमीन नहीं छीनेगी। मुसलमानों, जिन्होंने सदियों तक भारत पर शासन किया था, हिंदुओं के नौकर और क्लर्क बन जाएंगे।

एडवोकेट के पास पाकिस्तान का एक फॉर्मूला था, जिसका अलीगढ़ के छात्रों के लिए मतलब एक न्यू मदीना था जो एक खलीफा को फेंक सकता था। सुन्नी इस्लाम का कोई शासक धार्मिक-सह-अस्थायी मुखिया नहीं था। आखिरी वाला तुर्की का सुल्तान था जिसे कमाल अतातुर्क ने 1924 में गद्दी से उतार दिया था और निर्वासित कर दिया था। कोई प्रतिस्थापन नहीं किया गया था। उन्होंने अपने मुवक्किलों – मुसलमानों – के लिए एक व्यवहार्य रणनीति की योजना बनाई और अपना काम जारी रखा। वह कई वर्षों तक ब्रिटिश साम्राज्य में सबसे अधिक वेतन पाने वाले बैरिस्टर रहे थे। देश को बांटने के लिए उनकी फीस इतिहास के हॉल ऑफ फेम में जगह होगी।

एक वकील के रूप में अपनी भूमिका को इंगित करने के लिए, जब वे पहली बार फरवरी 1948 में पाकिस्तान के पूर्वी विंग में ढाका गए, तो विश्वविद्यालय के छात्रों ने बंगाली को भी एक राष्ट्रीय भाषा बनाने की मांग की। जिन्ना ने जोर देकर कहा कि यह केवल एक ही भाषा हो सकती है जिसका नाम उर्दू है। वह रूखा था, वह बंगाली मानस को नहीं जानता था, और जो अंतत: बांग्लादेश बन गया, उसके बीज बोए। एक नेता अधिक चतुर और मिलनसार होता। उसने दिल्ली में कुछ ऐसा ही किया क्योंकि वह आखिरकार कराची के लिए रवाना हो रहा था। कुछ स्थानीय मुसलमान अपने कायद-ए-आजम से पूछने के लिए चिंता में इकट्ठा हो गए थे कि अब उनका क्या हो सकता है कि विभाजन हो गया है? उनका जवाब जल्दबाजी और रूखा था, मैंने तुम्हारे लिए वह हासिल किया है जो तुम चाहते थे, अब अपना ख्याल रखना। मेरे द्वारा और क्या किया जा सकता है? फिर से एक वकील का रवैया और नेता का नहीं। सितंबर 1948 में अपने जीवन के अंतिम दिन क्वेटा में उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा था, जहां वे आराम करने गए थे। उनके साथ उनकी बहन फातिमा और एक ब्रिटिश डॉक्टर भी थे। जैसे ही उनका विमान कराची में उतरा, एक पुरानी एम्बुलेंस उनके आने का इंतजार कर रही थी। याद रखें, वह गवर्नर-जनरल थे। दो या तीन मील के भीतर, वाहन रुक गया और आगे नहीं बढ़ा। तो डॉक्टर ने एक और एम्बुलेंस ली, जिसे आने में लगभग एक घंटा लग गया और बीमार जिन्ना को उनके घर ले गए। उसी शाम करीब 10 बजे उनका निधन हो गया। अगले दिन उन्हें दफनाया गया था लेकिन कथित तौर पर एक स्ड्ढ1द्बद्यद्द ऋ्य2 सिलवाया सूट में। संयोग से, उनकी मृत्यु उनके जन्म के शहर कराची में हुई थी।



जिन्ना ने वह हासिल किया जो उन्होंने 23 मार्च 1940 को लाहौर में निर्धारित किया था। उनकी मृत्यु कोई त्रासदी नहीं थी, क्योंकि यह अधूरी आकांक्षाओं का अंत नहीं था। अगर वह अधूरा मर गया होता, तो यह उसके लिए कुछ हद तक दुखद होता, लेकिन हिंदुओं के लिए इससे भी ज्यादा। साधारण कारण यह है कि कोई विभाजन नहीं होता, जिन्ना के बिना बंटवारा संभव नहीं था। कई मुसलमानों का मानना है कि कायदे आजम के बिना ब्रिटिश शासकों के साथ बातचीत करने वाला कोई नहीं होता। मुसलमानों के पास कोई अन्य अखिल भारतीय नेता नहीं था। इसी विश्वास के आधार पर मुस्लिम लीग ने उनसे अनुरोध किया कि वे लंदन में एक बैरिस्टर में अपने अभ्यास को त्याग दें, लीग के आजीवन अध्यक्ष के रूप में भारत में उनका स्वागत करें।

पूरी तरह से आश्वस्त होने के लिए कि हिंदुओं को विभाजन की आवश्यकता है, डॉ बी आर अम्बेडकर द्वारा दिए गए तर्कों को पचाना होगा जो उनके पूर्ण कार्यों के खंड आठ में उपलब्ध हैं। अपने एक तीखे बयान में, बाबासाहेब ने घोषणा की, 'एक सीमा के बिना एक दुश्मन भीतर के दुश्मन की तुलना में अधिक वांछनीय है।' उन्होंने आगे लिखा कि हिंदू प्रांत बहुत अधिक कर दे रहे थे, जिसका राजस्व मुस्लिम प्रांतों द्वारा साझा किया जाता था। फिर भी अपने धार्मिक प्रतिबंधों के कारण मुस्लिम सैनिक भारत के लिए नहीं लड़ सकते थे, अगर हमलावर दुश्मन मुस्लिम थे। खिलाफत समिति ने और मुस्लिम लीग ने भी इसका समर्थन किया था।

किसी भी मामले में, एक अविभाजित भारत में पाकिस्तान या बांग्लादेश की दृष्टि में, देश की बड़ी आबादी केवल 60 प्रतिशत गैर-मुस्लिम होती। यह 60 प्रतिशत इस्लामी अधिग्रहण या खुले गृहयुद्ध को रोकने के लिए बहुत कम होगा। दूसरे शब्दों में, हिंदू सभ्यता के लिए जीवित रहना मुश्किल होता। यह असंभव नहीं है कि हिंदू इस गृहयुद्ध में हार गए हों। एक के लिए, भारतीय सेना में मुसलमानों की संख्या बाकियों से आगे निकल गई, खासकर अगर कोई केवल लड़ने वाली इकाइयों को माइनस गैर-लड़ाकू इकाइयों में गिना जाता है। दूसरे, हिंदू विशेष रूप से खून बहाने और उन लोगों की जान लेने से हिचकते थे जब वे अपने भाइयों के रूप में देखते थे। नतीजतन, भारत एक दार-उल-इस्लाम होने के लिए वापस चला गया, जो कि 1858 तक कई शताब्दियों तक रहा था। सिंहासन पर अंतिम मुगल शासक, बहादुर शाह जफर को गिरफ्तार किया गया था और बर्मा (तब रंगून) में यांगून में निर्वासित कर दिया गया था। जब इस्लामिक दुनिया ने माना कि हम इस्लामिक स्टेट नहीं रह गए हैं।

## आप की बात

### स्वार्थपूर्ण विरोध प्रदर्शन

**शांतिपूर्ण** विरोध स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अति आवश्यक है बशर्ते विरोध का अंतिम उद्देश्य जनहित हो लेकिन अगर विरोध करने का उद्देश्य निजी स्वार्थ हो तो इसके परिणाम निश्चित ही अतियंत घातक होंगे। लगभग एक वर्ष से तथाकथित किसान नेता ने कृषिकानूनों के विरोध में आन्दोलन कर रहे है गैरराजनैतिक रूप से शुरू हुआ आन्दोलन धीरे धीरे धीरे अपना स्वरूप बदलने लगा और सरकार बनाने और गिराने की बात करने लगा और हर छोटी बड़ी घटनाओ पर धरने प्रदर्शन सड़क जाम और अन्य प्रकार से गुंडा गर्दी होने लगी कई रणनीतिक पार्टी भी खुलकर समर्थन में खड़ी दिखने लगी। लेकिन हद तो तब हो गई जब कुछ समय पहले धरना स्थल पर एक महिला ने अपने साथ बलात्कार का आरोप लगाया, और अब दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर पर पंजाब के एक दलित युवक की निर्ममता से हत्या कर दी जाती है। दोनों ही घटनाओ पर कोई कुछ नही बोलता है ना तो विपक्षी राजनैतिक पार्टी कोई विरोध और धरना करती है ना ही तथाकथित किसान नेता। वजह जो भी हो लेकिन इन सभी बातो का निष्कर्ष ये बताता है वर्तमान में हो रहे सभी विरोध प्रदर्शन सिर्फ दिखावा है जिनका उद्देश्य केवल और केवल निजी स्वार्थ है।

– **सुनील विद्यार्थी**, मोदीपुरम, मेरठ

### कश्मीर घाटी में आतंकी हमले

**कश्मीर** घाटी में आये दिन हो रहे गैर कश्मीरियों व अल्पसंख्यकों पर हमले योजनाबद्ध हैं। इन हमलों की जिम्मेदारी कथित प्रतिरोध मोर्चा टीआरएफ ने ली है। इस नेतृत्वविहीन दल को सुरक्षा बलों द्वारा लश्कर.ए.तैय्यबा द्वारा स्थापित किया गया बताया जाता है। धारा 370 हटने के बाद से अब तक बड़ी संख्या में लोगों को कश्मीरी मूल निवास प्रमाण पत्र जारी हो चुके है। इनमे बड़ी संख्या वो हिन्दु सिख शरणार्थी हैं जो 1947 में पाकिस्तान से आकर कश्मीर घाटी में बसे, 1947 से पहले से कश्मीर में रह रहे वाल्मीकि समाज के लोग व नेपाली मूल के भारतीय गुरखा हैं। ये हमले कश्मीर से गुम होते अलगाववाद के विचार को जगाये रखने का प्रयास है पाकिस्तान द्वारा। पाक में बैठे आतंकी सरगनाओं से निपटने के लिए राजनीतिक ताकतों को जम्मू-कश्मीर में अल्पसंख्यकों के बीच डर को दूर करने की कोशिश करनी होगी। चिन्हित हत्याओं के परिणामस्वरूप कश्मीरी हिंदू और सिख समुदायों में भय व्याप्त हो गया है। कई कश्मीरी पंडितों और सिख कर्मचारियों ने नौकरियों व अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान पर जाने से परहेज किया या अस्थायी रूप से छुट्टी ले ली। यह 1990 में आतंकवादी हमलों के कारण कश्मीरी पंडितों के पलायन को याद दिलाता है।

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

### धर्मांतरण का खेल जारी

**पैसों** की लालच और सुख सुविधा की आड़ में धर्मांतरण का घिनौना खेल देश में जारी है। जब कभी भी ऐसी घटना सामने आती है देश में हो-हल्ला मचता है और कड़े कानूनों के बावजूद षड्यंत्रकारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती है इससे उनके हौसले बुलंद होते हैं। अभी फिर धर्मांतरण को लेकर मामला गर्म है। विदेशी फंडिंग से उजागर होते राज की तह तक जाकर ही इसकी जड़े नष्ट की जा सकती है। धर्मांतरण मामले में गिरफ्तारी के तार विदेशों से जुड़ते जा रहे हैं। यूके, अमेरिका और अन्य खाड़ी देशों से हवाला और अन्य जरिए फंडिंग करके गरीब और जरूरतमंद लोगों को शिकार बनाया जा रहा है? पंजाब में धर्मांतरण को लेकर अकाल तख्त के जत्थेदार ने ईसाई मशीनरियों पर पैसे और लालच देकर धर्मांतरण का आरोप लगाया है। इन घटनाओं से धर्मांतरण के खेल को समझा जा सकता है। कड़े कानूनों के बावजूद धर्मांतरण करने वालों को निश्चित रूप से राजनीति संरक्षण प्राप्त है। सरकार को चाहिए कि वह संरक्षण देने वालों के चेहरों से नकाब हठाए और उन्हें कड़ी सजा दे?

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** के कुछ दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए जनता को ठगा जा रहा है और मैं जनता के साथ खड़ा रहूंगा।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**इजराइल** को वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पट्टी में हमारे लोगों के खिलाफ अपने सभी उपायों को बंद कर देना चाहिए।

– **महमूद अब्बास**
फिलिस्तीनी राष्ट्रपति





**अपनी** सहानुभूति के प्रतीक के रूप में, मैं केरल में जारी राहत और बचाव प्रयासों के लिए दान करना चाहता हूं।

– **दलाई लामा**
आध्यात्मिक नेता

# महिलाओं के अधिकार के लिए पहले भी डटे थे और आज भी डटे हैं : राहुल

**भाषा।** नई दिल्ली



● 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को दिए जाने के बाद दी प्रतिक्रिया

**कांग्रेस के पूर्व** अध्यक्ष राहुल गांधी ने अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी की ओर से 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को दिए जाने की घोषणा के बाद मंगलवार को कहा कि कांग्रेस महिलाओं के अधिकार के लिए पहले भी डटी थी और आज भी डटी है। उन्होंने अपना एक पुराने भाषण और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के आज के संवाददाता सम्मेलन के अंश इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए। राहुल गांधी ने कहा, महिलाओं के अधिकार के लिए पहले भी डटे थे,अब भी डटे हैं। प्रियंका गांधी ने मंगलवार को कहा कि वह उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देगी। प्रदेश में विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने हैं। प्रियंका ने लखनऊमें संवाददताओं से बातचीत में जोर देकर यह भी कहा कि हम चाहते हैं कि महिलाएं राजनीति में पूरी तरह से सत्ता में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि महिलाएं अगर समाज में बदलाव चाहती हैं तो वह राजनीति में आएं और कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें। कांग्रेस के कई नेताओं ने पार्टी के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक करार दिया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और उप्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक भूपेश बघेल ने ट्वीट किया, उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी जी द्वारा कांग्रेस पार्टी की ओर से 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं के लिए आरक्षित करने का निर्णय ऐतिहासिक है। यह राजनीति को नई दिशा, महिलाओं को आत्मबल देगा। अब उत्तरप्रदेश की महिलाएं डरेंगी नहीं बल्कि मजबूती से कहेंगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, प्रियंका गांधी जी द्वारा उत्तर प्रदेश में 40 फीसदी महिलाओं को टिकट देने की घोषणा स्वागतयोग्य है। कांग्रेस पार्टी ने देश को महिला राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दिए लेकिन भाजपा आजतक किसी महिला को पार्टी का अध्यक्ष तक नहीं बना पाई है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने प्रियंका गांधी की घोषणा को क्रांतिकारी कदम करार देते हुए कहा कि इससे महिलाओं को समान अवसर और समान अधिकार मिलने में मदद मिलेगी।

## देश में अब तक 99 करोड़ से अधिक लोगों को लग चुका है कोविड-19 रोधी टीका

**नई दिल्ली।** देश में मंगलवार तक कोविड-19 रोधी टीके की 99 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार को शाम सात बजे तक टीके की 37,92,737 खुराक दी गई। देर रात जारी होने वाले आंकड़ों के बाद इस संख्या में वृद्धि हो सकती है। देशव्यापी टीकाकरण 16 जनवरी को शुरू हुआ था। पहले चरण में सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों को टीका दिया गया उसके बाद दो फरवरी से अग्रिम मोर्चे के कर्मियों का टीकाकरण हुआ। टीकाकरण का अगला चरण एक मार्च से शुरू हुआ जब पहले से किसी बीमारी से पीड़ित 45 वर्ष और इससे अधिक आयु के लोगों तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीका दिया गया। देश में एक मई से 18 वर्ष की आयु से अधिक के सभी लोगों को टीका दिया जा रहा है।



मंगलवार को इडुक्की बांध के शटर खुलते के बाद का दृश्य

## असम में घर-घर बिजली पहुंचाने के लिए कदम उठाने को मंजूरी

**गुवाहाटी।** असम मंत्रिमंडल ने राज्य में घर-घर बिजली पहुंचाने के लक्ष्य से बिजली की तारों का नेटवर्क बढ़ाने सहित अन्य कार्यों से संबंधित विभिन्न कदमों को मंगलवार को मंजूरी दे दी। सरकारी बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल ने ऑन-ग्रिड मोड पर 4,80,249 मकानों तक बिजली पहुंचाने को मंजूरी दे दी है और इस काम के लिए 1718.18 करोड़ रुपए का अनुदान दिया है।मंत्रिमंडल ने 48,231 आंगनवाड़ी केन्द्रों और 13,120 प्राथमिक विद्यालयों तक बिजली पहुंचाने के लिए 161.42 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। सरकार ने 9,000 आपूर्ति ट्रांसफार्मर, 70 सब-स्टेशन और 11 पावर ट्रांसफॉर्मर लगाने को मंजूरी दी है। इसके अलावा 4,200 क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा और वोल्टेज की स्थिरता मे सुधार तथा आपूर्ति के दौरान होने वाली क्षति से बचने के उपाय करने के लिए 250.08 करोड़ रुपए आवंटित किए गए है।सरकार ने 6,20,100 स्मार्ट मीटर लगाने को भी मंजूरी दी है।

## विदेशी नागरिकों समेत 13 को अदालत ने किया दोषमुक्त

**हापुड़।** कोरोना महामारी के दौरान पिछले साल धार्मिक यात्रा पर आए विदेशी नागरिकों सहित जिन 13 लोगों को पुलिस ने इस संक्रामक रोग के प्रसार के आरोप में मामला दर्ज कर हिरासत में लिया था उन्हें मंगलवार को यहां जिला अदालत ने दोषमुक्त कर बरी करने का आदेश दिया। जानकारी के अनुसार थाना पिलखुवा क्षेत्र में अप्रैल 2020 में कोरोना महामारी के दौरान ग्राम हावल की मस्जिद में नौ विदेशी जमातियों सहित 13 लोगों को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया गया था। मामले मे चली सुनवाई के बाद मंगलवार को हापुड़ जिला न्यायाधीश राजीव भारती ने सभी लोगों को दोषमुक्त करते हुए बरी करने का आदेश दिया। आरोपियो के अधिवक्ता पराग सक्सेना ने बताया कि यह लोग धार्मिक स्थल के दर्शन करने हापुड़ आए थो और कोरेना काल मे यहां फंस गए।

## पंजाब : विधायक पद से खैरा का इस्तीफा मंजूर, भोलाथ सीट खाली

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा अध्यक्ष ने भोलाथ के विधायक सुखपाल सिंह खैरा का इस्तीफा मंगलवार को स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही यह विधानसभा सीट अब खाली हो गई है। खैरा कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद दिसंबर 2015 मे आम आदमी पार्टी मे शामिल हुए थे और 2017 मे कपूरथला की भोलाथ विधानसभा सीट से चुने गए थे। वर्ष 2018 मे पंजाब विधानसभा के विपक्ष के नेता पद से उन्हें बेवजह हटा दिए जाने के बाद, उन्होंने आप के खिलाफ विद्रोह कर दिया था और जनवरी 2019 मे पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अपनी खुद की पार्टी पंजाबी एकता पार्टी बनाई और बठिंडा सीट से 2019 के लोकसभा चुनाव मे हार गए थे। खैरा फिर आप के बागी विधायकों जगदेव सिंह कमालू और पीरमल सिंह के साथ कांग्रेस मे लौट गए थे।

## धार में मिलाद-उन-नबी के जुलूस के दौरान नहीं किया लाठीचार्जः पुलिस

**धार।** मध्य प्रदेश के धार शहर मे पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन मिलाद-उन-नबी के मौके पर मंगलवार को निकाले गए जुलूस के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किए जाने की बात से इनकार किया है। पुलिस ने हालांकि निर्धारित मार्ग का उल्लंघन करने के आरोप मे मामला दर्ज किया है और इस दौरान उपद्रव करने वालो में शामिल 51 लोगों की पहचान कर ली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि मार्ग को लेकर विवाद के बाद लोगो को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। हालांकि, पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज करने से इनकार किया है।

# कांग्रेस नेता विहीन, दिल्ली में राहुल गांधी तो मप्र में केवल कमलनाथ हैंः शिवराज

**भाषा।** जोबट (मध्य प्रदेश)



**प्रदेश के मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कांग्रेस का उपहास करते हुए कहा कि पार्टी को नेतृत्व की कमी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसके पास दिल्ली में राहुल गांधी और मध्य प्रदेश में सिर्फ कमलनाथ हैं। मुख्यमंत्री अलीराजपुर जिले के जोबट विधानसभा क्षेत्र के उदयगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उपचुनाव के लिए 30 अक्टूबर को मतदान होना है। भाजपा ने यहां से सुलोचना रावत को उम्मीदवार बनाया है। चौहान ने कहा, आज दिल्ली से लेकर भोपाल तक कांग्रेस की हालत खराब है, उसके पास कोई नेता नहीं बचा है। दिल्ली में राहुल गांधी और मध्यप्रदेश में सिर्फ कमलनाथ हैं। मुख्यमंत्री बनना हो तो कमलनाथ, नेता प्रतिपक्ष बनना हो तो कमलनाथ, कांग्रेस का अध्यक्ष बनना हो तो कमलनाथ और स्टार प्रचारक बनाना हो तो भी कमलनाथ। और युवाओं के नेता नकुलनाथ बाकी कांग्रेस अनाथ हो गई है। विपक्षी दल कांग्रेस पर तंज करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस ने इस क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल की व्यवस्था नहीं की। जब कांग्रेस में ही पानी नहीं बचा तो जनता को कैसे पानी देती। चौहान ने कहा कि 15 महीने मध्य प्रदेश कमलनाथ सरकार रही और उस दौरान भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही आदिवासी कल्याण की योजनाओं को बंद कर दिया गया। उन्होंने आदिवासी इलाके अलीराजपुर क्षेत्र में भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्य करवाने का दावा करते हुए आरोप लगाया कि 50 साल तक राज करने वाली कांग्रेस ने इस क्षेत्र को सड़क, पानी और बिजली से कोसों दूर रखा। उन्होंने कहा, आज अगर आदिवासी अंचल में सड़कों का जाल बिछा है तो वह भाजपा ने किया है। क्षेत्र में कपिलधारा के कुंए हमने खेतों में बनवाएं, पर्याप्त पानी के व्यवस्था हमने की। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की मदद के लिए तेंदूपत्ता की बिक्री वन समितियों के माध्यम से होगी और वनोपज समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। आदिवासियों के खिलाफ छोटे-मोटे मुकदमे वापस लिए जाएंगे।

# वाईएसआर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने तेदेपा मुख्यालय में तोड़फोड़ की

**भाषा।** अमरावती

● मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़के थे

**आंध्र प्रदेश** में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कथित तौर पर यहां के नजदीक स्थित मंगलगिरि में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के मुख्यालय में तोड़फोड़ की। वाईएसआर कांग्रेस का आरोप है कि विपक्षी दल के प्रवक्ता ने संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। तेदेपा के आरोप का खंडन करते हुए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं द्वारा हमला करने की बात से इनकार किया है। तेदेपा के प्रवक्ता के पट्टाभिराम ने आज सुबह, पूर्व मंत्री ए.एन. बाबू को पुलिस नोटिस भेजे जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। बाबू ने कथित तौर पर जगन के विरुद्ध विवादास्पद टिप्पणी की थी। आंध्र प्रदेश तेदेपा के अध्यक्ष अच्चननायडू ने कहा, विशाखापत्तनम में तेलुगु देशम पार्टी के मुख्यालय और कार्यालय तथा पार्टी नेताओं के आवासों पर वाईएसआरसी के गुंडों द्वारा किए गए हमले की पार्टी कड़ी निंदा करती है। हमें समझ में नहीं आता कि हम लोकतांत्रिक देश में रहते हैं या फासीवादी देश में। मुख्यमंत्री और डीजीपी को (इन हमलों की) जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था को नियंत्रण में नहीं रख पा रहे हैं, इसलिए उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। विजयवाड़ा स्थित पट्टाभिराम के आवास पर अज्ञात लोगों ने हमला किया था। उनके पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौतम सवांग ने कहा कि पट्टाभि की टिप्पणी के विरोध में राज्यभर से छिटपुट प्रतिक्रियाएं आई।

## क्विक न्यूज

### पथरी के ऑपरेशन के दौरान किडनी निकाल देने पर अस्पताल को 11 लाख का मुआवजा देने का आदेश

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद की एक उपभोक्ता अदालत ने एक अस्पताल को एक मरीज के परिवार को ब्याज सहित मुआवजे के रूप में 11.23 लाख रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है। उस अस्पताल में एक डॉक्टर ने किडनी में पथरी का ऑपरेशन करने के बदले मरीज की किडनी ही निकाल दी थी जिससे उस मरीज की तुरंत ही मौत हो गई थी। उपभोक्ता अदालत ने गुजरात के महिसागर जिले के बालासिनोर में एक धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा संचालित केएमजी जनरल अस्पताल को अपने कर्मचारियों के लापरवाहीपूर्ण कार्य के लिए नियोक्ता की जिम्मेदारी के जरिए चिकित्सा में लापरवाही का दोषी ठहराया। अहमदाबाद में गुजरात उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के पीठासीन सदस्य डॉ. जेजी मेकवान द्वारा हाल ही में पारित एक आदेश में कहा गया है, कोई नियोक्ता न केवल अपनी चूक के लिए बल्कि अपने कर्मचारियों की लापरवाही के लिए भी जिम्मेदार है...। आयोग ने अस्पताल को शिकायतकर्ता को शिकायत दर्ज कराए जाने की तारीख से 7.5 प्रतिशत ब्याज के साथ 11.23 लाख रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया।। इसके साथ ही मानसिक पीड़ा और कानूनी खर्च के लिए 5,000 रुपए का भुगतान करने को कहा गया।

### जम्मू-कश्मीर में कोविड-19 के 84 नए मामले, हिमाचल प्रदेश में दो मरीजों की मौत

**श्रीनगर, शिमला।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को कोविड-19 के 84 नए मामले सामने आने के साथ कुल संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 3,31,221 हो गई, जबकि इस दौरान संक्रमण से किसी मरीज की मौत नहीं होने से कुल मृतक संख्या 4,428 पर स्थिर रही। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू क्षेत्र से 12, जबकि कश्मीर क्षेत्र से संक्रमण के 72 नए मामले सामने आए। श्रीनगर जिले में सर्वाधिक 45 नए मरीजों की पुष्टि हुई, जबकि बारामूला जिले में 12 नए मामले सामने आए। केन्द्र शासित प्रदेश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 803 हो गई है, जबकि अब तक 3,25,990 लोग इस वायरस के संक्रमण को मात दे चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में अब तक ब्लैक फंगस (म्यूकरमाइकोसिस) के 49 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कोविड-19 के 222 नए मामले सामने आने के साथ कुल संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 2,21,826 हो गई, जबकि इस दौरान संक्रमण से दो और मरीजों की मौत होने से कुल मृतक संख्या 3,711 पर पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### स्वास्थ्य सेवा परामर्श डिजिटली मिलेंगी

**मुंबई।** टाटा के डिजिटल स्वास्थ्य विभाग टाटा हेल्थ ने उनके डिजिटल हेल्थ प्लेटफार्म को पूरे देश भर में उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की। बेंगलुरु में लॉन्च किए गए इस ऑनलाइन कंसल्टेशन ऐप ने 6 लाख से अधिक लोगों की मदद की। लोगों के स्वास्थ्य और खुशी को हमेशा बढ़ाने के उद्देश्य के साथ टाटा हेल्थ डॉक्टरों और विशेषज्ञों के व्यापक नेटवर्क के ज़रिए उनके साथ तुरंत परामर्श कर पाने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे किसी भी स्वास्थ्य समस्या के लिए अपॉइंटमेंट के लिए समय गवाए बिनाए तत्काल चिकित्सा सलाह पायी जा सकती है। उनके पास 15 से अधिक स्पेशलिटीज़ के स्पेशलिस्ट्स और सुपर स्पेशलिस्ट्स हैं, साथ ही जनरल मेडिसिन डॉक्टर्स भी 24गुणा7 उपलब्ध हैं। टाटा हेल्थ के सीईओए मंजूर अमीन ने कहा कि भारत में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं जब ज़रूरत हो तब आसानी से तुरंत उपलब्ध हो सकें इसलिए टाटा हेल्थ में हम प्रतिबद्ध हैं। निवारक देखभाल और बिमारियों के शीघ्र निदान से मरीज़ की तबियत को ज़्यादा बिगड़ने से रोका जा सकता है।

### महाराष्ट्र में रेस्तरां और भोजनालय मध्यरात्रि तक खुले रह सकते हैंः सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सभी रेस्तरां और भोजनालय को मध्यरात्रि तक संचालन की अनुमति दे दी। राज्य के मुख्य सचिव सीताराम कुंते द्वारा मंगलवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एक दिन पहले ही राज्य के कोविड कार्य बल के साथ बैठक कर अधिकारियों को रेस्तरां और दुकानों के संचालन के घंटे बढ़ाने संबंधी दिशानिर्देश तैयार करने के निर्देश दिए थे। अधिसूचना में कहा गया, सभी रेस्तरां और भोजनालयों को मध्यरात्रि 12 बजे तक संचालन की अनुमति दी जाती है और अन्य प्रतिष्ठान जिन्हें संचालन की अनुमति दी गई है, वे रात 11 बजे तक संचालन कर सकते हैं। राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर से मनोरंजन उद्यान, सिनेमाघर और रंगमंच को खोलने की अनुमति दे दी। हालांकि, मनोरंजन पार्क में वाटर राइड की अभी अनुमति नहीं दी गई है।

## झारखंड के पलामू में वज्रपात की चपेट में आने से दो महिला समेत चार की मौत, एक घायल

**भाषा।** मेदिनीनगर (झारखंड)

**झारखंड के** पलामू जिले में मंगलवार को दो अलग-अलग जगहों पर वज्रपात की घटना में दो महिला मजदूर सहित चार लोगों की मौत हो गई और एक महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पहली घटना लेस्लीगंज थाना अन्तर्गत हरतुआ गांव की है। दुकान बंद कर शाम को घर लौटते समय वज्रपात की चपेट में आने से कर्मदेव पासवान (65) और उनके पौत्र राजन कुमार (10) की मौत हो गई। दूसरी घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के गांधी गांव की है, जहां मजदूरी कर घर लौटते समय तेज बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे रुकीं चार महिलाएं वज्रपात की चपेट में आ गईं। घटनास्थल पर ही राधा देवी (32) और कुंती देवी (30) की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गईं और एक अन्य मजदूर बाल-बाल बच गई। घायल महिला मजदूर को इलाज के लिए मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में भर्ती किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सभी शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर कथित हमले के विरोध में कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले को लेकर विहिप ने बंगाल और असम में किया विरोध-प्रदर्शन

**भाषा।** गुवाहाटी,कोलकाता

**विश्व हिंदू** परिषद (विहिप) ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों के खिलाफ मंगलवार को पश्चिम बंगाल और असम में प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्वाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मुस्लिम बहुल देश में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के लिए सुरक्षा की भी मांग की। कोलकाता में प्रदर्शन के दौरान विहिप सदस्यों ने बांग्लादेश के उप उच्चायोग को एक ज्ञापन सौंप कर इन हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की। विहिप सदस्यों ने एस्प्लेनेड में रानी रश्मोनी एवेन्यू में विरोध प्रदर्शन किया और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमला करने वालों और मंदिरों एवं दुर्गा पूजा पंडालों को तोड़ने वालों के खिलाफ कार्वाई की मांग की। बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त को संबोधित अपने ज्ञापन में हिंदू संगठन ने कहा कि वह अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के लोगों पर बर्बरतापूर्ण हमलों को लेकर काफी चिंतित है। विहिप ने बांग्लादेश सरकार से हिंदू समुदाय के लोगों के अलावा उनकी जीवन पद्धति, संस्कृति और विरासत की रक्षा करने का आग्रह किया। असम में विहिप की युवा शाखा बजरंग दल ने गुवाहाटी में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करने वाली तख्तियां लिए बजरंग दल के सदस्यों ने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ नारे लगाए।

## राडिया और अन्य को बैंक ऋण गबन के मामले में जांच में शामिल होने को कहा गया

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली पुलिस** की आर्थिक अपराध शाखा ने कथित रूप से 300 करोड़ रूपए से अधिक के बैंक ऋण के गबन के मामले में नीरा राडिया और नयति हेल्थकेयर एंड रिसर्च एनसीआर प्राइवेट लिमिटेड के अन्य प्रवर्तकों तथा निदेशकों को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को नोटिस भेजा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि राडिया और अन्य से अगले सप्ताह पुलिस के सामने पेश होने को कहा गया है। पुलिस के अनुसार करोड़ों रुपए के गबन के मामले में बृहस्पतिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान यतीश वहाल, सतीश कुमार नरूला और राहुल यादव के तौर पर की गई है। हड्डी रोग विशेषज्ञ राजीव कुमार शर्मा ने नयति हेल्थकेयर की होल्डिंग कंपनी नारायणी इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ और राडिया, उनकी बहन करुणा मेनन, नरुला, वहाल और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। बयान में कहा, बताया जाता है कि शर्मा नारायणी इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के उपाध्यक्ष और कार्यकारी निदेशक हैं। गुड़गांव में एक अस्पताल बनाने और चलाने के दृष्टिकोण से कंपनी बनाई गई थी। इसमें फरियादी चिकित्सक के 49 प्रतिशत शेयर हैं, जबकि बाकी 51 प्रतिशत शेयर कंपनी के दो अन्य निदेशकों चंदन मिश्रा और चर्चित मिश्रा के नाम हैं।

# पूर्व एवं पश्चिम के चक्रवाती तूफानों के संगम से देश के विभिन्न हिस्सों में हो रही है भारी बारिश

**भाषा। नई दिल्ली**



**देश के** विभिन्न हिस्से में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश की वजह बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में उठे चक्रवाती तूफानों का संगम है। उत्तराखंड, केरल और कई अन्य राज्यों में भारी बारिश की वजह से कई लोगों की जान जा चुकी है। यह बात मंगलवार को विशेषज्ञों ने कही। जलवायु विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि केरल और उत्तराखंड में बारिश की तीव्रता चिंताजनक है और जलवायु आपातकाल की तरफ ध्यान आकर्षित करता है। समन्वित स्वास्थ्य एवं कल्याण परिषद (आईएचडब्ल्यू परिषद्) के सीईओ कमल नारायण उमर ने कहा, पिछले कुछ वर्षो से हमने विपरीत जलवायु घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी देखी है और उष्णकटिबंधीय देश होने के नाते, मेरा मानना है कि समय आ गया है कि भारत जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाए क्योंकि पिछले कुछ समय से जलवायु के और खराब होने का रूख प्रतीत होता है। ग्रीनपीस इंडिया के वरिष्ठ जलवायु प्रचारक इशतियाक अहमद ने कहा कि ये बारिश पूर्व एवं पश्चिम से चक्रवाती तूफानों का परिणाम हैं और इससे बड़ा पर्यावरणीय नुकसान हो सकता है और देश में खाद्य सुरक्षा को पटरी से उतार सकता है। अहमद ने कहा, देश के विभिन्न हिस्से में इस तरह की भीषण बारिश का बड़ा कारण पूर्वी एवं पश्चिमी तूफानों का संगम है। असमय बारिश से पर्यावरणीय नुकसान हो सकता है जिससे देश में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा पहल को क्षति हो सकती है। आईआईटी भुवनेश्वर में सहायक प्रोफेसर वी. विनोज ने कहा कि राज्यों एवं देश को जलवायु स्मार्ट बनना होगा। उन्होंने जलवायु की स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने के लिए विशिष्ट सूचना प्रणाली लगाए जाने का सुझाव दिया।



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने अनंतनाग जिले के अकड़ पार्क में रानी शॉल यूनिट का दौरा किया

# सेना प्रमुख ने जम्मू में नियंत्रण रेखा के अग्रिम इलाकों का दौरा किया

**भाषा।** जम्मू

**सेना प्रमुख** जनरल एम एम नरवणे ने मंगलवार को जम्मू क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के अग्रिम इलाकों का दौरा किया और उन्हें क्षेत्र में जमीनी स्थिति तथा वहां चल रहे घुसपैठ रोधी अभियानों की जानकारी दी गई।

जनरल नरवणे घाटी में आतंकवादियों के हाथों आम नागरिकों की हत्याओं की बढ़ती घटनाओं और पुंछ तथा राजौरी जिलों के जंगलों में चल रहे आतंकवाद रोधी अभियान के बीच दो दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे हैं। आतंकवाद रोधी अभियान में पिछले एक हफ्ते में नौ जवान शहीद हो गए हैं। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशक




जम्मू में आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे लाइन ऑफ कंट्रोल का निरीक्षण करते हुए।

(एडीजीपीआई) ने ट्वीट किया, सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने नियंत्रण रेखा पर व्हाइट नाइट कोर के अग्रिम इलाकों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। सेना प्रमुख को कमांडरों ने मौजूदा हालात और घुसपैठ रोधी अभियान के बारे में जानकारी दी। कश्मीर घाटी के विभिन्न इलाकों में इस महीने आतंकवादियों के हमले में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें पांच गैर स्थानीय मजदूर, अल्पसंख्यक समुदायों के दो शिक्षक और एक लोकप्रिय दवा दुकानदार शामिल है। आम नागरिकों की हत्याओं की बढ़ती घटनाओं के बीच जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवादियों और उनसे सहानुभूति रखने वाले लोगों को सजा देकर खून के एक-एक कतरे का बदला लेने का आह्वान किया। अधिकारियों ने बताया कि सेना प्रमुख ने राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों का दौरा किया, जहां 11 अक्टूबर के बाद से मेंढर, सुरनकोट और थानामंडी के जंगली इलाकों में छिपे आतंकवादियों की तलाश करने का व्यापक अभियान चल रहा है। सुरनकोट के वन्य क्षेत्र में 11 अक्टूबर को आतंकवादियों के हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे जबकि गत बृहस्पतिवार को मेंढर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड में चार जवान शहीद हो गए।

## पुर्तगाली बैंक ने वापस किए साइबर ठगी में गंवाए व्यवसायी के 31 लाख

**भाषा। वडोदरा**

गुजरात के वडोदरा शहर में एक व्यवसाई को कथित तौर पर साइबर ठगों द्वारा पैसे की चपत लगाए जाने के बाद एक पुर्तगाली बैंक ने उक्त व्यवसाई के लगभग 31 लाख रुपए लौटा दिए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता रमेश शाह ने काक्सा जेराल डि डेपोसिटोस ब्रागा बैंक की लिस्बन शाखा में 31 लाख रुपए जमा किए थे और वडोदरा की साइबर अपराध शाखा के कर्मचारियों द्वारा बैंक तथा लिस्बन की साइबर पुलिस से अनुरोध किए जाने के बाद राशि लौटा दी गई। साइबर पुलिस ने एक विज्ञप्ति में कहा, मामले की जांच के लिए एक टीम बनाई गई। एसबीआई के साथ मिलकर काम करते हुए हमने पुर्तगाली बैंक काक्सा जेराल डि डेपोसिटोस ब्रागा की मुंबई और लिस्बन स्थित शाखाओं तथा एसबीआई की फ्रैंकफर्ट, जर्मनी स्थित शाखा से संपर्क किया।



नई दिल्ली में सेवा ही संगठन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## नाबालिग लड़की ने परिवार के चार सदस्यों को जहर देकर मारा

**भाषा।** चित्रदुर्ग (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के चित्रदुर्ग जिले में भेदभाव से खफा 17 वर्षीय एक लड़की ने परिवार के चार सदस्यों को कथित तौर पर जहर देकर मार डाला। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिले के इसामुद्रा गांव में लंबानिहट्टी में यह घटना जुलाई में हुई और अब मामला प्रकाश में आया है। मृतकों में लड़की के पिता, मां, दादी और बहन है जबकि उसका 19 साल का भाई जहर से बीमार पड़ गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 12 जुलाई को उन्होंने (परिवार) रात के भोजन में किशोरी द्वारा बनाए गए रागी मुद्दे (रागी के गोले) खाए। पुलिस के अनुसार इनमें कीटनाशक मिला हुआ था जिससे सभी को उल्टियां आने लगी और उनमें से चार की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि किशोरी ने रात के भोजन में बहन द्वारा तैयार चावल और रसम खाया था।

खाद्य सामग्रियों और बर्तनों को जांच के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला भेजा गया था और जांच के बाद रागी के गोले में कीटनाशक मिले होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान उन्हें पता चला कि आरोपी अपने ननिहाल में पली-बढ़ी थी और तीन साल पहले ही अपने माता-पिता के घर आई थी। उसकी शिकायत थी कि माता-पिता उसके और भाई-बहनों के बीच भेदभाव करते हैं। वह इस बात को लेकर परेशान थी कि उसके साथ अच्छा व्यवहार नहीं हो रहा और उसके भाई-बहन को ज्यादा स्नेह दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इस वजह से उसने जहर देने का फैसला किया। परिवार के सदस्यों को जहर देने की कोशिश वह पहले भी कर चुकी थी लेकिन उसमें वह सफल नहीं हो पाई। नाबालिग होने की वजह से आरोपी को लड़कियों के रिमांड होम भेज दिया गया।

## संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी के बाद मप्र में 163 संयंत्र स्थापितः चौहान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन 182 मीट्रिक टन की सामूहिक उत्पादन क्षमता वाले 163 ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित किए गए हैं। कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान प्रदेश में ऑक्सीजन की बेहद कमी हो गई थी और दूसरे प्रदेशों से इसे लेना पड़ा था। मुख्यमंत्री चौहान ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि मार्च 2020 में (कोविड-19 महामारी फैलने से पहले) प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा, अब 182 मीट्रिक टन प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता वाले 163 ऑक्सीजन संयंत्र राज्य के विभिन्न जिलों में शुरु किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में सभी 202 संयंत्र चालू हो जाएंगे तो रोजाना करीब 230 मीट्रिक टन चिकित्सकीय ऑक्सीजन का उत्पादन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान जीवन रक्षक गैस की कमी का सामना करने के बाद इन संयंत्रों पर काम शुरू किया गया था। शेष 39 संयंत्र को भी इस माह के अंत तक शुरू किया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 360 मीट्रिक टन तरल ऑक्सीजन की सामूहिक भंडारण सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा प्रदेश के 34 जिला चिकित्सालयों में छह किलोलीटर क्षमता के तरल ऑक्सीजन टैंक (कुल 248 मीट्रिक टन) की स्थापना की जा रही है।

## पुलिस थाने में विधायक के हंगामा करने का वीडियो वायरल हुआ

**जोधपुर।** कांग्रेस की एक विधायक और उसके पति द्वारा कथित तौर पर यहां स्थित एक पुलिस थाने में हंगामा करने की घटना कैमरे में कैद हो गई। दरअसल, विधायक के एक रिश्तेदार पर शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में मामला दर्ज हुआ था और उसका वाहन जब्त कर लिया गया था जिसके बाद दंपति ने पुलिस थाने में हंगामा किया। शेरगढ़ से विधायक मीरा कंवर और प्रदेश कांग्रेस समिति के सदस्य व उनके पति उम्मेद सिंह का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वे दोनों पुलिस थाने में फर्श पर बैठ कर पुलिसकर्मियों से बहस कर रहे हैं। सोमवार रात से वायरल हो रहे वीडियो में विधायक और उनके पति को यह कहते सुना जा सकता है कि सभी बच्चे शराब पीते हैं और थोड़ा बहुत पीने से कोई नुकसान नहीं होता।

कंवर, रातानाडा पुलिस थाने के कर्मियों से अपने रिश्तेदार और उसके वाहन को छोड़ने की मांग करते हुए कह रही हैं, सबके बच्चे पीते हैं। क्या हुआ जो थोड़ी बहुत ले ली? वीडियो में दंपति को पुलिसकर्मियों पर, शराब के नशे में बदसलूकी करने का आरोप लगाते भी सुना जा सकता है। कंवर कह रही हैं कि पुलिस वालों को अपनी कुर्सी से उठकर उनके सामने खड़ा होना चाहिए।

वीडियो में देखा जा सकता है कि पुलिसकर्मी, विधायक और उनके पति से कुर्सी पर बैठने का अनुरोध कर रहे हैं, फिर भी वे पुलिस पर दबाव बनाने के लिए फर्श पर बैठे हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि बाद में विधायक के दबाव में पुलिस ने कंवर के रिश्तेदार को वाहन समेत जाने की अनुमति दी। अधिकारी ने बताया कि हालांकि पुलिस ने आरोपी पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है, इसके बावजूद उसे छोड़ दिया गया। वीडियो के बारे में पूछे जाने पर डीसीपी (पूर्व) भुवन भूषण यादव ने कहा कि मामले की जांच एसीपी (पूर्व) को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा। मीना कंवर का दावा है कि पुलिस ने परिचय देने के बाद भी उनके रिश्तेदार के साथ बदसलूकी की। उन्होंने आरोप लगाया वह (रिश्तेदार) शराब के नशे में नहीं पाए गए।

## क्विक न्यूज

### पुंछ-राजौरी के जंगल में आतंकवाद निरोधक अभियान का नौवां दिन, लोगों को घरों में रहने की सलाह

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलो मे वन क्षेत्र मे आतंकवाद निरोधक अभियान को मंगलवार को नौ दिन हो गए, वही मेंढर मे सार्वजनिक घोषणाएं कर स्थानीय लोगो से घरो मे रहने को कहा गया है। भट्टा दुर्यां और आसपास के क्षेत्रों में स्थानीय मस्जिदो से मुनादी कर लोगो को सतर्क किया गया। सुरक्षा बल आतंकवादियो के खिलाफ अंतिम वार की तैयारी कर रहे है जो पुंछ जिले के मेंढर मे वन क्षेत्र मे छिपे हो सकते है। अधिकारियो के अनुसार, लोगो से वन क्षेत्र मे नही जाने को और अभियान के मद्देनजर अपने मवेशियों को भी घरों में रखने को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि बाहर गए लोगो को मवेशियो के साथ घर लौटने को कहा गया है। पुंछ के सुरनकोट इलाके मे 11 अक्टूबर को शुरू हुई मुठभेड़ में एक जेसीओ सहित पांच सैन्य कर्मी मारे गए थे।

### शिअद ने चार और उम्मीदवारों की घोषणा की

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने चार और उम्मीदवारो के नाम की घोषणा की। नके साथ ही शिअद के घोषित उम्मीदवारो की संख्या 74 हो गई। शिअद के वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह चीमा ने बताया कि बलदेव सिंह को सुनाम, हरपल जुनेजा को पटियाला शहरी सीट, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गोबिंद सिंह लोंगोवाल को लेहरा और हरदेव सिंह मेघ को बलुआना से उम्मीदवार बनाया गया है। पंजाब की 117 सदस्ईय विधानसभा सीट पर होने वाले चुनाव के लिए जून मे शिअद ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन किया था। गठबंधन के तहत मायावती नीत बसपा 117 में से 20 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। बाकी सभी सीटों पर शिअद चुनाव लड़ेगा।

### सीआरपीएफ का जवान रामबन में मृत मिला

**बनिहाल/जम्मू।** सीआरपीएफ का एक जवान जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में मंगलवार को मृत मिला। शव पर गोलियो के निशान पाए गए है। आधिकारिक सूत्रो ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांस्टेबल राजीव रंजन जिले के बूम चंदेरकूट इलाके मे 84 बटालियन कैंप में सुबह करीब आठ बजकर 40 मिनट पर मृत पाए गए। सूत्रों ने बताया कि रंजन बिहार के छपरा जिले के रहने वाले थे और उन्होने कथित तौर पर अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 174 के तहत मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

### राणा के बाद नेकां के एक और कद्दावर नेता ने छोड़ी पार्टी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मंत्री प्रेम सागर अजीज यहां नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) से अलग हो गए और उन्होंने पार्टी के पूर्व सदस्य देवेंद्र सिंह राणा को समर्थन दिया है जो हाल मे भारतीय जनता पार्टी मे शामिल हुए है। अजीज, नेकां के बानी निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी थे। उन्होने कहा कि वह अपने समर्थकों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। मै 45 साल तक कांग्रेस में था और राणा की वजह से नेकां में शामिल हुआ था। मुझे पता है कि वह जम्मू के लिए काम कर रहे है इसलिए मै उनका समर्थन करता हूं। अब चूंकि जम्मू की खातिर राणा नेकां से अलग हो गए है इसलिए मै भी पार्टी मे नही रह सकता और मै राणा का समर्थन करता हूं। राणा, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के छोटे भाई है और उन्होने पूर्व मंत्री एस एस सलाथिया के साथ 10 अक्टूबर को नेकां की सदस्यता छोड़ दी थी। इन दोनो नेताओं ने अगले दिन दिल्ली मे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। राणा नेकां के प्रांतीय अध्यक्ष थे। अजीज ने कहा कि वह राणा के पीछे चट्टान की तरह खड़े रहेंगे क्योंकि जम्मू के लिए उनका योगदान लोगो के लिए प्रेरणास्रोत है।

### खराब मौसम के कारण नायडू की सिक्किम यात्रा टली

**गंगटोक।** उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की सिक्किम यात्रा खराब मौसम के मद्देनजर दो दिन के लिए टाल दी गई। नायडू अब बुधवार की बजाय शुक्रवार को इस हिमालई राज्य का दौरा करेंगे। उप राष्ट्रपति दक्षिण सिक्किम के नामची मे प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया के नाम पर बने एक स्टेडियम का उद्घाटन करेंगे। सिक्किम के खेल एवं युवा मामलो के सचिव राजू बसनेत ने एक विज्ञप्ति मे बताया, लगातार खराब मौसम के कारण माननीय उप राष्ट्रपति का दौरा स्थगित कर दिया गया। इसी तरह नामची मे बाइचुंग स्टेडियम के उद्घाटन का कल (20 अक्टूबर) का कार्यक्रम भी टल गया और अब यह 22 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।

### उड़ीसा उच्च न्यायालय में तीन न्यायाधीशों ने कार्यभार संभाला

**कटक।** उड़ीसा उच्च न्यायालय मे मंगलवार को तीन और न्यायाधीशो ने पदोन्नति के बाद कार्यभार संभाल लिया। इससे एक दिन पहले ही दो न्यायाधीशो को यहां स्थानांतरण किया गया था। मुख्य न्यायाधीश एस मुरलीधर ने न्यायमूर्ति मृगांक शेखर साहू, न्यायमूर्ति राधा कृष्ण पटनायक और न्यायमूर्ति शशिकांत मिश्रा को पद की शपथ दिलाई।



पटना में 100 साल पुराने बिहार विधान सभा भवन के बाहर सुरक्षाकर्मी पहरा देते हुए। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद गुरुवार को शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे

## प्रधानमंत्री मोदी चीन के बारे में बोलने से डरते हैं : ओवैसी

**हैदराबाद।** ईंधन की बढ़ती कीमतों और भारतीय जमीन पर चीन के अतिक्रमण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रहार करते हुए एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने यहां आरोप लगाए कि मोदी चीन के बारे में बात करने से डरते हैं। हैदराबाद के सांसद ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार की विफलता के कारण कश्मीर में नागरिकों की चुन-चुनकर हत्या की जा रही है। एआईएमआईएम के प्रमुख ने सोमवार की रात को यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री दो बातों पर कुछ नहीं बोलते -- पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में बढ़ोतरी और चीन के देश में घुसकर बैठने के बारे में। मूल्यों में काफी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है लेकिन प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा।

ओवैसी ने आरोप लगाए, और अब चीन देश में घुसा हुआ है और अंदर बैठा हुआ है। जब पाकिस्तान ने पुलवामा (हमला) किया तो मोदी ने कहा था कि घर में घुसकर मारेंगे लेकिन अब चीन घुस आया है और भारत में बैठा हुआ है तो वह कुछ नहीं कर रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री चीन के बारे में बात करने से डरते हैं। उन्होंने कहा, हमारे नौ सैनिक मारे गए (हाल में जम्मू-कश्मीर में) और भारत तथा पाकिस्तान के बीच टी-20 मैच होने वाला है।

ओवैसी ने पूछा, मोदी जी...हमारे नौ सैनिक मारे गए और क्या आप टी-20 खेलेंगे? पाकिस्तान कश्मीर में भारतीयों की जिंदगी के साथ टी-20 खेल रहा है। बिहार के गरीब मजदूर मारे जा रहे हैं और चुन-चुनकर हत्याएं की जा रही हैं। आईबी (खुफिया ब्यूरो) और अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री) क्या कर रहे हैं। कश्मीर में गुप्तचर विभाग क्या कर रहा है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान से हथियार और आतंकवादी आ रहे हैं और आप मैच खेलेंगे।

## महाराष्ट्रः गढ़चिरौली जिले से दो लाख रुपए का इनामी नक्सल गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में वन क्षेत्र से मंगलवार को एक नक्सली को गिरफ्तार किया गया। उसके सिर पर दो लाख रुपए का इनाम था। नक्सली की पहचान मगरू कटाकु मडवी के रूप में हुई। वह पर्मिली एलओएस समूह की एक्शन टीम का सदस्य है और दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन (डीएकेएमएस) का वरिष्ठ सदस्य है। मडवी को गढ़चिरौली पुलिस द्वारा मंगलवार तड़के गढ़चिरौली के अहेरी उपमंडल के पर्मिली वन क्षेत्र में चलाए गए तलाश अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। मडवी निर्दोष लोगों की हत्या करने और इलाके में पुलिस चौकी पर हमले में शामिल रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि वह कुछ महीने पहले गढ़चिरौली जिले के बर्गी में एओपी (सशस्त्र पुलिस चौकी) पर हमले और उप सरपंच रामा तलंदी की हत्या में सक्रिय रूप से शामिल था। उसके खिलाफ कई पुलिस थानों में हत्या के तीन मामले और एक मुठभेड़ में शामिल होने का मामला दर्ज है।

## कूच बिहार में भाजपा उम्मीदवार विधायक के साथ धक्का-मुक्की

**भाषा।** कूचबिहार (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम बंगाल** के कूचबिहार जिले में आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार को प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी के एक उम्मीदवार और एक विधायक के साथ कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के एक सांसद की मौजूदगी में धक्का-मुक्की की। हालांकि, स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने इस घटना में पार्टी कार्यकर्ताओं की संलिप्तता से इनकार किया है। जलपाईगुड़ी से भाजपा के सांसद जयंत रॉय की मौजूदगी में नायरहाट में चुनाव प्रचार के दौरान दिनहाटा विधासनभा सीट के लिए उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार अशोक मंडल और नाताबाड़ी से पार्टी के विधायक मिहिर गोस्वामी के साथ धक्का-मुक्की हुई।

यहां कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उपचुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचे भाजपा नेताओं के लिए वापस जाओ के नारे लगाए। यहां 30 अक्टूबर को उप चुनाव होना है। मंडल और गोस्वामी को सोमवार को बामनहाटा इलाके में भी ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार से रोकने के लिए ऐसी हरकत की गई।

दिनहाटा विधानसभा सीट से जीतने वाले उम्मीदवार और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक के अपने लोकसभा सीट पर ही बने रहने के बाद, इस विधानसभा सीट पर उपचुनाव की जरूरत पड़ी। तृणमूल कांग्रेस ने यहां से उदयन गुहा को फिर से टिकट दिया है, जो प्रमाणिक से चुनाव हार गए थे। दिनहाटा के अलावा शांतिपुर (नदिया), गोसाबा (दक्षिण 24 परगना) और खरदा (उत्तर 24 परगना) सीटों पर भी उपचुनाव होंगे।

## सामाजिक न्याय की मजबूती के लिए हिन्दू संत रामानुजाचार्य से जुड़ने की जरूरतः कांग्रेस नेता

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** में कांग्रेस विधायक दल के नेता के. सेल्वापेरुंथगई ने कहा कि राज्य में सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए हिन्दू संत रामानुजाचार्य से जुड़ने की जरूरत है जो लगभग एक सहस्राब्दी पहले भेदभाव उन्मूलन और समानता के सिद्धांत को बढ़ावा देने वाले प्रणेता थे।

सेल्वापेरुंथगई श्रीपेरुम्बदूर गांव के निवासी हैं जहां रामानुजाचार्य का जन्म हुआ था। कांग्रेस नेता ने कहा कि सामाजिक न्याय की अलख जगाने वाले क्रांतिकारी संत की वर्षों तक अनदेखी की जाती रही। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है जब सामाजिक न्याय और समानता के उनके (संत) के उच्च विचारों का प्रचार-प्रसार किया जाए।

हिन्दू संत 11-12वीं सदी के आध्यात्मिक प्रणेता थे जिन्हें आज के तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र

**● सामाजिक न्याय की अलख जगाने वाले क्रांतिकारी संत की वर्षो तक अनदेखी की जाती रही**

प्रदेश जैसे क्षेत्रों में उनके समाज सुधार के कार्यों के लिए जाना जाता है। सेल्वापेरुंथगई ने कहा कि वह पुरतचियालर रामानुजर पेरावी (क्रांतिकारी रामानुजर फोरम) शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, शुरू किए जाने वाले फोरम को लेकर सभी उत्साहित हैं। हम इससे संबंधित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को आमंत्रित करने जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि फोरम समाज में बेहतरी लाने, जाति एवं नस्ल के आधार पर भेदभाव के उन्मूलन, सामाजिक न्याय और सौहार्द को बढ़ावा देने संबंधी पहल है। यह पूछे जाने पर कि जब सामाजिक न्याय से जुड़ी हस्तियों में प्रायः भीमराव आंबेडकर और पेरियार जैसी हस्तियों को गिना जाता है तो उन्होंने रामानुजाचार्य को क्यों चुना, कांग्रेस नेता ने कहा, रामानुजार्य आंबेडकर और पेरियार से भी पहले के क्रांतिकारी हैं।

श्रीपेरुम्बदूर विधानसभा क्षेत्र (सुरक्षित) से विधायक सेल्वापेरुंथगई ने कहा कि 1,000 साल पहले रामानुजाचार्य ने दलितों के उत्थान के लिए काम किया, जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी और यह सिद्धांत प्रतिपादित किया कि सभी श्री वैष्णव हैं। उन्होंने कहा, कल्पना करिए कि रामानुजाचार्य को एक हजार साल पहले किस तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि रामानुजार्य निःसंदेह एक क्रांतिकारी नेता एवं प्रणेता थे जो आंबेडकर और पेरियार के अग्रदूत थे।



जम्मू में मजदूर अपने घर वापस आने के लिए रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते हुए।

# ऊर्जा बाजारों में बिजली कीमतों की सीमा तय हो: एआईपीईएफ

**भाषा।** नई दिल्ली



**अखिल भारतीय** बिजली अभियंता संघ (एआईपीईएफ) ने मंगलवार को कहा ऊर्जा बाजारों में बिजली कीमतों की सीमा तय करने के लिए नियामकों के मंच की तत्काल बैठक होनी चाहिए। एआईपीईएफ ने इसके साथ ही कोयले की मौजूदा कमी के दौरान निजी परिचालकों द्वारा कालाबाजारी करने का आरोप भी लगाया। संघ ने एक बयान में कहा, अखिल भारतीय बिजली अभियंता संघ ने मांग की है कि संकट के दौरान ज्यादातर निजी परिचालकों द्वारा ऊर्जा बाजारों में कालाबाजारी रोकने के लिए नियामकों के मंच की तुरंत बैठक की जाए।

बयान में आगे कहा गया, एआईपीईएफ ने यह भी मांग की है कि कोयला संकट की जिम्मेदारी तय करने और भविष्य में इस तरह के संकट से बचने के तरीके और साधन विकसित करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाए। एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह को लिखे पत्र में आग्रह किया कि बिजली कानून 2003 की धारा 62 (1) की भावना के अनुरूप आईपीपी (स्वतंत्र बिजली उत्पादकों) द्वारा मुनाफाखोरी पर रोक लगाने के मुद्दे पर नियामकों के मंच में चर्चा की जाए और इसे अंतिम रूप दिया जाए। एआईपीईएफ ने पत्र में कहा कि चूंकि बिजली दरों में बढ़ोतरी का एक प्रमुख कारण कोयले की कमी को माना जा रहा है, इसलिए बिजली मंत्रालय को भविष्य में कोयले की कमी खत्म करने पर जोर देना चाहिए।

## ऐप्पल भारत में नया मैकबुक प्रो, म्यूजिक वॉयस प्लान पेश करेगा

**नई दिल्ली।** ऐप्पल जल्द ही भारतीय उपभोक्ताओं के लिए मैकबुक के नवीनतम मॉडल के साथ ही होमपॉड मिनी, एयरपॉड्स और ऐप्पल म्यूजिक वॉयस प्लान के तहत एक नए संगीत अनुभव की पेशकश करेगी। ऐप्पल का नया एम। प्रो और एम। मैक्स क्रमशः 14 और 16 इंच के मॉडल में उपलब्ध है और ग्राउंडब्रेकिंग प्रोसेसिंग, ग्राफिक्स और मशीन लर्निंग (एमएल) की सुविधा से लैस है। एम। प्रो और एम। मैक्स के साथ नई मैकबुक प्रो रेंज ऐप्पल के ऑनलाइन स्टोर के जरिए ऑर्डर की जा सकती है, और 26 अक्टूबर से ग्राहकों और इसके अधिकृत विक्रेताओं के पास पहुंचनी शुरू हो जाएगी। नए 14 इंच वाले मैकबुक प्रो मॉडल की कीमत करीब 1.95 लाख रुपए से शुरू होती है, जबकि 16 इंच वाले मैकबुक प्रो मॉडल की कीमत करीब 2.4 लाख रुपए से शुरू है।

## तोमर ने कृषि भवन में सफाई अभियान का निरीक्षण किया, अब तक चार ट्रक कबाड़ का निपटारा

**भाषा।** नई दिल्ली



**सफाई अभियान** के तहत केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कृषि भवन का निरीक्षण किया, जहां से दो अक्टूबर से अब तक चार ट्रक कबाड़ और अपशिष्ट पदार्थ का निपटान किया गया है। एक सरकारी बयान में तोमर के हवाले से कहा गया है, स्वच्छता हमारे स्वभाव में और हमारी संस्कृति में होनी चाहिए।...स्वच्छता अभियान के तहत हम जनता से जो उम्मीद करते हैं, उसका पालन सभी भवनों और कार्यालय परिसरों में भी किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी को स्वच्छता के महत्व पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों, संसदीय मुद्दों और कार्यालयों से संबंधित अन्य लंबित मामलों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा की है, जिसके परिणाम भी सामने आए हैं और व्यापक स्तर पर जागरूकता का प्रसार हुआ है। कृषि मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि कृषि भवन में सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पुरानी अनुपयोगी फाइलों का निस्तारण किया गया है और यह काम जारी रहेगा। बयान में कहा गया, अभी तक चार ट्रक कबाड़ और अन्य सामग्री कृषि भवन से बाहर निकाली जा चुकी है।

## पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के रास्ते पर भारत जी-20 में एकमात्र देश: कांत

**भाषा।** नई दिल्ली

**नीति आयोग** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि सतत विकास को मुख्यधारा में लाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में भारत के प्रयासों से दुनिया के अन्य देशों को प्रेरणा मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत एकमात्र जी-20 देश है जो पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के रास्ते पर है। श्नाइडर इनोवेशन इंडिया सम्मेलन, 2021 को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कांत ने कहा कि भारत ने इलेक्ट्रिक वाहन को तेजी से अपनाए जाने की नीति पेश की है। इससे देश में स्वच्छ वाहन की दिशा में बदलाव को गति मिल रही है।

उन्होंने कहा, सतत विकास को मुख्यधारा में लाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में भारत के प्रयास दुनिया के अन्य देशों को प्रेरित करने वाले हैं। कांत ने कहा कि जब हम सतत विकास और हरित एवं स्वच्छ भविष्य की बात करते हैं, कोई भी जलवायु परिवर्तन की चुनौती की अनदेखी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, भारत मौजूदा स्थिति के लिए जिम्मेदार नहीं है। वास्तव में, भारत एकमात्र जी-20 देश है जो कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को हासिल करने के रास्ते पर है।

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र की अंतरसरकारी समिति का 2014 के बाद यह पहला बड़ा वैज्ञानिक आकलन है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि आशंका से कहीं अधिक तेज है। कांत के अनुसार, स्वतंत्र अध्ययनों में यूएनएफसीसी (जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र मसौदा सम्मेलन) क्योटो प्रोटोकॉल के तहत जरूरी कदमों के रूप में भारत के प्रयास को उसके अनुरूप माना गया है। वैश्विक स्तर के 14 शोध संस्थानों के एक गठबंधन ने माना है कि भारत जी-20 में एकमात्र देश है, जिसकी नीतियां 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य के अनुरूप है।

## एलआईसी म्यूचुअल फंड एलआईसी एमएफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड करेगा लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



दिनेश पांगटे

**एलआईसी म्यूचुअल** फंड ने आज एलआईसी एमएफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक ओपन एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च करने की घोषणा की, जो मूल्यांकन और कमाई ड्राइवर्स जैसे कई मापदंडों का उपयोग करके इक्विटी और डेब्ट और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करेगा। एलआईसी एमएफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के लिए निवेश रणनीति, अनिवार्य रूप से एक हाइब्रिड योजना, मूल्य संचालित गणितीय मॉडल द्वारा विशिष्ट रूप से संचालित होगी। एलआईसी एमएफबीएएफ में नए फंड ऑफर के लिए इस मॉडल आधारित अद्वितीय निवेश दृष्टिकोण की व्याख्या करते हुए एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीईओ दिनेश पांगटे ने कहा, बॉन्ड प्रतिफल, एक तरह से, इक्विटी में निवेश की अवसर लागत और जोखिम उठाने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करते हैं। फंडामेंटल ड्रिवेन मैथमैटिकल मॉडल पर आधारित एलआईसी एमएफ में हम एलआईसी एमएफबीएएफ में इक्विटी और डेब्ट के बीच इस इनवर्स रिलेशन का उपयोग इक्विटी से डेब्ट में स्विच करने के लिए करेंगे। एलआईसीएमएफ बीएएफ मॉडल योजना के लिए इष्टतम परिसंपत्ति आवंटन स्तर निर्धारित करने के लिए इस संबंध का सटीक रूप से उपयोग करेगा। इष्टतम परिसंपत्ति आवंटन स्तर पर पहुंचने के लिए मॉडल ब्याज दरो, एक वर्षके आगे के मूल्य का आय अनुपात और आय प्रतिफल का उपयोग करता है। मॉडल स्वचालित रूप से इक्विटी और ऋण के बीच परिसंपत्ति आवंटन पर पहुंच जाता है क्योंकि अंतर्निहित बुनियादी बातों में परिवर्तन होता है। श्री पैंगटे ने कहा, मॉडल को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह वास्तविक समय के आधार पर किसी भी पैरामीटर में किसी भी बदलाव को स्वचालित रूप से कारक बनाता है और लिनीयर प्रोग्रेशन का उपयोग करके मूल्य से कमाई बैंड को बदलता रहता है। एलआईसीएमएफ बीएएफ न केवल निवेशकों को बाजार की रैली में भाग लेने में मदद करेगा, बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका लक्ष्य नीचे की ओर जोखिम को कम करना होगा और यह किसी भी निवेश रणनीति के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। श्री पांगटे ने कहा, एलआईसी एमएफ बीएएफ को एक अनुकूलित इंडेक्स, एलआईसी एमएफ हाइब्रिड कम्पोजिट 50-50 इंडेक्स के खिलाफ बेंचमार्क किया जाएगा। सूचकांक संरचना 50 प्रतिशत निफ्टी 50 टीआरआई और 50 प्रतिशत निफ्टी 10 वर्ष बेंचमार्क जी-सेक होगा।

## कोयला, रेल, बिजली मंत्रियों ने विद्युत संयंत्रों में कोयला आपूर्ति की स्थिति पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा बिजली मंत्री आर के सिंह के साथ ताप बिजलीघरों में ईंधन भंडार में सुधार के उपायों पर चर्चा की। यह बैठक ताप बिजलीघरों में कोयले की कमी के बीच हुई है।जोशी ने ट्विटर पर लिखा, मंत्री अश्विनी वैष्णव जी और राज कुमार सिंह जी के साथ ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक में कोयला मंत्रालय के अधिकारी, कोयला कंपनियों के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए। कोयला मंत्रालय ने कोल इंडिया की इकाई नार्दर्न कोलफील्ड्स लि. (एनसीएल) के प्रदर्शन की भी समीक्षा की तथा उत्पादन बढ़ाने एवं प्रतिदिन कम-से-कम 34 रैक कोयले की आपूर्ति करने को कहा। जोशी ने लिखा है, सीएमडी के साथ एनसीएल सिंगरौली के कामकाज की आज समीक्षा की। एनसीएल को उत्पादन बढ़ाने और कम-से-कम 34 रैक प्रतिदिन लदान का निर्देश दिया।


## सरकार की वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कर्मचारियों को तदर्थ बोनस देने की घोषणा

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए केंद्रीय कर्मचारियों को गैर-उत्पादकता से जुड़ा या तदर्थ बोनस देने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय के तहत व्यय विभाग ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और सशस्त्र बलों के कर्मचारी भी बोनस के लिए पात्र होंगे। जो कर्मचारी 31 मार्च, 2021 तक सेवा में थे, और जिन्होंने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कम से कम छह महीने की लगातार सेवा दी है, वे तदर्थ बोनस के लिए पात्र होंगे। गैर-उत्पादकता से जुड़े बोनस (तदर्थ बोनस) का भुगतान समूह-सी में केंद्र सरकार के कर्मचारियों और समूह-बी में सभी अराजपत्रित कर्मचारियों को किया जाएगा, जो किसी भी उत्पादकता से जुड़ी बोनस योजना में शामिल नहीं हैं। बोनस के भुगतान के लिए गणना की सीमा 7,000 रुपए की मासिक परिलब्धियां होगी। व्यय विभाग ने कहा, तदर्थ बोनस की मात्रा की गणना औसत परिलब्धियों गणना की अधिकतम सीमा, जो भी कम हो, के आधार पर की जाएगी।

## मुनाफावसूली से शेयर बाजारों में सात दिन की तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स में 50 अंक की गिरावट

**भाषा।** मुंबई




**मुनाफावसूली से** शेयर बाजारों में सात कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला मंगलवार को थम गया। बाजार के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर होने के बीच निवेशकों ने मुनाफा काटा जिससे सेंसेक्स करीब 50 अंक टूट गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का दूसरी तिमाही का नतीजा अनुमानों से कम रहा है। इससे एफएमसीजी शेयरों में गिरावट आई। हालांकि, आईटी कंपनियों के शेयर मजबूत रहे।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 62,245.43 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। हालांकि, कारोबार के अंतिम घंटे में बिकवाली दबाव से यह 49.54 अंक या 0.08 प्रतिशत के नुकसान से 61,716.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 58.30 अंक या 0.32 प्रतिशत के नुकसान से 18,418.75 अंक पर आ गया। दिन में कारोबार के दौरान इसने 18,604.45 अंक के अपने रिकॉर्ड स्तर को छुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी का शेयर सबसे अधिक 6.23 प्रतिशत टूट गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर में 4.06 प्रतिशत का नुकसान रहा। एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 10.69 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2,185 करोड़ रुपए रहा है। टाइटन, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावरग्रिड के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं दूसरी ओर टेक महिंद्रा, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और कोटक बैंक के शेयर 4.12 प्रतिशत तक चढ़ गए। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 16 नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय बाजार काफी जुझारू क्षमता दिखा रहे हैं। हालांकि, लगातार तेजी के बाद मंगलवार को कारोबार के अंतिम घंटे में मुनाफावसूली का सिलसिला चला। आईटी शेयर मजबूती से टिके हुए हैं। रियल्टी, पीएसयू बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में आज बिकवाली देखने को मिली।

## बैंकों का सकल एनपीए चालू वित्त वर्ष में बढ़कर आठ से नौ प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान

**मुंबई।** बैंकों की गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) यानी फंसा कर्ज चालू वित्त वर्ष में बढ़कर 8 से 9 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी क्रिसिल ने यह कहा। अगर ऐसा होता है, तो यह वित्त वर्ष 2017-18 के अंत के 11.2 प्रतिशत के आंकड़े से काफी कम होगा। एजेंसी के अनुसार कर्ज पुनर्गठन और आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) जैसे कोविड-19 राहत उपायों से बैंकों के सकल एनपीए को सीमित रखने में मदद मिलेगी। उसने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2021-22 के अंत तक करीब दो प्रतिशत बैंक ऋण के पुनर्गठन की संभावना है। ऐसे में सकल एनपीए और पुनर्गठन के अंतर्गत आने वाला कर्ज समेत दबाव वाली संपत्ति 10-11 प्रतिशत पहुंच जाने का अनुमान है।

रेटिंग एजेंसी के वरिष्ठ निदेशक और उप मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने रिपोर्ट में कहा, खुदरा और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) खंडों का कुल कर्ज में योगदान करीब 40 प्रतिशत है। इस बार इन क्षेत्रों में एनपीए और दबाव वाली संपत्तियां बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इन दोनों खंडों में दबाव वाली संपत्तियां चालू वित्त वर्ष के अंत तक बढ़कर क्रमशः 4-5 प्रतिशत और 17-18 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। क्रिसिल ने कहा कि राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्गठन कंपनी लि. (एनएआरसीएल) के चालू वित्त वर्ष के अंत तक परिचालन में आने के साथ पहले दौर में 90,000 करोड़ रुपए के एनपीए की बिक्री की उम्मीद है। इससे सकल एनपीए की सूचना में कमी देखने को मिल सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, कॉरपोरेट क्षेत्र अधिक मजबूत बना हुआ है। पांच साल पहले संपत्ति गुणवत्ता समीक्षा के दौरान कंपनियों में ज्यादातर दबाव वाली संपत्तियों की पहचान पहले ही हो चुकी है। इसमें कहा गया है, इससे...कंपनियों के बही-खाते मजबूत हुए और वे खुदरा तथा एमएसएमई के मुकाबले बेहतर तरीके से महामारी की चुनातियों से निपटने में सक्षम रहे।

## क्विक न्यूज

### मोदी वैश्विक तेल और गैस क्षेत्र के सीईओ, विशेषज्ञों से बातचीत करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए वैश्विक तेल और गैस क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और विशेषज्ञों के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि यह छठी ऐसी वार्षिक बातचीत है, जो 2016 में शुरू हुई थी। इसमें तेल तथा गैस क्षेत्र के वैश्विक नेता शामिल होते है, जो इस क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों और भारत के साथ सहयोग तथा निवेश के संभावित क्षेत्रों का पता लगाने के लिए विचार-विमर्श करते है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी 20 अक्टूबर को शाम छह बजे वीडियो कांफ्रेंस के जरिए तेल एवं गैस क्षेत्र के वैश्विक सीईओ और विशेषज्ञों से बातचीत करेंगे। इस बातचीत का व्यापक विषय स्वच्छ वृद्धि और संवहनीयता को बढ़ावा देना है। पीएमओ के मुताबिक बातचीत के दौरान भारत में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में खोज और उत्पादन को प्रोत्साहित करने, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, गैस आधारित अर्थव्यवस्था, स्वच्छ और ऊर्जा कुशल समाधानों के जरिए उत्सर्जन में कमी, हरित हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था और जैव ईंधन उत्पादन में बढ़ोतरी जैसे क्षेत्रों पर चर्चा होगी। बयान में कहा गया कि प्रमुख बहुराष्ट्रीय निगमों और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सीईओ और विशेषज्ञ इस चर्चा में भाग लेंगे। इस मौके पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहेंगे।

### नई नौकरियों में एक प्रतिशत की स्थिर मासिक वृद्धि

**मुंबई।** ऑनलाइन बिक्री में बढ़ोतरी के कारण मुख्य रूप से छपाई और पैकेजिंग क्षेत्र और साथ ही बीपीओ तथा आईटीईएस, आयात तथा निर्यात क्षेत्र में मांग बढ़ने से सितंबर में नई नौकरियों में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मॉन्स्टर डॉट कॉम के मॉन्स्टर रोजगार सूचकांक के अनुसार इस साल अगस्त की तुलना में सितंबर में नई नौकरियों में एक प्रतिशत की स्थिर मासिक वृद्धि हुई। रिपोर्ट में बताया गया कि सितंबर, 2021 में ऑनलाइन बिक्री बढ़ने के कारण प्रिंटिंग और पैकेजिंग के लिए भर्तियों में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके बाद बीपीओ तथा आईटीईएस में पांच प्रतिशत, आयात तथा निर्यात में चार प्रतिशत, खुदरा में दो प्रतिशत और यात्रा तथा पर्यटन में दो प्रतिशत की तेजी आई। रिपोर्ट में कहा गया कि सितंबर, 2020 के मुकाबले सितंबर, 2021 में नई नौकरियों में नौ प्रतिशत का सुधार हुआ, जो साल के बाकी हिस्से के लिए उम्मीद जगाता है।

### श्रीलंका को भारी कर्ज जोखिम का सामना करना पड़ रहा है, डिफॉल्ट की वास्तविक आशंका: फिच

**कोलंबो।** सिंगापुर स्थित फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि संकटग्रस्त श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था को डिफॉल्ट की एक वास्तविक आशंका के साथ पर्याप्त ऋण जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। रेटिंग एजेंसी ने जुलाई-अगस्त में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के चलते वर्ष 2021 के लिए श्रीलंका के वृद्धि पूर्वानुमान को 3.8 प्रतिशत से घटाकर 3.3 प्रतिशत कर दिया। फिच ने कहा, श्रीलंका के सार्वजनिक और विदेश वित्त की स्थित नाजुक बनी हुई है, जैसा कि नवंबर 2020 से हमारी सीसीसी रेटिंग में परिलक्षित होता है और जून 2021 में इसकी पुष्टि हुई।

### पीएंडजी इंडिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में तेज वृद्धि के लिए 500 करोड़ रुपए का फंड बनाया

**नई दिल्ली।** प्रमुख एफएमसीजी कंपनी प्रॉक्टर एंड गैंबल (पीएंडजी) इंडिया ने मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि को गति के लिए 500 करोड़ रुपए के फंड की घोषणा की। इसके तहत ऐसे बाजारों में उपभोक्ताओं और खुदरा विक्रेताओं के लिए तैयार किए गए नवाचारों पर बाहरी साझेदारों के साथ भागीदारी की जाएगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पीएंडजी ग्रामीण वृद्धि फंड के तहत बाहरी साझेदारों को ग्रामीण उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए पीएंडजी के साथ सहयोग करने का मौका मिलेगा। नया फंड पीएंडजी इंडिया के वीग्रो कार्यक्रम का एक हिस्सा है, जो नवाचार से जुड़े स्टार्ट-अप, छोटे व्यवसायों, व्यक्तियों और संगठनों की पहचान करने और उनका सहयोग करने पर केंद्रित है।

### त्यौहारों में बाजार में नए वाहन आएंगे

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एसयूवी लीजेन्डर का एक नया 4 गुणा 4 रूपांतर पेश किया। लीजेन्डर को सबसे पहले जनवरी 2021 में 4 गुणा 2 डीजल रूपांतर में नए टोयोटा फॉर्च्यूनर के साथ पेश किया गया था। लक्जरी एसयूवी तलाशने वालों के लिए लीजेन्डर पावर्ड इन स्टाइलश उम्दा गाड़ी है। कोने पर लिपटे हुए कैटामारन एलीमेन्ट्स एक मजबूत वर्टिकल प्रोमिनेंस तैयार करते हैं और विस्तृत उपस्थिति सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, खासतौर से डिजाइन किए गए हेडलैम्प में वाटरफॉल एलईडी लाइन गाइड सिग्नेचर के साथ स्प्लिट क्वैड एलईडी होते हैं जो सर्वश्रेष्ठ ब्राइटनेट सुनिश्चित करते हैं। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एसोसिएट जनरल मैनेजर सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग वी वाइजलाइन सिगामनी ने कहा कि टीकेएम में हम नए उत्पाद पेश करते हैं और बाजार में नवीनताएं लाते हैं ताकि अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं तथा बाजार की बदलती आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें।

### डिजिटल की ओर बदलाव से 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकेगा भारत : श्नाइडर इलेक्ट्रिक

**नई दिल्ली।** श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनिल चौधरी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल बदलाव से भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। ऊर्जा प्रबंधन और स्वचालन के डिजिटल बदलाव में अग्रणी श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने मंगलवार को इनोवेशन समिट इंडिया 2021 की शुरुआत की। डिजिटल रूप से आयोजित इस शिखर सम्मेलन के पहले दिन कंपनी ने प्रमुख नीति निर्माताओं, उद्योग के दिग्गजों, ग्राहकों और भागीदारों को एक मंच लाकर आत्मनिर्भर भारत के साथ डिजिटल रूपांतरण पर चर्चा को आगे बढ़ाया। चौधरी ने शिखर सम्मेलन के एक सत्र में कहा, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और डिजिटल की ओर बदलाव से भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिलेगी।

### मूडीज ने बैंकिंग प्रणाली के परिदृश्य को स्थिर किया

**नई दिल्ली।** मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने महामारी की शुरुआत के बाद से संपत्ति की गुणवत्ता में मामूली गिरावट और आर्थिक पुनरुद्धार के साथ ऋण वृद्धि में तेजी आने की संभावना के मद्देनजर मंगलवार को भारतीय बैंकिंग प्रणाली के लिए परिदृश्य को नकारात्मक से स्थिर कर दिया। मूडीज को उम्मीद है कि अगले 12-18 महीनों में भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार जारी रहेगा और मार्च, 2022 में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 9.3 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 7.9 प्रतिशत की वृद्धि होगी। मूडीज ने अपनी बैंकिंग प्रणाली परिदृश्य - भारत रिपोर्ट में कहा, आर्थिक गतिविधियों में तेजी से ऋण वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। यह वृद्धि हमें सालाना 10-13 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। कमजोर कॉरपोरेट वित्तीय स्थिति और वित्तीय कंपनियों में वित्त पोषण की कमी बैंकों के लिए प्रमुख नकारात्मक कारक रहे है लेकिन ये जोखिम कम हो गए है।

# पेज एक का शेष

## प्रधानमंत्री कुशीनगर...

का सभी सुविधाओं से युक्त अस्पताल भी होगा। समीर सिंह ने बताया कि मेडिकल कालेज का निर्माण पूर्ण होते ही जनपद, आसपास और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले करीब 40 लाख लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्र के लोगों को अत्याधुनिक इलाज के लिए बड़े शहरों की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। प्रधानमंत्री के हाथों से 180.66 करोड़ रुपए की 12 विकास परियोजनाओं का भी शिलान्यास व लोकार्पण होगा। इन परियोजनाओं में गंडक नदी पर बाढ़ सुरक्षा की आठ परियोजनाएं, स्वदेश दर्शन योजना में बौद्ध सर्किट योजनांतर्गत पर्यटन विकास, राजकीय महाविद्यालय सुकरौली का निर्माण, नवीन संकेत मूक बधिर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण, कसया-रामकोला व रामपुर खुर्द, कोटवा, घुघली मार्ग का चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण का कार्य शामिल है। प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई केंद्रीय और राज्य सरकार के मंत्री मौजूद रहेंगे।

## पर्यटन की...

में हैं, और उनसे जुड़ी जितनी संभावनाएं थी, उसका बेहतर उपयोग नहीं हो पाया, लेकिन हम प्रधानमंत्री के आभारी हैं कि उन्होंने बौद्ध सर्किट में पर्यटन की सभी संभावनाओं को आगे बढ़ाने और बौद्ध धर्म से जुड़े देशों को जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कल श्रीलंका का उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल यहां आएगा, जिसके सदस्यों के स्वागत का अवसर राज्य सरकार और कुशीनगर के नागरिकों को मिल रहा है और हम सब अतिथि देवो भव की भावना से उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई चप्पल पहनने वालों का भी हवाई यात्रा का अवसर दिलाने का वादा किया था और आज उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक हवाई अड्डे वाला राज्य बन गया है। योगी के साथ आज कुशीनगर की यात्रा करने वालों में राज्य के नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद थे।

## रेप पीड़िता...

बात कही थी। मामले में वर्ष 2020 में अमरेश सिंह बघेल निलंबित कर दिए गए थे। उनके खिलाफ जांच भी चल रही थी। निलंबन के बाद भी उन्होंने अदालत में राय के पक्ष में गवाही दी। जिससे क्षुब्ध हो कर पीड़िता और उसके गवाह सत्यम प्रकाश राय ने बीते 16 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। बाद में दोनों की अस्पताल में मौत हो गई थी। इस पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए शासन ने एसआईटी गठित की है। एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर ही बीते दिनों लंका थाने में बघेल के खिलाफ पीड़िता और उसके गवाह को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। लंका पुलिस और क्राइम ब्रांच ने अमरेश सिंह बघेल को 30 सितंबर की रात बाराबंकी के हैदरगढ़ टोल प्लाजा से गिरफ्तार किया था।

## उत्तराखंड में...

कारण नैनीताल तक जाने वाली तीन सड़कों के अवरुद्ध होने की वजह से इस लोकप्रिय पर्यटक स्थल का राज्य के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट गया है। गुजरात के राजस्व मंत्री राजेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक राज्य के विभिन्न हिस्सों से चारधाम की यात्रा के लिए उत्तराखंड गए करीब 100 श्रद्धालु भारी बारिश और भूस्खलन के कारण वहां फंस गए हैं।

## अपनी पार्टी...

राज्य का भविष्य सुरक्षित बनाने तक चैन की सांस नहीं लूंगा। अमरिंदर के मीडिया सलाहकार के अनुसार, उन्होंने कहा, पंजाब को राजनीतिक स्थिरता और आंतरिक तथा बाहरी खतरों से सुरक्षा की जरूरत है। मैं अपने लोगों से वादा करता हूं कि शांति और सुरक्षा के लिए जो भी करना होगा मैं करूंगा, क्योंकि फिलहाल दोनों खतरे में हैं। सिंह ने कहा, अगर किसान आंदोलन का समाधान किसानों के हित में होता है तो 2022 के पंजाब विधानसभा में भाजपा के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर आशान्वित हूं। इसके अलावा समान विचार रखने वाली पार्टियों के साथ समझौते के बारे में भी विचार कर रहे हैं... जैसे अकाली दल से टूट कर अलग हुए समूह, खासतौर से ढिंढसा और ब्रह्मपुरा समूह।

## विधानसभा चुनाव...

चुनाव लड़ना चाहता है आवेदन करे। हम उन्हें राजनीति में मौका देंगे। ज्यादा से ज्यादा महिलाएं आगे आएं। उन्होंने यह फैसला क्यों लिया, इस सवाल पर प्रियंका ने कहा कि 2019 में जब यूपी में प्रचार कर रहीं थीं। तब इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की कुछ छात्राओं ने बताया था कि किस तरह से कैंपस और हॉस्टल में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग अलग नियम हैं। यह फैसला उस महिला के लिए जिसने मुझे गंगा यात्रा के दौरान बताया था कि उसके गांव में कोई स्कूल नहीं है। यह फैसला उन्नाव की बलात्कार पीड़िता के लिए है जिसे जलाकर मार डाला गया, हाथरस की पीड़िता के लिए है जिसे न्याय नहीं मिला, लखीमपुर खीरी में मिली उस लड़की के लिए है जिसने कहा था कि वह प्रधानमंत्री बनना चाहती है। प्रयागराज की उस लड़की पारो के लिए लिया गया है जिसने मेरा हाथ पकड़ कर कहा कि मैं बड़ी होकर नेता बनना चाहती हूं। यह फैसला हर महिला के लिए है जो उत्तर प्रदेश को आगे लेकर जाना चाहती है। प्रियंका ने कहा इस वक्त नफरत और घृणा का बोल बाला है। इसको महिलाएं बदल सकती है। प्रियंका गांधी से जब पूछा गया कि क्या इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी को ऐसी महिला प्रत्याशी मिल पाएंगी जो चुनाव जीत सके, तो उन्होंने कहा कि हमें प्रत्याशी मिलेंगी और वे लड़ेंगी भी, अगर इस बार मजबूत नहीं होंगी तो अगली बार मजबूत होंगी, हमें लड़ाना है, हम पूरी तरह से मदद करेंगे और समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को टिकट जाति के आधार पर नहीं बल्कि उनकी क्षमता के आधार पर दिया जाएगा। कांग्रेस महासचिव से जब पूछा गया कि क्या वे उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ेंगी, तो उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने का निर्णय मैने अभी लिया नहीं है, अभी चुनाव में समय है और सोचकर मैं फैसला करूंगी कि चुनाव लड़ना है या नहीं। जब प्रियंका गांधी से पूछा गया कि क्या कांग्रेस पार्टी चुनाव में मुख्यमंत्री के चेहरे के साथ जाएगी, तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के चेहरे पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है। यह पूछे जाने पर कि कई बार लोग अपनी पत्नी व बेटी को चुनाव लड़वाते हैं पर दबदबा उनके पतियों का होता है, इससे कैसे पार पाएंगी, प्रियंका ने कहा कि यह सच पर है पर इसमें कोई बुराई नहीं है।

## पूर्वी क्षेत्र...

में मौजूद हैं। उन्होंने कहा, दोनों पक्ष वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट बुनियादी ढांचे विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके कारण समय-समय में कुछ समस्याएं पैदा होती रहती हैं। लेफ्टिनेंट जरनल पांडे ने कहा कि नए बुनियादी ढांचों के विकास के बाद से बलों की तैनाती में बढ़ोतरी हुई है। कमांडर ने बताया कि भारत ने कई कदम उठाए हैं और उनमें से सबसे अहम कदम रणनीतिक स्तर से लेकर सामरिक स्तर तक सभी निगरानी संसाधनों के तालमेल के जरिए वास्तविक नियंत्रण रेखा और अंदरूनी इलाकों के पास निगरानी गतिविधियां बढ़ाना है।

## जिहादी बनता...

ताकि वे उनकी जमीन हथिया सकें। तसलीमा ने बेशुमार संख्या में मदरसों और मस्जिदों के निर्माण का विरोध करते हुए कहा, बांग्लादेश में बेवजह इतनी मस्जिद और मदरसे बनाए जा रहे हैं। मजहबी उपदेशों की वाज महफिलों का भी चलन बढ़ गया है जो अनपढ़ गरीबों को इस्लाम के नाम पर कट्टरपंथी बना रही हैं। कुरान अरबी में है और हर कोई पढ़ नहीं सकता लिहाजा ये कट्टरपंथी अपने हिसाब से उसकी व्याख्या करते हैं। ऐसे में जब कुरान की निंदा की अफवाह फैलती है तो ये लोग मारने पर उतारू हो जाते हैं। तसलीमा ने कहा, आप देश को क्या बनाना चाहते है? दूसरा तालिबान ? सारी आर्थिक प्रगति बेकार है अगर दिमाग में ऐसा जहर भरा जा रहा है। इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है लेकिन वहां इसकी शिक्षा दी ही नहीं जा रही। उन्होंने कहा, मैं पूरे जीवन कट्टरपंथियों के निशाने पर रही क्योंकि मैंने महिलाओं और मानवाधिकार के मसले पर लिखा। मुझे मेरे देश से 28 साल पहले निकाल दिया गया और किसी सरकार ने मुझे दोबारा आने नहीं दिया। लज्जा आज तक वहां प्रतिबंधित है और किसी ने इसका विरोध भी नहीं किया। मुझे बहुत दुख होता है। तसलीमा ने कहा कि सरकार को मदरसों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए और धर्म को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए।

# भारत आज अंतिम अभ्यास मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा



## ●टीम की तैयारियों को पुख्ता करने की कवायद

**भाषा**। दुबई

**पिछले** मैच में जीत के साथ टी-20 विश्व कप की तैयारियां पुख्ता करने वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को दूसरे और आखिरी अभ्यास मैच में बल्लेबाजी क्रम को अंतिम रूप देने के इरादे से उतरेगी। भारत को टूर्नामेंट के पहले मैच में रविवार को पाकिस्तान से खेलना है। बतौर कप्तान विराट कोहली और कोच के तौर पर रवि शास्त्री का यह आखिरी टूर्नामेंट है।

इंग्लैंड के खिलाफ सोमवार को अभ्यास मैच से पहले ही कोहली ने कहा था कि शीर्ष तीन स्थान तय है जिसमें केएल राहुल और रोहित शर्मा पारी की शुरूआत करेंगे जबकि कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट से जीत में 70 रन की पारी खेलने वाले युवा ईशान किशन अंतिम एकादश में चयन का दावा पुख्ता कर चुके हैं।ऋषभ पंत (नाबाद 29) को सूर्यकुमार यादव से ऊपर भेजा गया था और अब देखना है कि वह बुधवार को किस क्रम पर उतरते हैं। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी नहीं की लिहाजा इस मैच में वह हाथ आजमाना चाहेंगे। चर्चा का विषय हार्दिक पंड्या बने हुए है जो इंग्लैंड के खिलाफ सहज नहीं दिखे। वह गेंदबाजी भी नहीं कर पा रहे हैं तो देखना यह होगा कि भारतीय टीम प्रबंधन क्या उन्हें विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में उतारता है।

उनकी गेंदबाजी के बिना भारत को छठे गेंदबाजी विकल्प की कमी खलेगी चूंकि पांच गेंदबाजों में से एक के विफल रहने पर जरूरत पड़ सकती है। इंग्लैंड के खिलाफ भुवनेश्वर कुमार ने एक विकेट लिया था लेकिन जसप्रीत बुमराह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे। मोहम्मद शमी ने तीन विकेट लिए लेकिन महंगे साबित हुए। राहुल चाहर भी काफी महंगे रहे। मौजूदा फॉर्म की बात करें तो आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला हारने के बाद से भारत लगातार आठ श्रृंखलाओं में अपराजेय रहा है। टी-20 विश्व कप 2016 के बाद से भारत ने 72 टी-20 मैच खेलकर 45 जीते हैं।

आस्ट्रेलिया ने जीत के साथ शुरूआत करते हुए न्यूजीलैंड को पहले अभ्यास मैच में तीन विकेट से हराया। डेविड वॉर्नर का खराब फॉर्म हालांकि आईपीएल के बाद यहां भी जारी रहा और वह पहली गेंद पर आउट हो गए। एडम जाम्पा और केन रिचर्डसन ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज विफल रहे। एश्टोन एगर और मिशेल स्टार्क ने आखिर में ताबड़तोड़ छोटी पारियां खेलकर टीम को जीत दिलाई।

**टीमें**

भारत: विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, राहुल चाहर, रविचंद्रन अश्विन, वरूण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, शारदुल ठाकुर।

आस्ट्रेलिया: आरोन फिंच (कप्तान), एश्टोन एगर, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मिशेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्वीपसन, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम जाम्पा।



## धोनी की सलाह का फायदा उठाना चाहते हैं राहुल

**दुबई**। केएल राहुल ने अगले कुछ दिनों के लिए अपने लिए जो लक्ष्य तय किए हैं उनमें महेंद्र सिंह धोनी की भारतीय टीम के मेंटर के तौर पर हर सलाह का पूरा फायदा उठाना भी शामिल है। इस सलामी बल्लेबाज का मानना है कि धोनी की ड्रेसिंग रूम में उपस्थिति से शांति की भावना बनी रहती है। भारत टी-20 विश्व कप में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## नामीबिया को हराकर अपना खाता खोलने की कोशिश में नीदरलैंड

**अबुधाबी**। आयरलैंड के हाथों शर्मनाक हार से उबरकर नीदरलैंड टी-20 विश्व कप पहले दौर के मैच में बुधवार को नामीबिया जैसी नई टीम को हराकर खाता खोलना चाहेगा। आयरलैंड के तेज गेंदबाज कुर्टिस कैम्फर ने चार गेंद में चार विकेट लेकर नीदरलैंड की पारी की बखिया उधेड़ दी। अब वे सात विकेट से मिली उस हार को भुलाकर नामीबिया के खिलाफ ग्रुप ए के मैच में जीत दर्ज करना चाहेंगे। नीदरलैंड के बल्लेबाजों कोलिन एकेरमैन, रियान टेन डोइशे, स्कॉट एडवडर्स और रोल्फ वान डेर मर्वे को कैम्फर ने 10वें ओवर में लगातार चार गेंदों पर आउट किया। नीदरलैंड के लिए सिर्फ मैक्स ओडाउड कुछ देर टिककर 47 गेंद में 51 रन बना सके। नीदरलैंड के छह विकेट 51 रन पर गिर गए थे। टीम अब इस प्रदर्शन को भुलाकर नामीबिया के खिलाफ जीत दर्ज करना चाहेगी। नामीबिया को पहले मैच में श्रीलंका ने हराया था और इस मैच में हार से अगले दौर के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ 2011 विश्व कप में शानदार शतक लगाने वाले टेन डोइशे नामीबियाई गेंदबाजों के खिलाफ बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कप्तान पीटर सीलार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 वर्ष का अनुभव है जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 21 रन बनाए। नामीबिया की अनुभवहीन टीम के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस और अनुभवी हरफनमौल डेविड वीसे पर सारा दारोमदार होगा। वैश्विक टूर्नामेंट में पहला मैच खेलते हुए नामीबिया 19.3 ओवर में 96 रन पर आउट हो गई थी। इरास्मस समेत तीन ही बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके।

# सुपर 12 के लिए दावा मजबूत करने उतरेंगे श्रीलंका और आयरलैंड

**अबुधाबी**। पूर्व चैंपियन श्रीलंका का सामना टी-20 विश्व कप के पहले दौर के ग्रुप मुकाबले में बुधवार को यहां आयरलैंड से होगा और इस मैच की विजेता टीम सुपर 12 में जगह बनाने के करीब पहुंच जाएगी। श्रीलंका और आयरलैंड दोनों टीमें इस मुकाबले में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेंगी क्योंकि इन्होंने अपने पहले मुकाबलों में क्रमश: नामीबिया और नीदरलैंड को सात विकेट के समान अंतर से हराया है।



श्रीलंका ने अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत नामीबिया के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि आयरलैंड ने नीदरलैंड पर हर विभाग में दबदबा बनाया और इस दौरान तेज गेंदबाज कर्टिस कैंफर ने चार गेंद में चार विकेट भी चटकाए। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका को पता है कि आयरलैंड के खिलाफ उनकी राह आसान नहीं होगी और उनकी टीम को इस मुकाबले में गलती करने से बचना होगा।

इस पूर्व चैंपियन टीम को अपने सलामी बल्लेबाजों कुसाल परेरा और पथुम निसंका के अलावा अनुभवी दिनेश चांदीमल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अविष्का फर्नांडो और भानुका राजपक्षे नामीबिया के खिलाफ विपरीत अंदाज में खेल पारियों से दिखा चुके हैं कि वे क्या करने में सक्षम हैं।

महेश थेकशाना और वानिंदु हसारंगा की स्पिन जोड़ी ने नामीबिया के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया था और टूर्नामेंट में श्रीलंका की सफलता काफी हद तक इन दोनों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।

# बांग्लादेश ने ओमान को दी शिकस्त

## ●सुपर 12 में पहुंचने की उम्मीद बरकरार

**भाषा**। अल अमेरात



बांग्लादेश के मोहम्मद नईम ने शानदार 64 रन बनाए

**शाकिब** अल हसन के हरफनमौला खेल के दम पर बांग्लादेश ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी के मैच मेंओमान को 26 रन से हराकर सुपर 12 में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बनाए रखा है। बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 153 रन पर ऑलआउट हो गई लेकिन उसने इस लक्ष्य का शानदार तरीके से बचाव करते हुए ओमान को नौ विकेट पर 127 रन ही बनाने दिए।

स्कॉटलैंड की टीम दो मैचों दो जीत से शीर्ष पर है और सुपर 12 में उसकी जगह लगभग पक्की है। प्लेयर ऑफ द मैच शाकिब ने 29 गेंद की पारी में छह चौके की मदद से 42 रन बनाने के बाद गेंदबाजी में कमाल करते हुए तीन विकेट लिए। सैफुद्दीन ने चार ओवर में 16 रन और महेदी ने चार ओवर में 14 रन देकर एक-एक विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान के लिए जतिंदर सिंह ने 33 गेंद में 40 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। इससे पहले शाकिब और और सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम (64) ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी कर बांग्लादेश के लिए बड़े स्कोर की नींव रखी। नईम ने दो आसान जीवनदान का फायदा उठाते हुए 50 गेंद की पारी में तीन चौके और चार छक्के जड़े। ओमान के लिए बिलाल खान और फय्याज बट ने तीन-तीन विकेट लिए।

**स्कोर बोर्ड**

बांग्लादेश: लिट्टन दास प ग बा धा बिलाल 06, मोहम्मद नईम का अयान बो कलीमुल्लाह 64, मेहदी हसन का एवं बो बट 00, शाकिब अल हसन रन आउट 42, नुरुल हसनका गौड़ बो मकसूद 03, अफीफ हुसैन का जतिंदर बो कलीमुल्लाह 01, महमुदुल्लाह बो बिलाल 17, मुशफिकुर रहीम का नसिम खुशी बो फय्याज 06, मोहम्मद सैफुद्दीन का जतिंदर बो फय्याज 00, तस्कीन अहमद नाबाद 01, मुस्ताफिजुर रहमान का मकसूद बो बिलाल 02

अतिरिक्त: 11

कुल (20 ओवर में सभी आउट) 153

विकेट पतन : 1-11, 2-21, 3-101, 4-112, 5-120, 6-122, 7-138, 8-138, 9-151

गेंदबाजी: बिलाल खान 4-0-18-3, कलीमुल्लाह 4-0-30-2, फय्याज बट 4-0-30-3,मोहम्मद नदीम 4-0-35-0, आकिब इल्यास 2-0-16-0, जीशान मकसूद, 2-0-17-1

ओमान: आकिब इल्यास पगबाधा मुस्ताफिजुर 06, जतिंदर सिंह का लिट्टन बो शाकिब 40, कश्यप प्रजापति का नुरूल बो मुस्ताफिजुर 21, जीशान मकसूद का मुशफिकुर बो महेदी 12, अयान खान का महमुदुल्लाह बो शाकिब 09, संदीप गौड़ क मुशफिकुर बो सैफुद्दीन 04, नसीम खुशी का महमुदुल्लाह बो शाकिब 4, कलीमुल्लाह का नुरूल बो मुस्ताफिजुर 05, मोहम्मद नदीम नाबाद 14, फय्याज बट का मुशफिकुर बो मुस्ताफिजुर 00, बिलाल खान नाबाद 00

अतिरिक्त: 10

कुल योग: (20 ओवर में नौ विकेट पर) 127 रन

विकेट पतन: 1-13, 2-47, 3-81, 4-90, 5-101, 6-105, 7-105, 8-112, 9-112

गेंदबाजी: तस्कीन 4-0-31-0, मुस्ताफिजुर 4-0-36-4, सैफुददीन 4-0-16-1, शाकिब अल हसन 4-0-28-3, महेदी हसन 4-0-14-1

## स्कॉटलैंड ने पीएनजी को 17 रन से हराया



स्कॉटलैंड के मैथ्यू क्रास का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ी सिमोन अताई (दाएं) के साथ जश्न मनाते पापुआ न्यू गिनी के किपलिन डोरिगा (बाएं)

**अल अमेरात**। रिची बेरिंगटन के अर्धशतक के बाद जोश डेवी की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से स्कॉटलैंड ने ग्रुप बी मैच में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 17 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए सुपर 12 में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। पीएनजी की टीम स्कॉटलैंड के 166 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नोर्मन वानुआ (47 रन, 37 गेंद, दो छक्के, दो चौके) और किपलिन डोरिगा (18) के बीच सातवें विकेट की 53 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी के बावजूद 19.3 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। कप्तान असद वला (18) और सेसे बाउ (24) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। स्कॉटलैंड की ओर से डेवी ने 18 रन देकर चार विकेट चटकाए। मार्क वाट, ब्रेड व्हील, एलेस्डेयर इवान्स और क्रिस ग्रीव्स ने एक-एक विकेट हासिल किया। स्कॉटलैंड ने बेरिंगटन (70) और मैथ्यू क्रॉस (45) के बीच तीसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की मदद से नौ विकेट पर 165 रन रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। बेरिंगटन ने 49 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के मारे जबकि क्रॉस ने 36 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और इतने ही छक्के जड़े। अपने पहले मैच में बांग्लादेश को छह रन से हराने वाले स्कॉटलैंड ने अपने दोनों मैच जीतकर सुपर 12 चरण में जगह बनाने का दावा मजबूत कर दिया है।

## जूनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक में बने कई रिकार्ड

**बेंगलुरू**। कर्नाटक के आर संभव ने सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के पहले दिन मंगलवार को यहां 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज का रिकार्ड तोड़ा। संभव ने एक मिनट 53.41 सेकेंड का समय निकालकर नटराज का एक मिनट 53.54 सेकेंड का तीन साल पुराना रिकार्ड अपने नाम किया।

कर्नाटक के अनीश एस गौड़ा।:53.54 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि महाराष्ट्र के वेदांत माधवन (1:55.93) ने कांस्य पदक जीता।

लड़कों के 200 मीटर व्यक्तिगत मेडल में बंगाल के स्वदेश मंडल और कर्नाटक के सोहन गांगुली ने क्रमश: दो मिनट 08.88 सेकेंड और दो मिनट 09.05 सेकेंड का समय लेकर पिछले राष्ट्रीय रिकार्ड को पीछे छोड़ा। पिछला रिकार्ड महाराष्ट्र के नील राय ने 2018 में 2:10.26 का समय लेकर बनाया था।

# भारत-पाक के बीच विश्व कप मकाबले होने चाहिए: पादुकोण

**भाषा**। मुंबई

भारतीय बैडमिंटन के पूर्व दिग्गज प्रकाश पादुकोण का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के बाद भी दोनों देशों के बीच टी-20 विश्व कप के मैच का आयोजन होना चाहिए। दोनों टीमें 24 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले से टी-20 विश्व कप में अपने अभियान को शुरू करेंगे।



पादुकोण ने यहां नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक कार्यक्रम के इतर कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि खेलों को राजनीति के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए और इस मैच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यह मेरी निजी राय है और ऐसा होता है या नहीं इस पर टिप्पणी करने का मैं कोई अधिकार नहीं रखता हूं। उन्होंने कहा कि लेकिन अगर आप मेरी निजी राय पूछ रहे है तो मुझे लगता है कि मैच का आयोजन होना चाहिए। वे पहले भी कई बार खेल चुके हैं, इसलिए यह अलग नहीं है। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर में हाल के दिनों में आतंकवादियों द्वारा नागरिकों की हत्या के मद्देनजर मैच रद्द कर दिया जाना चाहिए। आम आदमी पार्टी की दिल्ली में सरकार है।

## टीके के बिना आस्ट्रेलिया ओपन के लिए टेनिस खिलाड़ियों को वीजा नहीं

**मेलबर्न**। जनवरी में आस्ट्रेलिाई ओपन के दौरान उन टेनिस खिलाड़ियों को वीजा नहीं मिलेगा जिन्होंने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है। विक्टोरिया के प्रधानमंत्री डेनियल एंड्रयूज पहले ही घरेलू खेल लीगों में खेल रहे खिलाड़ियों और स्वास्थ्य समेत कुछ क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए टीका अनिवार्य होने की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने अब विदेश से यहां खेलने आ रहे टेनिस खिलाड़ियों के लिए भी टीका अनिवार्य कर दिया।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि ऐसे किसी खिलाड़ी को यहां के लिए वीजा मिलेगा जिसे टीका नहीं लगा हो।

वीजा मिलने पर भी कुछ सप्ताह पृथकवास में रहना होगा जो बाकी खिलाड़ियों को नहीं रहना होगा। आस्ट्रेलिया 18 महीने में पहली बार अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाएं फिर से खेलने की तैयारी में है।

# हरभजन और श्रीनाथ को एमसीसी की मानद आजीवन सदस्यता

**भाषा**। लंदन

**भारतीय** स्पिनर हरभजन सिंह और पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ उन 18 क्रिकेटरों में शामिल है जिन्हें मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने मंगलवार को मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की। लंदन स्थित एमसीसी को क्रिकेट नियमों का संरक्षक माना जाता है। हरभजन और श्रीनाथ का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है।

हरभजन के नाम 103 टेस्ट में 417 विकेट दर्ज हैं और वह खेल के इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीयों में तीसरे नंबर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में उन्होंने 700 से ज्यादा विकेट लिए हैं। श्रीनाथ अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के एलीट पैनल के मैच रेफरी है। वह भारत के महान तेज गेंदबाजों





में शामिल हैं। उन्होंने एकदिवसीय में 315 और टेस्ट में 236 विकेट लिए हैं। एमसीसी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस साल की सूची में 12 टेस्ट खेलने वाले देशों में से आठ को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जिसमें आधुनिक खेल के कुछ सबसे लोकप्रिय खिलाड़ी भी शामिल है। भारत के दो खिलाड़ियों के अलावा इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के चार-चार खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया गया है। इसमें वेस्टइंडीज के तीन, ऑस्ट्रेलिया के दो और न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे तथा श्रीलंका के एक - एक खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक के अलावा इयान बेल और मार्कस ट्रेस्कोथिक को आजीवन सदस्यता का सम्मान मिला है। इन तीनों ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 39,000 से अधिक रन बनाए है। इस सूची में चौथा नाम महिला विकेटकीपर बल्लेबाज साराह टेलर का है।

## न्यूजीलैंड के विवादास्पद अंपायर गुडाल का निधन

**वेलिंगटन**। न्यूजीलैंड के क्रिकेट अंपायर फ्रेड गुडाल का निधन हो गया है। वह न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच 1980 में विवादास्पद टेस्ट श्रृंखला का हिस्सा थे। गुडाल 83 बरस के थे। उनके निधन की घोषणा न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की लेकिन इसका कारण नहीं बताया। गुडाल ने 1965 से 1988 के बीच 24 टेस्ट और 15 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ फरवरी 1980 में क्राइस्टचर्च के लेंकास्टर पार्क में विवादास्पद दूसरे टेस्ट के लिए जाना जाता है। इस मैच में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज कोलिन क्रॉफ्ट ने उन्हें टक्कर मार दी थी। ऐसा लगा था कि क्रॉफ्ट ने यह जानबूझकर किया लेकिन इस तेज गेंदबाज ने हमेशा कहा कि ऐसा दुर्घटनावश हुआ था। कप्तान क्लाइव लॉयड की अगुआई में वेस्टइंडीज की टीम विश्व क्रिकेट की सुपरस्टार थी और आस्ट्रेलिया के पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद तीन टेस्ट और एक वनडे खेलने न्यूजीलैंड आई थी।

# सिंधू, श्रीकांत और समीर की अच्छी शुरुआत

**डेनमार्क ओपन बैडमिंटन**

**भाषा**। ओडेन्से

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने डेनमार्क ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में तुर्की की नेसलिहान यिजिट के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की। किदांबी श्रीकांत और समीर वर्मा ने भी टूर्नामेंट में अपना सफर जीत के साथ शुरू किया। मौजूदा विश्व चैम्पियन सिंधू को विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी के खिलाफ महिला एकल मुकाबले में 21-12, 21-10 से जीत दर्ज करने में महज 30 मिनट का समय लगा।



टोक्यो ओलंपिक के बाद सुदिरमन कप और उबेर कप फाइनल्स से बाहर रहने वाली चौथी वरीयता प्राप्त इस भारतीय खिलाड़ी का दूसरे दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूगफान से सामना होगा। पूर्व चैम्पियन किदाम्बी श्रीकांत और भारत के ही समीर वर्मा ने भी यहां टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग में जीत के साथ शुरुआत की। श्रीकांत ने 2017 में यहां खिताब जीता था।

उन्होंने हमवतन बी साई प्रणीत को 30 मिनट में 21-14, 21-11 से हराया। वहीं 28वीं रैंकिंग वाले समीर ने थाईलैंड के 21वीं रैंकिंग वाले कुन्लावुट विदितसर्न को 21-17, 21-14 से मात दी। दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत का सामना दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के केंतो मोमोता से हो सकता है। वहीं समीर डेनमार्क के तीसरी वरीयता प्राप्त एंडर्स एंटोंसेन से खेल सकते हैं। पुरुष युगल में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि मिला-जुला रहा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने अपने पहले मैच में इंग्लैंड की कैलम हेमिंग और स्टीवन स्टॉलवुड की जोड़ी को 23-21, 21-15 से हराया, तो वहीं एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने बेन लेन और सीन वेंडी की इंग्लैंड की दुनिया की 17वें नंबर की जोड़ी को 21-19 21-15 से शिकस्त दिया। मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी को हालांकि पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें मलेशिया के गो जे फेइ और नूर इजुद्दीन ने 21-18, 21-11 से हराया। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज सिंधू को अपने मुकाबले में ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने पहले गेम में 5-4 से बढ़त हासिल करने के बाद आसानी से इसे अपने नाम किया।

दूसरे गेम की शुरुआत में वह 1-3 से पिछड़ रही थी लेकिन फिर वापसी कर 10-4 की बढ़त हासिल की। यिजिट ने हालांकि लगातार चार अंक हासिल कर स्कोर 10-9 कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद अपने खेल के स्तर को ऊंचा करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# उत्तर कोरिया ने किया पनडुब्बी मिसाइल का परीक्षण

## ● दक्षिण कोरिया ने जताया खेद

**एपी**। सियोल

**उत्तर** कोरिया ने मंगलवार को समुद्र में कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिसे दक्षिण कोरियाई सेना ने पनडुब्बी से दागे जाने वाला हथियार बताया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यभार संभालने के बाद यह उत्तर कोरियाई सेना द्वारा हथियारों के सबसे महत्वपूर्ण प्रदर्शनों में से एक है। मिसाइल का परीक्षण ऐसे वक्त में हुआ जब कुछ घंटों पहले अमेरिका ने उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार कार्यक्रम पर कूटनीति बहाल करने की अपनी पेशकश दोहराई। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उसने उत्तर कोरिया के एक कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने का पता लगाया है जिसे उसने पनडुब्बी से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल माना है। दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाएं इस प्रक्षेपण का करीबी विश्लेषण कर रही हैं। दक्षिण कोरियाई सेना ने बताया कि प्रक्षेपण समुद्र में किया गया लेकिन उसने यह नहीं बताया कि क्या यह समुद्र के नीचे से पनडुब्बी से दागी गई या समुद्र की सतह के ऊपर से दागी गई।

जापान की सेना ने कहा कि उसके प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि उत्तर कोरिया ने दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं और प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि अधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि क्या ए पनडुब्बी से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल हैं। प्रक्षेपण के बाद किशिदा ने इस महीने होने वाले जापान के विधाई चुनाव के मद्देनजर अपना प्रचार अभियान बीच में रोक दिया और वह टोक्यो लौट रहे हैं। उन्होंने अपनी सरकार को उत्तर कोरिया से बढ़ते खतरे को देखते हुए देश की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की समीक्षा करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा, हम मिसाइल तकनीक में उत्तर कोरिया के हाल के विकास और जापान तथा क्षेत्र की सुरक्षा पर इसके असर को हल्के में नहीं ले सकते।

उत्तर कोरिया ने इससे पहले पनडुब्बी से दागे जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण अक्टूबर 2019 में किया था।

# भारत की पनडुब्बी को अपने जलक्षेत्र में घुसने से रोका

**भाषा**। इस्लामाबाद

## ● पाकिस्तान का दावा

**पाकिस्तान** की सेना ने मंगलवार को दावा किया कि उसने पिछले सप्ताह भारत की एक पनडुब्बी को पाकिस्तानी जलक्षेत्र में घुसने से रोक दिया। इसने एक बयान में कहा कि घटना 16 अक्टूबर को हुई, जब पाकिस्तानी नौसेना के एक गश्ती विमान ने भारतीय पनडुब्बी की मौजूदगी का पता लगाया। बयान में कहा गया कि नौसेना ने 16 अक्टूबर को भारतीय पनडुब्बी का पता लगाया और उसे पाकिस्तानी जलक्षेत्र में घुसने से रोक दिया गया।

पाकिस्तान की सेना ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए पाकिस्तानी नौसेना देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करने के लिए कड़ी निगरानी रख रही है। बयान में कहा गया कि यह इस तरह की तीसरी घटना है, जब भारतीय पनडुब्बी का समय से पहले ही पता लगा लिया गया और उसे रोक दिया गया।

सेना ने कथित घटना की एक छोटी वीडियो फुटेज भी जारी की। बयान में दावा किया गया है कि इस तरह की एक घटना पिछली बार मार्च 2019 में हुई थी, जब पाकिस्तानी नौसेना ने एक भारतीय पनडुब्बी का पता लगाकर उसे देश के जलक्षेत्र में घुसने से रोक दिया था। इसमें दावा किया गया कि भारतीय पनडुब्बी द्वारा इस तरह का एक और प्रयास नवंबर 2016 में किया गया था, जिसका पता लगाकर उसे पाकिस्तान के जलक्षेत्र से बाहर कर दिया गया था।

### एफएटीएफ के अगले सत्र तक ग्रे सूची में रह सकता है पाक

**इस्लामाबाद**। पेरिस स्थित वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) का अगला सत्र अप्रैल 2022 में होने तक पाकिस्तान उसकी ग्रे सूची में बना रह सकता है। मंगलवार को एक खबर में यह जानकारी दी गई। द न्यूज इंटरनेशनल द्वारा पेरिस से प्रकाशित एक खबर के अनुसार एफएटीएफ का तीन दिवसीय सत्र 19 से 21 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा और ऐसी संभावना है कि मंगलवार के सत्र में सूचित किया जा सकता है कि पाकिस्तान ने अभी एफएटीएफ के मानदंडों को पूरा नहीं किया है।

# अमेरिका ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमलों की घटनाओं की निंदा की

**वाशिंगटन**। अमेरिका ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय के लोगों पर हाल में हुए हमलों की घटनाओं की निंदा की है। विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, धर्म चुनने की आजादी, मानवाधिकार है। दुनिया का प्रत्एक व्यक्ति, फिर चाहे वह किसी भी धर्म या आस्था को मानने वाला हो, उसका अपने अहम पर्व मनाने के लिए सुरक्षित महसूस करना जरूरी है। प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्रालय, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय के लोगों पर हाल में हुए हमलों की घटनाओं की निंदा करता है। इस बीच बांग्लादेशी हिन्दू समुदाय के सदस्य प्रनेश हल्दर ने एक बयान में विदेश मंत्रालय से अपील की, बांग्लादेश में पहले से ही परेशानियों में घिरे हिन्दुओं को और नुकसान नहीं पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निगरानीकर्ता समूहों और मीडिया घरानों से बांग्लादेश में हिंसा की गंभीरता को उजागर करने की भी अपील की। अमेरिका में बांग्लादेश के दूतावास के बाहर बांग्लादेशी हिन्दू समुदाय के लोगों ने दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडालों में की गई तोड़-फोड़ के विरोध में रविवार को प्रदर्शन भी किया था। अमेरिका के हिन्दू अधिकार समूह हिन्दूपैक्ट के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने कहा, यह देखना खासतौर पर भयावह है कि नोआखाली में बसे हिन्दुओं पर इस तरह से हमले हो रहे हैं.।

## अमेरिका के विशेष दूत खलीलजाद का इस्तीफा

**वाशिंगटन**। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने बताया कि अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष दूत जलमी खलीलजाद ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और अब उनकी जगह राजनयिक थॉमस वेस्ट लेंगे। अमेरिका और तालिबान के बीच शांति वार्ता में खलीलजाद की अहम भूमिका रही है। ब्लिंकन ने कहा कि जलमी खलीलजाद ने अफगानिस्तान के लिए विशेष दूत के पद से इस्तीफा दे दिया है। मैं दशकों तक अमेरिकी लोगों की सेवा करने के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने बताया कि थॉमस वेस्ट अब अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष दूत होंगे। वेस्ट पहले उप राष्ट्रपति की राष्ट्रीय सुरक्षा टीम और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का हिस्सा रह चुके हैं। अब वह, राजनयिक प्रयासों का नेतृत्व करेंगे, दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो के सचिव तथा सहायक सचिव को सलाह देंगें।



लंदन में विज्ञान संग्रहालय में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और बिल गेट्स

# भारत, अमेरिका, इजराइल और यूएई के विदेश मंत्रियों ने की चतुष्पक्षीय बैठक

**भाषा**। यरुशलम/ वाशिंगटन

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका, इज़राइल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्षों के साथ चतुष्पक्षीय बैठक की। इस दौरान इन नेताओं ने पश्चिम एशिया तथा एशिया में व्यापार तथा समुद्री सुरक्षा बढ़ाने सहित आर्थिक एवं राजनीतिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर इन दिनों इज़राइल की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। सोमवार को हुई बैठक में जयशंकर, इज़राइल के विदेश मंत्री यायर लापिद, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान शामिल हुए।

जयशंकर ने ट्वीट किया द्बस्त्र इज़राइल के विदेश मंत्री यायर लापिद, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ पहली बैठक अच्छी रही। आर्थिक विकास और वैश्विक मुद्दों पर एक साथ मिलकर काम करने को लेकर चर्चा की। शीघ्र कदम उठाने पर सहमति बनी। जयशंकर ने एक संक्षिप्त टिप्पणी में कहा कि आप तीनों हमारे सबसे करीबी साझेदारों में से हैं। उन्होंने ब्लिंकन की इस बात से सहमति जताई कि इस तरह का एक मंच तीन अलग-अलग द्विपक्षीय कार्यक्रमों की तुलना में बहुत बेहतर काम कर सकता है।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह बहुत स्पष्ट है कि अपने समय के बड़े मुद्दों पर हम सभी की एक समान सोच है और यह काफी मददगार होगा यदि हम काम करने के लिए कुछ व्यावहारिक चीजों पर सहमत हो सकें। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक बयान में बताया कि ब्लिंकन ने तीनों समकक्षों के साथ व्यापार, जलवायु परिवर्तन से निपटने, ऊर्जा सहयोग और समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के जरिए पश्चिम एशिया तथा एशिया में आर्थिक और राजनीतिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मंत्रियों ने प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान के क्षेत्र में लोगों के आपसी संबंध बढ़ाने और कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप के दौरान विश्व स्तर पर जन स्वास्थ्य का कैसे समर्थन किया जाए, इस पर चर्चा की। ब्लिंकन ने ट्वीट किया कि बैठक में क्षेत्र और विश्व स्तर पर चिंता के साझा मुद्दों और हमारे आर्थिक तथा राजनीतिक सहयोग के विस्तार के महत्व पर चर्चा की। ब्लिंकन ने एक बयान में इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और भारत को अपने तीन बड़े रणनीतिक साझेदार के रूप वर्णित किया।

उन्होंने कहा कि नए तरीके से दोस्तों को साथ लाकर, हम इन साझेदारियों को और व्यापक कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह बैठक इसी बारे में है।

## जयशंकर इजराइल के ओब्दा वायुसेना स्टेशन गए

**यरूशलम**। विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को इजराइल के ओब्दा वायुसेना स्टेशन गए और द्विवार्षिक ब्लू फ्लैग अभ्यास में हिस्सा ले रहे भारतीय वायुसेना दल के सदस्यों से मुलाकात की। इस अभ्यास में आठ देशों की वायुसेनाओं के दल हिस्सा ले रहे। अभ्यास का मकसद परिचालनात्मक क्षमता को बेहतर बनाने के लिए ज्ञान एवं लड़ाई से जुड़े अनुभवों को साझा करना है। इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना के 84 कर्मी तथा पांच उन्नत मिराज-2000 लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांसीसी विमानों के उन्नत प्रौद्योगिकी प्रारूप हैं तथा आधुनिक हथियार प्रणाली से लैस हैं। इजराइल में जारी इस अभ्यास में अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली, यूनान और इजराइल हिस्सा ले रहे हैं। इसमें पहली बार एफ-35 विमान हिस्सा ले रहे हैं। भारत इस द्विवार्षिक अभ्यास में वर्ष 2017 से ही हिस्सा ले रहा है।

# तीन भारतीय-अमेरिकियों समेत 19 युवा नेता व्हाइट हाउस फेलो नियुक्त

**भाषा**। वाशिंगटन

व्हाइट हाउस ने तीन भारतीय-अमेरिकियों समेत 19 उभरते युवा नेताओं को 2021-22 के लिए अपने फेलो के रूप में सोमवार को नामित किया। प्रतिष्ठित व्हाइट हाउस फेलोशिप कार्यक्रम के तहत विविध पृष्ठभूमियों के पेशेवरों को चुना जाता है, जो एक साल तक व्हाइट हाउस कर्मियों, कैबिनेट मंत्रियों और सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के पूर्णकालिक फेलो के रूप में कार्य करते हैं और इसके लिए उन्हें वेतन भी दिया जाता है। इस सूची में जगह बनाने वाले तीन भारतीय-अमेरिकियों में कैलिफोर्निया के सनी पटेल एवं जॉय बसु और न्यूजर्सी के आकाश शाह शामिल हैं। प्रेजिटेंड्स कमीशन ऑन व्हाइट हाउस फेलो ने इस बार फेलो चुने गए युवाओं को इस कार्यक्रम के इतिहास का सबसे विविध वर्ग करार दिया था। इस कार्यक्रम को अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने 1964 में शुरू किया था।

सैन फ्रांसिस्को की जॉय बसु को व्हाइट हाउस जेंडर पॉलिसी काउंसिल में नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह प्रामाणिक और प्रभावित करने वाले विकास संबंधी नवीन व्यवसायों के लिए एक वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कार्य कर चुकी हैं। वह टीपीजी ग्रोथ में पहली चीफ ऑफ स्टाफ थीं, जहां उन्होंने द राइज फंड का निर्माण किया, जो एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी निवेश मंच है। सनी पटेल को गृह सुरक्षा विभाग में नियुक्त किया गया है। पटेल एक बाल एवं किशोर मनोचिकित्सक और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सक हैं, जो बच्चों और परिवारों के लिए समान स्वास्थ्य प्रणालियों का निर्माण करना चाहते हैं। उन्होंने हाल ही में न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में अपनी फेलोशिप पूरी की, जहां उन्होंने बाल चिकित्सा कैंसर क्लीनिक में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी एक मॉडल बनाया था। सनी के अनुसंधान कई पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए थे। उनके अनुसंधान को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी पेश किया गया था। आकाश शाह को स्वास्थ्य एवं मानवसेवा विभाग में नियुक्त किया गया है।

# अमेरिका को वार्ता पर गंभीरता दिखाने के लिए प्रतिबंध हटाने चाहिएः इब्राहिम रईसी

**तेहरान**। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने सोमवार को कहा कि उनके देश पर लगाए गए प्रतिबंध अमेरिका को यह साबित करने के लिए हटा देना चाहिए कि वह विएना में बाधित परमाणु वार्ता बहाल करने को लेकर गंभीर है। सरकारी टीवी को दिए एक साक्षात्कार में रईसी ने कहा कि ईरान ने पश्चिमी देशों के साथ लक्ष्य उन्मुखी वार्ता की है और ईरान कभी वार्ता छोड़कर नहीं गया। उन्होंने कहा, प्रतिबंध हटाना दूसरे पक्ष की गंभीरता का संकेत है। ईरान और 2015 के परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले यूरोपीय देशों के बीच वार्ता में जून से गतिरोध है। अगस्त में पदभार संभालने वाले रईसी के प्रशासन ने वार्ता बहाल करने के लिए कोई तारीख तय नहीं की है। ईरान विएना में वार्ता जल्द बहाल करने की अपीलों का विरोध करता रहा है।

इसके बजाय ईरान विएना में वार्ता से पहले ब्रसेल्स में समझौते के अन्य पक्षकारों के साथ अलग से बैठक करना चाहता है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के सोमवार को वाशिंगटन में संयुक्त राष्ट्र की परमाणु हथियार निगरानी संस्था के प्रमुख से मुलाकात करने पर विदेश विभाग ने कहा कि बाइडन प्रशासन को नहीं लगता कि ब्रसेल्स में पहले मुलाकात करने की आवश्यकता है। ब्लिंकन ने आगाह किया है कि कूटनीति का दरवाजा बंद हो रहा है। बहरहाल रईसी ने कहा कि इस मुद्दे पर ईरान गंभीर है, हमें दूसरे पक्ष की गंभीरता भी नजर आनी चाहिए। गौरतलब है कि 2015 के परमाणु समझौते के मुताबिक ईरान को अपने ऊपर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले में अपने यूरेनियम संवर्धन में भारी कमी लानी थी।

# अमेरिकी अदालत में नीरव मोदी की याचिका खारिज

**भाषा**। वाशिंगटन

**नीरव** मोदी को झटका देते हुए अमेरिका की एक अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी और उसके दो साथियों की उस याचिका को ठुकरा दिया जिसमें उन्होंने तीन कंपनियों के एक न्यासी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए धोखाधड़ी के आरोपों को खारिज करने के अनुरोध किया था।

तीन अमेरिकी कंपनियों फायरस्टार डायमंड, फैंटेसी इंक और ए जैफ के अदालत द्वारा नियुक्त न्यासी रिचर्ड लेविन ने न्यूयॉर्क की एक अदालत में ए आरोप लगाए हैं। पहले इन तीनों कंपनियों का स्वामित्व अप्रत्यक्ष रूप से 50 वर्षीय नीरव मोदी के पास था। लेविन ने मोदी और उसके साथियों मिहिर भंसाली एवं अजय गांधी को कर्ज देने वालों को हुए नुकसान के लिए 1.5 करोड़ डॉलर का न्यूनतम मुआवजा भी मांगा है।

दिवालिया होने संबंधी मामलों की सुनवाई कर रही न्यूयॉर्क की अदालत के न्यायाधीश सीन एच लेन ने गत शुक्रवार को यह आदेश जारी किया जो भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी और उसके साथियों के लिए एक झटका है। ब्रिटेन की एक जेल में बंद नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाला मामले में धोखाधड़ी और धन शोधन के आरोपों का



सामना करने के लिए प्रत्यर्पण के भारत के प्रयासों को चुनौती दे रहा है। भारतीय अमेरिकी वकील रवि बत्रा ने कहा कि अदालत के न्यायाधीश लेन ने स्पष्ट फैसले में अमेरिकी न्यासी रिचर्ड लेविन की संशोधित शिकायत खारिज करने के अनुरोध वाली, अभियुक्त नीरव मोदी, महिर भंसाली और अजय गांधी की याचिका ठुकरा दी है।

60 पृष्ठों के आदेश के बारे में जानकारी देते हुए बत्रा ने बताया कि नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक और अन्य से एक अरब डॉलर की धोखाधड़ी की योजना बनाकर कंपनी के शेयर मूल्य को गलत तरीके से बढ़ाने के लिए अतिरिक्त बिक्री के तौर पर मुनाफा फिर से अपनी कंपनी में ही लगाया। बत्रा ने कहा कि लेकिन वे बैंक धोखाधड़ी के जरिए अपनी कंपनियों से गलत तरीके से प्राप्त धन को हासिल करने के लिए तथा अपने निजी फायदे के वास्ते धन की निकासी को छिपाने के लिए एक और धोखाधड़ी में शामिल हो गए और उन्होंने इसे इस तरह दिखाया जैसे यह सामान्य व्यापारिक लेनदेन हो।

अदालत के आदेश के अनुसार, लेविन की याचिका में नीरव मोदी की छह साल की अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी, धन शोधन और गबन साजिश के परिणामस्वरूप कर्जदारों और उनकी संपदा को नीरव मोदी तथा उसके साथियों से पहुंचे नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति करने का अनुरोध किया गया है। इस बीच ब्रिटेन के क्राउन प्रोसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने अगस्त में कहा था कि वह नीरव मोदी को भारत सरकार को प्रत्यर्पित करने के आदेश के खिलाफ अपील करने की हीरा कारोबारी को अनुमति देने के लंदन उच्च न्यायालय के फैसले की समीक्षा कर रहा है।

अदालत में भारतीय प्राधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सीपीएस ने कहा कि अपील पर दो आधारों पर सुनवाई हो सकती है जिसमें हीरा कारोबारी का मानसिक स्वास्थ्य भी शामिल है।

## जलवायु परिवर्तन के लिए मानव गतिविधियां जिम्मेदार

**वाशिंगटन**। जलवायु परिवर्तन के लिए मानव गतिविधियां जिम्मेदार हैं और इस बात को 99.9 प्रतिशत वैज्ञानिक दस्तावेजों में माना गया है। यह तथ्य 88,000 से अधिक अध्ययनों की समीक्षा में सामने आया है। पत्रिका एन्वाइरन्मेन्टल रिसर्च लेटर्स में मंगलवार को प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट में 2013 में आए ऐसे ही एक अनुसंधान पत्र के परिणामों को अद्यतन किया गया है जिसमें कहा गया था कि 1991 से 2012 के बीच किए गए 97 प्रतिशत अध्ययनों में इस बात को माना गया था कि धरती के तापमान में वृद्धि के लिए मानव गतिविधियां जिम्मेदार हैं। मौजूदा सर्वेक्षण में 2012 से नवंबर 2020 तक किए गए उन अध्ययनों की समीक्षा की गई जो यह जानने के लिए किए गए कि मुद्दे पर कहीं वैज्ञानिकों के बीच आम सहमति में कहीं कोई बदलाव तो नहीं हुआ है। अमेरिका स्थित कोर्नेल यूनिवर्सिटी के विजिटिंग फेलो एवं अध्ययन पत्र के प्रथम लेखक मार्क लिनास ने कहा कि मुद्दे पर 99 प्रतिशत से अधिक आम सहमति अब भी यही है कि जलवायु परिवर्तन के लिए मानव गतिविधियां जिम्मेदार हैं।

## लापता भारतीय मछुआरे की तलाश में जुटी श्रीलंका

**कोलंबो**। श्रीलंका की नौसेना ने उस भारतीय मछुआरे को खोजने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है, जो उसकी नाव में श्रीलंकाई नौसैनिक पोत द्वारा टक्कर मारे जाने के बाद से लापता है। आधिकारिक बयान में मंगलवार को बताया गया कि लापता भारतीय मछुआरे की नौका में दो और लोग सवार थे। यह घटना सोमवार देर रात नेदुनथीवु के पास हुई, जब श्रीलंकाई नौसेना पोत इन मछुआरों की नाव से जा टकराया, जिससे उसमें सवार तीन लोग समुद्र में जा गिरे।श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान में कहा कि उनमें से दो मछुआरों को श्रीलंकाई कर्मियों ने तुरंत बचा लिया, जबकि एक अन्य मछुआरे को तुरंत नहीं बचाया जा सका और उसकी तलाश की जा रही है। बयान में कहा गया है,ै श्रीलंकाई नौसेना (एसएलएन) 18 अक्टूबर की शाम को कोविलन लाइटहाउस के उत्तर-पश्चिम में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पार श्रीलंकाई जल क्षेत्र में डूबी नाव पर सवार दो मछुआरों को बचाने में कामयाब रही है।ए मछुआरे तमिलनाडु में पुथुकोट्टई जिले के कोट्टईपट्टिनम के रहने वाले थे।

## गोताखोर को मिली 900 साल पुरानी तलवार

**यरुशलम**। एक इजराइली गोताखोर को देश के भूमध्यसागरीय तट के पास 900 साल पुरानी तलवार मिली है। इजराइल के पुरावशेष प्राधिकरण ने सोमवार को कहा कि गोताखोर श्लोमी कात्जिन पिछले सप्ताहांत गोता लगाने के लिए उत्तरी इजराइल गया था। उसी दौरान उसने कुछ प्राचीन कलाकृतियों देखी जिनमें लंगर, मिट्टी के बर्तन और एक मीटर लंबी तलवार भी शामिल थी। गोताखोर को यह तलवार पांच मीटर गहरे पानी में तट से करीब 150 मीटर की दूरी पर मिली। विशेषज्ञों का कहना है कि प्राचीन काल में उस क्षेत्र में जहाज लंगर डालते थे और वहां कई पुरातात्विक खजाने हो सकते हैं। उनमें से कुछ 4,000 साल पहले तक के हो सकते हैं। गोताखोर ने तलवार सरकारी विशेषज्ञों को सौंप दी है, जिसके 900 साल पुरानी होने का अनुमान है।

## ज्वालामुखी की सक्रियता के बारे में नए सुराग मिले

**बीजिंग**। चीन के एक रोबोटिक अंतरिक्ष यान द्वारा पिछले साल पृथ्वी पर लाई गई चंद्रमा की चट्टानों के विश्लेषण से वर्षों पहले चंद्रमा पर हुई ज्वालामुखी गतिविधि के बारे में नई जानकारी मिली है। एक अनुसंधानकर्ता ने मंगलवार को यह बताया। ली शियानहुआ ने कहा कि नमूनों के विश्लेषण से चंद्रमा की रासायनिक संरचना के बारे में और इसके विकास पर उष्मा से पड़े प्रभाव के बारे में नई जानकारी मिली है। ली ने कहा कि नमूनों से यह संकेत मिलता है कि यह गतिविधि चंद्रमा पर दो अरब साल पहले भी हो रही थी, जबकि पूर्ववर्ती अनुमानों में कहा गया था कि इस तरह की गतिविधि 2.8 अरब और तीन अरब वर्ष पूर्व के बीच रुक गई थी। ली ने संवाददाताओं से कहा कि चंद्रमा पर ज्वालामुखी गतिविधियां बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे चंद्रमा के अंदर की हलचल को बयां करती हैं और चंद्रमा के अंदर ऊर्जा के पुनर्चक्रण को प्रदर्शित करती हैं। चीन, पहली बार पिछले साल दिसंबर में चंद्रमा से चट्टान पृथ्वी पर लेकर आया। इससे पहले अमेरिका और पूर्व सोवियत संघ 1970 के दशक में यह कार्य कर चुके हैं।

## नए संविधान का मसौदा 2022 तक तैयार होगा

**कोलंबो**। श्रीलंका के नए संविधान के मसौदा को संसद की मंजूरी के लिए 2022 की शुरूआत तक अंतिम रूप दे दिए जाने की उम्मीद है। विदेश मंत्री जी एल पेइरिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पेइरिस ने कहा कि 2019 के चुनाव घोषणापत्र में राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे द्वारा किए गए वादे के मुताबिक मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित की गई है। पेइरिस ने कहा कि इस मसौदा को अब पूरा कर लिया गया है और इसे विधिक मसौदा लेखक के पास भेजे जाने का इंतजार है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मसौदा नए साल की शुरूआत में उपलब्ध करा दिया जाएगा। हालांकि उन्होंने नए नए संविधान के प्रारूप के बारे में विस्तृत रूप से कुछ नहीं बताया। पेइरिस ने संविधान निर्माण के एक जटिल प्रक्रिया होने का जिक्र करते हुए कहा कि वक्त की दरकार है कि इसमें बदलाव किया जाए। श्रीलंका ने मौजूदा संविधान को अतीत में बदलने की कई कोशिशें की हैं। पिछली बार इस तरह की कोशिश 2015 में की गई थी। हालांकि, 1997 से इस तरह की सभी कोशिशें महीनों की चर्चा के बाद भी नाकाम हो गई।

## जुनझेंग को तिब्बत इकाई का प्रमुख नियुक्त किया

**बीजिंग**। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने वांग जुनझेंग को पार्टी की तिब्बत इकाई का प्रमुख नियुक्त किया है। शिनजियांग में उइगर मुसलमानों के मानवाधिकार उल्लंघन में कथित भूमिका के चलते अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और कनाडा ने उनपर प्रतिबंध लगाया था। सरकार संचालित शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने मंगलवार को अपनी खबर में कहा कि जुनझेंग को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की तिब्बत स्वायत्त क्षेत्रीय समिति के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। वह वू यिंगजी की जगह लेंगे। हांगकांग से प्रकाशित होने वाले साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार जुनझेंग पर मार्च में तब प्रतिबंध लगाए गए थे, जब वह शिनजियांग प्रांत में पार्टी के उपसचिव और सुरक्षा प्रमुख थे। जुनझेंग की पदोन्नति दिखाती है कि शिनजियांग प्रांत में अपनी नीतियों को लेकर चीन पश्चिम की आलोचनाओं और प्रतिबंधों की कोई परवाह नहीं करता। चीन पर शिनजियांग प्रांत में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार करने के आरोप लगते रहे हैं और अमेरिका तथा उसके सहयोगी देश इस मुद्दे पर बीजिंग की लगातार आलोचना करते रहे हैं।

## लंदन विज्ञान संग्रहालय में खुलेगी हरित ऊर्जा गैलरी

**लंदन**। लंदन के प्रतिष्ठित विज्ञान संग्रहालय ने मंगलवार को एक नई गैलरी खोलने की घोषणा की है जिसमें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए इतिहास के सबसे तेजी से होने वाले ऊर्जा परिवर्तन को दर्शाया जाएगा। इस गैलरी को भारत का उद्योग समूह अडानी ग्रुप प्रायोजित कर रहा है। गैलरी का नाम है एनर्जी रेवोल्यूशनः द अडानी ग्रीन एनर्जी गैलरी , इसे अडानी समूह के अडानी ग्रीन एनर्जी ने प्रायोजित किया है। यह नई गैलरी 2023 में खुलेगी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की मेजबानी में संग्रहालय में हुई ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में तमाम हस्तियों की उपस्थिति में इस आशय की घोषणा की गई। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की शीर्ष कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी का लक्ष्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनना है। अडानी ग्रीन एनर्जी के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा कि हमें एनर्जी रेवोल्यूशन गैलरी (ऊर्जा क्रांति गैलरी) प्रायोजित करके खुशी हो रही है।

## तुर्की ने 10 राजनयिकों को तलब किया

**अंकारा**। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका और नौ अन्य देशों के राजनयिकों को उनके द्वारा जारी बयान के विरोध में तलब किया है। इन देशों ने जेल में बंद समाज सेवी और मानवाधिकार कार्यकर्ता उस्मान कवाला को यूरोपीयन कोर्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स के फैसले के अनुरूप रिहा करने की मांग की है। बयान से सरकारी अधिकारी क्षुब्ध हो गए जिन्होंने इन देशों पर तुर्की की न्यायपालिका में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया।कवाला (64) को चार वर्षों से जेल में बंद रखा गया है जिन पर 2013 के राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के माध्यम से तुर्की की सरकार को हटाने का प्रयास करने के आरोप लगे हैं।

# वास्तविक बनता वर्चुअल

**शालिनी सक्सेना का कहना है कि जब पिछले साल वर्तमान महामारी की मार पड़ी, तो संगीत समारोह सहित सब कुछ ऑनलाइन हो गया, जो लाखों संगीत प्रेमियों को सामाजिक दूरी के दौर में एक एचसीएल के मंच पर एक साथ लेकर आया।**



कोविड-19 ने हमारे जीने और हमारे रोजमर्रा काम करने के तरीके को बदल दिया है। इसमें यह भी शामिल है कि हम अपने मनोरंजन के तरीकों की तलाश कैसे करते हैं। डिजिटल दुनिया में विस्फोट हो गया है और इसका मतलब है कि हम संगीत भी कैसे सुनें। कलाकारों को लाइव प्रस्तुति देने से लेकर उन्हें ऑनलाइन देखने तक, आज दुनिया एक अलग जगह बन गयी है।

एचसीएल डिजिटल कॉन्सट्र्स के प्रमुख रोहित कौल बताते हैं कि जब उन्होंने बैठक, बैठक यूएस और साउंडस्केप के साथ शुरुआत की थी, तब से यात्रा दिलचस्प रही है क्योंकि उन्होंने पिछले साल मार्च में डिजिटल संगीत कार्यक्रम आयोजित करना शुरू किया था।

कौल कहते हैं,''जब हमने पिछले साल शुरू किया था, हमने कभी नहीं सोचा था कि हम इतने सारे संगीत कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित करेंगे। 100 माइलस्टोन वास्तव में अद्भुत है। हमने कभी नहीं सोचा था कि 8 करोड़ से अधिक लोग इन शोज को देखेंगे। यह समृद्धकारी और संतुष्टिदायक भी रहा है। हम अपने संगीत समारोहों में न केवल उद्योग के दिग्गजों को, बल्कि कई भावी कलाकारों को भी प्रस्तुत करने में सक्षम हुए हैं।''

वह बताते हैं कि उन्होंने जिस चीज के लिए योजना नहीं बनाई थी, वो थी एक निश्चित संख्या में दर्शकों की संख्या प्राप्त करना या कितने संगीत कार्यक्रम आयोजित करने थे या यदि इसकी समापन तिथि है या नहीं।

कौल का कहना है, ''हालांकि, इनमें से प्रत्येक प्लेटफॉर्म के साथ, चाहे वह बैठक हो या साउंडस्केप, एक खास किस्म के प्रशंसकों को लक्षित करने या उन्हें एक खास किस्म के कलाकार को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। इसके पीछे सोच यह है कि हम लगातार नए प्लेटफॉर्म चाहते हैं और नए तरीके खोजते हैं कि हम विभिन्न प्रकार के कलाकारों को अपने दर्शकों तक कैसे ले जा सकें। ''

दिलचस्प बात यह है कि कौल और उनकी टीम के लिए वर्चुअल समारोह करना कोई नई बात नहीं थी। वे पूर्व-कोविड -19 दौर के दौरान भी अपने संगीत कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण आयोजित कर रहे थे।

कौल याद करते हैं, ''हम अपने लाइव कॉन्सर्ट को डिजिटल रूप से भी प्रसारित कर रहे थे। इससे हमें मदद मिली जब हमें तत्काल डिजिटल होना पड़ा। हमने कलाकार समुदाय से यह जानना चाहा था कि क्या किया जा सकता है क्योंकि प्रत्यक्ष संगीत कार्यक्रम ठप्प हो गए थे। हमारे पास पूर्वअर्जित शिक्षण के कारण हमारी प्रतिक्रिया त्वरित रही। रास्ते में, कई मोड़ आए थे। मगर सकारात्मक बात यह थी कि हमने डिजिटल स्पेस की ताकत को समझा। हम यह भी समझ गए थे कि प्रत्यक्ष समारोह की भी जरूरत है। हमने छोटी तकनीकी बारीकियां तक सीखीं। हमने सीखा कि दर्शकों को क्या पसंद है और कलाकारों तक प्रतिक्रिया भेजते हैं।''

कौल बताते हैं कि अब जब चीजें आसान हो रही हैं

> इनकार में जीने के बजाय आगे बढ़ने के पक्ष में चीजों को अपनाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि हम मानवीय स्पर्श खो रहे हैं। मानवीय तत्व - वह व्यक्ति, जिसने उस ऐप को बनाया है - अभी भी है। जब हम वीडियो कॉल पर चैट करते हैं, तो हर छोर पर लोग होते हैं। यह दूर जाने वाला नहीं है।
>
> — पूर्बयन चटर्जी

और कोविड-19 की संख्या कम हो रही है, तो वे अपने संगीत

कार्यक्रम को-आनलाइन और आफलाइन के संयोजन में आयोजित करेंगे। वह कहते हैं, ''बेशक, हमें अभी भी कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना होगा और करना चाहिए। आफलाइन होने से पहले हम थोड़ा और इंतजार करेंगे। हमारा डिजिटल मॉडल फिर भी जारी रहेगा।''

100वें डिजिटल एचसीएल कॉन्सर्ट में, तबले पर सत्यजीत तलवलकर और सारंगी पर फारूक लतीफ खान के साथ कार्यक्रम- प्रस्तुति देने वाले सितार वादक पूर्बयन चटर्जी का एक दिलचस्प दृष्टिकोण है। वह बताते है कि आभासी अधिक से अधिक वास्तविक होता जा रहा है।

चटर्जी बताते हैं, ''हमें इनकार में जीने के बजाय आगे बढ़ने के पक्ष में चीजों को अपनाना चाहिए। समय के साथ चलना बेहतर है। चीजें आसान हो रही हैं और अब हम वर्चुअल कॉन्सर्ट आयोजित करने के लिए स्टूडियो जा सकते हैं। बहुत सी चीजें वर्चुअल हो गई हैं। हम ऐप पर खाना ऑर्डर कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हम मानवीय स्पर्श खो रहे हैं। मानवीय तत्व - वह व्यक्ति, जिसने उस ऐप को बनाया है - अभी भी है। जब हम वीडियो कॉल पर चैट करते हैं, तो हर छोर पर लोग होते हैं। यह दूर जाने वाला नहीं है। ''

100वें मील के पत्थर के लिए उनकी पसंद दिलचस्प थी। उन्होंने एक ऐसा टुकड़ा चुना, जिसमें उत्साह का अनुभव हो। चटर्जी कहते हैं, ''चूंकि यह एक उत्सव था, इसलिए मैंने राग मारू बिहाग से शुरुआत करने का फैसला किया, यह राग बहुत मधुर है और यह एक खुशी का अवसर था। मैंने सारंगी की शुरुआत की, जो सबसे पहले बहुत शुभ है और यह वाद्य यंत्र सर्वोत्कृष्ट रूप में मूलतः भारतीय वाद्ययंत्र है। मैं इस उपकरण का प्रचार करना चाहता था। इसके अलावा, एचसीएल अपनी जड़ों की ओर वापस जाने के लिए खड़ा है, इसलिए मैंने कुछ ऐसा चुना जो उसके लिए सुखद स्वर हो।'' हालांकि, वह वर्चुअल स्तर पर प्रस्तुति करने के लिए नए नहीं हैं। इससे पहले भी वह लाइव परफॉर्मेंस समेत वर्चुअल शो कर चुके हैं।

चटर्जी बताते हैं, ''यहां तक कि जब कोई कोरोना काल नहीं था तब भी हम विश्व संगीत दिवस पर एक आभासी शो किया करते थे। हमने कौशिकी चक्रवर्ती के साथ जुगलबंदी की, जिसे वर्चुअल ऑडियंस के लिए दिल्ली में शूट किया गया था। मैंने यह सोचा नहीं था, कि मैं केवल वर्चुअल शो ही करूंगा। लेकिन चीजें धीरे-धीरे लाइव परफॉर्मेंस और दर्शकों के साथ पटरी पर वापस आ रही हैं।''

बकौल चटर्जी, ''पिछले साल भी, जब चीजें आसान हुई थीं, वो दिखने लगी थीं। मैंने ओडिशा में जो प्रस्तुति दी थी वो हाऊसफुल प्रस्तुति थी, मैंने मुंबई में कुछ शो किए और वहां अच्छी उपस्थिति थी। मैंने हाल ही में चेन्नई में एक शो किया था और लोग वहां अच्छी संख्या में आए थे। मेरा अगले महीने मुंबई में एक शो है। देखते हैं कि वह कैसा होता है। टीकाकरण अभियान अच्छा चलने से , लोगों में डर धीरे-धीरे कम हो रहा है। ''



# परिवारिक रिश्तों के बारे में

**रीयूनियन**
**ट्रूम स्टूडियो**
**कलाकार : लिलेट दुबे, केके रैना, वीर राजवंत सिंह, कश्मीरा ईरानी, प्रबल पंजाबी, देविका वत्स**
**रेटेड : 4/10**

रीयूनियन एक ऐसे परिवार के बारे में है जो वर्षों से नहीं मिला है, लेकिन परिवार के एक सदस्य की मृत्यु पर एक साथ आता है और उसकी अंतिम इच्छा को पूरा करता है। विषय और अंतर्निहित संदेश कि परिवार सबसे पहले आता है, बहुत अच्छा है। आज कल ऐसे विषय पर कोई फिल्म या वेब सीरीज कम ही देखने को मिलती है। निश्चित रूप से एक स्वागत योग्य बदलाव।


इस वेब सीरीज का एक और प्लस यह है कि नौ में से कोई भी एपिसोड 24 मिनट से ज्यादा का नहीं है। इससे उन्हें एक बार में देखना आसान हो जाता है। साथ ही, चुनी गई लोकेल बहुत अच्छी है। फिर, इतनी हरियाली और प्राचीन समुद्र तटों को देखना दुर्लभ है। स्टार कास्ट का अभिनय सही जगह पर है। साथ ही कहानी नौ एपिसोड के बाद खत्म होती है। इसलिए, अगर निर्माता इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो इसे पूरी तरह से अलग ट्रैक होना चाहिए, लेकिन एक ही कास्ट के साथ हो सकता है।

बाप-बेटे के रिश्ते को हकीकत में दिखाया गया है। यह कुछ ऐसा है जिसे अक्सर देखा जाता है; आमतौर पर पिता और पुत्र के बीच बहुत अच्छे संबंध नहीं होते हैं और यह स्वाभाविक रूप से सामने आया है। यह देखते हुए कि लोग यथार्थवादी सिनेमा की तलाश में हैं, यह उनके लिए बिल्कुल सही है।

हालाँकि, कुछ नो-नो भी हैं। सबका अभिनय ठप है; ऐसा लगता है कि वे केवल प्रयास करने के बजाय अभिनय की गति के साथ जा रहे हैं। यहां पति-पत्नी की भूमिका निभाने वाले वीर राजवंत सिंह और कश्मीरा ईरानी के बीच कोई केमिस्ट्री नहीं है।

यथार्थवाद की तलाश करने वालों को यह पसंद आएगा।

**— शालिनी सक्सेना**



# बुजुर्गों की देखभाल में बदलाव लाती प्रौद्योगिकी

**कनिष्क आचार्य का कहना है कि बुजुर्गों की देखभाल उद्योग एक तकनीकी क्रांति के कगार पर है**

2021 में, जीवन की उच्च गुणवत्ता प्राप्ति के लिए प्रौद्योगिकी और अनुकूलन परस्पर घुल गए हैं। वरिष्ठ नागरिक अब एक बटन के स्पर्श में नुस्खे अपलोड कर सकते हैं, डॉक्टरों से बात कर सकते हैं और परिवार और दोस्तों के संपर्क में रह सकते हैं। हालांकि, ये छोटे अनुकूलन केवल इस बात की सामने लाने लगे हैं कि वरिष्ठ जीवन के लिए तकनीक क्या कर सकती है।


यह नाटकीय लग सकता है, लेकिन यह अतिशयोक्ति नहीं है - वरिष्ठ नागरिक, एक समूचे समुदाय के रूप में ,नई तकनीक को अपनाने में सबसे धीमे रहे हैं, और उद्योग की अन्य शाखाओं के विपरीत, वरिष्ठ जीवन या बुजुर्ग देखभाल को, जैसा कि संदर्भित है, भारत में,ऐतिहासिक रूप से, उसके ग्राहक आधार द्वारा बेहतर तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित नहीं किया गया है, जिसका मुख्य कारण लघु उपयोगकर्ता आधार और संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली काफी हद तक खंडित किस्म की सेवा है, जो कि अधिकांशतया मौजूदा परेशानियों के लिए सरल प्राथमिक-सहायता समाधान प्रदान करती हैं। ये एक समस्या है। वरिष्ठ देखभाल प्रदाता केवल उसी हद तक कल्याणकारी सहायता प्रदान कर सकते हैं कि जब वे समूचे व्यक्ति से संबंधित निर्णय लेने के लिए अपने ग्राहकों का एक संपूर्ण खाका खींचने में सक्षम हों।

लेकिन दौर बदल रहा है। जैसा कि तकनीक कंपनियां 740 बिलियन डॉलर के बुजुर्ग देखभाल मार्केट को बदलने की विशाल क्षमता को पहचानती हैं और तकनीकी समझ रखने वाले बूमर्स तेजी के साथ सेवानिवृत्ति में प्रवेश कर रहे हैं, यानी समूचा उद्योग परिवर्तन के लिए तैयार है।

बड़ी बाधा यह कि अधिकांश प्रौद्योगिकियां, जो वरिष्ठ जीवन के चेहरे पर फर्क डाल सकती हैं, अब अपनी अनेक सुस्त प्रणालियों को एकत्रित कर रही हैं। हालांकि हम कई उपकरणों से डेटा संग्रहित कर रहे हैं, मगर ये प्रौद्योगिकियां परस्पर संवाद नहीं कर रही हैं - उदाहरण के लिए, ईएचआर, जो कैलेंडर सिस्टम या मेडिकल रिकॉर्ड सिस्टम पर नहीं ले जाते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सारा डेटा कहां जा रहा है? ऐसे में पैटर्न बनाने और विसंगतियों का पता लगाने के लिए एआई या एमएल इंजन को प्रशिक्षित करने वाले एक मजबूत डेटा एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म की आवश्यकता महत्वपूर्ण है। आईओटी बाद का जीवन जीने के लिए सार्थक समाधान गढ़ने में एक बड़ी भूमिका निभाएगा - ऐसे उपकरण जो गद्दे में लगे चिप्स के माध्यम से नींद के पैटर्न, आराम और परिवर्तनशील हृदय गति का पता लगा सकते हैं, ताकि इसे दिन-समय के डेटा के साथ जोड़कर समझा जा सके, जो कि चिकित्सकों और देखभाल कंपनियों को बेहतर निर्णय लेने और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद कर सकता है। ऐसे उपकरण -जो मधुमेह से संबंधित आंशिक या पूर्ण अंधेपन से प्रभावित लोगों के लिए जीवन जीने में मदद करते हैं - जाइरोस और सेंसर लगे ट्रिपल लेयर चिप डिजाइन से लैस होते हैं, जो जीवन की गुणवत्ता को अद्भुत ढंग से बदल सकते हैं।

महामारी की शुरुआत के बाद से, असुरक्षित परिस्थितियों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की मृत्यु में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सामाजिक दूरी के दिशा-निर्देशों के प्रभाव में और मिलने वालों पर सीमा लागू होने से, बुजुर्ग अपने घरों में अकेले और असुरक्षित समय बिता रहे हैं। यह असाध्य न्यूरो स्थितियों वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से समस्याजनक है, जो बगैर डिमेंशिया के बुजुर्ग के बतौर पहले ही परेशान चल रहे थे

जैसा कि हम आगामी 2022 तक देखते हैं,कि वरिष्ठ जीवन में गिरावट की रोकथाम एक शीर्ष चिंता का विषय बनी रहेगी। अधिकांशतया नहीं मगर यह एक चौकन्ना रहने वाली घटना है जो जीवन की दिशा बदल देती है। इस चुनौती को हल करने में मदद करने हेतु, डिमेंशिया का शिकार होने वालों का पता लगाने के लिए एआई-सक्षम सेंसर और बीकन सिस्टम स्थापित किया गया है। इसके परिणामस्वरूप 40 प्रतिशत तक इस रोग से ग्रसित होने में और इस रोग से संबंधित ईआर मुलाकातों में 80 प्रतिशत तक की कमी आएगी।



प्रौद्योगिकी नवाचार के चक्रव्यूह में अक्सर जो चीज खो जाती है वो है तकनीक को विकसित करने और लागू करने की आवश्यकता, जो दैनिक जीवन में वास्तविक अंतर लाती है, चाहे वह दैनिक जीवन (एडीएल) की गतिविधियों के प्रदर्शन में गुणवत्ता में सुधार करना हो या समूचे देखभालकर्ता रिसीवर संवाद में वरिष्ठों की गरिमा को बहाल करना हो। यह एक ऐसी चीज है जिस पर अब तक ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। प्री-बेबी बूमर पीढ़ी के साथ एक बड़ा मसला तकनीक को अपनाने के प्रति अनिच्छा या अक्षमता है। धारण योग्य स्वास्थ्य उपकरणों, ट्रैकर्स आदि के जरिए ढलने हेतु मजबूर करने की कोशिश से, शायद ही कभी वांछित परिणाम प्राप्त होते हैं। एक भरोसेमंद बदलाव लाने के लिए प्रौद्योगिकी को बुजुर्गों के जीवन में सहज भाव से बुनना होगा, इसमें बुजुर्ग असंयम से संबंधित एक और महत्वपूर्ण मामला देखा जा सकता है। यह 65 और उससे अधिक उम्र के लगभग 51 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों को प्रभावित करता है, और इसमें दैनिक जीवन गतिविधियां करने के लिए एकमात्र मौजूदा समाधान आक्रामक सर्जरी या वयस्क डायपर है। यदि हम एक सेंसर-आधारित पैच बना सकते हैं जो पहले से रिकॉर्ड और संकेत कर सकता है, कि किसी व्यक्ति का मूत्राशय या आंत भरा हुआ है, तो यह व्यक्ति और उनके देखभाल-कर्ता दोनों के लिए एजेंसी को बहाल करेगा। इसलिए, गैर-हस्तक्षेपकारी तकनीक विकसित करना महत्वपूर्ण है जो जीवन की गुणवत्ता में नाटकीय रूप से सुधार कर सके और बाद के जीवन में गरिमा बहाल कर सके। यह बुजुर्ग स्वास्थ्य की निगरानी कर सकती है और बेहतर देखभाल प्रदान कर सकती है।

**( लेखक वेल्डरकेयर, लाइफस्टाइल के संस्थापक और सीईओ हैं, जो बुजुर्गों के लिए सर्विस रिटायरमेंट मॉडल है।)**

# 'कैसा होता है दिन-प्रतिदिन के आधार पर जीना'

**नरेंद्र गुप्ता** जो एंड टीवी के मौका-ए-वरदात-ऑपरेशन विजय में **न्यूटन चट्टोपाध्याय** की भूमिका निभा रहे हैं, ने सुप्रिया रमेश से उनके चरित्र के बारे में बात की, वह भूमिका के लिए क्यों सहमत हुए और अपराध शैली में कितना काम करना पड़ता है।




**■ मौका-ए-वरदात - ऑपरेशन विजय क्या है?**

यह स्वयं परिभाषित है। भारतीय अधिकारियों का एक बैंड एक अपराध का पता लगाता है और अपराधियों को पकड़ने की कोशिश करता है और वे इसे सफलतापूर्वक करते हैं। मैं एक वैज्ञानिक की भूमिका निभा रहा हूं, जो दिमाग है और भारतीय अधिकारियों की मदद करता है। वह अधिकारियों का मार्गदर्शन करने और उनकी मदद करने के लिए अतीत और वर्तमान से निष्कर्ष निकालते हैं।

**■ अपनी भूमिका के बारे में बताएं?**

इसकी बहुत अलग भूमिका है। मैं एक वैज्ञानिक की भूमिका निभा रहा हूं जो पहुंच से दूर रहता है। मेरा ठिकाना और संपर्क जानकारी किसी को नहीं पता। लेकिन मुख्य किरदार न्यूटन चट्टोपाध्याय सब कुछ जानता है और हर चीज पर नज़र रखता है। ऐसा करते हुए अगर कुछ दक्षिण की ओर जाता है, तो वह अचानक प्रकट होता है और लोगों का मार्गदर्शन करता है। वह एक विशेषज्ञ है जो खुद को शामिल नहीं करता है लेकिन हमेशा स्टैंडबाय पर रहता है। वह पिता तुल्य, प्रोफेसर, मित्र, वैज्ञानिक जैसे हैं। वह हर चीज, हर भावना का समामेलन है।

**■ आपने इस भूमिका के लिए हां क्यों कह दी?**

मैंने इस रोल के लिए हामी भरी थी क्योंकि यह किरदार उनके पास है फिर भी उनके पास नहीं है। जब मैं शूटिंग कर रहा होता हूं, तो मैं अपनी मांद में होता हूं और वहीं से दूसरे किरदारों को चीजें समझा रहा होता हूं और वह भी बिना देखे। यह एक अलग तरह की चुनौती है। एक्टिंग में ज्यादातर बार कोई दूसरा कलाकार होता है जिसके साथ आप डायलॉग देते और लेते हैं। मैं इन संवादों पर तुरंत प्रतिक्रिया देता हूं और यह काफी चुनौतीपूर्ण है। कुछ ऐसे मौके आते हैं जब मैं अचानक कहीं प्रकट हो जाता हूं और फिर संवाद खत्म कर वहां से गायब हो जाता हूं। बहुत ज्ञानी, यह एक ऐसा चरित्र है जिसे मैंने चित्रित नहीं किया है इसलिए मैंने इसे स्वीकार कर लिया है और मैं इसे दिलचस्प पाते हुए आनंद ले रहा हूं। मुझे यकीन है।

**■ यहां 'आलोकिक शक्तियान' का क्या अर्थ है?**

आलोकिक शक्ति का तात्पर्य उन शक्तियों से है जो हमारी नियमित वैज्ञानिक पहुंच और समझ से परे हैं। लोक का अर्थ है लोग और लौकिक का अर्थ है कि लोग कहां से हैं। अलौकिक का अर्थ कुछ ऐसा है जो वहां से नहीं है जहां लोग रहते हैं। उदाहरण के लिए, अलौकिक क्षमताएं। आध्यात्मिक शक्ति जो अभी तक खोजी नहीं गई है लेकिन वैज्ञानिक शब्दों पर आधारित है। मुख्य विरोधी और विरोधी इन जैसी नई शक्तियों को खोजते रहते हैं। इन विचारों को वास्तविक रूप में प्रस्तुत करना बहुत चुनौतीपूर्ण है क्योंकि यह हमारी कल्पना से परे है।

प्रतिपक्षी के पास ये आलोकिक शक्तियां हैं, लेकिन नायक स्थिति को बराबर करने के लिए अपनी चालाक और वर्तमान बेहतर तकनीक का उपयोग करते हैं। उनके पास अनुकरणीय शक्तियों का विलास नहीं है, लेकिन उनके पास ज्वार को बदलने का साहस, ब्रौन और दृष्टिकोण है।

**■ आप ज्यादातर क्राइम जॉनर का हिस्सा रहे हैं चाहे वह सीरीज हो या फिल्म। चुनौतियां क्या हैं?**

डेली सोप इस बारे में हैं कि आप दिन-प्रतिदिन कैसे जीते हैं और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया करते हैं। जबकि क्राइम शोज में आपको एक खास कहानी, क्राइम और जॉनर का ख्याल रखना होता है। आपको अपनी भावनाओं को अलग तरह से प्रदर्शित करना होगा और अपराध का पता लगाने के बारे में यथार्थवादी दृष्टिकोण रखना होगा। सहजता और समग्र जानकारी में वृद्धि के कारण यह अलग है।

**■ हम समझते हैं कि आपने बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। काम का माहौल कैसे अलग है?**

एक अभिनेता के लिए फिल्मों में काम करना या टेलीविजन या किसी मीडिया में काम करना एक समान होता है। लेकिन हर मीडिया में अभिनय की कुछ सीमाएँ और पहलू होते हैं। फिल्मों में अभिनय की बात करें तो समय की पाबंदी के लिहाज से कोई सीमा नहीं है। टेलीविजन में अभिनय के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि हर एपिसोड में एक होता है। आपको इसे संपादित करना होगा और इसे नियोजित कार्यक्रम में प्रसारित करना होगा। यह एक अच्छी चुनौती है क्योंकि विश्राम के लिए कम समय है। आप हमेशा समय पर शूटिंग कर रहे हैं और विलंब करने के लिए यहां कोई जगह नहीं है चाहे कुछ भी हो। उस दिन चैनल खाली नहीं जा सकता।

**■ महामारी में शूटिंग किस तरह भिन्न थी?**

महामारी में, सेट पर बहुत कम लोग होते हैं जो पहले हुआ करते थे। ऐसे कई प्रोटोकॉल हैं जो एक साथ कई लोगों की बातचीत को प्रतिबंधित करते हैं। काम का बोझ बढ़ गया है लेकिन जितने अभिनेता पहल करते हैं और कुछ चीजें खुद करते हैं। हमें एक दूसरे की मदद करनी है और जिम्मेदारियों को साझा करना है। इन महत्वपूर्ण प्रतिबंधों के कारण कोई भीड़ और दर्शक नहीं है। हम सभी बहुत खुश हैं कि हम इन नियमों का पालन करके एक दूसरे को सुरक्षित रखते हुए काम कर रहे हैं।

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 4
लखनऊ, बुधवार, 20 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





भारत-पाक के बीच विश्वकप मुकाबले होने चाहिए
स्पोर्ट्स-11



www.dailypioneer.com


# प्रधानमंत्री कुशीनगर में आज करेंगे अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन

● श्रीलंका से आएगा पहला विमान, प्रदेश का सबसे बड़ा रनवे वाला है यह हवाईअड्डा

**भाषा।** कुशीनगर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बौद्ध धर्म के अनुयायियों के एक प्रमुख तीर्थस्थल कुशीनगर में 260 करोड़ रुपए की लागत से 589 एकड़ में बने अंतरराष्ट्रीय विमानतल का बुधवार सुबह उद्घाटन करेंगे। इस हवाई अड्डे पर उतरने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय विमान श्रीलंका सरकार का होगा, जिसमें उच्च-स्तरीय सरकारी प्रतिनिधिमंडल होगा। प्रधानमंत्री अपनी इस यात्रा के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज समेत 12 अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर उतरने वाले श्रीलंकाई सरकार के विमान में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बौद्ध भिक्षु भी शामिल रहेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान महापरिनिर्वाण मंदिर में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध कॉन्क्लेव का भी करीब साढ़े 11 बजे शुभारंभ करेंगे। वह कुशीनगर में ही रामकोला रोड, नारायणपुर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे और करीब सवा एक बजे विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। गौरतलब है कि कुशीनगर भगवान गौतम बुद्ध की निर्वाण स्थली है और प्रतिवर्ष यहां पर चीन, श्रीलंका, कम्बोडिया, थाईलैंड, जापान, मलेशिया, म्यांमार, कोरिया, लाओस, सिंगापुर, वियतनाम, ताइवान, नेपाल और भूटान के नागरिक आते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। बिहार की सीमा पर बसे कुशीनगर की दूरी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से करीब 325 किलोमीटर की है। यहां अन्तरराष्ट्रीय स्तर का विमानतल बनने से देश-विदेश के पर्यटकों को आने में सुविधा होगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन, राजकीय मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास और 12 अन्य विकास परियोजनाओं की सौगात पाकर कुशीनगर 20 अक्टूबर से विकास की नई उड़ान भरने और अपनी सुदृढ़ पहचान बनाने को तैयार है। इस हवाई अड्डे से जहां तथागत की महापरिनिर्वाण स्थली का ऐतिहासिक गौरव और समृद्ध होगा, वहीं प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज 40 लाख लोगों के जीवन में संजीवनी सरीखा उपहार होगा। इसके साथ ही बाढ़ सुरक्षा, सड़क व ज्ञानालयों से जुड़ी परियोजनाएं जिले की खुशहाली बढ़ाएंगी। नागरिक उड्डयन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कुशीनगर का अंतरराष्ट्रीय विमानतल 589 एकड़ में 260 करोड़ रुपए की लागत से बना है और इसके एप्रन पर चार बड़े हवाई जहाज एक साथ खड़े हो सकते हैं। प्रदेश के सबसे बड़े रनवे (3200 मीटर) वाले इस विमानतल के शुरू होने के साथ ही पर्यटन विकास, निवेश, रोजगार का बड़ा प्लेटफॉर्म तैयार हो रहा है। साथ ही देश के सांस्कृतिक संबंधों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और विस्तार होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुशीनगर में 281.45 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले राजकीय मेडिकल कॉलेज का भी शिलान्यास करेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2022-23 के सत्र से यहां एमबीबीएस की 100 सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया है। इस मेडिकल कॉलेज में 460 की क्षमता का छात्रावास तथा 500 बेड का सभी सुविधाओं से युक्त अस्पताल भी होगा।



कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा

## पर्यटन की असीम संभावनाएं होंगी, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे : योगी आदित्यनाथ

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर मंगलवार को कुशीनगर का दौरा कर सम्पूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में योगी ने कहा, यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश को कल तीसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट सौंपा जाएगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमोत्तर बिहार के विकास में इस नए हवाई अड्डे का बहुत बड़ा योगदान होगा। इससे न केवल पर्यटन की असीम संभावनाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, हम सब जानते हैं कि भगवान बुद्ध से जुड़े सर्वाधिक पावन स्थल उत्तर प्रदेश में हैं।

# स्वदेशी उत्पादों की चमक देख चीन फोड़ लेगा अपना माथा

● खादी महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर बोले मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित खादी महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि माटी कला बोर्ड द्वारा शानदार मिट्टी के उत्पाद, गणेश और लक्ष्मी की मूर्ति तैयार की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की चमक देखकर चीन अपना माथा फोड़ लेगा। उनकी एक भी मूर्ति इन स्वदेशी उत्पादों के आगे नहीं बिकने वाली हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक का साथ और शासन का अगर थोड़ा सा संबल मिल जाए तो हमारा यह ब्रांड मार्केट में छा जाएगा।

एक जनपद एक उत्पाद की योजना हो, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना हो, खादी के उत्पादों को ब्रांड बनाने की कला हो, माटी कला को एक ब्रांड बनाने की योजना हो, एक से बढ़कर एक योजनाएं आज सफल होती दिखाई दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान 1,68,000 से अधिक लोगों को सीधे तौर पर रोजगार दिया जा चुका है। प्रदेश सरकार ने 2021-22 में लगभग 50,000 लोगों को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता के तहत 2017-18 से 20-21 तक 307 खादी संस्थानों के 33 करोड़ 37 लाख 62 हजार रुपए का अब तक भुगतान किया गया है। इसमें खादी संस्थाओं के लगभग 1,61,345 कामगारों को 9 करोड़ 52 लाख 92 हजार रुपए के प्रोत्साहन बोनस का भुगतान किया जा चुका है। 21-22 में अब तक 136 खादी संस्थाओं को चार करोड़ 87 लाख 33 हजार रुपए का भुगतान किया गया है। जिनमें 25,474 कामगारों को एक करोड़ 65 लाख 70 हजार रुपए के प्रोत्साहन बोनस का भुगतान किया गया है। इसके साथ ही बीते 3 वर्षों में निःशुल्क सोलर चरखों का वितरण, 3,803 लाभार्थियों को निःशुल्क टूल किट दी हैं। इस वर्ष के अंत तक 2500 टूल किट वितरण का लक्ष्य हम लोगों ने रखा है। 15 दिवसीय चलने वाले इस खादी महोत्सव से मुख्यमंत्री ने लोगों से वोकल फॉर लोकल की अपील करते हुए स्वदेशी उत्पादों को भेंट करने को कहा उन्होंने इस अवसर पर लाभार्थियों को बधाई दी। उल्लेखनीय है योगी सरकार लगातार स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने की योजना पर लगातार काम कर रही है और इसके उत्साहजनक परिणाम भी सामने आ रहे है।



लखनऊ में खादी महोत्सव के दौरान चरखा चलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## रेप पीड़िता के आत्मदाह प्रकरण में निलंबित सीओ बर्खास्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**घोसी** लोकसभा सीट से बसपा सांसद अतुल राय पर दुराचार का मुकदमा दर्ज कराने वाली पीड़िता और उसके गवाह सत्यम प्रकाश राय को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में जिला जेल में बंद निलंबित सीओ अमरेश सिंह बघेल को शासन ने बर्खास्त कर दिया है। उनकी बर्खास्तगी का आदेश अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से जारी कर दिया गया है। सांसद अतुल राय पर लंका थाने में बलिया निवासी युवती ने 1 मई 2019 को दुराचार और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज कराए गए मुकदमे को फर्जी बताते हुए अतुल राय के पिता ने पुलिस अधिकारियों से प्रकरण की जांच की मांग की थी। इस मामले की जांच तत्कालीन सीओ भेलूपुर अमरेश सिंह बघेल ने की थी। उन्होंने जांच रिपोर्ट में पीड़िता के आरोप को निराधार बताते हुए इस पूरे प्रकरण की दोबारा विवेचना की बात कही थी।

## उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश से 23 और मौतें

●उत्तर प्रदेश में भी चार लोगों की गई जान

**भाषा।** नई दिल्ली, देहरादून, लखनऊ

**उत्तराखंड** के विभिन्न हिस्सों से मंगलवार को बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 23 और लोगों की मौत की खबर है, वहीं उत्तर प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में चार लोगों की मृत्यु हो गई। केरल में भारी बारिश की वजह से कई बांध भर गए हैं और कई जिलों को अलर्ट किया गया है। उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के हथगाम थाना क्षेत्र में तेज बारिश के दौरान दीवार ढहने से छप्पर के नीचे सो रहीं सास-बहू की मौके पर मौत हो गई। प्रदेश के बरेली जिले में भी बीसलपुर रोड पर दो श्रमिकों की सोलर पैनल के संपर्क में आने के बाद करंट लगने से मौत हो गई। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोगों से न घबराने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने चारधाम यात्रियों से फिर अपील की कि वे जहां हैं, वहीं रुक जाएं और मौसम में सुधार होने से पहले अपनी यात्रा शुरू न करें। उन्होंने चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों के जिला मजिस्ट्रेट से चारधाम यात्रा मार्ग पर फंसे हुए तीर्थयात्रियों की खासतौर से देखभाल करने का निर्देश दिया। राज्य आपात अभियान केंद्र (एसईओसी) के अनुसार मंगलवार को राज्य में वर्षा जनित हादसों में 23 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या 28 हो गई है। सोमवार को पांच लोगों की मौत की खबर थी। एसईओसी के अनुसार आज जिन 23 लोगों के मारे जाने की खबर है उनमें से 18 नैनीताल में, तीन अल्मोड़ा में और चंपावत तथा उधमसिंह नगर जिलों में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु की खबर है। कुमाऊंके बारिश प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने मुख्यमंत्री धामी के साथ गए उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि नैनीताल में काठगोदाम और लालकुआं तथा उधमसिंह नगर के रुद्रपुर में सड़कें, पुल और रेलवे पटरियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त पटरियों की मरम्मत में कम से कम चार से पांच दिन लगेंगे। राज्य में राहत और बचाव अभियानों में मदद के लिए भारतीय वायु सेना के तीन हेलीकॉप्टर पहुंच गए हैं। इनमें से दो को नैनीताल जिले में तैनात किया गया है जो बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई भूस्खलनों के कारण नैनीताल तक जाने वाली तीन सड़कों के अवरुद्ध होने की वजह से इस लोकप्रिय पर्यटक स्थल का राज्य के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट गया है।



उत्तराखंड में भारी बरसात से जिम कार्बेट नेशनल पार्क में डूबे वाहन

## केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा, सरकार ने तदर्थ बोनस देने की घोषणा की

**नई दिल्ली( भाषा )।** सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए केंद्रीय कर्मचारियों को गैर-उत्पादकता से जुड़ा या तदर्थ बोनस देने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय के तहत व्यय विभाग ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और सशस्त्र बलों के कर्मचारी भी बोनस के लिए पात्र होंगे। बयान में कहा गया कि जो कर्मचारी 31 मार्च, 2021 तक सेवा में थे, और जिन्होंने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कम से कम छह महीने की लगातार सेवा दी है, वे तदर्थ बोनस के लिए पात्र होंगे। गैर-उत्पादकता से जुड़े बोनस (तदर्थ बोनस) का भुगतान समूह-सी में केंद्र सरकार के कर्मचारियों और समूह-बी में सभी अराजपत्रित कर्मचारियों को किया जाएगा, जो किसी भी उत्पादकता से जुड़ी बोनस योजना में शामिल नहीं हैं। इस बोनस के भुगतान के लिए गणना की सीमा 7,000 रुपए की मासिक परिलब्धियां होगी। व्यय विभाग ने कहा, तदर्थ बोनस की मात्रा की गणना औसत परिलब्धियों। गणना की अधिकतम सीमा, जो भी कम हो, के आधार पर की जाएगी।

## विधानसभा चुनाव में 40 फीसद टिकट महिलाओं को देगी कांग्रेस

● पार्टी ने चुनाव के लिए दिया नया नारा, लड़की हूं, लड़ सकती हूं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा दांव चलते हुए महिला वोटरों को लुभाने के लिए 40 फीसदी टिकट उन्हें देने की घोषणा की है। कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसका ऐलान किया। प्रियंका ने कहा कि अगर उनका बस चलता तो उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक टिकट देतीं लेकिन सबकी सहमति 40 प्रतिशत पर ही बनी और यही वजह है कि 40 प्रतिशत टिकट देने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने यूपी चुनाव के लिए नया नारा लड़की हूं, लड़ सकती हूं भी दिया है। प्रियंका ने खुद के चुनाव लड़ने और सीएम चेहरे के सवाल पर कहा कि फिलहाल अभी इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाएं यूपी विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से भागीदारी करेंगी। पार्टियां सोचती हैं कि वे एलपीजी सिलिंडर और दो हजार रुपये देकर उन्हें बहला लेंगी। उन्होंने कहा कि देश में नफरत की राजनीति चल रही है और केवल महिलाएं ही इसे खत्म कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए कहा। प्रियंका ने कहा कि हमने हर विधानसभा के लिए आवेदन मांगे हैं जो अगले महीने की 15 तारीख तक खुला है। जो चुनाव लड़ना चाहता है आवेदन करे। हम उन्हें राजनीति में मौका देंगे।



## कोरोना रोधी टीकों की दूसरी खुराक पर ध्यान दें राज्यः केंद्र

**नई दिल्ली( भाषा )।** देश में जल्द ही कोविड-19 रोधी टीकों की एक अरब खुराक दे दी जाएंगी और अब टीकाकरण को और बेहतर बनाने के लिए केन्द्र ने राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों से दूसरी खुराक लगाने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 99 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी को देशभर में कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत की थी। केन्द्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए नए दिशानिर्देश तैयार करने के लिए राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों से भी सुझाव मांगे हैं। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सोमवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशकों के साथ टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। भूषण ने इस बात पर जोर दिया कि देश में जल्द ही टीकों की एक अरब खुराक दे दी जाएंगी।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,737 | ↓ | 452 | |
| निफ्टी | 18,161 | ↓ | 169 | |
| सोना | 46,580 | ↑ | 256 | /10g |
| चांदी | 62,328 | ↑ | 188 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अमेरिका की अदालत ने नीरव मोदी की याचिका खारिज की

**वाशिंगटन।** नीरव मोदी को झटका देते हुए अमेरिका की एक अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी और उसके दो साथियों की उस याचिका को ठुकरा दिया जिसमें उन्होंने तीन कंपनियों के एक न्यासी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए धोखाधड़ी के आरोपों को खारिज करने के अनुरोध किया था। तीन अमेरिकी कंपनियों फायरस्टार डायमंड, फैंटेसी इंक और ए जैफ के अदालत द्वारा नियुक्त न्यासी रिचर्ड लेविन ने न्यूयॉर्क की एक अदालत में ए आरोप लगाए है। पहले इन तीनों कंपनियों का स्वामित्व अप्रत्यक्ष रूप से 50 वर्षीय नीरव मोदी के पास था। लेविन ने मोदी और उसके साथियों मिहिर भंसाली एवं अजय गांधी को कर्ज देने वालों को हुए नुकसान के लिए 1.5 करोड़ डॉलर का न्यूनतम मुआवजा भी मांगा है।

## पूर्वी क्षेत्र के अंदरूनी इलाकों में गतिविधियां बढ़ा रहा चीन

● पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडेय ने कहा, भारत ने भी की है पूरी तैयारी

**भाषा।** रूपा (अरुणाचल प्रदेश)

**पूर्वी** सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र के सामने अपने अंदरूनी इलाकों में तैनाती और सैन्य अभ्यास बढ़ा दिए हैं तथा भारत ने क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हर प्रकार की चुनौती से निपटने के लिए इसी के अनुसार आकस्मिक योजनाएं बना ली हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने भारत के समग्र सैन्य आधुनिकीकरण की जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत युद्ध समूह (आईबीजी) नामक नई लड़ाकू संरचनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। ए समूह अधिक प्रभावी दृष्टिकोण के साथ तेजी से कार्य करने में समक्ष हैं। आईबीजी में पैदल सेना, तोपखाने, वायु रक्षा, टैंक और रसद इकाइयां शामिल होंगी।

इस नई व्यवस्था से खासकर चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर सेना की युद्ध लड़ने की क्षमताओं में सुधार की उम्मीद है। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने कहा कि 17 माउंटेन कोर के संचालन की योजना को 2014 में बनाई गई योजना के अनुरूप लागू किया गया है। उन्होंने कहा, पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) वहां जो वार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास करती है, उस संबंधी गतिविधियों में अंदरूनी इलाकों में बढ़ोतरी देखी गई है। पीएलए ने जो कुछ आरक्षित समूह गोलबंद किए थे, वे अंदरूनी इलाकों में बने अपने प्रशिक्षण क्षेत्रों में मौजूद हैं।

# जिहादी बनता जा रहा बांग्लादेश, मदरसे फैला रहे नफरत

● लेखिका तसलीमा नसरीन ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं और बौद्धों की स्थिति दयनीय

**भाषा।** नई दिल्ली

**बांग्लादेश** में हिंदू विरोधी हिंसा की हालिया घटनाओं से क्षुब्ध मशहूर लेखिका तसलीमा नसरीन ने कहा है कि उनका देश अब जिहादिस्तान बनता जा रहा है जहां सरकार अपने सियासी फायदे के लिए मज़हब का इस्तेमाल कर रही है और मदरसे कट्टरपंथी पैदा करने में लगे हैं।बांग्लादेश से 28 वर्ष पहले निष्कासित लेखिका ने भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं अब इसे बांग्लादेश नहीं कहती। यह जिहादिस्तान बनता जा रहा है। सभी सरकारों ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का इस्तेमाल किया। उन्होंने इस्लाम को राजधर्म बना दिया जिससे वहां हिंदुओं और बौद्धों की स्थिति दयनीय हो गई है। पिछले सप्ताह बांग्लादेश में, कोमिला इलाके में दुर्गापूजा के एक पंडाल में कथित ईशनिंदा के बाद हिंदू मंदिरों पर हमले किए गए और कोमिला, चांदपुर, चटगांव, कॉक्स बाजार, बंदरबन, मौलवीबाजार, गाजीपुर, फेनी सहित कई जिलों में पुलिस और हमलावरों के बीच संघर्ष हुआ। हमलावरों के एक समूह ने रंगपुर जिले के पीरगंज गांव में हिंदुओं के करीब 29 घरों में आग लगा दी। अपने लेखन के कारण हमेशा कट्टरपंथियों के निशाने पर रहीं तसलीमा ने कहा कि हिंदू विरोधी भाव बांग्लादेश में नया नहीं है और यह हैरानी की बात है कि इसके बावजूद दुर्गापूजा के दौरान हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रबंध नहीं किया गया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री शेख हसीना को बखूबी पता है कि दुर्गापूजा के समय हमेशा हिंदुओं पर जिहादियों के हमले का खतरा रहता है तो उनकी सुरक्षा के उपाय क्यों नहीं किए गए? उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब दहशत के कारण बचे खुचे हिंदू भी वहां नहीं रहेंगे। सरकार चाहती तो उनकी रक्षा कर सकती थी। यह हिंदू विरोधी मानसिकता चिंताजनक है। विभाजन के समय वहां 30 प्रतिशत अल्पसंख्यक थे जो अब घटकर नौ प्रतिशत रह गए हैं तथा आने वाले समय में और कम होंगे। तसलीमा को 1993 में उनके चर्चित उपन्यास लज्जा के प्रकाशन के बाद बांग्लादेश से निष्कासित कर दिया गया था। भारत में 1992 में हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद बांग्लादेश में हिंदू विरोधी दंगों की पृष्ठभूमि में उन्होंने लज्जा लिखी थी। उन्होंने कहा, मैने 1993 में लज्जा लिखी, जिसकी कहानी एक हिंदू परिवार पर केंद्रित थी जो कट्टरपंथी हिंसा के बाद देश छोड़ने को मजबूर हो गया था। ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ 1993 की बात है, यह सिलसिला लगातार चला आ रहा है। मुस्लिम चाहते हैं कि हिंदू बांग्लादेश छोड़ दें ताकि वे उनकी जमीन हथिया सकें।



### शेख हसीना ने हिंसा भड़काने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश** की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को गृहमंत्री को उन लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया, जिन्होंने धर्म का इस्तेमाल कर हाल में हिंसा भड़काई थी। हसीना ने लोगों से तथ्यों की जांच किए गए बगैर सोशल मीडिया पर किसी भी चीज पर विश्वास नहीं करने को कहा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 50 साल पहले पाकिस्तान से बांग्लादेश की आजादी का विरोध करने वाले घरेलू तत्व अब भी हिंसा भड़काने के लिए जहर उगल रहे हैं, नफरत भरे विमर्श और पाखंड फैला रहे हैं। पिछले बुधवार से बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों पर हमले बढ़ गए हैं। दरअसल, इससे पहले दुर्गा पूजा समारोहों के दौरान सोशल मीडिया पर कथित तौर पर ईश निंदा करने वाला एक पोस्ट देखने को मिला था। रविवार देर रात बांग्लादेश में एक भीड़ ने 66 मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कम से कम 20 मकानों को आग के हवाले कर दिया।

## वाल्मीकि जयन्ती पर सीएम ने दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाव्य रामायण के रचयिता की जयन्ती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने आदिकाव्य रामायण की रचना कर लोगों को सत्य एवं कर्तव्य परायणता पर चलने का मार्ग दिखाया। भगवान श्रीराम की गाथा को देश दुनिया में पहुंचाने का श्रेय महर्षि वाल्मीकि को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन हम सभी को त्याग, मर्यादाओं के पालन और कर्तव्य परायणता की सीख देता है। भगवान श्री राम से हमें सदैव धर्म का अनुसरण करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और आदर्शों को अपनाकर प्रगतिशील एवं समरसतायुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कोविड 19 के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करने की अपील की है।

## अतिवृष्टि प्रभावित लोगों को राहत और मदद दें: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अतिवृष्टि के दृष्टिगत राहत कार्य पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश से प्रभावित लोगों को राहत और मदद प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनहानिए पशुहानि तथा क्षतिग्रस्त मकानों का आकलन करते हुए प्रभावितों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल उपलब्ध करायी जाए।

# आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा कर रहा यूपी

### रेशम उत्पादन के लिए यूपी में हैं अपार संभावनाएं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को खादी ने दी मजबूती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महामारी के दौरान देश को आत्मनिर्भर भारत का एक नया मंत्र दिया। आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किए बगैर कोई देश सम्मान पूर्वक अपने जीवन को आगे नहीं बढ़ा सकता। आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र का पालन करना चाहिए। जो हमारे देसी, स्वदेशी, स्थानीय उत्पाद हैं उसको प्रोत्साहित, प्रमोट करने संग उसको नई तकनीकी के साथ जोड़ते हुए आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। जिसके लिए विभाग कि ओर से कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित खादी महोत्सव 2021 के उद्घाटन अवसर पर कहीं। सीएम योगी ने कहा कि यूपी आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को तेजी से पूरा कर रहा है। प्रदेश में एक जनपद एक उत्पाद की योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, माटी कला बोर्ड से जुड़ी हुई योजनाओं से जुड़कर लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं। खादी आज नए भारत का एक नया ब्रांड बन गया है। आगे आने वाला समय खादी का है। देश ने आजादी के 75 वर्ष में प्रवेश किया है आज खादी के प्रति लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है। खादी ने भारत की आजादी की लड़ाई को एक नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के साथ देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को एक मंच दिया था। वह खादी ही आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए एक नए ब्रांड के रूप में काम करेगा।



सीएम ने कहा कि खादी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है इससे ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी। विभाग ने विगत तीन चार वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से बहुत कुछ नया किया है। जैसे पहले मैनुअल चरखे हुआ करते थे उसको सोलर चरखों के साथ जोड़ा है। तकनीकी के संग जब सामान्य कार्य को जोड़ते हैं तो व्यक्ति की कार्य क्षमता के साथ उसकी कमाई को भी बढ़ा देता है।

प्रदेश में आज खादी की मांग तेजी से बढ़ी है ऐसे में तकनीक, टूलकिट्स और ट्रेनिंग के कार्यक्रम चल रहे हैं। महज पिछले 3-4 वर्षों में बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर हम सबने देखी है। साल 2017 में बेरोजगारी की दर 17 से 18 फीसद थी, जो आज घटकर 5 फीसदी ही रह गई है। ये इस बात का प्रमाण देती है कि हमारी सरकार की योजनाएं प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं।

# यूपी समेत कई राज्यों के खादी उत्पाद प्रदर्शनी में बने आकर्षण का केंद

### ● मुख्यमंत्री ने टूल किट वितरण के साथ ही लाभार्थियों को किया पुरस्कृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंदिरा** गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित खादी महोत्सव 2021 में लगाई गई प्रदर्शनी में खादी का नया नवेला अंदाज देखने को मिला। इस प्रदर्शनी में 200 से अधिक स्टाल लगाये गये है । यूपी राज्य के विभिन्न जनपदों के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों जैसे गुजरात, बिहार, आंध्र प्रदेश, उत्तराखण्ड तथा राजस्थान आदि स्थानों से आये उद्यमियों द्वारा अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में सहारनपुर के नक्काशीदार फर्नीचर, लेदर का सामान ,भदोही के कारपेट, कन्नौज के मिटटी से बने बर्तन व घरेलू सजावटीं सामान ,प्रतापगढ़ का आँवला मुरब्बा ,कानपुर का हैण्डीक्राफ्ट, अमरोहा के चादर, गमछे एवं सदरी, सीतापुर के तौलिये एवं दरी, उन्नाव की बेकरी एवं जैकेट लखनऊ की शुद्ध रॉयल हनी, वाराणसी की रेशम तथा शिल्क की साड़ी, राजस्थान के बीकानेरी पापड़ एवं नमकीन , उत्तरांचल के कोट एवं जैकेट तथा गुजरात एवं राजस्थान के हस्तकला पर आधारित वस्त्र उपलब्ध हैं। आजादी के अमृत महोत्सव पर पं. दीनयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत 71 लाभार्थी लाभान्वित होंगे, जिसमें सांकेतिक रूप से मुख्यमंत्री द्वारा योजना से जुड़े 5-5 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र एवं चेकों का वितरण किया गया तथा कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार प्रदान करने वाले 3 उद्यमियों कमशः दानबहादुर चौधरी, भारती एवं शिवकुमार यादव को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया । इसके अतिरिक्त योजना से जुड़े 71-71 उद्यमियों को सोलर चर्खे, विद्युत चालित चाक, दोना-पत्तल मशीनें एवं माटीकला के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। इस कार्यक्रम में पं दीनदयाल उपाध्याय रेशम उत्पादकता पुरस्कार योजना के 5 लाभार्थियों को भी मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। खादी मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बताया कि आज खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों एवं योजनाओं को जन सामान्य तक पहुँचाने व उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु नयी विस्तृत खादी तथा ग्रामोद्योग विकास एवं सतत् स्वरोजगार प्रोत्साहन नीति बनाई गयी है। प्रदेश सरकार द्वारा माटी कला बोर्ड का गठन कर मिटटी का कार्य करने वाले कारीगरों एवं शिल्पियों के व्यव को बढ़ाने, कला को संरक्षित करने एवं उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ साथ रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

# चुनावी रिहर्सल में सीएम योगी ने सबको पछाड़ा

### अब तक करीब चालीस जिलों में जाकर टटोली चुनावी जमीन

● सपा ने विजय यात्रा तो शुरू की लेकिन दौरों के मामले में योगी से पीछे

● कांग्रेस और बसपा भी जिलों के दौरों के मामले में बहुत पीछे

**कमल दुबे।** लखनऊ

**अगले** साल होने वाले विधानसभा चुनाव में यूपी में सत्ता के दावेदारों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बसपा प्रमुख मायावती और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के प्रमुख नाम हैं। ये सभी चेहरों में पिछले महीने से ग्राउंड जीरों पर उतरकर चुनाव की घोषणा होने से पहले होमवर्क में जुटे हैं। सत्ता हासिल करने की इस रिहर्सल में फिलहाल सीएम योगी सब पर भारी पड़ते नजर आ रहे है। उन्होंने अब तक सूबे के करीब चालीस जिलों में जाकर न केवल जनता की नब्ज टटोली है बल्कि अरबों रुपये की विकास योजनाओं के तोहफों की बौछार भी की है। अगर आंकड़ों की बात करें तो सीएम योगी के मुकाबले अन्य दलों के नेता फिलहाल कहीं नहीं ठहरते। विपक्ष के सपा बसपा और कांग्रेस के नेताओं ने चुनावी बिगुंल तो जरूर बजा दिया है लेकिन जिलों में जाकर सभाएं करने के मामले में वह पिछड़ते दिख रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधानसभा चुनाव 2022 के चुनावी अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में विगत 14 सितंबर को अलीगढ़ से की थी। पीएम मोदी ने यहां राजा महेन्द्र सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी की आधारशिला तथा डिफेन्स कारीडोर के अलीगढ नोड का शिलान्यास करके राज्य की जनता को बड़ा संदेश दिया था। पीएम की मौजूदगी में चुनावी अभियान का आगाज करने के बाद से सीएम योगी लगातार जिलों का दौरा करके विकास योजनाओं का लोकापर्ण-शिलान्यास कर रहे हैं। मुरादाबाद, बिजनौर, संभल, गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन, गौतमबुद्ध नगर, अयोध्या, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर तथा प्रयागराज सहित करीब चालीस जिलों को दौरा कर चुके हैं। इन दौरों में उन्होंने पार्टी की रणनीति के तहत विकास योजनाओं का लोकपर्ण और शिलान्यास करने, पार्टी के स्थानीय नेताओं की जमीन का आंकलन करने के अलावा जनता तथा प्रशासनिक अधिकारियों की नब्ज को भी अच्छे से टटोला। दरअसल भाजपा ने जो चुनावी रणनीति तय की है उसके हिसाब से सीएम योगी को प्रत्येक सप्ताह में चार से पांच दिन किसी न किसी सरकारी या संगठनात्मक कार्यक्रम में शिरकत करना है और हर दिन एक से दो जिलों का दौरा करने का प्रावधान किया गया है। इस रणनीति में सप्ताह में दो से तीन दिन जिलों में रात्रि विश्राम कर वहां की चुनावी थाह लेने के साथ प्रशासनिक मशीनरी को दुरुस्त करना तथा संगठन के जरिये चुनावी बिसात बिछाना भी शामिल है। भाजपा की कोर कमेटी ने विपक्षी दलों की धार को कुंद करने और चुनाव में भगवा माहौल बनाने के लिए नवंबर तक योगी से पूरा प्रदेश मथने की योजना बनाई है। इसी रोडमैप के आधार पर सीएम योगी अपने कदमों को आगे बढा रहे हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर सीएम योगी के इस रिहर्सल के विपरीत सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिता मुलायम सिंह यादव का आशीर्वाद लेकर विगत 12 अक्टूबर से अपनी विजय यात्रा को शुरू किया है, अभी तक उन्होंने दस से 12 जिलों में जाकर पार्टी के संदेश लोगों को दिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लखीपुर कांड के बाद से लगातार यूपी में सक्रिय जरूर हैं लेकिन जिलों के दौरों के मामले में वह सपा के अखिलेश यादव के भी पीछे हैं। जहां तक बसपा की बात करें तो ब्रहमण वोटों को रिझाने के लिये बसपा महासचिव तो दौरे कर रहे हैं।


पायनियर वर्गीकृत

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है, प्रधानाचार्य-1, लेक्चरर-3, पद की बी.बी.ए. कोर्स के लिए सम्पर्क करें ऑरस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बाराबंकी-225003, वेतन व योग्यता Dr. R.M.L.A.U. अयोध्या के अनुसार। अपना C.V. ईमेल करें aurousinfo@gmail.com पर।

**सूचना**

मैं शपथिनी मधुलता शर्मा, 548/V-299 विक्रम नगर, मानक नगर, लखनऊ अपने पुत्र आशीष शर्मा एवं पुत्री आरती शर्मा, नीलम शर्मा, पूजा शर्मा उर्फ (पूजा महेश्वरी) को उसके दुर्व्यवहार के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ, भविष्य में इनके किसी कृत्यों से मेरा/मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

**सूचना**

मैं Shiv kumari M/o आर्मी नंबर-14841738K ,Hav/MT shailendra Kumar, R/o- village- Ubhai Post-Bhabawal, Tehsil- Harraiya , District-Basti (UP) मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम और जन्मतिथि गलती से sheu kumari और जन्म तिथि-01 July 1965 लिख गया जबकि सही नाम shiv kumari और जन्मतिथि 02 jan 1974 है।

**सूचना**

मैं chandrashekhar upadhyay S/o आर्मी नंबर -14841738K, Hav/MT shailendra kumar R/o village-ubhai Post-bhabawal, tehsil-Harraiya, district-Basti (UP), मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से chandrashekhar upadhyay और जन्म तिथि 01 जुलाई 1963, लिख गया जबकि मेरा सही नाम chandrashekhar और जन्म तिथि 01 जनवरी 1964 है।

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है**

**शारदा देवी मेमोरियल डिग्री कालेज मगहर, संत कबीर नगर** में स्नातक कला स्तर पद 01 प्राचार्य की आवश्यकता है।

**योग्यता :-** पी0एच0डी0, नेट एवं 15 वर्ष का अनुभव, यू0जी0सी0/सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर की परिनियमावली के अनुसार।

**नोटः-** विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन भेज सकते हैं या कार्यालय में स्वयं जमा कर सकते हैं।

डॉ0 गुंजन यादव-प्रबंधक
मो0नं0-8585981046
कार्यालय मो0 नं0-9838976820


# एनर्जी एक्सचेंज में बिजली की कालाबाजारी रोकने की उठी मांग

### इंजीनियर्स फेडरेशन ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

● कोयला संकट की जांच के लिए उच्च स्तरीय तकनीकी कमेटी बनाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ऑल** इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने केंद्रीय विद्युत मंत्री को लिखकर एनर्जी एक्सचेंज में बिजली की कालाबाजारी को रोकने की मांग की है। फेडरेशन ने कहा कि एनर्जी एक्सचेंज में निजी घरानों द्वारा 20 रूपए प्रति यूनिट तक बिजली बेचने की कालाबाजारी को रोकने के लिए तत्काल फोरम ऑफ रेगुलेटर्स की बैठक बुलाई जाए। एनर्जी एक्सचेंज में बिजली बेचने की अधिकतम दर तय की जाए। फेडरेशन ने यह भी मांग की है कि मौजूदा कोयला संकट की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का गठन किया गया जो ऐसे संकट से बचने के उपाय सुझाए जिससे भविष्य में ऐसा संकट ना होने पाए।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने केंद्रीय विद्युत मंत्री आर के सिंह को प्रेषित पत्र में यह मांग की है कि कोयला संकट से उत्पन्न बिजली संकट के इस दौर में निजी घरानों को मनमाना मुनाफा कमाने और लूट की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके लिए फोरम आफ रेगुलेटर्स की बैठक तत्काल बुलाई जाए जो इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के प्रावधानों के अनुसार बिजली की कालाबाजारी रोके और सुनिश्चित करें कि एनर्जी एक्सचेंज में किसी भी स्थिति में 5 रूपए प्रति यूनिट से अधिक की कीमत पर बिजली न बेंची जा सके। फेडरेशन ने मौजूदा कोयला संकट को बिजली संकट का एक मुख्य कारण मानते हुए यह मांग की है कि एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का तुरंत गठन किया जाए जो मौजूदा कोयला संकट की जांच कर कोयला संकट की जिम्मेदारी तय करें और यह भी सुझाव दें की ऐसी परिस्थिति में भविष्य में क्या कदम उठाए गए जिससे ऐसा संकट पुनः उत्पन्न न हो। फेडरेशन ने मांग की है कि उच्च स्तरीय समिति में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के प्रतिनिधि भी शामिल किए जाएं जो कोयले की स्थिति का लगातार अनुश्रवण करते हैं।

# बेसिक शिक्षा विभाग दो लाख से ऊपर आउट ऑफ स्कूली बच्चों को देगा विशेष प्रशिक्षण

**लखनऊ।** 7 से 14 वर्ष के आउट ऑफस्कूली बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने विशेष प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। यह प्रशिक्षण बुधवार से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शुरू होगा। आउट ऑफस्कूल के तहत विभाग की तरफ से प्रशिक्षण के लिए 247719 बच्चों को चिन्हित किया गया है। राज्य परियोजना निदेशक अनामिका सिंह के स्तर से डायट प्राचार्य व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि आउट ऑफ स्कूल के तहत चिन्हित बच्चों का नामांकन कराकर उन्हें विशेष तौर पर प्रशिक्षण दिया जाय। इसके लिए इक्कीस करोड़ तीस लाख अड़तीस हजार तीन सौ चालीस रुपये का बजट जारी किया गया है। जारी बजट से शारदा कार्यक्रम के तहत आउट ऑफस्कूली बच्चों को आयुसंगत अनुसार कक्षाओं में नामांकन कराकर विद्यालय के प्रधानाचार्य अथवा नोडल शिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिलाने को कहा गया है। प्रशिक्षण विद्यालय अवधि के दौरान ही दिया जाएगा।

## स्कालरशिप व शुल्क प्रतिपूर्ति को लेकर ऑनलाइन आवेदन की तिथि 25 तक बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने छात्रवृत्ति व फीस प्रतिपूर्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा बढ़ा दी है। कक्षा दशमोत्तर कक्षाओं के लिए स्टूडेंट्स अब 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नवीन व नवीनीकरण से बचे छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। अभी तक आवेदन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर थी। छात्रवृत्ति की समय सीमा बढ़ाए जाने से कई कारणों से आवेदन नहीं कर सके छात्र-छात्राओं ने राहत की सांस ली है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ अमरनाथ यति के मुताबिक स्टूडेंट्स आवेदन की हार्ड कॉपी जरूरी सभी संलग्नकों के साथ 27 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से अपने शिक्षण संस्थानों में जमा कर दें।

# कांग्रेस की घोषणा कोरी चुनावी नाटकबाजी: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** द्वारा यूपी चुनाव में 40 फीसद महिलाओं को टिकट देने की घोषणा को बसपा सुप्रीमो मायावती ने कोरी चुनावी नाटकबाजी बताया है। मायावती ने कहा कि कांग्रेस को महिलाओं की इतनी चिंता है तो संसद में 33 फीसद आरक्षण का कानून क्यों नहीं बनाया।

मंगलवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में होती है व इनके अच्छे दिन होते हैं तो इनको दलित, पिछड़े व महिलाएं आदि याद नहीं आतीं, किन्तु अब जब इनके बुरे दिन नहीं हट रहे हैं तो पंजाब में दलित की तरह यूपी में इनको महिलाएं याद आई हैं व उन्हें 40 प्रतिशत टिकट देने की घोषणा इनकी कोरी चुनावी नाटकबाजी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति कांग्रेस की चिन्ता अगर इतनी ही वाजिब व ईमानदार



होती तो केन्द्र में इनकी सरकार ने संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून क्यों नहीं बनाया, कांग्रेस का स्वाभाव है कहना कुछ व करना कुछ जो इनकी नीयत व नीति पर प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। मायावती ने कहा कि यूपी व देश में महिलाओं की आधी आबादी है तथा इनका हित व कल्याण ही नहीं बल्कि इनकी सुरक्षाए आदर सम्मान के प्रति ठोस व ईमानदार प्रयास सतत् प्रक्रिया, जिसके प्रति मजबूत इच्छाशक्ति जरूरी, जो कांग्रेस व भाजपा आदि में देखने को नहीं मिलती है जबकि बीएसपी ने ऐसा करके दिखा दिया है।

## नरेश उत्तम फिर बने सपा के प्रदेश अध्यक्ष

● सपा की 72 सदस्य राज्य कार्यकारिणी घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से आज 72 सदस्यीय उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित डॉ. फिदा हुसैन अंसारी, जयशंकर पाण्डेय तथा जगपाल दास गुर्जर को उपाध्यक्ष, राजकुमार मिश्रा को कोषाध्यक्ष, राज नारायण बिंद को प्रमुख महासचिव तथा श्यामलाल पाल एवं पूर्व मंत्री तिलक चंद्र अहिरवार को महासचिव नामित किया गया है। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में 24 सचिव नामित किये गये है जिसमें क्रमशः जयशंकर पाण्डेय, जगपाल दास गुर्जर, राजनारायण बिन्द, श्याम लाल पाल, तिलक चन्द्र अहिवार, पूर्व मंत्री हाजी मो अनवर खां, रामसिंह राणा, सरदार सतनाम सिंह सेठी, दयाशंकर निषाद, लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद, महेन्द्र चौहान, बख्तावर सिंह, दिलीप कमलापुरी, संजय सविता विद्यार्थी, जुगुल किशोर बाल्मीकि, अब्दुल्ला आजम, रामगोविन्द प्रजापति, लालता प्रसाद बियार, देवनाथ साहू, प्रमोद मौर्या, राजेश कुशवाहा, ओंकार पटेल, सराफत खां, त्रिवेणी प्रसाद पाल, दीपाली रायकवार, विभा शुक्ला, डा महिमा यादव, अनीता दिवाकर, अजय चौधरी को सचिव नामित किया गया है।

## पावर एक्सचेंजों की केंद्र कराए जांच: उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने खुलासा करते हुए कहा है कि कोयला संकट के बाद पावर एक्सचेंजों ने मुनाफा कमाने के लिए यह सब किया। केवल पांच दिन में लगभग 1000 करोड़ की मुनाफाखोरी की गई जिसकी केंद्र सरकार उच्च स्तरीय जांच कराए। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया ऐसे में वर्तमान में देखा जाए तो केवल इंडियन एनर्जी एक्सचेंज जिसने कभी 145 मिलयन यूनिट से ज्यादा रोज व्यापार नहीं किया। संकट के दिनों में 350 मिलयन यूनिट बिजली रोज बेची जिसकी औसत कीमत 15 से 17 प्रति यूनिट के बीच रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं सब कुछ पहले से मुनाफाखोरी की प्लानिंग का एक हिस्सा तो नहीं था। ऐसे में केंद्र सरकार इस पूरे मांमले की जांच कराए जिसमे सभी उन राज्य के नियामक आयोगों के चेयरमैन को शामिल किया जाए।


**सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई.सी.एच.एफ.एल. एरिया आफिस सीतापुर रोड लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं0 422/एनेक्जर-ई एल.आई.सी. एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राजेन्द्र सिंह उर्फ सीतू पुत्र श्री अमर नाथ सिंह व श्रीमती सुमन सिंह पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह के पक्ष मे जारी मूल आवण्टन पत्र जो कि भूखण्ड सं0-3/148, टाईप-डी, रकबा 52.40 वर्गमीटर स्थित-सेक्टर-बी, प्रियदर्शिनी योजना, वार्ड-भारतेन्दु हरीश्चन्द्र, जिला- लखनऊ के सम्बन्ध में है, वर्तमान श्रीमती अनुपम सिंह व प्रभात सिंह से खो गया है तथा उनके अधिपत्य में नहीं है। चूंकि अजीत कुमार सोनी व पूनम रस्तोगी द्वारा एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड/भवन के सम्बन्ध मे उक्त मूल आवण्टन पत्र बन्धक किया जाना है।
अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल आवण्टन पत्र तथा उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरुद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।

महेन्द्र मोहन मिश्रा(एडवोकेट)
चेम्बरः शॉप नं. 4 व 5, भूतल, कृष्णा टॉवर
निकट सीएमओ ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ, मो. 9415426914.


# यूपीसीडा ने लगभग 1200 इकाइयों को 1,100 एकड़ से अधिक भूमि आवंटित की

### यूपीसीडा राज्य भर में उद्यमिता विकास और प्रोत्साहन सप्ताह का कर रहा है आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में संतुलित विकास और उद्यमियों के लिए अनुकूल औद्योगिक परिवेश बन रहा है। इसके परिणामस्वरूप पिछले साढ़े चार वर्षों में यूपीसीडा ने राज्य में लगभग 1200 इकाइयों को 1,100 एकड़ से अधिक भूमि आवंटित की है और इन इकाइयों में 8,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है तथा 80,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। पूर्व में देवरिया से लेकर पश्चिम में सहारनपुर तक और उत्तर में पीलीभीत से लेकर दक्षिण में चित्रकूट तक कई प्रतिष्ठित उद्यमियों ने निवेश के साथ अपनी प्रमुख परियोजनाओं की स्थापना की है अथवा कर रहे हैं। हाल ही में यूपीसीडा ने 2,300 करोड़ रुपये से अधिक के विदेशी निवेश की परियोजनाएं जैसे एबी मौरी, पेप्सिको, आईनॉक्स और एमएपीईआई जैसे प्रसिद्ध समूहों को



भूमि आवंटित की गई है। जैसा कि राज्य के सिंगल विन्डो पोर्टल, निवेश मित्र में दर्ज किया गया है, प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित निवेशक अनुकूल पहल और सुधारों के परिणामस्वरूप चालू वर्ष में 94 प्रतिशत से अधिक उपयोगकर्ताओं ने यूपीसीडा की सेवाओं पर संतुष्टि व्यक्त की है। एक और निवेशक अनुकूल पहल के रूप में 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2021 के बीच यूपीसीडा राज्य भर के अपने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमिता विकास और प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन कर रहा है।

इस उद्यमिता विकास और प्रोत्साहन सप्ताह के दौरान यूपीसीडा द्वारा किए गए डिजिटल सुधारों, सेवा वितरण प्रक्रियाओं के सरलीकरण और निवेशक अनुकूल नीतिगत पहलों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमियों और आवंटियों के साथ बैठकें आयोजित कर रहा है। इन संवादात्मक बैठकों का उद्देश्य विभिन्न उद्यमियों और औद्योगिक संघों से सुझाव प्राप्त करना है ताकि राज्य में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए विचारों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सके।

इस पहल के तहत लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, हमीरपुर, जौनपुर, सहारनपुर, आगरा, मुरादाबाद और गाजियाबाद जैसे जिलों के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। यूपीसीडा द्वारा निवेशकों के हित में लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी का प्रसार करने के लिए यूपीसीडा द्वारा पूरे सप्ताह अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी इसी तरह के संवादात्मक सत्रों को आयोजित करने की योजना है। उद्योग संघों के अधिकारियों के साथ साथ उद्यमियों ने भी इन सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अनुभव और प्रतिक्रियाएं साझा कीं।

इन सत्रों के दौरान यूपीसीडा के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को यूपीसीडा द्वारा शुरू किए गए डिजिटल सुधारों के बारे में बताया। यूपीसीडा के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को उनकी शिकायतों का त्वरित अनुश्रवणतथा निवारण किए जाने का भी आश्वासन दिया।

उत्तर प्रदेश को अग्रणी के रूप में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों ने संगठित औद्योगिक विकास और पारस्परिक रूप से लाभप्रद सुझाव भी व्यक्त किए। यूपीसीडाके सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमियों से जुड़ना है ताकि नई पहलों और नीतिगत सुधारों पर उनके सुझाव और प्रतिक्रिया प्राप्त की जा सके और यूपीसीडाके औद्योगिकक्षेत्रों में निवेश के विभिन्न लाभों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके।


**PSIT COLLEGE OF HIGHER EDUCATION**
(Affiliated to Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur)
A leading Educational Group of North India
INVITES APPLICATIONS FOR
PRINCIPAL | PROFESSOR | ASSOCIATE PROFESSOR
ASSISTANT PROFESSOR
(For Department of BCA & BBA)
QUALIFICATION, EXPERIENCE AND COMPENSATION AS PER UGC NORMS.
Interested academicians with sound academic record and flair for teaching may only apply by sharing their C.V. within one week of the date of this advertisement at careers@psit.in
Kanpur-Agra-Delhi National Highway (NH-2), Bhauti, Kanpur-209305
Contact Number : 08004232777, 09389407540

# पीएम के सभा स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

● जिले के उच्चाधिकारियों ने पंडाल बनाने वाले टेंट कारोबारी से बात करने के साथ ही पार्किंग व्यवस्था समेत रिंगरोड़ व हाईवे को भी देखा



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी की 25 अक्टूबर को आयोजित जनसभा हेतु रिंगरोड ओवरब्रिज (रखौना) के किनारे मेंहदीगंज गांव में बन रहे वाटर व फ्रूफ550 फीट चौड़ा व 850 फीट लंबा जर्मन हैंगर पंडाल व जनसभा स्थल का मंगलवार को एडीजी बृजभूषण शर्मा, आईजी एस.के. भगत, एसपी (ग्रामीण) अमित वर्मा, एसडीएम सिद्धार्थ यादव, एएसपी नीरज पांडेय, सीओ जगदीश कालीरमन, थानाप्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने निरीक्षण कर तैयारियों के बाबत जानकारी ली। जिले के उच्चाधिकारियों ने पंडाल बनाने वाले टेंट कारोबारी से बात करने के साथ ही पार्किंग व्यवस्था समेत रिंगरोड़ व हाईवे को भी देखा।सरकार के आगमन को देखते हुए खेत में बनाएं जा रहे उनके दरबार को आकार देने का काम तेजी से चल रहा हैं। हार्वेस्टर द्वारा खेत से धान की फसल को काटने के बाद हक्सावेटर, रोलर, डोजर व ग्रेडर मशीने लगाकर 40 बीघा खेत को पूरी तरह समतल बना दिया गया हैं। ट्रकों से पंडाल बनाने व बैरिकेडिंग के सामान पहुंच रहे हैं।प्रधानमंत्री द्वारा रिंगरोड समेत अन्य योजनाओं का लोकार्पण किया जाना हैं। रिंगरोड़ के निकट ही हाइवे की एनएच 19 का वाराणसी–प्रयागराज सिक्सलेन है। रिंगरोड़ बनाने वाली एनएचएआइ व जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कम्पनी के अधिकारी भी तैयारियों के बाबत जुट गए हैं। रिंगरोड़ के किनारे चहल- पहल बढ़ गई हैं।राहगीरों की नजर अनायास जनसभा स्थल की ओर चली जा रही हैं। रिंगरोड़ पर फूल–पत्ती लगाने के साथ ही हाइवे की भी साफ-सफ़ाई और रंगाई-पुताई हो रही हैं। प्रधानमंत्री की जनसभा हेतु मेंहदीगंज में बन रहे पंडाल व मैदान की सुरक्षा व्यवस्था परखने मंगलवार को बम निरोधक दस्ता के कर्मी भी पहुंच अपने कार्य में जुट गया।

पीएम मोदी के गोद लिए गाँव में पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है: वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गोद लिए गए गांव डोमरी पड़ाव में पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी अरविंद श्रीवास्तव द्वारा स्थापित कालीचरण क्रिकेट एकेडमी में एक क्रिकेट परीक्षण (ट्रायल)का आयोजन 17 अक्टूबर को किया गया। पूर्वांचल के लगभग समस्त जिलों के खिलाड़ियों ने इस ट्रायल मे हिस्सा लिया। क्रिकेट के इस ट्रायल में वाराणसी के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ियों जैसे धर्मेंद्र मिश्रा, नासिर अली, अनिल श्रीवास्तव, प्रमोद राय इत्यादि ने अपने पारखी नजरों से इन खिलाड़ियों को जांचा। इस परीक्षण में 60 से ज्यादा 14 से 19 वर्ष की उम्र के बच्चों ने भाग लिया। इस ट्रायल में जितने भी बच्चों ने हिस्सा लिया उनमें से 30 खिलाड़ियों को अगले 15 दिनों तक लगने वाले निशुल्क प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित किया जाएगा। इस परीक्षण शिविर की सबसे खास बात यह है की इसमें पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं रणजी सेलेक्टर नासिर अली, पूर्व रणजी खिलाड़ी धर्मेंद्र मिश्रा, पूर्व रणजी खिलाड़ी अनिल श्रीवास्तव, नॉर्थ ईस्ट रेलवे के कोच प्रमोद राय सरीखे दिग्गज क्रिकेटर अपने अनुभव और क्रिकेट की बारीकियों को बच्चों को सिखाएंगे। आज जो ट्रायल हुआ उसके मुख्य अतिथि थे प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ गिरिजा प्रसाद रहे।

## ईंट भट्ठा मालिकों को अच्छे किस्म का कोयला न मिलने से भट्ठा चलाने में संकट

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**ईंट निर्माता** परिषद वाराणसी के अध्यक्ष कमलाकांत पाण्डेय ने मंगलवार को पराड़कर स्मृति भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि इस बार अच्छे किस्म के कोयले की कीमत में भारी बढ़ोत्तरी के चलते ईंट मंहगी होगी जिससे यह आम जन मानस के ऊपर प्रभाव पड़ेगा। ईंट भट्ठों में अच्छे किस्म के कोयले की आवश्यकता पड़ती है तथा यह कोयला अमेरिका, इंडोनेशिया से आता है तथा भारत के ईसीएल0 रानीगंज क्षेत्र से प्राप्त होता है। इस समय कोयला आना बंद हो गया है तथा किसी सप्लायर के पास थोड़ा बहुत है तो उसको बिक्रीदर पिछले वर्ष से काफी वृद्धि हो गई है। भारतीय कोयला रानीगंज का 14 हजार से बढ़कर 16 हजार प्रति टन तथा अमेरिकन कोयला 22 हजार से बढ़कर 24 हजार प्रति टन बिक रहा है, आगे सीजन में और बढ़कर कितना होगा कहा नहीं जा सकता।

# डीएम ने संचारी रोग व दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

● 17 नवंबर तक संचारी व 1 नवंबर तक चलेगा दस्तक अभियान

**संवाददाता।** सोनभद्र

**जिलाधिकारी अभिषेक** सिंह ने मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर जिले में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। रैली के माध्यम से नगर में लोगों को संचारी रोग एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। रैली में स्वास्थ्य विभाग एबाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एनगर पालिका परिषद सहित अन्य विभाग के कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहे। जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि संचारी रोग के साथ ही डेंगूए मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया जाए। इसमें किसी तरह की किसी कर्मी के द्वारा शिथिलता या लापरवाही बरती गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 17 नवंबर तक चलाया जाएगा। जबकि दस्तक अभियान 1 नवंबर तक चलेगा ।इस दौरान स्वास्थ्य टीम घर.घर जाकर लोगों को जहां संचारी रोग व अन्य



बीमारियों के प्रति जागरूक करेंगी वहीं दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता कुपोषित बच्चोंए क्षय रोगियों एवं बुखार से पीड़ित लोगों को चिन्हित करेंगी जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अलावा, आईसीडीएसए शिक्षा विभागए पशुपालन व कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के सहयोग से यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में 1500 आशा कार्यकर्ताओं को लगाया गया है जो घर घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देगी वही बुखार, टीबी मरीजों सहित कुपोषित बच्चों की पहचान करेंगो। इसके अलावा कोरोना टीकाकरण हेतु लोगों को प्रेरित किया जाएगा । उन्होंने बताया कि 17 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में लोगों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देनेए घरों के पास पानी न इकट्ठा होने देने, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने हेतु जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गोष्ठियों के माध्यम से संचारी रोगों से बचाव हेतु प्रेरित किया जाएगा। जिससे लोगों को संक्रामक बीमारियों की जद में आने से बचाया जा सके। रैली के शुभारंभ के अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जी यादव, डॉ प्रेम नाथ जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, मलेरिया विभाग के कर्मचारी अधिकारी, आंगनबाड़ी, आशा एवं एएनएम के अलावा नगर पालिका के सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# प्राधिकरण पर्यटकों की सुविधा के लिए चार कम्युनिटी जेक्टी बनाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**काशी में** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गंगा में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने एक और बड़ी पहल की है। पर्यटकों की सुविधा के लिए अर्धगंगा योजना के तहत चार कम्युनिटी जेक्टी (सामुदायिक सेंटर) बनाएगा। प्राधिकरण ने रामनगर, अस्सी घाट, कैथी और राजघाट को चिह्नित किया है। आइडब्ल्यूएआइ ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। चारों स्थानों पर जेक्टी बनाने में करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे। सेंटर में टीनशेड, गार्ड रूम, लाइटिंग व कुर्सियां लगाई जाएंगी। विभाग का दावा है कि कम्युनिटी जेक्टी पर छोटे जलयान व नाव का ठहराव होने के साथ पर्यटकों को सुविधा मिलेगी।अध्यात्मिक व धार्मिक नगरी काशी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं। कई योजनाएं धरातल पर आ चुकी हैं तो कई जल्द ही दिखाई पड़ेंगी। रामनगर स्थित राल्हूपुर में बंदरगाह बनने के साथ व्यापारी जलमार्ग से जुडने् लगे हैं। पर्यटक देखने भी जाते हैं। कम्युनिटी सेंटर नहीं होने के कारण पर्यटक अस्सी, राजघाट, रामनगर और कैथी में नहीं उतर पाते थे। यदि पर्यटक उतरते हैं तो उन्हें काफी परेशानी होती है। घाट पर जेक्टी बनने के साथ पर्यटक मनमाफिक स्थानों पर उतरने के साथ दर्शन–पूजन संग भ्रमण कर सकेंगे।भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का दावा है कि नवंबर माह तक कम्युनिटी जेक्टी को बनाकर तैयार कर लिया जाएगा। जेक्टी पर छोटे जलयान और नाव से लोग उतर सकेंगे। जेक्टी से फायदा होगा कि पर्यटक को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी, वे जरूरत के मुताबिक कहीं भी उतर सकेंगे। साथ में उनका समय भी बचेगा। विभाग का दावा है कि मौखिक तौर पर शासन से सहमति बन चुकी है, बस फाइलों में स्वीकृति मिलने की जरूरत है। जनप्रतिनिधियों ने उठाई थी समस्या: गंगा घाट पर पर्यटकों की सुविधा को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सवाल उठाया था। उन्होंने जेक्टी बनाने की मांग की थी। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने उनकी मांगों पर विचार करते हुए चार स्थानों जेक्टी बनाने का निर्णय लिया है।

## जागरूकता शिविर का आयोजन कल

**मीरजापुर।** उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति फेज.3 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीडन की राक थाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न जनपदों में आगामी 21 अक्टूबर 2021 को जागरूकता शिविर का आयोजन एवं महिला जन सुनवाई किया जायेगा। उक्त् आशय की जानकारी सदस्य/सचिव उप्र राज्य महिला आयोग के द्वारा जारी एक आदेश एवं जिलाधिकारी को भेजे गये एक पत्र में स्थल चयन एवं सम्बंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने की अपेक्षा की गयी है। जिला प्रोवशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने बताया कि जनपद मीरजापुर में जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में स्थानीय जिला पंचायत सभागार में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया पूवाह्न 11 बजे से किया जायेगा। महिला जन सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं जनपद के सम्बंधित अधिकारी उपस्थि रहेगें।

# सांसद की टिप्पणी से सवर्ण समाज नाराज, मुकदमा दर्ज करने की मांग

● थानों में दी गई तहरीर, सांसद ने मांगी सार्वजनिक माफी

**संवाददाता।** सोनभद्र



**वर्ष 2022 में** होने जा रहे उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा अपना दल एस गठबंधन के निर्वाचित सासद पकौड़ी लाल कोल द्वारा दिए गए कथित अमर्यादित भाषण का कितना असर विधानसभा के चुनाव में होगा यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा पर विपक्ष को एक बडा मौका जरूर मिल गया है। सबका साथ सबका विकास का दावा करने वाली भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेताओं के बिगड़ते बोल तथा सवर्ण समाज पर की जा रही टिप्पणी ने सवर्ण समाज के लोगों को नाराज करना शुरू कर दिया है। सोमवार को मिर्जापुर जिले में एक कार्यक्रम के दौरान लोकसभा क्षेत्र रावर्ट्सगंज से अपना दल एस के सांसद पकौड़ी लाल कोल द्वारा ब्राह्मण–ठाकुरों को गाली देने और धमकाकर वोट लेने का कथित वीडियो वायरल होने के बाद इस नाराजगी ने आक्रोश का रूप ले लिया है। मंगलवार को दोपहर बाद सवर्ण समाज की तरफ से राबर्ट्सगंज कोतवाली और करमा थाने में राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग के साथ प्रार्थना पत्र दिया गया। शर्म करो.. के नारे लगाए गए और भाजपा तथा उसके सहयोगी दलों के नेताओं पर जातिवाद राजनीति करने का आरोप लगाते हुए जमकर नाराजगी जताई गई। सोमवार की रात जैसे ही कथित वीडियो वायरल हुआ। मामले को मैनेज करने की कोशिश शुरू कर दी गई। इसके बाद कई लोगों ने अपनी पोस्ट सोशल मीडिया से हटा भी ली लेकिन तब तक यह विडियों और इसमें कही गई बात सवर्ण समाज के लोगों तक फैल चुकी थी। उधर मंगलवार को जैसे ही यह बात केंद्रीय मंत्री और अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल तक पहुंची तो उन्होंने वायरल वीडियो में सांसद की भाषा को अत्यंत अमर्यादित बताते हुए इसकी निंदा करते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में किसी भी धर्म या जाति के विरुद्ध अपशब्दों का या अमर्यादित भाषा का प्रयोग को सही नहीं ठहराया जा सकता। सांसद को निर्देशित किया कि वह तत्काल अपने अनुपयुक्त और अमर्यादित भाषा के लिए क्षमा प्रार्थना करें। इसके बाद सांसद और उनके प्रतिनिधि की तरफसे विडियों एवं पत्र के जरिए सार्वजनिक माफी भी मांगी गई लेकिन सवर्ण समाज के लोगों ने सांसद पर पूर्व में भी इसी तरह की अमर्यादित टिप्पणी का आरोप लगाते हुए राबर्टसगंज कोतवाली और करमा थाने में तहरीर देकर राष्ट्रद्रोह में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। एडवोकेट धीरज पांडेय आलोक चतुर्वेदी सन्तोष सिह चन्देल शिवम पांडेय नीतीश कुमार चतुर्वेदी सत्यम पांडेय राजेंद्र कुमार त्रिपाठी महेंद्र नाथ पाठक ठाकुर महासभा विंध्याचल मंडल के अध्यक्ष गोपाल सिंह वैद्य मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार पांडेय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय आदि का कहना था कि सांसद ने अपने वक्तव्य में सवर्ण समाज के लोगों को गाली तो दी ही है। पूर्व में हुए वर्ग संघर्षों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होने की बात भी स्वीकार की है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि सांसद वीडियो में यह कहते हुए दिख रहे हैं कि जो लोग उनको वोट नहीं देंगे उन्हें डायनामाइट से उड़ा दिया जाएगा तहरीर में कहा गया है कि उनके वर्णित कथन पर ध्यान दिया जाए तो उनके द्वारा सीधे वर्ग संघर्ष कराया जाता है। पुलिस पर हमले कराए जाते हैं। जमीन जायदादों पर कब्जा कराया जाता है। इसको दृष्टिगत रखते हुए सांसद के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की गई है। उधर, सांसद की तरफसे प्रसारित किए गए माफीनामा में कहा गया है कि वायरल वीडियो से ब्राह्मण एवं क्षत्रिय भाइयों की जो भावनाएं आहत हुई है, वह उसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। वहीं सवर्ण समाज के लोगों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी वह इस तरह का वक्तव्य दे चुके हैं। यह बात दीगर है कि वीडियो पहली बार वायरल हुआ है। भाजपा और उनके सहयोगी दलों के नेताओं पर जातिवादी राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा गया कि इससे पहले भदोही सांसद ने जनेऊ उतारने की बात कही थी लेकिन पार्टी के लोगों ने उस पर ध्यान नहीं दिया।

# मीरजापुर में मेडिकल कॉलेज का मेरा सपना पूरा हुआ: अनुप्रिया पटेल

● स्थानीय सांसद केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** मीरजापुर



**स्थानीय सांसद** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को पिपराडाड़ में बने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मीरजापुर के विकास के जो सपने देखे थे, उनमें एक इस मेडिकल कॉलेज के रूप में आज पूरा हुआ। इसका लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री जी 25 अक्टूबर को करेंगे। निरीक्षण में साथ रहे जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार से कहा कि जो भी शेष काम हैं, उनको गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराएं।

श्रीमती पटेल ने कहा कि उन्होंने सांसद के रूप में पिछले कार्यकाल में जिन परियोजनाओं की शुरुआत मिर्ज़ापुर में कराई थीं, अब एक.एक कर पूरी हो रहीं है। उनके लिए खुशी की बात है कि शिलान्यास के बाद लोकार्पण भी उनके ही कार्यकाल में हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिले में केंद्रीय विद्यालय और इंजीनियरिंग कॉलेज की भी स्थापना कराई। एक सैनिक स्कूल की स्थापना कराने का प्रयास कर रही हूं। उम्मीद है कि शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। आने वाले दिनों में मिर्ज़ापुर विकास के मामले में अग्रणी जिलों में शुमार होगा। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों के अलावा अपना दल एस के जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच रामरक्षा बिंद, युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल, आईटी मंच जिला अध्यक्ष हेमंत बिंद, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम पटेल, जिला महासचिव सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष अशोक पटेल, जोन अध्यक्ष कछवा सुखराज पटेल, युवा नेता संतोष विश्वकर्मा, युवा मंच जिला महासचिव संतोष कुमार पटेल, विधानसभा अध्यक्ष श्रमिक मंच विनोद कुमार बिंद, कुलदीप पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनएसजी कमांडो का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव, छाया मातम

● अंतिम विदाई में शामिल हुए पूर्व सांसद रामकिशुन व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू सहित अन्य जनप्रतिनिधि

**संवाददाता।** चंदौली



**जिले के** नियामताबाद विकासखंड स्थित हीरामनपुर गांव निवासी एनएसजी कमांडो राकेश कुमार यादव ;41द्ध का पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पर पहुँचा जहां हजारों की संख्या में मौजूद लोगों की आँखे नम रही आसपास के गांवों में मातम का माहौल व्याप्त है । मौके पर पूर्व सांसद रामकिशुन यादवए पूर्व विधायक सैयदराजा मनोज सिंह डब्लूए प्रदेश प्रवक्ता मनोज सिंह काका सहित अन्य जनप्रतिनिधि पहुंच कर जवान की अंतिम विदाई में शामिल हुए ।

जानकारी के अनुसार बंगलूरू में प्रशिक्षण के दौरान जवान राकेश कुमार यादव की हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया । घटना की जानकारी होने पर परजिनों में मातम छा गया । परिजनों के अनुसार राकेश कुमार यादव (41) एनएसजी में कमांडो के पद पर पंजाब के भटिंडा में तैनात थे । कुछ दिनों पूर्व उनकी पदोन्नति जेसीओ पद पर हुई थी इसकी ट्रेनिंग के लिए उन्हें कर्नाटक के बंगलूरू प्रशिक्षण केंद्र में भेजा गया था। रविवार को प्रशिक्षण के दौरान ही हृदयाघात से उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी वंदना यादव बेसुध पड़ी हैं वहीं पुत्री सपना व पुत्र मोहित सहित अन्य परिजन काफी सदमे में है । सैनिक का पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पहुँचते ही पूरा क्षेत्र मातम में बदल गया। परिजनों के साथ ही गांव के लोगों के भी आँसू रुकने का नाम नहीं ले रहे। एनएसजी कमांडो चन्दौली के लाल की मौत की सूचना के बाद चंदौली जिले के समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद रामकिशुन यादव और सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह डब्लू समेत तमाम जन प्रतिनिधि जवान की अंतिम बिदाई में शामिल होने उनके घर पहुँच गए । वहीं जिले भर से तैयारी करने वाले युवाओं की भी भारी भींड़ जवान की अंतिम विदाई में शामिल होने के लिए पड़ाव से ही जुलुश की शक्ल उनके पार्थिव शरीर के साथ उनके आवास पहुँचे । इस दौरान देश भक्ति के नारों और गीतों से इलाका गूंजता रहा।

## क्विक न्यूज

### शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया बारावफात का त्योहार



**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा बीजपुर में मंगलवार को मुस्लिम भाइयों ने बारावफात का त्योहार शांतिपूर्ण व परंपरागत तरीके से मनाया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक बीजपुर भैया शिव प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल की टुकड़ियां समुचित स्थानों पर तैनात देखी गई। बीजपुर के मुस्लिम भाई मंगलवार की पूर्वाहन अपने मुहल्ले से परम्परागत ढंग से समूह में एकत्र होकर शांतिनगर टोले में स्थित मस्जिद में पहुँचकर नमाज अदा की। नमाज अदा करने के उपरांत उन सभी ने अल्लाह से अपने व देश की सलामती के लिए दुआ मांगी। यही आलम थानाक्षेत्र के अन्य मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भी देखने को मिलाए जहाँ पुलिस की मौजूदगी में त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया।

### पैर फिसल जाने से किसान की नदी में डूबकर मौत

**सकलडीहा/चंदौली।** कोतवाली क्षेत्र के श्रीरामपुर कवरुआ गांव निवासी 43 वर्षीय अशोक कुमार राजभर की नदी में डूब जाने से मौत हो गई। वह मंगलवार की सुबह खेत पर काम करने के बाद अगहर वीर बहुरिया नदी में हाथ पैर धोने गये थे। अचानक पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चले जाने से नदी में डूबकर मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा गया। मौके पर पहुंची नईबाजार चौकी पुलिस शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में पीएम के लिये भेज दिया। श्रीरामपुर कवरूआ गांव निवासी शिवधन राजभर के 43 वर्षीय पुत्र अशोक राजभर गांव के सिवान स्थित खेत में काम करने के बाद मंगलवार की सुबह नदी में हाथ पैर धो रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और गहरे पानी में चले गये। इसकी जानकारी होने पर आसपास के लोग नदी में खोजबीन करने लगे। वहीं लगभग दो घंटे के प्रयास से अशोक को बाहर निकाला। लेकिन तबतक मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पत्नी माना देवी और पुत्री सुंध्या, गुंजा, अनुराधा, पुत्र गोलू और अरून का रोते रोते बुरा हाल होगया। इस बाबत कोतवाल संजीव मिश्र ने बताया कि मृतक किसान का शव पीएम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया गया। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

### वध के लिए बंगाल ले जा रहे कंटेनर को पुलिस ने पकड़ा

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक अमित के निर्देश पर चलाये जा रहे चेकिंग अभियान में सदर पुलिस ने एक कंटेनर ट्रक से वरूरता पूर्ण तरीके से लादकर ले जा रहे कंटेनर से 27 राशि गोवंश को बरामद किया गया तथा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के द्वारा गौ तस्कर के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम सदर पुलिस को मुखबिर से ख़ास सूचना मिली की वाराणसी की तरफसे एक अदद कन्टेनर गोवंशो को लादकर बिहार वध हेतु ले जा रहे है। इस सूचना पर एसआई विवेक कुमार त्रिपाठी व रामभवन यादव मय हमराह के एनएच2 रेलवे स्टेशन के पास चेकिंग करना शुरु किये तभी वही कन्टेनर आते दिखाई दिया मुखबिर ने बताया कि साहब यह वही गाड़ी जिसमें गोवंशो को लादे है। जिस पर तत्परता दिखाते हुए सदर पुलिस ने रेलवे स्टेशन एनएच 2 के पास से 02 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और कंटेनर सहित अभियुक्त को कोतवाली ले आयी। इस दौरान सदर पुलिस ने बताया कि सावेज निवासी सब्बल एडा थाना मीरापुर मुजफ्फरनगर, नफासत अली जिला रामपुर एक कन्टेनर में जिसमे 27 राशि गोवंश बरामद किया गया । जो कानपुर से पश्चिम बंगाल वध के लिए ले जा रहे थे। जिसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस दौरान ओमप्रकाश सिंह, योगेश प्रताप, सरोज यादव, सुशील कुमार, दीपक कुमार उपस्थित रहे।

### बूथ अध्यक्षों की ताकत पर भाजपा की पुनः बनेगी सरकारः प्रभारी



**सकलडीहा/चंदौली।** भाजपा अपने कार्यकर्ता और बूथ अध्यक्षों की ताकत के बदौलत एक बार फिर यूपी में सरकार बनायेगी। बूथ अध्यक्ष पार्टी के मजबूत कड़ी है। उक्त विचार बतौर मुख्य अतिथि सतीश पांडेय विधान सभा प्रभारी पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय विद्या मंदिर में कही। इस दौरान मंडल सशक्तिकरण कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा किया गया। इसके पूर्व पंडित दीन दयाल उपाध्याय और डाण् श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरूआत किया गया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधान सभा प्रभारी सतीश पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नितियों के कारण आज गरीब जनता को योजनाओं का सीधे लाभ मिल रहा है। योगी सरकार में हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। यह कार्यकर्ता और बूथ अध्यक्षों के बदौलत हुआ है। एक बार फिर बूथ प्रभारियों की ताकत से यूपी में भाजपा की सरकार बनेगी। इसके लिये हर कार्यकर्ताओं को कमर कसकर तैयार रहने का आवाहन किया। इसके पूर्व विधायक शिव तपस्या पासवानए सूर्यमुनी तिवारीए बीरेन्द्र सिंहए प्रमोद सिंहए श्याम सुंदर चौहान आदि ने कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिपंस सूर्यमुनी तिवारीए मंडल अध्यक्ष भानू प्रताप सिंहए विस्तारक प्रशांत जीए मुसाफिर प्रजापतिए कमलापति पांडेयए रमाशंकर खरवारए विजय गुप्ताए पूनम चौहानए देवेन्द्र दत्त पांडेयए कुमुद बिहारी सिंहए नीरज सिंह बालाए संजय सिंहए चन्द्रशेखरए श्रीकांत राजभरए अरविंद पांडेयएमोनू पांडेयए डीके सिंहए संतोष राय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में हुआ पूजन-अर्चन



**मऊ।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर पूजन.अर्चन किया गया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर शीतला मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में पूजन के लिए लोगों की भीड़ लगा रहा। स्वर्णकार समाज की तरफसे राजीव जौहरी ने शीतला मंदिर में पूजन.अर्चन किया। उधर मां संतोषी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान की तरफ से शरद पूर्णिमा के अवसर पर अमृत खीर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं बहादुरगंज मंदिर प्रांगण में पूजन.अर्चन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से वैद्य तेज बहादुर सिंहए डॉण् रमेशए डॉण् वीके सिंहए डॉण् गोपाल सिंहए डॉण् मनीषए वैद्य राधेश्याम मौर्यए वैद्य संजय त्रिपाठीए वैद्य बीएन त्रिपाठीए हकीम सईदुर्रहमान आदि उपस्थित रहे। बताते चलें कि साल भर में कुछ खास पूर्णिमा ऐसी हैं जिन्हें बहुत शुभ और लाभदायक माना जाता है। इन्हीं में से एक है आश्विन मास के शुक्ल पक्ष को पड़ने वाली शरद पूर्णिमा। मान्यता है कि धनदायक पूर्णिमा माने जाने वाली शरद पूर्णिमा के दिन आकाश से अमृत वर्षा होता है।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हुआ शुभारंभ

**मऊ।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसएन दुबे ने मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तृतीय चरण का शुभारम्भ हरी झण्डी दिखाकर किया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 19 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक विभिन्न स्थानों पर संचालित किया जाएगा। इस दौरान लोगों को विशेषतौर पर साफ-सफाई एवं कचरा निस्तारण को लेकर जागरुक किया जाएगा। अभियान के शुभारम्भ के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् एसएन दुबे ने बताया कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत जनपद में साफसफाईए कचरा निस्तारण एवं छिड़काव के लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरुक किया जाना है। शासन के निर्देशों का सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीके यादव ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एईएसध्जेई रोकथाम एवं नियन्त्रण गतिविधियों के लिए जनपद स्तर के साथ ही साथ ब्लाक स्तरए ग्राम पंचायत स्तरों पर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय हेतु नोडल विभाग का कार्य करेगा। आशाए एएनएम तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से समय पर उपचार एवं संदर्भन हेतु समुदाय स्तर पर बुखार के मरीजों की ट्रेकिंग की जाएगी। जिला मलेरिया अधिकारी बेदी यादव ने बताया कि आशाओं को बुखार के मरीजों की ट्रेकिंग हेतु प्रशिक्षित किया गया है।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कवि गोष्ठी आज

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय संचेतना समिति के संयोजक व साहित्यकार जगदीश पंथी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय संचेतना समिति सोनभद्र द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर को जनपद मुख्यालय स्थित सोनभद्र अधिवक्ता संघ सभागार में संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन रामायण के प्रणेता आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित किया गया है जिसमें जनपद के ख्याति लब्ध साहित्यकार लेखक व कवि उपस्थित होंगे।

# गायब युवक और किशोरी के गांव के बाहर खेत में मिले अस्थि पंजर

## परिजनों ने की शिनाख्त, चर्चाओं में ऑनर किलिंग की हो रही बात

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**कोतवाली** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बल्लापुर के मजरा भिखरियापुर के निकट धान के खेत में मंगलवार प्रातः दो अस्थि पंजर बरामद हुए। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों का हुजूम लग गया। कुछ ही देर बाद दोनों अस्थि पंजरों की शिनाख्त गांव के ही युवक और किशोरी के रूप में हुयी। युवक और किशोरी करीब 4 दिन पूर्व गांव से अचानक लापता हुए थे। पुलिस ने दोनों अस्थि पंजरो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।ग्राम भिखरियापुर निवासी ग्रामीणों के अनुसार गांव के ही राम सिंह का 24 वर्षीय पुत्र बालकृष्ण तथा रामकुमार की 15 वर्षीय पुत्री सरला बीते 13 अक्टूबर को अचानक लापता हो गये थे। लापता युवक और किशोरी के स्वजनों द्वारा दोनों की तलाश की गई। लेकिन कोई सुराग न मिलने पर अगले दिन बांगरमऊ कोतवाली पहुंचे रामकुमार ने अपनी पुत्री सरला के अपहरण की रिपोर्ट तो राम सिंह ने अपने बेटे बालकृष्ण की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार प्रातः राम सिंह के खेत में खड़ी धान की फसल के बीच दो अस्थि पंजर पड़े होने की सूचना से हड़कंप मच गया। आनन फानन ग्रामीणों का मजमा लग गया सूचना ग्रामीणों से होते हुवे कोतवाली पहुंची। जिसके बाद पहुंची कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों को बुलाकर दोनों नर कंकालों की शिनाख्त कराई। इनमें एक अस्थि पंजर की शिनाख्त राम सिंह ने अपने पुत्र बाल कृष्ण के रूप में तथा दूसरे अस्थि पंजर की शिनाख्त रामकुमार ने अपनी पुत्री सरला के रूप में करी। पुलिस ने दोनों अस्थि पंजर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। जबकि फॉरेंसिक जांच के लिए बिसरा भी सुरक्षित किया है।



सीओ आशुतोष कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने घटना के बाबत ग्रामीणों तथा बालकृष्ण और सरला के परिजनों से अलग.अलग बात की। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ के बाद घटना के बाबत महत्वपूर्ण सुराग मिले है। इसी सुराग के आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय तथा अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। पुलिस आत्महत्या और ऑनर किलिंग दोनों बिंदुओं पर जांच करने में जुटी है। लेकिन ग्रामीण दबी जुबान ऑनर किलिंग की चर्चा घटना स्थल पर करते रहे।

### मिले समान से हुई शिनाख्त

**बांगरमऊ।** स्थानीय ग्रामीणों की माने तो लापता युवक और किशोरी के मिले अस्थि पंजर से उनकी पहचान संभव नहीं थी। लेकिन मौके पर बरामद चप्पलों और दुपट्टा ने जहां किशोरी की पहचान कराई वहीं घटनास्थल के पास मिले एक एंड्रॉयड और एक अन्य मोबाइल सेट से युवक की पहचान संभव हो सकी।

### गांव का कुत्ता बना खोजी डॉग

**बांगरमऊ उन्नाव।** लापता युवक और किशोरी के अस्थि पंजर की बरामदगी आश्चर्यजनक ढंग से एक गांव के कुत्ते ने कराई। दरअसल एक कुत्ते को जबड़े में मानव अंग दबाए युवक के परिजनों ने देखा। बताते हैं पहले से शसंकित युवक के परजनों ने कुत्ते को दौड़ाया तो कुत्ता मानव अंग छोड़ भाग पड़ा। परिजन कुत्ते के पीछे चल पड़ेए जिसके बाद कुत्ता फिर से घटना स्थल जा पहुंचा। चर्चा है यदि ऐसा न होता तो खड़ी धान की घनी फसल के बीच पड़े दोनों अस्थि पंजरों की भनक न लग पाती।

### दोनो के परिजनों ने दर्ज कराई थी एफआईआर

**बांगरमऊ उन्नाव।** लापता युवक और किशोरी दोनों के पिता द्वारा बीते 13 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस को अलग.अलग तहरीर दी गई थी। जिसमे किशोरी सरला के पिता रामकुमार ने 15 वर्षीय बेटी के अपहरण की तहरीर में गांव के लापता युवक बाल कृष्ण को नामित किया था। जबकि लापता युवक के पिता राम सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उसके पुत्र बालकृष्ण और रामकुमार की पुत्री सरला से प्रेम प्रसंग था। 12 अक्टूबर को रामकुमार और उसके परिवारीजनों ने बालकृष्ण की पिटाई भी की थी। अगले दिन शाम को बालकृष्ण शौच के लिए खेतों पर गया था। तभी से गायब है। पुलिस ने दोनों तहरीरो के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

### अस्थि पंजर में तब्दील होना छोड़ रहा है सवाल

**बांगरमऊ।** 6 दिन पूर्व लापता प्रेमी युगल के शव आखिर इतनी जल्दी अस्थि पंजर में कैसे तब्दील हो गए ए यह घटना आम आदमी के समझ से परे है । एक्सपर्ट डॉक्टर के अनुसार शव अस्ति पंजर में तब्दील होने के लिए छः सप्ताह समय चाहिए। हालांकि चिकित्सकों का यह भी कहना है कि सुनसान जगह पर जंगली जानवर इंसान के शरीर से मांस नोच कर खा सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### पल्लेदार ने लगाई फांसी

**बांगरमऊ उन्नाव।** जनपद कानपुर नगर अंतर्गत थाना बिल्हौर के ग्राम राजेपुर निवासी अजीत पुत्र काली चरन क्षेत्र के संडीला मार्ग पर स्थित माया शीतालय मे पल्लेदारी करता था। आज तड़के अज्ञात कारणों से पल्लेदार अजीत कोल्ड स्टोर की दूसरी मंजिल पर रस्सी के सहारे फांसी पर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन पल्लेदार के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

### संदिग्ध परिस्थिति में मिले घायल युवक व युवती

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कस्बा से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी विनोद सैनी की बेटी गुंजन नगर के अतुल पैथोलॉजी पर काम करती है। गुंजन वैसे तो रोज अपने घर शाम 6रू00 बजे तक पहुंच जाती थी। किंतु गत शाम युवती घर नहीं पहुंची। घरवालों ने सोचा कि बुखार होने के कारण शायद वह दवा लेने चली गई होगी। जब काफी देर तक गुंजन घर नहीं पहुंची। तो चिंतित घर वालों ने संभावित स्थानों पर खोजबीन की । इसी बीच इसी गांव के निवासी अभय पाठक पुत्र नंदकिशोर ने फोन पर युवती के घरवालों को बताया की टेडी कोन से अताईपुर जाने वाले रोड पर उसकी बाइक को किसी ने टक्कर मार दी है, और में यही पड़ा हूं । गुंजन मेरे साथ थी उसका पता नहीं है। इतनी सूचना देकर अभय ने एंबुलेंस 108 को सूचित किया। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस चालक ने अभय से बात की ,बताया कि उसकी बाइक में किसी ने पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद वह गिर गया और उसे होश नहीं रहा।

### अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर खड्ड में गिरा, युवक की मौत

**फर्रुखाबाद।** अलियापुर चौराहे के नजदीक सोमवार की देर शाम अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर खड्ड में जा गिरा इससे ट्रैक्टर में दबकर युवक की मौत हो गई। आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। मौसम का मिजाज बिगड़ा था और बारिश हो रही थी। ऐसे में बचाव कार्य में काफी दिक्कतें आई।कायमगंज कोतवाली के हादी दादपुर मई गांव निवासी राजीव उर्फकल्लू सोमवार की दोपहर बाद अपने ट्रैक्टर ट्राली को लेकर ठंडी कुइयां चौराहे के लिए गया हुआ था। शाम सात बजे के करीब वहां से वापस लौट रहा था कि इस बीच बारिश के चलते ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और खड्ड में जा गिरा। इससे राजीव ट्रैक्टर में दब गया। जानकारी पाकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े। इससे पहले उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पिता बालकराम व परिवारके अन्य लोग मौके पर पहुंचे। युवक का शव देखकर रोने लगे। पिता ने बताया कि बेटा आवश्यक कार्य के लिए ट्रैक्टर लेकर ठंडी कुइयां गया था वापस आते समय हादसा हुआ। जानकारी पाकर शमसाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। राजीव के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### ट्रेन से कटकर कन्नौज के वृद्ध कारोबारी की मौत

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज रेलवे स्टेशन पर सोमवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से कन्नौज के वृद्ध कारोबारी की मौत हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ बेटी के घर दिल्ली जाने के लिए कालिंदी एक्सप्रेस पर सवार हो रहे थे। इसी बीच पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गए।कन्नौज के तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के मुरैया निवासी वृद्ध कारोबारी अशोक तिवारी अपनी पत्नी पुष्पा के साथ दिल्ली में बेटी के घर जाने के लिए सोमवार की रात कमालगंज स्टेशन पर कालिंदी एक्सप्रेस में बैठ रहे थे। पत्नी ट्रेन की बोगी में बैठ गई थीं। वह पीछे रह गए और ट्रेन पर चढने लगे। इस बीच अचानक उनका पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रात में इलाज के लिए लोहिया अस्पताल लाया गयाए जहां उनकी मौत हो गई। घटना को देखते हुए घर वालों को जानकारी हुई तो परिवार के लोग भी मंगलवार की सुबह यहां पहुंचे।

### महिलाओ के अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकरगंज इलाके में स्थित एक नर्सिंग होम में लंबे समय से अवैध कार्यों को अंजाम दिया जा रहा था। बताते हैं कि इस नर्सिंग होम के डॉक्टर ने कई युवतियों के अश्लील वीडियो इलाज के दौरान बनाए हैं वीडियो बनने के बाद डॉक्टर उन्हीं महिलाओं को ब्लैकमेल करता था जिनमें से कई महिलाओं का वह धर्म परिवर्तन भी करा चुका है। ऐसे ही बुरे दौर से गुजर चुकी एक महिला ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को अपनी आपबीती बताई। यह महिला इटावा जिले के पुरबिया टोला की रहने वाली है। महिला ने बताया कि उसे नौकरी के बहाने फसाकर नर्सिंग होम में बुलाया गया था इस दौरान उसे नशीला पदार्थ खिलाकर आकांक्षा नर्सिंग होम के डॉक्टर जुनैद ने उसका वीडियो बना लिया। वीडियो को इंटरनेट में वायरल करके बदनाम न कर दे इस डर से उसने वह हर बात मानी जो डॉक्टर ने कही। इस दौरान डॉक्टर ने उसका धर्म परिवर्तन भी करा दिया और जबरन शादी कर ली। महिला ने पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आकांक्षा नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर जुनैद खान पुत्र मुन्ने खान निवासी बाकरगंज थाना कोतवाली के खिलाफ धारा 328ए 354 कए 420 3६5 उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# भाजपा नेता ने डग्गामार वाहन स्टैंण्ड हटाये जाने को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। घाटमपुर

**कानपुर** रोड की तरह मूसानगर रोड पर भी डग्गामार वाहन संचालकों और ठेलिया वालों की मनमानी जारी है। और इसी के चलते कई बार खदेड़े जाने के बाद दूसरे दिन ही डग्गामार वाहन संचालक और ठेलिया वाले मनमानी करना शुरु कर देते है। येसा भी नही है कि सड़क पर खड़े होकर सवारी बैठानें वाले वाहनों और फुटपाथी अतिक्रमण का हटाने को लेकर जन प्रतिनिधियों के साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने समय समय पर चिन्ता जताने के साथ अतिक्रमण हटाने तथा डग्गामार वाहनों को पालिका द्वारा निधार्रित पार्किंग स्थलों पर खड़े कराने का आदेश-निर्देश न जारी करते हो पर पुलिस की लोभी पकड के आगे आला अफसरों और जन प्रतिनिधियों के आदेश हवा हवाई न साबित होते नजर न आते हो।

स्व0 कमलरानी वरुण चुनाव में बिजयी होने के कुछ दिनों बाद ही यहाँ की जाम समस्या और डग्गामार वाहन स्टैंण्ड हटाये जाने को लेकर तत्कालीन जिलाधिकारी और पुलिस के आला अफसरों को पत्र लिखा था, बाद में आई0जी0 के घुड़की के बाद पुलिस ने यहाँ के बस स्टाप के साथ ही चौराहा और मूसानगर रोड पर चौराहे से लेकर सीएचसी तक पग-पग पर कायम डग्गामार वाहनों को खदेड़ कर उन्हे नगर पालिका द्वारा निर्धारित वाहन स्टैण्ड पर खडा कारने अभियान चलाया भी था। लोगों ने बताया कि दो-तीन महीने तो जाम और दुर्घटनाओं से लोगों को राहत तो मिली थी पर बाद में फिर वही पुराने ढ़र्रे पर डग्गामार संचालक उतर आये, सांसद देवेंन्द्र सिंह भोले व बिधायक उपेंन्द्र नाथ पासवान ने भी बीते माह तहसील के सभागार में कानपुर-सागर हाइवे पर चौराहे में बनने वाले ओवर ब्रिज के निर्माण देरी को लेकर सांसद देवेंन्द्र सिंह भोले की अगुवाई में हुई बैठक में भी चारो रोडों के अतिक्रमण और डग्गामार वाहनों को चिन्ता जतायी थी तथा बाहर खड़ा कराने की बात पालिका और पुलिस के आला अफसरों से कही थी। लेकिन दोनों जन प्रतिनिधियों की घुड़की का असर पुलिस पर शायद नही पड़ा और डग्गामार वाहन बिधवत चल रहें हैं इसी को लेकर तहसील के सभागार में आयोजित समाधान दिवस में पधारे जिलाधिकारी को भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला मंत्री दलजीत सिंह ने शिकायत की थी कि बीते तीन माह सांसंद देवेंन्द्र सिंह भोले व विधायक उपेंन्द्र नाथ पासवान ने चारो रोड़ों के डग्गामार वाहन पालिका द्वारा निधार्रित जगहों में खड़ा कराने का आदेश दिया था लेकिन पुलिस ने आज तक कोई कार्यवाही नही की है उल्टे थाना व तहसील गेट पर ही वाहन खड़ा कर सवारियाँ भरते हैं। भाजपा नेता की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एआरटीओं को कार्यवाही का आदेश दिया है।

### व्यस्ततम सड़क है मूसानगर रोड

**घाटमपुर**-वैसे तो चौराहे के साथ-साथ चारो राष्ट्रीय कृत मार्गों पर अतिक्रमण का बोल बाला है पर मूसानगर रोड पर कुछ ज्यादा ही है। वन वे सड़क किनारे कोतवाली व तहसील मुख्यालय के अलावा सिविल न्यायलय, उप निबंधक कार्यालय, दूरभाष केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र, नगर पालिका कार्यालय, बैंक के अलावा जीवन बीमा कार्यालय तथा दो महाबिद्यालयो के साथ आधा दर्जन उच्च्य प्राथमिक, प्राथमिक बिद्यालय, कई इन्टर कालेज भी स्थित है। मूसानगर रोड पर ही कई नर्सिंग होम व कोचिंग सेंटर भी संचालित हैं। लेकिन बाहन पार्किग की ब्यवस्था शायद ही कहीं हो। नतीजा ये है कि दुपहिया व चौपहिया वाहनों की पार्किग सड़क बन चुकी है। इसके अलावा दुकानदार भी पुटपाथ तक सामान रखा आगे अपना वाहन खड़ा करने से नही चूकते है। जिसके चलते पैदल और दुपहिया वाहन वाले जान जोखिम में डाल ट्रकों के आगे-आगे चलने को बिवश हैं।

## कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद-उन्नाव

पत्रांक : 1193/न0प0नवा0/रा.वि.आ कोटेशन/2021-22 दिनांक : 18.10.2021

**कोटेशन सूचना**

एतदद्वारा समस्त ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव में राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष-2021-22 में प्राप्त होने वाली धनराशि अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न वर्णित कार्य हेतु सीलबन्द कोटेशन दिनांक 25.10.2021 को मध्यान्ह 12:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव में आमंत्रित की जायेंगी। उक्त तिथि में निर्धारित समय के अन्तर्गत प्राप्त कोटेशन दिनांकः-25.10.2021 को 2:30 बजे अपरान्ह में अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय के समक्ष उपस्थित कोटेशनदाताओं के सामने खोले जायेंगे। कोटेशन के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करने की रसीद लगाना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रपत्र निर्धारित मूल्य जमा करके दिनांक-23.10.2021 को कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव में कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। किसी भी एक कोटेशन अथवा समस्त कोटेशनों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय से कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यों का विवरण निम्नवत् है :-**

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | आगणन की धनराशि (जी.एस.टी. रहित) (रू0 में) | धरोहर राशि 02 प्रतिशत | कोटेशन फार्म की कीमत 18 प्रतिशत GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य - | | | | | |
| 1 | वार्ड सं0 01, 02 में हरिनाम के मकान से मन्दिर गेट तक गड्ढामुक्त का कार्य। | 69766.00 | 1395.0 | 83.00 (70+13) | 15 दिवस |
| 2 | वार्ड सं0 04 में अस्थाई गौशाला (कांजी हाउस) से जी0जी0आई0सी0 स्कूल तक गड़ढामुक्त का कार्य। | 68147.00 | 1363.00 | 80.00 (68+12) | |

नोट : 1. विस्तृत जानकारी कार्यालय दिवस में कार्यालय से की जा सकती है।
2. स्वीकृत धनराशि के अवमुक्त होने एवं अतिरिक्त धनराशि का भुगतान नगर पंचायत निधि एवं राज्य वित्त आयोग से बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य पश्चात् बजट उपलब्ध न होने तक भुगतान के सम्बन्ध में यदि किसी प्रकार की आपत्ति की जाती है तो मान्य नहीं होगी।
3. ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करों की नियमानुसार कटौती की जायेगी जो ठेकेदार को मान्य होगी।
4. शासनादेशों के अन्तर्गत एक वर्ष तक सम्बन्धित कार्य का रखरखाव की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
5. कोटेशन के साथ 100/- रू0 का जनरल स्टाम्प पेपर जमा करना होगा।
6. कोटेशन दाताओं को उल्लिखित धरोहर राशि 02 प्रतिशत एवं कोटेशन प्रपत्र की नगद धनराशि की रसीद कार्यालय लिपिक के पास जमाकर निविदा के साथ लगाना अनिवार्य होगा, तथा 08 प्रतिशत का निर्दिष्ट धरोहर नगद/एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव के नाम बंधक जमा करना अनिवार्य होगा।

(विजेता गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव

(दिलीप कुमार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव

# जुलूस-ए-मोहम्मदी में युवाओं ने लहराया तिरंगा

संवाददाता। पुखरायां/रसूलाबाद, कानपुर देहात



**पैगंबरे** इस्लाम की पैदाइश के मौके पर मंगलवार को जनपद के प्रमुख कस्बों में जुलूस ए मोहम्मदी पुरसुकून के साथ निकाला गया। रसूलाबाद में जुलूस के साथ भारतीय तिरंगा लहराकर युवाओं ने देशभक्ति का जज्बा दिखाया। वहीं मस्जिदों के इमाम साहब के सदारत में निकले लंबे जुलूसों से कस्बा पुखरायां की गलियां भर गईं। इस दौरान जगह-जगह सजे सौहार्द के स्टालों से लोगों ने लंगर भी लुटाया।

कस्बा रसूलाबाद के मुख्य चौराहा से जुलूस ए मोहम्मदी अकीदत के साथ आगाज हुआ। फिर जुलूस ए मोहम्मदी विषधन रोड तिराहा होते हुए नेहरू नगर, कबीर नगर चौराहा होते हुए झींझक रोड तिराहा पहुँचा। जहां अंजुमन आशिकाने मुस्तफा कमेटी के स्टाल पर जुलूस में शामिल लोगों का इस्तकबाल किया गया। जुलूस में हजारों की तादात में लोग शामिल हुए। इसीतरह 'कहिंजरी, बिरहुन व असालतगंज में भी जुलूस निकाला गया। पुखरायां प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा अमरौधा, भोगनीपुर, मूसानगर, शाहजहांपुर, सट्टी, राजपुर, अस्तिया, उमरिया, सरांय समेत दर्जनों गावों में भी जुलूस-ए-मोहम्मदी शान-ए-शौकत से निकाला गया। सोमवार से ही लोगों ने जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारियां करना शुरू कर दिया था। मस्जिदों और मजारों के अलावा गलियों में भी इलेक्ट्रिानिक झालरों और दूधिया बल्वों की रोशनी की गई। सुरक्षा के लिहाज से अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया स्थानीय पुलिस चौकी से जुलूस निगरानी करते रहे। जबकि उपजिलाधिकारी भोगनीपुर जुलूस के साथ मौजूद रहे।

# बारिश में दो कच्चे मकान भरभराकर गिरा, घरेलू सामान नष्ट

## बारिश के चलते गिरे दोनों कच्चे मकान

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**दो** स्थानों पर सोमवार की रात कच्चे मकान भरभराकर गिर गए। इससे घरेलू सामान दबकर नष्ट हो गया। परिवार के सदस्य बाल बाल बच गए। तेज धमाके की आवाज पर ग्रामीण दौड़े और परिजनों को सुरक्षित देखकर राहत की सांस ली।

अमृतपुर तहसील के गांधी गांव निवासी राजकुमार रात में अपने परिवार के साथ घर के दूसरे कमरे में सोए हुए थे। बारिश के बीच उनका कच्चा एक कमरा भरभराकर बैठ गया। इससे घरेलू सामान दबकर नष्ट हो गया। तेज धमाके की आवाज पर आस पास के लोग भी दौड़ पड़े। परिजनों को सुरक्षित देखकर राहत की सांस ली।

राजकुमार ने बताया कि घर का पूरा सामान नष्ट हो गया है। कमरा कच्चा था इसलिए हम लोग दूसरी ओर सो रहे थे। शमसाबाद ब्लाक के नैगवां निवासी आशा देवी का कच्चा मकान भरभराकर बैठ गया। बीती रात दो बजे अचानक छत भरभराकर गिर गई जिससे गृहस्थी का सारा सामान दब गया। आशादेवी अपने परिवार के साथ घर के बाहर छप्पर में सोई हुई थीं जिससे अनहोनी घटना होने से बच गई। आशादेवी ने घर गिर जाने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलवाए जाने की मांग की। कायमगंज तहसीलदार प्रदीप कुमार ने बताया कि नैगवां में घर गिरने की जो जानकारी मिली उस पर क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। जो रिपोर्ट मिलेगी उस आधार पर परिवार को मुआवजा दिलाया जाएगा।

# राहगीरों ने बचाई ट्रेन से कटने गए अधेड़ की जान

**पुखरायां, कानपुरदेहात।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के गेट नंबर-205 सब्जी मंडी क्रासिंग के निकट एक अधेड़ ने तेज रफ्तार मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। जिसे क्रासिंग के पास खड़े लोगों ने जल्दी से खींचा, लेकिन चपेट में आने उसके पैर का पंजा कट गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। राजकीय रेलवे पुलिस चौकी के इंचार्ज शिव नारायण वर्मा ने बताया कि मंगलवार की दोपहर 12 बजे भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के विदुखुरी की मड़ैयां निवासी राम किशोर (50) ने रेलवे स्टेशन के नजदीक व्यवस्थित मंडी क्रासिंग के निकट झांसी से कानपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार मालगाड़ी के सामने छलांग लगा थी। क्रासिंग बंद होने के कारण वहां पर खड़े लोगों ने उसे जल्दी से खींचा।

# डीएम ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का किया शुभारम्भ

संवाददाता। उन्नाव



**जिलाधिकारी** रवीन्द्र कुमार ने नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की शपथ दिलाई और फॉगिंग एवं एंटी लारवा छिड़काव टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 19 अक्टूबर से 17 नवंबर तक एवं दस्तक अभियान 19 अक्टूबर से 01 नवंबर तक चलाया जाएगा। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्रवाई हेतु विभिन्न विभागों.चिकित्सा एवं स्वास्थ्यए नगर विकासए पंचायती राजध्ग्राम विकासए पशुपालनए बाल विकास एवं पुष्टाहारए शिक्षाए दिव्यांगजन सशक्तिकरणए कृषि एवं सिंचाईएउद्यान विभाग द्वारा साफ सफाईए स्वच्छताए वेक्टर जनित वातावरण को समाप्त करनेए एंटी लार्वा छिड़कावए फागिंगए जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान की साप्ताहिक समीक्षा प्रत्येक शनिवार को की जाएगी। उन्होंने कहा कि फ्रंटलाइन वर्कर आशा एवं आंगनवाडी कार्यकत्री द्वारा अभियान के दौरान घर.घर सर्वे में बुखार के रोगियोंए इनफ्लुएंजा लाइक इलनेस रोगियोंए क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की पहचान एवं कुपोषित बच्चों की सूची तैयार की जाएगी।

# विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की संचारी रोग नियंत्रण रैली

संवाददाता। कानपुर देहात

**अकबरपुर** रनियां विधायक प्रतिभा शुक्ला व जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह ने बताया कि पूरे जनपद में आज से 17 नवम्बर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। एक नवम्बर तक दस्तक अभियान भी चलेगा। जिसमें आशा कार्यकर्ता लोगों की स्क्रीनिंग कर क्षय रोगियों, फाइलेरिया डिफार्मिटी और कुपोषित बच्चों को चिह्नित करेंगी। उन्होंने बताया कि संचारी रोग उन्मूलन अभियान उन माध्यमों को खत्म करने के लिए चलाया जाता है। अभियान के तहत साफ-सफाई और दवाओं का छिड़काव किया जाता है। वहीं दस्तक अभियान एक सर्वे जैसा अभियान है। इसमें आशा कार्यकर्ता आदि घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई के लिए जागरूक करते हैं। यह देखने की कोशिश करते हैं कि कोई मरीज तो नहीं है। मरीज मिलने पर उसमें रोग पैदा होने के कारणों को जानने की कोशिश की जाती है। रोगी चिन्हित होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर भ्रमण कर लोगों से चार बिंदुओं पर जानकारी लेंगी। इसके माध्यम से बुखार के मरीज, इंफ्यूएंजा की तरह सर्दी खांसी के मरीज, क्षय रोग संभावित लक्षणों वाले तथा कुपोषित रोगियों को चिह्नित करने का प्रयास करेंगी। भ्रमण के दौरान टीमें घरों के आसपास पानी को जमा न होने देने तथा साफ-सफाई के बारे में भी लोगों को जागरूक करेंगी। संचारी रोग उन्मूलन अभियान के तहत शिक्षा विभाग वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बच्चों का संवेदीकरण करेगा। ग्राम विकास विभाग ग्राम प्रधान के माध्यम से प्रभात फेरी निकालेगा। ग्राम स्तरीय बैठकों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता तथा रोगों के कारण नष्ट करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की जोरदार शुरुआत

● 17 नवंबर तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का तीसरा चरण, घर-घर दस्तक देंगी आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता



**अयोध्या।** जिले में चलने वाले मंगलवार से 17 नवम्बर 2021 तक तृतीय संचारी रोग नियंत्रण/ दस्तक अभियान का अभियान के इस तीसरे चरण का शुभारंभ आज कलेक्ट्रेट सभागार से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा द्वारा हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गयाइस अवसर पर सम्बंधित विभाग के अधिकारी अधिकारियोंए कर्मचारियोंउपस्थित थे द्य संचारी रोगध्दस्तक अभियान इससे पूर्व जुलाई माह में भी चलाया गया था यह एक बार फ्रि पुन: चलाया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्यों लोगों को बुखार आये कुष्ट रोग सांस आदि लेने में तकलीफहो उससे बचाव हेतु उपाय बताना। जिसने पूरी बांह की कमीज पहनना शौच के लिए हमेशा शौचालय का प्रयोग करेंए खाने से पहले साबुन से हाथों को दो तथा दिमागी बुखार संचारी रोग कोविड के कोई भी लक्षण दिखने पर निकट के स्वास्थ्य केन्द्रों से परामर्श ले

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अजय राजा ने बताया कि हम सभी का यह कर्तव्य है कि आपसी समन्वय के साथ इस अभियान को पूरा करें दस्तक अभियान के अंतर्गत आशाएं घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार आईएलआई क्षय रोग कुपोषण आदि से बचाव के लिए जानकारी देकर जागरूक करेंगी साथ ही लाइन लिस्ट तैयार करके एएनएम के माध्यम से संबंधित चिकित्सालय को परीक्षण हेतु उपलब्ध करायेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने गणमान्य नागरिकों को शपथ दिलाकर शुरु किया गया।

इस दौरान हर रविवार मच्छरो पर वार जन.जन ने यह थाना मलेरिया डेंगू भगाना है सूअर मच्छर गंदा पानी दिमागी बुखार की रची कहानी ए साफ पानी साफ हाथ दिमागी बुखार को देंगे मात कचरा कचरे दानी में सोए मच्छरदानी में दूर होंगे संचारी रोग यदि मिलेगा आपका सहयोग जनमानस में हो संचार खत्म करेंगे कालाजार लोगों के अंदर अलख जगे बालू मक्खी दूर भागे अब होगा अंतिम प्रहार खत्म होंगे डेंगू कालाजार आदि नारो एवं स्लोगन ओं के माध्यम से आमजन को संचारी रोगों के रोकथाम एवं बचाव के बारे में जागरूक करने तथा समुदाय को स्वास्थ्य एवं सुपोषित बनाएं का बनाने का प्रयास किया जाएगा

जिला मलेरिया अधिकारी डा. एम.ए. खान ने बताया कि बरसात के इस मौसम में घर के बर्तनों, कूलर, पानी की टंकी, फ्रिज की पीछे की ट्रे, घरों के आसपास पड़े टायर, टूटे लोहे व प्लास्टिक के पात्रो में पानी ना इकट्ठा होने दें क्योंकि मच्छर इन्हीं में पनपते हैं सप्ताह में एक बार इन्हें साफ करके अवश्य करें क्योंकि डेंगू का मच्छर दिन में काटता है इसलिए मच्छर के काटने से बचने के लिए जरूरी है।

## विद्यालयों में मनाई गयी महर्षि वाल्मीकि की जयंती

**प्रयागराज।** विद्या भारती संगठन के विद्यालयों में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज गंगापुरी रसूलाबाद में महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रांतीय संगठन मंत्री भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश डा राम मनोहर और विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने मां सरस्वती एवं महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पार्चन दीपार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डा राम मनोहर ने महर्षि वाल्मीकि के विषय में विस्तृत रूप से छात्रों को बताया। साथ ही शरद पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण चंद्रमा की सभी सोलह कलाओं से युक्त थे। पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा से निकलने वाली किरणें चमत्कारिक गुणों से परिपूर्ण होती हैं।

# प्रभु राम के राज्याभिषेक का मनमोहक मंचन किया

**अयोध्या।** रामराज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भए, गए सब शोका। श्री रामचरितमानस की उक्त पंक्ति को चरितार्थ करते हुए श्री बाल रामलीला समिति कोठा पार्चा एवं श्री रामलीला कमेटी साहबगंज द्वारा अपने.अपने लीला स्थलों पर प्रभु राम के राज्याभिषेक का मनमोहक मंचन किया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित रामभक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रस्तुत भजनों की धुन जब श्रद्धालुओं के कानों में पड़ी ए तो तो वातावरण में भक्ति और आस्था की हिलोरे नजर आने लगी वही कोठापार्चा में केंद्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समिति जनपद अयोध्या के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कार्यक्रम में विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन करते हुए प्रभु राम का राजतिलक करके उन्हें मुकुट पहनाया अपने संबोधन में जायसवाल ने कहा कि वर्तमान युग में रामराज्य की कल्पना अब एक बेमानी साबित हो रही है राम की जीवन आदर्श से प्रेरणा नहीं ले रहा है जबकि एक स्वस्थ समाज के लिए



आज आवश्यक हो गया है कि हम राम के आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर के अपने जीवन में उनका अनुसरण करें । यदि ऐसा सभी लोग करने लगे तो भारत का समाज एक अद्वितीय समाज सिद्ध होगा। रामलीला समिति कोठा पार्चा ने आए हुए अतिथियों एवं केंद्रीय समिति के गगन अंकुश गुप्ता बजरंगी साहू और अभिषेक गुप्ता आदि का स्वागत व अभिनंदन बाल रामलीला समिति के अध्यक्ष सिद्धार्थ महान धनंजय कौशल विजय चौरसिया आशीष महेन्द्र सूरजभान पाल किशन सोनी राजेंद्र सिंह कन्हैया लाल यादव छविराम चंदन सागर सोनी संतोष कपूर आदि ने किया वहीं दूसरी तरफ साहबगंज की रामलीला में राज्याभिषेक का कार्यक्रम एक भजन संध्या के स्वरूप में प्रारंभ हुई और देर रात तक श्रद्धालगण प्रभु श्री राम के भजनों व कलाकारों के आकर्षक प्रस्तुति पर मंत्रमुग्ध होते रहे। उक्त अवसर पर केंद्रीय समिति के पदाधिकारी गण अपने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में राज्याभिषेक के इस कार्यक्रम में पहुंचे जहां उनका स्वागत साहबगंज रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह और उनके साथियों अमित गुप्ता, चंदन गुप्ता, नीरज पाठक, राजकुमार पांडे एवं विकास कसौधन आदि ने किया।

# राम मंदिर की प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था होगी आधुनिकः चंपत राय

**संवाददाता।** अयोध्या



**सूर्य** की किरणों से रामलला का होगा अभिषेक ।राम मंदिर में हर रामनवमी पर रामलला का अभिषेक होगा भगवान सूर्य की सुनहरी किरणों से ।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी ।प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से की है अपील ।खोजें ऐसी तकनीक ताकि सूर्य की किरणों से हो सके रामलला का अभिषेक ।आज की बैठक में राम मंदिर में प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था पर भी हुई चर्चा ।मंदिर के अंदर प्रकाश ।विशेष अवसरों पर किस तरह का हो प्रकाश व्यवस्था ।मंदिर का बाहरी भाग कैसे हो प्रकाशित। प्रकाश को सदैव एक सा रहने का प्रयास। आम दिनों में कैसा हो। त्योहारों पर प्रकाश कैसा हो ।जन्मोत्सव के अवसर पर लाइटिंग की व्यवस्था कैसी हो ।इस पर हुई चर्चा। राम मंदिर के अंदर दीवारों व खंभो पर बनाई जाएंगी मूर्तियां। परकोटा के अंदर भी बनाई जाएंगी मूर्तियां। दशावतार, नवग्रह, शक्ति पीठ की बनाई जाएंगी मूर्तियां। बिजली के लिए आधुनिक तकनीक का होगा प्रयोग ।बिजली के लिए तारों का नहीं होगा प्रयोग ।जिस तरह से साउंड सिस्टम बेतार का होता है वैसी होगी प्रकाश व्यवस्था ।मंदिर में हमेशा बजता रहेगा भजन। सुरक्षा भी होगी आधुनिक। सुरक्षा में तकनीक का होगा प्रयोग। मैन पावर का कम होगा प्रयोग.चंपत राय। बैठक की अध्यक्षता राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने की। बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्य के अलावा टाटा कंसल्टेंसी व एलएनटी के एक्सपर्ट भी रहे मौजूद।

## विषम परिस्थिति के बावजूद प्राथमिकता से की भागीदारी

**प्रयागराज।** कोविड 19 महामारी की अप्रत्याशित रूप से वायरल दूसरी लहर अब लगभग उतनी ही तेजी से घटती दिख रही है जितनी तेजी से बढ़ रही थी। इस विषम परिस्थिति के बावजूद अल्ट्राटेक ने अपने कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों की सुरक्षा और उनके हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता के साथ स्थिति और उसके संचालन पर पड़ने वाले प्रभाव की बारीकी से निगाह रखी। कोयले और पेट कोक की कीमतें वित्त वर्ष बाइस की दूसरी तिमाही में लगभग दोगुनी हो गई। जिसके परिणामस्वरूप ऊर्जा लागत में सालाना आधार पर सत्रह फीसद की वृद्धि हुई। कंपनी के संचालन पर परिणामी प्रभाव आंशिक रूप से बिजली की खपत में कमी और परिचालन क्षमता पर निरंतर ध्यान केंद्रित करके ऑफसेट किया गया था। कंपनी को मध्य प्रदेश में स्थित अपने बिचरपुर कोयला ब्लॉक में खनन कार्यों के दौरान शुरू करने की उम्मीद है जो कोयले पर निर्भरता को कम करने में मदद करेगा।

# एनटीपीसी ने श्रीराम अवध अंध ज्ञान विद्यालय के बच्चों को दी सहायता

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा के नैगमिक सामाजिक दायित्व एवं यहाँ की महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था 'गरिमा महिला मंडल' द्वारा श्रीराम अवध अंध ज्ञान विद्यालय, अयोध्या के बच्चों को सहायता प्रदान की गई। 'गरिमा महिला मंडल' की अध्यक्षा श्रीमती मधुलिका सिंह, उपाध्यक्षा श्रीमती सरोज अहलावत एवं अन्य सदस्याओं ने प्रत्येक बच्चे को उपयोगी कपड़े एवं खाद्य सामग्री वितरित की। इसके साथ ही नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत फेस मास्क, राशन सामग्री एवं घरेलू उपयोग की वस्तुएं प्रदान की गईं।



इस अवसर पर सिंह ने बच्चों के सुखद, मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए कहा कि, एनटीपीसी टांडा इन बच्चों की काबिलियत को बढ़ाने के उद्देश्य से हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में सभी 13 बच्चों द्वारा सस्वर गीत की मनोहर प्रस्तुति की गई और अपने जीवन एवं अध्ययन काल के रोचक अनुभव भी साझां किए गए। बच्चे भी महिला मंडल की सदस्याओं को अपने बीच पाकर काफी खुश नजर आये।

कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में 'गरिमा महिला मंडल' की अध्यक्षा मधुलिका सिंह, वरि0 उपाध्यक्षा आरती पोलई, उपाध्यक्षा सरोज अहलावत एवं अन्य सदस्याओं द्वारा इण्डियन कॉफी हाउस के 27 कर्मचारियों एवं आवासीय परिसर में कार्य करने वाली 91 महिला श्रमिकों को टिफिन वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक (मा0सं0) राजीव त्रिपाठी, सी.एस.आर. अधिकारी एन.ए.शिपो एवं गरिमा महिला मंडल की वेलफेयर सचिव नीलम उपाध्याय, अनीता परिहार, एवं मधु वर्मा उपस्थित रहीं।

## क्विक न्यूज

### आप सरकार बनी तो प्रदेश के हर घर को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त

**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी सीएम अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल को उत्तर प्रदेश में लाने की पहल कर दी है। अरविंद केजरीवाल का यूपी बिजली गारंटी कैंपेन पूरे उत्तर प्रदेश के 403 विधानसभा में इन दिनों चल रहा है। यह कैंपेन उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह के देखरेख में चल रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज के शहर उत्तरी विधानसभा में उत्तरी विधानसभा के प्रत्याशी संजीव मिश्रा के नेतृत्व में उत्तरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ हर घर तक बिजली गारंटी कार्ड पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश नेतृत्व के तरफ से राहुल पांडेय को शहर उत्तरी विधानसभा का कोऑर्डिनेटर बनाकर भेजा गया है। राहुल पांडेय पार्टी कार्यकर्ताओं एवं प्रत्याशी संजीव मिश्रा के साथ आज मधवापुर बहराना तिनकोनिया सब्जी मंडी में सभी के साथ घर घर जाकर अरविंद केजरीवाल की नीतियों को बताया। दिल्ली सरकार के मॉडल के बारे में बताया आम आदमी पार्टी की नीतियों से लोगों बहुत प्रभावित हुए हैं और लोगों में वर्तमान सरकार को लेकर गुस्सा दिखाई दे रहा है। लोगों ने कहा आम आदमी पार्टी विकल्प के रूप में उत्तर प्रदेश में आ गई है और बिजली गारंटी कार्ड लोग बहुत तेजी के साथ बनवा रहे हैं। आज लगभग 1442 लोगों ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से 300 यूनिट बिजली मुफ्त गारंटी कार्ड बनवाए। महानगर महासचिव सर्वेश यादव ने बताया कि जब हमारे कार्यकर्ता गलियों में बाजारों में जाते हैं और बताते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनी तो उत्तर प्रदेश के हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी तो लोगों में उम्मीद की एक किरण दिखती है। लोग कहते हैं कि उत्तर प्रदेश के महंगे बिजली के बिल से लोग बहुत परेशान हैं। सर्वेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अगर आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे बकाया माफकरेंगे। महिलाओं के लिए बस यात्रा मुक्त होगी। बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा फ्री होगी। प्राइवेट स्कूलों से बेहतर सरकारी स्कूल होंगे। प्राइवेट अस्पतालों से बेहतर सरकारी अस्पताल होंगे। सभी प्रकार की जांच और दवाइयां मुफ्त होगी। इस एजेंडे के साथ आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में आई है। दिल्ली मॉडल को अक्षर से उत्तर प्रदेश में लागू करेंगे। अभियान में विधानसभा कोऑर्डिनेटर राहुल पांडेय उत्तरी विधानसभा प्रत्याशी संजीव मिश्रा प्रदेश सचिव अंजनी कुमार मिश्रा प्रदेश सचिव विकास सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष इंद्रेश चंद्रा लीगल सेल प्रदेश महासचिव संजय पांडेय लीगल सेल महानगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव रावेंद्र पांडेय शुभम केशरवानी मुकेश जयसवाल प्रभात ओझा हिमांशु भारतीय राजन सिंह पटेल विशु सिंह आशुतोष मिश्रा गुड़िया आदि मौजूद रहे।

### एकजुट करने के लिए मंच प्रदान करना जरूरीः प्रवीण

**प्रयागराज।** ग्रामीण और अर्ध शहरी शहरों को सहायता प्रदान करने वाली वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में पेवर्ल्ड भारत की अग्रणी कंपनी है। पेवर्ल्ड ने अपनी एक तरह की मेगा मानसून धमाका योजना की शानदार समापन किया है। योजना भारत में छोटे पैमाने के खुदरा विक्रेताओं के लिए सपनों को सच करने के लिए शुरू की गई थी। पेवर्ल्ड धमाका स्कीम की मदद से फिनटेक कंपनी भारत की पहली कंपनी बन गई है। जिसने पूरे भारत में पांच लाख से अधिक खुदरा विक्रेताओं के अपने नेटवर्क के लिए कार और मोटरबाइक जैसे बंपर ऑफर देने की प्रक्रिया शुरू की है।इस योजना के दौरान किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा प्राप्त उच्चतम औसत बिक्री दस करोड़ से अधिक थी और विजेता खुदरा विक्रेताओं ने पुरस्कार के रूप में मारुति ब्रीजा मारुति ऑल्टो मोटर बाइक और कार दी है। सीओओ प्रवीण धाभाई ने कहा यह एक तेजी से बढ़ती कंपनी है। जिसका खुदरा विक्रेता समुदाय लगातार इसे एक मजबूत रीढ़ की तरह काम कर रहा है। यह पुरस्कार उन्हें बिक्री और ब्रांड को सफल बनाने पर दिया गया है। उन खुदरा विक्रेताओं के साथ खड़ा है। जिनके योगदान से कंपनी का विकास व्यापक किया है। और अधिक कमाने और अधिक जीतने के लिए और उन्हें एक समुदाय के रूप में एकजुट करने के लिए और अधिक मंच प्रदान करना जारी रखेंगे।

### अद्वितीय विशेषताओं के साथ हों युवोन्मुख

**प्रयागराज।** मौजूदा समय में जिस प्रकार से कोविड को लेकर अफरा तफरी थी उससे अब लोगों को छुटकारा मिल रहा है। इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने आज भारत में नए वीवो वाई थ्री एस को लांच करने की घोषणा की है। वीवो की युवोन्मुख वाई सीरीज़ का नया सदस्य होने के अलावा वीवो वाई थ्री एस अपनी श्रेणी के अन्य फोन की तुलना में अद्वितीय डिज़ाइन के साथ अपनी विशेषताओं के माध्यम से लैग फ्री स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है। टू जीबी प्लस बत्तीस जीबी स्टोरेज वैरिएंट एक टीबी तक विस्तार योग्य के लिए नौ हजार चार सौ नब्बे रुपये की कीमत में वीवो वाई थ्री एस तीन आकर्षक रंग विकल्पों पर्ल व्हाइट मिंट ग्रीन और स्टारी ब्लू में वीवो इंडिया ई स्टोर पर खरीदने के लिए अठारह अक्टूबर इक्कीस से उपलब्ध होगा। निपुण मार्या डायरेक्टर ब्रांड स्ट्रेटेजी ने कहा युवोन्मुखी वाई सीरीज पोर्टफोलियो में वाई थ्री एस को शामिल करना प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## सपा ने जय शंकर पांडे को बनाया प्रदेश का उपाध्यक्ष

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष जय शंकर पांडे को प्रदेश का उपाध्यक्ष बनाया गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने उनको यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि सपा के स्थापना से पूर्व श्री पांडे पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के विश्वास पात्रों में शामिल रहे इसी के नाते उनको अयोध्या विधानसभा से व कटेहरी विधानसभा से सपा से लगातार टिकट मिलता रहा है। पांडे अयोध्या जनपद के जिला अध्यक्ष भी कई बार रह चुके हैं। सपा के आंदोलनों में बढ़.चढ़कर हिस्सेदारी लेते हैं। यादव ने बताया कि जय शंकर पांडे सपा नेता मुलायम सिंह यादव पर कई किताबों को भी लिख चुके हैं। यादव ने बताया कि पांडे के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने से सपा को 2022 विधानसभा चुनाव में इसका लाभ भी पार्टी को मिलेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला नवजात का शव

**जाना बाजार।** जाना बाजार के पास संदिग्ध परिस्थितियों में विशुही नदी में एक नवजात शिशु का शव राहगीरों को दिखाई दिया। जिसकी जानकारी होते ही आसपास के लोगों का जमावड़ा नदी पर बने पुल पर लग गया। सूचना पर पहुंचे हैदर गंज थाने की पुलिस के साथ तहसीलदार बीकापुर ने नवजात शिशु के शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

मंगलवार की सुबह हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जाना बाजार से बीकापुर जाने वाले मार्ग पर विशुही नदी के पलटूवीर पुल से आते जाते राहगीरों को एक नवजात शिशु का शव नदी के बहाव के बीच उगी झाड़ियों में फंसा दिखाई दिया। जिसकी जानकारी आसपास के लोगों को राहगीरों द्वारा दी गई। देखते ही देती है खबर आगे की तरह आसपास के इलाके में फैल गई। इसकी सूचना तत्काल हैदर गंज थाने को दी गई। सूचना पर हैदर गंज थाने के उपनिरीक्षक दिवाकर



कुमारए उप निरीक्षक अमर बहादुर पटेलए उप निरीक्षक थीरेंद्र कुमार आजाद के साथ कांस्टेबल केके यादवए कांस्टेबल दीपक कुमारए कांस्टेबल पवन कुमार पाल सहित पुलिस फोर्स और महिला कांस्टेबल मौके पर पहुंची। सूचना क्षेत्राधिकारी बीकापुर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी को भी दी गई।

सूचना पर पहुंचे तहसीलदार बीकापुर राजेश कुमार वर्मा नवजात शिशु के शव को नदी से बाहर निकलवा कर पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । इस दौरान ग्राम प्रधान कोरो राघवपुर विनोद कुमार सिंहए जाना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्माए रामपुर अहिरौली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामचंद्र यादव सहित लोग मौके पर पहुंच गए। वही इस घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। कई वर्षों बाद पलटू वीर पुल के पास नवजात शिशु का शव मिला है। जबकि वर्षों पहले पलटू वीरपुर पुल के आसपास नवजात शिशु के शव के मिलने के लिए विख्यात रहा है।

वही इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हैदरगंज अश्वनी मिश्रा ने बताया कि रामपुर अहिरौली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामचंद्र यादव की तहरीर पर नवजात शिशु का शव नदी में मिलने की सूचना दर्ज कर कार्रवाई की जा रही। मौके पर पुलिस फोर्स भेजकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जो किसी के द्वारा नदी में डाल दिया गया था और बहते हुए पुल के नीचे पानी के बहाव के बीच में ऊगी झाड़ियों में फंस गया नवजात शिशु लड़की का शव है। जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है आगे की कार्रवाई चल रही है।

# भाजपा सरकार गरीबों को झूठा सपना का वादा दिखाकर ठगा-मांझी

**अम्बेडकरनगर।** विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के सेक्टर सेनपुर में आयोजित बैठक/सभा सेक्टर अध्यक्ष रामकरण वर्मा उर्फ विधायक के क्रेशर पर संपन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि पूर्व सांसद, मंत्री शंखलाल माझी, अध्यक्षता पूर्व प्रधान उदय प्रताप सिंह व संचालन पूर्व महासचिव कुंदन यादव ने किया। 12 रवि अव्वल शरीफ जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी-मुबारक-जुलूस में शामिल होकर बधाई देते हुए मुख्य अतिथि ने भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार के ऊपर निशाना साधते हुए महंगाई कम करने के नाम पर डीजल -पेट्रोल, गैस सिलेंडर, बिजली के दाम, खाद बीज के दाम बढ़ा दिया, निजीकरण करके देश की रेलवे, हवाई जहाज, विद्यालय व अन्य सरकारी उपक्रम को आज मोदी अडानी और अंबानी के हाथों बेचते जा रहे हैं।

गरीबों को झूठा सपना का वादा दिखाकर ठगा, किसानों के ऊपर तीन काले कानूनों को थोपा गया उसको वापस ले सरकार। उप्र में आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार बलात्कार की घटनाएं घटित हो रही है, भ्रष्टाचार का बोलबाला है , पुलिस लोगों की हत्या कर रही है पर सरकार उनके खिलाफकार्रवाई करने के बजाय शाबाशी दे रही है इस नकारी सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

कार्यक्रम के समापन के क्रम में उपस्थित सभी साथियों ने आने वाले 2022 में अखिलेश यादव को उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेने के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया आज के कार्यक्रम में बसपा, भाजपा व कांग्रेस छोड़कर रमापति दलित कोटेदार, चंद्रभान निषाद, संदीप धुरिया, भागीरथी भारती, साधुराम पाल, केशई भारती, रामबचन मौर्या, बेचू मौर्या, राजेश उपाध्याय, फूलकली, इंद्रावती, सीता देवी, झिनका देवी, सोना देवी के साथ सैकड़ों महिलाओं व साथियों ने मुख्य अतिथि द्वारा फूल माला पहनकर व समाजवादी झंडा थाम कर पार्टी में शामिल हुए।

# पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस धूम धाम से मनाया गया। जन्मदिवस की पूर्व संध्या से ही नगर की सड़कें गली मोहल्ले रोशनी से जगमगा उठे। जगह जगह कुरान खानी दुरूद पाक पढ़ने के अलावा महफिले मिलाद शरीफ नातिया मुकाबले का आयोजन हुआ। मंगलवार को दिन में 2 बजे जलूसे मोहम्मदी निकाला गया जो देर रात्रि में समाप्त हुआ।



जन्मदिवस के अवसर पर मोहल्ला कस्बा जामा मस्जिद दरगाह हजरत ऐमादुदीन रह0 से मरकज अंजुमन गुलामाने मुस्तफा की अगुआई में जलूसे मोहम्मदी निकाला गया जिसमें नगर के विभिन्न मोहल्लों की अंजुमने शामिल हुई ।जलूस में लोग पैगम्बर की शान में नातिया कलाम पढ़ते व नारे लगाते चल रहे थे ।बदलते समय के साथ कुछ अंजुमनों ने लाउडस्पीकर के स्थान पर मरकज कमेटी के रोक के वावजूद डी जे का भी इस वर्ष प्रयोग किया गया। जलूस छोटी बाजार जुबेर चौराहा चौक घण्टाघर छज्जापुर होते हुए अलीगंज से घूम कर फत्तूपट्टी ताज तिराहा होते हुए मोहल्ला सकरावल से कश्मिरिया चौराहे से दरगाह हजरत मौलाना हक्कनी शाह रह0 की दरगाह तलवा पार पर सलाम दुआ के बाद समाप्त हुआ। मोहल्ला हयातगंज के गंज में नातिया मुकाबला बीती रात्रि में आयोजित किया गया जिसमे अच्छा क्लाम पढ़ने वालों को पुरस्कार दिया गया ।वही मोहल्ला सकरावल गोठ में महफिले मिलाद शरीफ सम्पन्न हुआ और जगह जगह मस्जिदों में दरूद खानी हुई। इस अवसर पर नगर के मोहल्ला शेख पूरा, ताज टॉकीज व चोक की सजावट अद्वितीय रही वैसे नगर की गली मोहल्लों में भी सजावट की गई थी ।जलूस की अगुआई पेश इमसम ईदगाह टाण्डा, मदरसा मन्ज़रे हक के प्रबंधक हाजी अशफाक अहमद, मरकज कमेटी अध्यक्ष मो0 आरिफ खां, सिकरेटरी फजले रब अंसारी, सपा नेता मुसाब अजीम, सपा जिला महासचिव मुजीब सोनू, नगर अधयक्ष सैय्यद कसीम अशरफ, हेलाल अशरफ एडोवकेट, सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


## स्वच्छ भारत अभियान के मंडल संयोजकों की हुई घोषणा

**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के संस्तुति पर स्वच्छ भारत अभियान विभाग के महानगर संयोजक आनंद सिंह द्वारा मंडल संयोजकों की घोषणा की गई। राजरूपपुर मंडल से संयोजक नीरज श्रीवास्तव सह संयोजक जय प्रकाश खुल्दाबाद के संयोजक धीरज कुशवाहा सह संयोजक संजय कुमार प्रीतम नगर से संयोजक विनोद कुमार कुशवाहा सहसंयोजक संतोष कुमार पिंटू समर सिंह सिविल लाइन से संयोजक विशाल सिंह सह संयोजक अंशुमान शर्मा वेणी माधव से संयोजक सोमनाथ मिश्रा सह संयोजक विवेक सिंह परिहार आकाश पासी भारद्वाज से संयोजक शिवम तिवारी सह संयोजक विशाल पटेल करण द्विवेदी विवि से संयोजक आशीष मिश्रा सह संयोजक लव कुश उपाध्याय कीडगंज मंडल से संयोजक प्रभात जी एवं सह संयोजक बृजेश पटेल घोषित किए गए। भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान विभाग के शेष मंडल संयोजक एवं सहसंयोजको की घोषणा आगे की जाएगी।

# संगठन अधिक से अधिक लोगों की कर रहा मददः अभय पांडेय

● राष्ट्रीय सनातन सेना के मुख्य संरक्षक बने अभय नारायण पांडेय

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सनातन सेना के मुख्य संरक्षक अभय नारायण पांडेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय सनातन सेना के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मंगलवार को राष्ट्रीय सनातन सेना की सदस्यता बढ़ाने के लिए कई मोहल्लों में जनसंपर्क कर संगठन की नीतियों और उद्देश्यों के बारे में बताया। सनातन धर्म एवं सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए राष्ट्रीय सनातन सेना का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने किया है। राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक अभय नारायण पांडेय को बनाया गया है। पाण्डेय के नेतृत्व में सनातन धर्म एवं संस्कृति को बचाने एवं अपनी सनातन परंपरा को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सनातन सेना के पदाधिकारियों ने जनपद प्रयागराज के कई मुहल्लों में लोगों से मिलकर सनातन धर्म के बारे में लोगों को



शामिल पदाधिकारीगण

जागरूक किया। लोगों से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय सनातन सेना संगठन में शामिल होकर उसके सदस्य बने तथा हिंदू धर्म एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे आएं। राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय संरक्षक अभय नारायण पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय सनातन सेना का गठन वर्तमान में 27 राज्यों में हो गया है और हमारे संगठन के समस्त पदाधिकारी 27 राज्यों में मनोनीत हो चुके हैं। राष्ट्रीय सनातन सेना के उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी राज्यों के पदाधिकारियों काम करने लगे हैं। वर्तमान समय में लगभग बीस लाख सदस्य राष्ट्रीय सनातन सेना में शामिल हो चुके हैं। मुख्य संरक्षक अभय नारायण पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पूरे 75 जनपदों में राष्ट्रीय सनातन सेना का गठन हो गया है। आने वाले समय में राष्ट्रीय सनातन सेना का गठन पूरे भारतवर्ष में हो जाएगा तथा पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय सनातन सेना सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राष्ट्रीय संरक्षक राष्ट्रीय सनातन सेना के नेतृत्व में राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा जनपद प्रयागराज के राजापुर अशोकनगर कैंट मंफोर्डगंज म्योराबाद गोविंदपुर सिविल लाइंस आदि मोहल्लों में अपने पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। जनसंपर्क करके लोगों से राष्ट्रीय सनातन सेना में अधिक से अधिक शामिल होने के लिए अपील किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता राजेंद्र कुमार त्रिपाठी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील पांडेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष पांडेय राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश गौड़ शिक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव डा प्रभु शंकर शुक्ला तथा प्रदेश अध्यक्ष अमर त्रिपाठी शिक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामलला ओझा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ हीरामणि त्रिपाठी प्रदेश महासचिव आईटी सेल बलराम दुबे जिलाध्यक्ष कौशांबी राजेंद्र त्रिपाठी विधि सलाहकार कमलेश सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा महानगर अध्यक्ष कृष्णा पाल आशीष यादव प्रदेश महासचिव अखिलेश विश्वकर्मा सनी आदि उपस्थित रहे।

## शशिकला का प्रयास

### राजनीतिक प्रासंगिकता

**शशिकला** स्वयं को पुन: राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाने के प्रयास कर रही हैं, पर वे प्रभावशाली नहीं लग रहे हैं। यह तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक का स्वर्ण जयंती वर्ष है, पर इस अवसर पर आयोजनों का अभाव है। उसके पास एकजुट करने वाला नेता नहीं है। वह राज्य की सत्ता द्रमुक को सौंप चुकी है तथा जयललिता के निधन के बाद से उसके कार्यकर्ता गुटीय लड़ाइयों में फंसे हैं। क्या ऐसी पार्टी कभी पुनर्जीवन की सोच सकती है? हालांकि, उनकी निकट सहयोगी पुरातची थैलवी वी.के.शशिकला ऐसा सोचती हैं। वे यदि पार्टी नहीं तो कम से कम उसकी नेता बन कर अपने पुनर्जीवन की संभावना खोज रही हैं। भ्रष्टाचार मामले में चार साल जेल की सजा पूरी करने के बाद उन्होंने पार्टी स्थापना के 50 साल के अवसर का आयोजन स्वयं को पुन: राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाए रखने के लिए किया। हालांकि, उनके राजनीतिक प्रयास हल्के रहे, पर उनमें प्रचार की कमी नहीं थी। शशिकला ने चेन्नै में पार्टी के स्मारकों व संग्रहालयों का दौरा कर एमजीआर तथा जे. जयललिता को श्रृद्धांजलि दी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से जयललिता की विरासत वापस लाने की बात कही, लेकिन शायद अभी उनके द्वारा जनता को संबोधित करने का समय नहीं आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की भावनायें समझने के लिए राज्य के दौरे की बात कही। इससे शशिकला का शुरुआती दांव पूरा हो गया है। अब पार्टी की नेतृत्व करने वाली एलापडि के. पलानीस्वामी तथा ओट्टाकार्तेवर पनीरसेल्वम को प्रतिक्रिया देनी है। पलानीस्वामी ने विधानसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक का सफाया न होने का श्रेय लिया है जिसे आश्चर्यजनक रूप से 77 सीटें मिली हैं। वे स्वयं को ओपीएस से बेहतर नेता मानते हैं। ओपीएस को शशिकला का प्रभाव बढ़ने की आशंका है क्योंकि उनकी जाति एक ही है। शशिकला के लिए नेतृत्व वाली जोड़ी तोड़ना कठिन नहीं है, पर वे पार्टी को तोड़ना नहीं चाहती हैं क्योंकि इससे उनका उद्देश्य पूरा नहीं होगा। वे देखना चाहती हैं कि 2017 में जयललिता के कोडानाड स्टेट में हुई हत्या की घटना का ओपीएस-ईपीएस जोड़ी पर क्या प्रभाव पड़ता है। तत्कालीन मुख्यमंत्री ईपीएस ने इसकी विशेष जांच का आदेश नहीं दिया था, लेकिन अब द्रमुक सरकार ने यही किया है। इन सारी घटनाओं से पार्टी कार्यकर्ता भ्रमित हैं। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि तीन नेताओं में से किसे शक्ति मिलेगी। वे देखना चाहते हैं कि क्या शशिकला को 'अम्मा' के निकट होने का भावनात्मक लाभ मिलेगा। वे प्रतीक्षा करना और देखना चाहते हैं कि क्या क्या कोडानाड जांच से ईपीएस व ओपीएस को कोई परेशानी होती है। इसी कारण कोई नेता जल्दबाजी में कदम नहीं उठा रहा है।



राज्य की द्विध्रुवी राजनीति में अन्नाद्रमुक को एकजुट रखने की संभावना वाला नेता जयललिता का वारिस बन सकता है। द्रमुक भी नहीं चाहती है कि राज्य में उसके सामने अन्नाद्रमुक के सिवा कोई और बने। एम.के.स्टालिन का बयान इसका रिकार्ड है। कांग्रेस पहले से ही अपना स्थान जानती है। हालांकि, भाजपा इस संघर्ष में सक्रिय भूमिका निभाना चाहती है। उसने मूल रूप से चुनाव में अन्नाद्रमुक के कमजोर होने तथा उसके टूटने पर एक गुटीय नेता अपने पक्ष में लाने की तैयारी की थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ओपीएस-ईपीएस का लक्ष्य बड़ा है और वे स्वयं पार्टी पर कब्जा करना चाहते हैं। शशिकला ने स्वयं को चुनावों से दूर रखा था और उनके इस निर्णय के पीछे एक अदृश्य हाथ की बात कही जाती थी। क्या वे जयललिता की तरह राष्ट्रीय पार्टियों को किनारे रखने का साहस दिखा सकेंगी?

# सही समय पर बिकी एयर इंडिया

एक दशक से अधिक समय तक एयर इंडिया की लगातार अनदेखी उसकी बिक्री पर विचार के समय भी जारी रही जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली ने 28 जून, 2017 को केन्द्रीय कैबिनेट में एयर इंडिया-एआई तथा उसकी पांच सहायक कंपनियों के 'सिद्धान्त रूप से' रणनीतिक विनिवेश के निर्णय की घोषणा की थी। इसके पचास महीने से अधिक समय बाद 8 सितंबर, 2021 को सरकार ने एआई तथा उसकी शत प्रतिशत सहायक एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड के निजीकरण तथा एयर इंडिया एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटेड-एआईएटीएसएल में 51 प्रतिशत शेयर बेचने की घोषणा की। इससे प्रतीक 'महाराजा' एक बार फिर 68 साल बाद अपने मूल टाटा समूह के पास पहुंच गया है, जबकि इस कपंनी का 1953 में राष्ट्रीयकरण किया गया था। एआई निजीकरण प्रक्रिया में चार प्रमुख कमियां दिखती हैं।

पहला, यह कदम पहले दिन से ही आधा-अधूरा था। यह नौकरशाहों तथा राजनेता वर्ग में अंतर्निहित प्रवृत्ति स्पष्ट करता है कि वे विनिवेश के बाद भी थोड़ा नियंत्रण बनाए रखना चाहते हैं ताकि नए मालिक के अंतर्गत भी कर्मचारियों को सुरक्षा कवच सुनिश्चित हो। 2017-18 में पहले कदम का कोई नतीजा नहीं निकला क्योंकि उस प्रस्ताव में सरकार ने 24 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने पास रखने पर जोर दिया था तथा कर्मचारियों को कम से कम तीन साल बनाए रखने जैसी अन्य शर्तें भी लगाई गई थीं। एक अतिरिक्त शर्त यह भी थी कि कम्पनी एआई के कर्जों का बड़ा हिस्सा स्वीकार करेगी। इस कारण निवेशकों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। आखिरकार आधे-अधूरे मन के स्थान पर पूरे मन को जगह मिली तथा सरकार ने अपना शत-प्रतिशत हिस्सा बेचने और अधिग्रहीत करने वाली कंपनी को कर्मचारियों को एक साल बाद हटाने की छूट दी। उसने बोलीकर्ताओं को 'उद्यम मूल्य' बताने को कहा। इसका वित्तीय रूप से अर्थ यह है कि उनको बिक्री वाले उद्यम की बैलेंस शीट का बहुत कम कर्ज स्वीकार करना था। लेकिन इस विलम्ब से केन्द्र सरकार को भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। जब पहले विनिवेश का विचार सामने आया था तब एआई पर कर्ज लगभग 50,000 करोड़ था। निवेश व सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव के अनुसार एआई से रोज 20 करोड़ का नुकसान हो रहा था। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि कुल कर्ज बढ़ कर 77,500 करोड़ रुपये हो गया था।

दूसरा, विनिवेश योजना सामने आने के बाद संबंधित पीएसयू के प्रबंधन में मतभेद से उसका वित्तीय स्वास्थ्य और खराब होता है। 31 मार्च, 2021 को एआई का कर्ज 58,000 करोड़ था। अगले पांच महीनों में 31 अगस्त, 2021 तक इसमें 3,500 करोड़ का अतिरिक्त कर्ज जुड़ गया। इसके साथ ही महाराजा पर तेल पीएसयू, हवाईअड्डों के बकाए तथा अन्य वेंडरों के 16,000 करोड़ के 'बकाया बिलों' का भुगतान लंबित है। कुल मिला कर एआई पर 77,500 करोड़ की देनदारियां हैं। इनमें से टाटा केवल 18,000 करोड़ का भुगतान करेगा तथा 15,300 करोड़ के कर्ज के हिस्से के बदले 2,700 करोड़ देगा। इससे केन्द्र सरकार पर कम से कम 60,000 करोड़ की भारी देनदारियां बची रहती हैं। इनको पूरी तरह एक स्पेशल परपज़ वेहिकिल में बदला जाएगा जिसे एयर इंडिया असेट होल्डिंग कंपनी लिमिटेड-एआईएएचसीएल का नाम दिया गया है। केन्द्र ने गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों, जैसे जमीन, इमारतों और आवासीय कालोनियों को अपने पास रखा है जिनकी बिक्री से लगभग 15,000 करोड़ प्राप्त हो सकते हैं। यह धनराशि अंतत: करदाताओं की जेब से जाएगी जो 2009-10 तक एयर इंडिया चलाए रखने पर खर्च 1,10,000 करोड़ के अलावा है।

तीसरा, नौकरशाही में व्याप्त लाल फीताशाही का वर्चस्व बना रहता है। अवधारणा बनाने, स्वीकृतियां प्राप्त करने, प्राथमिक सूचना मेमोरैंडम-पीआईएम, प्रस्ताव की प्रार्थना-आरएफपी, वित्तीय बोलियां आमंत्रित करना, बोलीकर्ता का चयन, शेयर साझा समझौता-एसपीए, आदि लगभग सभी प्रक्रियाओं पर नौकरशाही की पकड़ बनी रहती है जो विनिवेश को सफल बनाने के लिए जरूरी हैं। इसके साथ ही नौकरशाह इस भय से समय पर निर्णय नहीं लेते हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनसे इस पर सवाल पूछे जा सकते हैं।

एआई की बिक्री भी इस समस्या से अछूती नहीं रही है। बताया जाता है कि कुछ उपायों पर विचार किया गया, जैसे पीआईएम, आरएफपी व एसपीए पर निर्णय को दीपम पर छोड़ा गया। वर्तमान समय में इन मुद्दों पर फैसला अंतर-मंत्रालयी समिति समिति लेती है जिसकी सह-अध्यक्षता सचिव दीपम तथा संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय के सचिव के पास होता है। यह आधा-अधूरा सुधार है। चौथा, पीएसयू को अक्सर राजनीतिक अवस्थापना द्वारा 'घाटे' वाली स्थिति में पहुंचाया जाता है जिसमें नौकरशाही पूरी सहायता करती है। इसका कारण नौकरशाही द्वारा लगातार इन उद्यमों के कामकाज में हस्तक्षेप है जो अत्यधिक श्रमशक्ति, बढ़े हुए खर्चों, वेंडरों को अधिक भुगतान, आदि के रूप में सामने आते हैं। एआई के मामले में यह 2007 में उस समय संकट में आई जब राजनेताओं ने प्रबंधन को 70,000 करोड़ में 111 विमान खरीदने के आदेश दिए जो प्रबंधन द्वारा बताए 28 विमानों की आवश्यकता का चार गुना था। जब कोई फर्म भारी देनदारी ओढ़ लेती है जिसका उसके बिजनेस से कोई मेल नहीं होता है तो वह अपरिहार्य रूप से खतरनाक स्थिति में पहुंच जाती है।


हवाईजहाजों की खरीद को बैंकों के एक समूह से कर्ज लेकर पूरा किया गया था। इस प्रकार के निर्णय से लाभ बहुत कम होता है और बाकी धन कर्ज में बदल जाता है। विडंबना है कि तत्कालीन सरकार ने विमानों का प्रयोग बढ़ाने के बारे में कुछ नहीं किया। इसके अलावा अत्यधिक द्विपक्षीय सीटें तथा मुनाफे वाले रूट विदेशी-निजी एयरलाइनों को दिए गए। इनके कारण ये विमान बेकार खड़े रहे। दूसरा गलत निर्णय 2007 में इंडियर एयरलाइन्स का एआई में विलय था। इनके बीच कोई संगति नहीं थी तथा इनकी कार्य संस्कृति, मुआवजे के पैकेजों, कर्मचारियों की आयु संरचना, आदि में भारी अंतर था। इससे आपरेशनल विसंगतियां पैदा हुईं तथा संयुक्त किए उद्यम का कर्ज बढ़ा।

कुल मिला कर कहें तो एक दशक से अधिक समय तक एयर इंडिया की लगातार अनदेखी उसकी बिक्री पर विचार के समय भी जारी रही जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। ऐसे में इसकी बिक्री कभी नहीं से देर भली वाली स्थिति है। दिसंबर, 2021 में पूरे होने वाले इस समझौते से मोदी सरकार ने संसाधनों की और बरबादी को बचा लिया है। इसके साथ ही टाटा से 18,000 करोड़ तथा गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों की बिक्री से 15,000 करोड़ प्राप्त होंगे। दर्जनों पीएसयू में विनिवेश लंबित है। इसे देखते हुए सरकार को अतीत की गलतियों से सबक लेना चाहिए, जिनकी चर्चा यहां की गई है।

इससे लाभकारी उद्यमों की बिक्री से अधिकतम प्राप्तियां होंगी तथा घाटे वाले उद्यमों की देनदारियों में वृद्धि न्यूनतम होगी। उदाहरण के लिए, एआई के मामले में यदि 2017-18 में शत-प्रतिशत शेयर बेचने तथा शर्तें न लगाने का निर्णय होता तो कर्ज और बढ़ने से रोका जा सकता था। इसके साथ ही इसकी परिसंपत्तियों व संसाधनों से लाभ उठाया जा सकता था जिनमें 141 विमानों के साथ 4,400 घरेलू व 1,800 अंतरराष्ट्रीय लैंडिंग व पार्किंग स्लाट तथा विदेशी हवाईअड्डों पर 900 स्लाट शामिल हैं। इसके साथ ही वह महाराजा जैसे आकर्षक ब्रांड की स्वामी है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सक्रिय व सहयोगी नौकरशाही के साथ अन्य पीएसयू की बिक्री में बेहतर नतीजे दिखाएंगे।

# भारत के लिए लाभकारी था विभाजन

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं स्तम्भकार हैं)



प्राण चोपड़ा, जो बाद में स्टेट्समैन के संपादक बने, एक चुनाव पर रिपोर्टिंग कर रहे थे जिसने बहुत कुछ कहा। जालंधर में एक जनसभा आयोजित की गई, जिसके बीच में अज़ान या प्रार्थना का आह्वान किया गया। भीड़ प्रार्थना करने गई लेकिन जिन्ना एक कुर्सी पर बैठ गए, एक सिगार निकाला और उसे जला दिया। उन्होंने तब तक धूम्रपान किया जब तक भीड़ वापस नहीं लौटी और फिर अंग्रेजी में अपना भाषण फिर से शुरू किया। वे केवल गुजराती ही बोल सकते थे। उन्हें उर्दू सीखने की फुरसत नहीं थी। जब भी जिन्ना चिल्लाते थे 'इस्लाम खतरे में है', भीड़ ने उनका जोरदार समर्थन किया। एक मुस्लिम नेता का नमाज और धूम्रपान से दूर रहने का उदाहरण बता रहा है।

यदि नेता नहीं तो वह कौन था जो एक उपमहाद्वीप को विभाजित करने में सफल रहा? जाहिर है, वह पाकिस्तान के लिए महाधिवक्ता थे। वह देख सकता था कि भारत में मुसलमान आम तौर पर घबराए हुए थे, अगर डरे हुए भी नहीं थे। वे हिंदुओं से कम पढ़े-लिखे थे और देश में कुल संख्या में कम थे। इसके अलावा, उनके कुलीन स्वामित्व वाले उद्योग और नेहरू की समाजवादी सरकार भी उनकी जमीन नहीं छीनेगी। मुसलमानों, जिन्होंने सदियों तक भारत पर शासन किया था, हिंदुओं के नौकर और क्लर्क बन जाएंगे।

एडवोकेट के पास पाकिस्तान का एक फॉर्मूला था, जिसका अलीगढ़ के छात्रों के लिए मतलब एक न्यू मदीना था जो एक खलीफा को फेंक सकता था। सुन्नी इस्लाम का कोई शासक धार्मिक-सह-अस्थायी मुखिया नहीं था। आखिरी वाला तुर्की का सुल्तान था जिसे कमाल अतातुर्क ने 1924 में गद्दी से उतार दिया था और निर्वासित कर दिया था। कोई प्रतिस्थापन नहीं किया गया था। उन्होंने अपने मुवक्किलों - मुसलमानों - के लिए एक व्यवहार्य रणनीति की योजना बनाई और अपना काम जारी रखा। वह कई वर्षों तक ब्रिटिश साम्राज्य में सबसे अधिक वेतन पाने वाले बैरिस्टर रहे थे। देश को बांटने के लिए उनकी फीस इतिहास के हॉल ऑफ फेम में जगह होगी।

एक वकील के रूप में अपनी भूमिका को इंगित करने के लिए, जब वे पहली बार फरवरी 1948 में पाकिस्तान के पूर्वी विंग में ढाका गए, तो विश्वविद्यालय के छात्रों ने बंगाली को भी एक राष्ट्रीय भाषा बनाने की मांग की। जिन्ना ने जोर देकर कहा कि यह केवल एक ही भाषा हो सकती है जिसका नाम उर्दू है। वह रूखा था, वह बंगाली मानस को नहीं जानता था, और जो अंतत: बांग्लादेश बन गया, उसके बीज बोए। एक नेता



अधिक चतुर और मिलनसार होता। उसने दिल्ली में कुछ ऐसा ही किया क्योंकि वह आखिरकार कराची के लिए रवाना हो रहा था। कुछ स्थानीय मुसलमान अपने कायद-ए-आजम से पूछने के लिए चिंता में इकट्ठा हो गए थे कि अब उनका क्या हो सकता है कि विभाजन हो गया है? उनका जवाब जल्दबाजी और रूखा था, मैंने तुम्हारे लिए वह हासिल किया है जो तुम चाहते थे, अब अपना ख्याल रखना। मेरे द्वारा और क्या किया जा सकता है? फिर से एक वकील का रवैया और नेता का नहीं। सितंबर 1948 में अपने जीवन के अंतिम दिन क्वेटा में उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा था, जहां वे आराम करने गए थे। उनके साथ उनकी बहन फातिमा और एक ब्रिटिश डॉक्टर भी थे। जैसे ही उनका विमान कराची में उतरा, एक पुरानी एम्बुलेंस उनके आने का इंतजार कर रही थी। याद रखें, वह गवर्नर-जनरल थे। दो या तीन मील के भीतर, वाहन रुक गया और आगे नहीं बढ़ा। तो डॉक्टर ने एक और एम्बुलेंस ली, जिसे आने में लगभग एक घंटा लग गया और बीमार जिन्ना को उनके घर ले गए। उसी शाम करीब 10 बजे उनका निधन हो गया। अगले दिन उन्हें दफनाया गया था लेकिन कथित तौर पर एक स्ड्ड1द्बद्यद्व ऋ्य2 सिलवाया सूट में। संयोग से, उनकी मृत्यु उनके जन्म के शहर कराची में हुई थी।

जिन्ना ने वह हासिल किया जो उन्होंने 23 मार्च 1940 को लाहौर में निर्धारित किया था। उनकी मृत्यु कोई त्रासदी नहीं थी, क्योंकि यह अधूरी आकांक्षाओं का अंत नहीं था। अगर वह अधूरा मर गया होता, तो यह उसके लिए कुछ हद तक दुखद होता, लेकिन हिंदुओं के लिए इससे भी ज्यादा। साधारण कारण यह है कि कोई विभाजन नहीं होता, जिन्ना के बिना बंटवारा संभव नहीं था। कई मुसलमानों का मानना है कि कायदे आजम के बिना ब्रिटिश शासकों के साथ बातचीत करने वाला कोई नहीं होता। मुसलमानों के पास कोई अन्य अखिल भारतीय नेता नहीं था। इसी विश्वास के आधार पर मुस्लिम लीग ने उनसे अनुरोध किया कि वे लंदन में एक बैरिस्टर में अपने अभ्यास को त्याग दें, लीग के आजीवन अध्यक्ष के रूप में भारत में उनका स्वागत करें।

पूरी तरह से आश्वस्त होने के लिए कि हिंदुओं को विभाजन की आवश्यकता है, डॉ बी आर अम्बेडकर द्वारा दिए गए तर्कों को पचाना होगा जो उनके पूर्ण कार्यों के खंड आठ में उपलब्ध हैं। अपने एक तीखे बयान में, बाबासाहेब ने घोषणा की, 'एक सीमा के बिना एक दुश्मन भीतर के दुश्मन की तुलना में अधिक वांछनीय है।' उन्होंने आगे लिखा कि हिंदू प्रांत बहुत अधिक कर दे रहे थे, जिसका राजस्व मुस्लिम प्रांतों द्वारा साझा किया जाता था। फिर भी अपने धार्मिक प्रतिबंधों के कारण मुस्लिम सैनिक भारत के लिए नहीं लड़ सकते थे, अगर हमलावर दुश्मन मुस्लिम थे। खिलाफत समिति ने और मुस्लिम लीग ने भी इसका समर्थन किया था।

किसी भी मामले में, एक अविभाजित भारत में पाकिस्तान या बांग्लादेश की दृष्टि में, देश की बड़ी आबादी केवल 60 प्रतिशत गैर-मुस्लिम होती। यह 60 प्रतिशत इस्लामी अधिग्रहण या खुले गृहयुद्ध को रोकने के लिए बहुत कम होगा। दूसरे शब्दों में, हिंदू सभ्यता के लिए जीवित रहना मुश्किल होता। यह असंभव नहीं है कि हिंदू इस गृहयुद्ध में हार गए हों। एक के लिए, भारतीय सेना में मुसलमानों की संख्या बाकियों से आगे निकल गई, खासकर अगर कोई केवल लड़ने वाली इकाइयों को माइनस गैर-लड़ाकू इकाइयों में गिना जाता है। दूसरे, हिंदू विशेष रूप से खून बहाने और उन लोगों की जान लेने से हिचकते थे जब वे अपने भाइयों के रूप में देखते थे। नतीजतन, भारत एक दार-उल-इस्लाम होने के लिए वापस चला गया, जो कि 1858 तक कई शताब्दियों तक रहा था। सिंहासन पर अंतिम मुगल शासक, बहादुर शाह जफर को गिरफ्तार किया गया था और बर्मा (तब रंगून) में यांगून में निर्वासित कर दिया गया था। जब इस्लामिक दुनिया ने माना कि हम इस्लामिक स्टेट नहीं रह गए हैं।

## आप की बात

### स्वार्थपूर्ण विरोध प्रदर्शन

**शांतिपूर्ण** विरोध स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अति आवश्यक है बशर्ते विरोध का अंतिम उद्देश्य जनहित हो लेकिन अगर विरोध करने का उद्देश्य निजी स्वार्थ हो तो इसके परिणाम निश्चित ही अतियंत घातक होंगे। लगभग एक वर्ष से तथाकथित किसान नेता ने कृषिकानूनों के विरोध में आन्दोलन कर रहे है गैरराजनैतिक रूप से शुरू हुआ आन्दोलन धीरे धीरे धीरे अपना स्वरूप बदलने लगा और सरकार बनाने और गिराने की बात करने लगा और हर छोटी बड़ी घटनाओ पर धरने प्रदर्शन सड़क जाम और अन्य प्रकार से गुंडा गर्दी होने लगी कई रणनीतिक पार्टी भी खुलकर समर्थन में खड़ी दिखने लगी। लेकिन हद तो तब हो गई जब कुछ समय पहले धरना स्थल पर एक महिला ने अपने साथ बलात्कार का आरोप लगाया, और अब दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर पर पंजाब के एक दलित युवक की निर्ममता से हत्या कर दी जाती है। दोनों ही घटनाओ पर कोई कुछ नही बोलता है ना तो विपक्षी राजनैतिक पार्टी कोई विरोध और धरना करती है ना ही तथाकथित किसान नेता। वजह जो भी हो लेकिन इन सभी बातो का निष्कर्ष ये बताता है वर्तमान में हो रहे सभी विरोध प्रदर्शन सिर्फ दिखावा है जिनका उद्देश्य केवल और केवल निजी स्वार्थ है।

– **सुनील विद्यार्थी**, मोदीपुरम, मेरठ

### कश्मीर घाटी में आतंकी हमले

**कश्मीर** घाटी में आये दिन हो रहे गैर कश्मीरियों व अल्पसंख्यकों पर हमले योजनाबद्ध हैं। इन हमलों की जिम्मेदारी कथित प्रतिरोध मोर्चा टीआरएफ ने ली है। इस नेतृत्वविहीन दल को सुरक्षा बलों द्वारा लश्कर.ए.तैय्यबा द्वारा स्थापित किया गया बताया जाता है। धारा 370 हटने के बाद से अब तक बड़ी संख्या में लोगों को कश्मीरी मूल निवास प्रमाण पत्र जारी हो चुके है। इनमे बड़ी संख्या वो हिन्दु सिख शरणार्थी हैं जो 1947 में पाकिस्तान से आकर कश्मीर घाटी में बसे, 1947 से पहले से कश्मीर में रह रहे वाल्मीकि समाज के लोग व नेपाली मूल के भारतीय गुरखा हैं। ये हमले कश्मीर से गुम होते अलगाववाद के विचार को जगाये रखने का प्रयास है पाकिस्तान द्वारा। पाक में बैठे आतंकी सरगनाओं से निपटने के लिए राजनीतिक ताकतों को जम्मू-कश्मीर में अल्पसंख्यकों के बीच डर को दूर करने की कोशिश करनी होगी। चिन्हित हत्याओं के परिणामस्वरूप कश्मीरी हिंदू और सिख समुदायों में भय व्याप्त हो गया है। कई कश्मीरी पंडितों और सिख कर्मचारियों ने नौकरियों व अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान पर जाने से परहेज किया या अस्थायी रूप से छुट्टी ले ली। यह 1990 में आतंकवादी हमलों के कारण कश्मीरी पंडितों के पलायन को याद दिलाता है।

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

### धर्मांतरण का खेल जारी

**पैसों** की लालच और सुख सुविधा की आड़ में धर्मांतरण का घिनौना खेल देश में जारी है। जब कभी भी ऐसी घटना सामने आती है देश में हो-हल्ला मचता है और कड़े कानूनों के बावजूद षड़यंत्रकारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती है इससे उनके हौसले बुलंद होते हैं। अभी फिर धर्मांतरण को लेकर मामला गर्म है। विदेशी फंडिंग से उजागर होते राज की तह तक जाकर ही इसकी जड़े नष्ट की जा सकती है। धर्मांतरण मामले में गिरफ्तारी के तार विदेशों से जुड़ते जा रहे हैं। यूके, अमेरिका और अन्य खाड़ी देशों से हवाला और अन्य जरिए फंडिंग करके गरीब और जरूरतमंद लोगों को शिकार बनाया जा रहा है? पंजाब में धर्मांतरण को लेकर अकाल तख्त के जत्थेदार ने ईसाई मशीनरियों पर पैसे और लालच देकर धर्मांतरण का आरोप लगाया है। इन घटनाओं से धर्मांतरण के खेल को समझा जा सकता है। कड़े कानूनों के बावजूद धर्मांतरण करने वालों को निश्चित रूप से राजनीति संरक्षण प्राप्त है। सरकार को चाहिए कि वह संरक्षण देने वालों के चेहरों से नकाब हठाए और उन्हें कड़ी सजा दे?

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** के कुछ दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए जनता को ठगा जा रहा है और मैं जनता के साथ खड़ा रहूंगा।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**इजराइल** को वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पट्टी में हमारे लोगों के खिलाफ अपने सभी उपायों को बंद कर देना चाहिए।

– **महमूद अब्बास**
फिलिस्तीनी राष्ट्रपति



**अपनी** सहानुभूति के प्रतीक के रूप में, मैं केरल में जारी राहत और बचाव प्रयासों के लिए दान करना चाहता हूं।

– **दलाई लामा**
आध्यात्मिक नेता

दो दिन से लगातार हो रही बारिश

# सीतापुर मंडी में बारिश से भीगा धान!



सीतापुर-बरसात से मंडी में भीगा धान

संवाददाता। सीतापुर

दो दिन से लगातार हो रही बरसात से मंडी में अपना धान लेकर आए किसानों पर आफत आ गई है, एक तो अच्छे भाव नहीं मिल रहे दूसरे उनका धान भीग गया है, जिससे बेंचने में दिक्कते आएगी। बरसात के दौरान पायनियर टीम जब मंडी पहुंची तो परिसर में लगे धान के ढ़ेर तिरपाल के नीचे भी भीग चुके थे। किसानों ने बताया कि मंडी में धान भीगे ना इसके लिए यहां कोई प्रबंध नहीं किए गए है, इसीलिए धान भीगने से अंकुरित भी होने लगे है। किसानों का करीब सैकड़ो कुन्तल धान भीग चुका है और ट्रालियों में भी धान लगा हुआ है जो बिक नहीं पाया था।

## किसानों के लिए बारिश व हवा बनी आफत

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश में** कभी धीमी तो कभी तेज बारिश का दौर मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी है, लेकिन लगातार बारिश की वजह से खेतों में खड़ी फसल पानी में डूब गई है। जिन किसानों ने फसल काटकर खेत में रखी थी, वो भी खराब हो गई है। इससे धान, गन्ना की फसलें तो खेतों में बिछ गई हैं, साथ ही केला, तिल्ली, आलू, बाजरा की फसलों पर भी असर पड़ा है, हालांकि देर से बोई फसलों के लिए बारिश फायदेमंद साबित होगी। समूचे जिले में किसानों को करीब 60 से 70 फीसदी फसलों के नुकसान का अनुमान है। आपको बता दें कि मौसम के करवट लेने के बाद रविवार दोपहर बारिश का दौर शुरू हुआ था, तब से लगातार रूक-रूककर तेज हवा के संग बारिश हो रही है। कभी धीमी-कभी तेज हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया, साथ ही लोगों ने गर्मी से भी राहत की सांस ली, मगर बेमौसम हो रही बारिश ने किसानों के आंसू निकाल दिए है, ये हो भी क्यों न, इनकी खेतों में खड़ी या फिर कटी पड़ी धान व गन्ने की फसलें पानी में डूब गई है। बारिश व तेज हवा से बर्बाद हुई फसलों के नुकसान का आई इंडिया टीम ने हरगांव, थानगांव, कचनार, एलिया, बहादुरगंज, रेउसा व सकरन क्षेत्रों में जायजा लिया और काश्तकारों से बात की, तो बातचीत में उनके दर्द भरे आंसू निकल आए। क्षेत्र के हरगांव, सकरन, सिधौली, थानगांव, रेउसा, सेउता, खैराबाद सहित तमाम जगहों पर किसानों को भारी नुकसान हुआ है।



कसमंडा-बरसात व तेज हवा से पलट गई केला की खेती।

### बोले कृषि अधिकारी

**जिला कृषि** अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि बारिश और हवा चलने से धान, तिल्ली, उड़द, केला, पपीता आदि फसलों को नुक्सान पहुंचा है। कितना नुक़सान हुआ है, यह जांच के बाद पता चलेगा। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि अभी बारिश और होगी, इसलिए खेतों में पानी न जमा होने दें।

कृषि विज्ञान केंद्र अंबरपुर के वैज्ञानिक डॉ वीके सिंह ने बताया कि जिन किसानों का गन्ना, केला गिर गया है, वो इस पास मिट्टी चढ़ाकर बनाई कर दें। देर से बोई गई फसलों के लिए बेमौसम बारिश फायदेमंद है। लेकिन फफूंद वाली बीमारियां फैलेंगी। बचाव के लिए मौसम साफ होने पर कार्वेडाजिम 1ग्राम प्रति लीटर पानी में छिड़काव कर दें।

घर-घर पहुंच रहा अमृत.....

# आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा विधिक साक्षरता प्राधिकरण



संवाददाता। सीतापुर

**देश आजादी** के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। शिक्षा एवं तकनीक तथा अन्य सभी क्षेत्रों में देश ने उल्लेखनीय प्रगति कर ली है, लेकिन आज भी भारतीय समाज में विधि के सामान्य ज्ञान का अभाव देखने को मिलता है। ऐसे में विधिक साक्षरता प्राधिकरण ने समूचे जिले में जन जागरूकता अभियान छेड़ रखा है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से शुरू अभियान में गठित दस हजार टीमें करीब छह हजार गांवों में जाकर आबादी के सापेक्ष 99 फीसदी लोगों को सामान्य कानूनों से रूबरू कराया जा चुका है, हालांकि अभी यह अभियान चौदह नवंबर तक चलेगा। आपको बता दें कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विधिक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इस पर सीतापुर में भी जिला विधिक साक्षरता प्राधिकरण के अध्यक्ष, जिला जज कुलदीप कुमार द्वितीय ने अभियान में दस हजार गठित की थी, इनमें पराविधिक स्वयंसेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहुएं, समाजसेवी और छात्र-छात्राएं, शामिल हैं। प्राधिकरण की जिला सचिव सुदेश कुमारी के मुताबिक सीतापुर जिले में जनजागरूकता फैलाने के लिए गठित दस हजार गठित की गई है। ये टीमें करीब छह हजार गांवों में जाकर लोगों को सामान्य कानूनी जानकारी दे रही है। यही नहीं सरकारी योजनाओं से भी लोगों को परिचित कराया जा रहा है।

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण वाहन को दिखाई हरी झंडी

● गांव-गांव जाकर करेगी जागरूक

संवाददाता। सीतापुर

**विशेष** संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा- संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में सभी विभागों को सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला ने कहा- लोगों को जागरूक करने में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। वह अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें कि संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया से बचाव हम सावधानी बरतकर कर सकते हैं। लोगों को व्यक्तिगत साफसफाई, घर व आस दृपास तथा अपने गाँव की सफाई के लिए प्रेरित करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी से अपील की कि बुखार होने पर स्वयं कोई इलाज ना करें द्य जिसे हम साधारण बुखार समझते हैं वह दिमागी बुखार या कोई अन्य बुखार भी हो सकता है द्य इसलिए बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर प्रशिक्षित चिकित्सक से इलाज कराएं। इस मौके पर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई । ज़िले में फॉगिंग व लार्वासाइडल का छिड़काव भी किया गया। ज्ञात हो कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 19 अक्टूबर से 17 नवम्बर 2021 तक चलाया जाएगा व दस्तक अभियान 19 अक्टूबर से 01 नवंबर 2021 तक चलाया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. सुरेन्द्र सिंह , जिला मलेरिया अधिकारी अनिल मिश्रा, जिला एपीडेमिओलॉजिस्ट डा. विवेक सचान, यूनिसेफ़ और पाथ के प्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### 3 दिन से लापता वृद्ध महिला का नहीं लगा सुराग

**रामकोट सीतापुर** ।रामकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंदरौली गांव की वृद्ध महिला कहीं लापता हो गई। जानकारी के अनुसार 3 दिन पहले 17 अक्टूबर को कलावती 56 पत्नी मुरली निवासी इंदरौली जो मानसिक रूप से कमजोर थी। अपने घर से कहीं लापता हो गई परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं सुराग नहीं लग सका। महिला के पति ने रामकोट थाने में गुमसुदगी की लिखित तहरीर दे दी है। इस सम्बंध में रामकोट थाना प्रभारी विजय कुमार से बात की गई तो बताया महिला की गुमसुदगी दर्ज कर ली गयी है ,खोजवीन की जा रही हैं।

बीईओ की जांच में खुली पोल प्रा.वि. असोढ़र की पोल...

# बच्चे को नहीं पता पहाड़ा न ही पीएम-सीएम के नाम

संवाददाता। खैराबाद देहात सीतापुर

**उत्तर प्रदेश के** सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था पर मोदी-योगी सरकार हर साल अरबों-खरबों बजट फूंक रही है, बावजूद इसके प्राइमरी शिक्षा व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। न तो स्कूल में नौनिहालों को बेहतर शिक्षा मिल रही है, और न ही दोपहर को गुणवत्तायुक्त भोजन। कुछ ऐसा ही हाल सीतापुर में भी देखने को मिला। स्कूल में न तो बच्चे पीएम और राज्यपाल का नाम ही बता पाए और न ही पहाड़ा ही सुना पाए। एमडीएम भी क्वालिटी बेहद खराब मिली। जी हां हम बात कर रहे हैं खैराबाद के प्राथमिक विद्यालय असोढर की। इस पर बीईओ ने शिक्षकों की क्लास लगाई, तो बगले छांकते नजर आए। अब पूरा मामला समझ लीजिए, दरअसल खैराबाद के प्राथमिक विद्यालय असोढर में रोजाना की तरफ सोमवार को भी बच्चे समेत शिक्षक आए, विद्यालय में शिक्षण कार्य चल रहा था, तभी एक बच्चे की मां शिकायत लेकर प्रधान सबीक खान के पास पहुंची, बताया कि स्कूल में बच्चों को निम्न स्तर का एमडीएम परोसा जा रहा है। जिसे खाकर बच्चे बीमार पड़ जाएंगे। शिकायत पर प्रधान शिक्षा समिति के सदस्यों के संग विद्यालय पहुंची और प्रधानाध्यापिका सरताज हैदर से बात की, तो दोनों में कहासुनी हो गई। प्रधान की शिकायत पर बीईओ अशोक कुमार यादव ने मौके पहुंचकर मामले की जांच की। ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापिका पर एमडीएम, शिक्षण कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए। प्रधान की शिकायत पर बीईओ ने मामले की तफ्तीश शुरू की, तो एक-एक करके परतें उधड़ने लगी। जांच में विद्यालय में रखरखाव बेहद खराब पाया। साथ ही परोसे गए एमडीएम की पड़ताल की तो उसकी गुणवत्ता भी घटिया पाई। शैक्षिक गुणवत्ता परखने को बीईओ ने बच्चों की क्लास लगाई तो उसमें शिक्षकों की पोल खुलती नजर आई। नतीजतन, न तो कक्षा 6, 7 और 8 के बच्चे पहाड़ा भी सुना नहीं पाए। यही नहीं पीएम, सीएम समेत राज्यपाल के नाम भी नहीं बताए पाए। इस पर उन्होंने शिक्षकों से क्लास ली, तो वो बगल झांकते नजर आए।



खैराबाद देहात-विद्यालय का निरीक्षण करते एबीएसए।

## पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य शीघ्र पूरा हो : पंकज गुप्ता

**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी के पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस पर महानगर प्रभारी पंकज गुप्ता ने शक्ति केंद्र प्रभारीए मंडल अध्यक्ष एशक्ति केंद्र संयोजक की बैठक पार्टी कार्यालय पर ली जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा ने की संचालन महामंत्री प्रतेश पांडे ने किया भाजपा महानगर प्रभारी पंकज गुप्ता ने कहा चुनाव की बेला है और सभी कार्यकर्ताओं को 2022 के मिशन में जी जान से जुट जाना है इसलिए हम सभी को अपने अपने क्षेत्र में पन्ना प्रमुख बनकर जिम्मेदारी के साथ वोट डलवाने की जिम्मेदारी लेनी होगी इसलिए शीघ्र प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख बन जाने चाहिए हम सब के लोकप्रिय प्रधानमंत्री 24 घंटे में 18 घंटे मुख्यमंत्री 24 घंटे में 18 घंटे बिना किसी अवकाश के राष्ट्र की सेवा करते हैं इसलिए चुनाव की बेला में हम सब पूर्ण भागीदारी कर 2022 के मिशन को जुट जाएं समहानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा ने कहा सभी लोग मिलकर कार्य करें और संगठन द्वारा शीघ्र सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी पदाधिकारी गण मिलकर पूरा करें और शीघ्र से शीघ्र पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य भी पूर्ण होना चाहिए जिससे हम इस चुनावी बेला में पूर्ण रूप से भागीदारी कर 2022 के मिशन को पूरा करें इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा महानगर प्रभारी पंकज गुप्ताए महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा एमहामंत्री अधीर सक्सेनाए सहित शहर विधानसभा और कैंट विधानसभा के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे स

## बसही से दिल्ली रोडवेज बस चलाने की मांग

**पलिया कलॉ-खीरी।** भारत नेपाल सीमा से सटे बसही व्यापार मंडल ने डीएम को ज्ञापन भेजकर बसही से देश की राजधानी दिल्ली के लिए रोडवेज बस चलाने की मांग की है। बता दें कि पिछले कोरोना काल के दौरान से पहले तकरीबन चार-पांच वर्षों से लगातार बसही से शाहजहांपुर डिपो की रोडवेज बस प्रतिदिन शाम चार बजे से चलती थी जिससे क्षेत्र के लोगों को शाहजहांपुर, बरेली से दिल्ली जाने में काफी आसानी थी। इसके अलावा पड़ोसी देश नेपाल के नागरिकों को भी दिल्ली जाने में काफी सहूलियत मिलती थी। लेकिन पिछले वर्ष के कोरोना काल के दौरान बस को बंद कर दिया गया। जिसकी वजह से लोगों को दिल्ली जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बताते चलें कि क्षेत्र से दिल्ली के लिए मात्र एक ही बस चलती थी। वह भी बंद हो जाने के कारण व्यापार पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है।

# जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर सीएमओ ने किया रवाना

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ सीएमओ कार्यालय से जन जागरूकता रैली को रवाना कर किया गया। रैली को सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से निकलकर विलोबी मैदान में समाप्त हुई।

इस दौरान सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने अपने संबोधन में उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से कहा कि यह हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने क्षेत्र में कहीं भी गंदगी न फैलने दें। अगर कहीं पर पानी भरा हुआ है तो वहां पर तत्काल एंटी लारवा दवा का छिड़काव करवाएं। यह भी सुनिश्चित करवाएं कि पानी का निकास संभव हो सके। अगर जरूरत पड़े तो उच्चाधिकारियों को अपनी समस्या बताएं। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बिलोनी मैदान में पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार, एसीएमओ डा. वीसी पंत, एसीएमओ डा. कुलदीप आदिम और डिस्टिक मलेरिया आफिसर डा. शैलेंद्र श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने रैली में भी प्रतिभाग किया।



## बारिश की वजह से बाजारों में छाया सन्नाटा

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**सोमवार की** रात से क्षेत्र में हो रही बारिश के वजह से बाजारों में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा पड़ा है। नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश मद्धेशिया ने बताया कि रविवार से हो रही बारिश के कारण जरूरतमंद लोग ही बाजार में देखे गए बाजार में पूरी तरीके से सन्नाटा छाया हुआ है। कई दुकानदार तो ऐसे भी हैं जिनकी सुबह से लेकर शाम तक बोहनी तक नहीं हुई है।बारिश की वजह से क्षेत्र का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है कस्बे की बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा छाया हुआ है। इसके अलावा भानपुरी खजुरिया और बसही बाजार में नेपाली नागरिक प्रतिदिन खरीदारी करने आते हैं लेकिन रविवार से हो रही बारिश के कारण इन बाजारों में भी पूरी तरह से सन्नाटा पसरा होने के कारण व्यापारी काफी परेशान है।

# कोविड के चलते नहीं निकला जुलूस

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

बाराबफात जश्ने मिलादुन्नबी पूरे जोश और खुलूस के साथ पूरे तहसील मे मनाया जा रहा। गौरतलब है कि पहले और आखिरी नवी पैगम्बर मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के रूप मे बराबफात मनाया जाता है। जगह-जगह नात शरीफ और मीलाद का आयोजन किया गया है। कोविड को देखते हुऐ पूरे तहसील में कोई भी बारावफात का जुलूस नहीं निकाला गया। लोग घरों, मदरसों और मस्जिदों में बारावफात मना रहे है। इस मौके पर मोहम्मदी नगर के मियां बाली मस्जिद से लेकर सरैया, शुक्लापुर, बाजार खुर्द, नई बस्ती, अमीर नगर, बरबर, छोलाबारी, मूढ़ा निजाम, रसूलपुर, बनका गांव सहित जगह-जगह मीलाद का आयोजन किया जा रहा है। शिया कमेटी के अध्यक्ष अब्बास नकवी ने सभी से मिलादुन्नबी के मौके पर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से रसूले खुदा ने पड़ोसी अगर भूखा है तो पहले पड़ोसी को खिलाए की बात कही। वहीं आपसी भाईचारे का भी संदेश दिया है। सभी पैगंबर साहब के बताए हुए रास्ते पर चले और उनके पैगाम को आगे बढ़ाए। वहीं जगह-जगह लंगर जारी है। घरों और मस्जिदों को सजाया गया है। सभी एक-दूसरे को जश्ने मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते नजर आ रहे हैं। मदरसे के बच्चों ने इस मौके पर खास अदाज में नात शरीफ और मीलाद पढ़ लोगों को झूमने व वाह-वाह करने के लिऐ मजबूर कर दिया। वहीं कस्बा इंचार्ज राजेश कुमार यादव दलबल के साथ नगर भ्रमण पर रहे। इस जश्न में प्रमुख रूप से मौलाना यूनुस कुरैशी, इंतेजार खां, मो.इलियास, शावेज खां मुन्ना, जावेद हनीफ, मो. आरिफ खां, कलामुद्दीन सहित काफी अकीदतमंद लोगों ने शिरकत की।

### फिर फूंका बिगुल

**मितौली-खीरी।** बीडीओ पसगवां द्वारा पत्रकारों पर की गई अभद्रता टिप्पणी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए ब्लॉक से न हटाए जाने को लेकर पत्रकारों ने एक बार फिर आर पार की लड़ाई का मन बना लिया है। ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के नेतृत्व में 15 नवंबर को समस्त प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकारों, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और समस्त संगठनों द्वारा जिलाधिकारी लखीमपुर का कलम के साथ अपनी ताकत का एहसास कराते हुए जिलाधिकारी का घेराव किया जाएगा।

# संगोष्ठी एवं समरसता सम्मान कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**स्थानीय एक** गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता विभाग द्वारा महर्षि बाल्मीकि के प्राकट्य दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी एवं समरसता सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ मंच के पदाधिकारियों द्वारा भारत माता और भगवान महर्षि वाल्मीकि चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन पुष्पार्चन व माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन कर रहे सह जिला कार्यवाह अमरेश ने समस्त मंच के पदाधिकारियों का परिचय पान कराया। कार्यक्रम की प्रस्तावना अवध प्रांत के सामाजिक समरसता विभाग के प्रांत प्रमुख श्रीमान राज किशोर ने रखी। उन्होंने बताया समाज का निर्माण समाज के प्रति व्यक्ति के आचरण चरित्र सहयोग सहभागिता संस्कार आचार विचार तथा राष्ट्र के प्रति उसकी भावनाओं से होती है। छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता। सभी को सामाजिक समरसता के लिए बड़े मन से सभी को साथ में कार्य करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता गंगाराम ने कहा कि सामाजिक समरसता ऐसी संकल्पना है जो जातिगत भेदभाव एवं अपृश्यता का जड़ से उन्मूलन कर समाज में परस्पर प्रेम एवं सौहार्द बढ़ाने का कार्य करती है। समाज के प्रत्येक वर्ग में एकता की भावना को स्थापित करती है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिथिलेश नारायण ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज सामाजिक समरसता गोष्ठी की आवश्यकता क्यों पड़ी क्योंकि हिंदू समाज के अंदर समरसता बहुत जर्जर हो गई। हिंदू समाज स्वयं समरस है फिर भी समरसता की आवश्यकता पड़ रही।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नरेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि हिंदू समाज ने वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा दी। हमारी इतिहासकारों ने इतिहास को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया है जिससे हमारे समाज में विघटन हुआ है आज आवश्यकता है कि हम एक नए समरस समाज की स्थापना करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेंद्र शरण ने कहा कि हमारे अंदर सामाजिकता समाप्त हो रही है। हम जातिवाद में बैठे हुए जब तक जातिवाद समाप्त नहीं होगा। तब तक समरसता नहीं आ सकती। कार्यक्रम में समाज के प्रत्येक अंग से नागरिकों को सम्मानित किया गया 80 नागरिकों को अन्न किट प्रदान की गई।

कार्यक्रम में सामाजिक समरसता के प्रांत सह संयोजक राम नरेश विजय मिश्रा, जिला संघ चालक स्वर्ण सिंह, जिला सह संचालक अवधेश गुप्ता, विभाग प्रचारक बैरिस्टर जिला प्रचारक अभिषेक नगर प्रचारक सतीश जिला कार्यवाह संजीव, जिला सह कार्यवाहक अमरेश सेवा भारती अवध प्रांत के महामंत्री रजनीश नगर संघ चालक अवधेश गुप्ता, शुभम शांडिल्य, आचार्य संजय मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, अभिषेक सिंह सोमू, सेवा भारती जिलाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, जिला सचिव आशीष प्रताप श्रीवास्तव, अजय अग्रवाल, रवि भूषण साहनी, पुष्पा सिंह, योगेश जोशी, निरुपमा बाजपेई, शिप्रा बाजपेई, अन्नू तिवारी, आशीष सिंह व रामकृष्ण गांधी आदि हजारों की संख्या में सर्व समाज से गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## कर्मचारी संघ ने भेजा ज्ञापन

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**राज्य विद्युत** परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी के आवाहन पर खमरिया स्थित समस्त तकनीकी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कार्यालय अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल में एकत्र होकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता के माध्यम से उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड अध्यक्ष को सौंपा गया। प्रमुख मांगों में ऊर्जा निगमों का एकीकरण किया जाए। तकनीकी कर्मचारियों को अवर अभियंता के ठीक नीचे का ग्रेड पे 4200 दिया जाए। प्रथम समयबद्ध वेतनमान अवर अभियंता द्वितीय सहायक अभियंता एवं तिथि आदिवासी अभियंता का दिया जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। प्रमोशन में 10 वर्ष की बाध्यता को खत्म किया जाए। आमेलन की मांग स्वीकार की जाए।

# डीएम-एसपी ने किया संभावित बाढ़ क्षेत्रों का मुआयना

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी।

**मंगलवार को** डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया ने एसपी विजय दुल के साथ शारदा नगर स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के बाढ़ नियंत्रण ऑटोमेशन प्लांट पहुंचे। जहां उन्होंने मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड शारदा नगर जेपी सिंह ने नदियो के जल स्तर व बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी की अद्यतन स्थिति जानी व जरूरी निर्देश दिए।डीएम.एसपी ने नदियों के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर पूरे दिन भ्रमणशील रहे। उन्होंने तहसील सदरए धौरहरा, निघासन व पलिया के संभावित प्रभावित क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को हर स्थिति से निपटने हेतु तैयार रहने के स्पष्ट निर्देश दिए। सभी एसडीएम अपने क्षेत्रों में भ्रमणसील रहकर संभावित बाढ़ से प्रभावित होने वाले इलाकों में सतत दृष्टि रखें। निचले इलाकों से लोगो को ऊंचे स्थानों निकटवर्ती स्कूलों व बाढ़ राहत चौकियों में सुरक्षित पहुंचाए। नदी व उसके 50 मीटर की परिधि में किसी को भी ना जाने दे। उन्होंने बताया कि नेपाल राष्ट्र में भारी बारिश हुई है। अगले 24 घंटे भी भारी बारिश की संभावना है। इसलिए सभी अधिकारी कर्मचारी अपनी कमर कस ले। बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य हेतु बनाई गई बाढ़ चौकिया तत्काल क्रियाशील करवाना सुनिश्चित करें। चौकियों पर तैनात अधिकारी. कर्मचारियों को सतर्क कर दें। इसके अलावा ग्राम वासियों को सचेत कर दिया जाए कि वह डूब क्षेत्र में ना जावे। डीएम ने बताया कि बनबसा बैराज से शनिवार की शाम 5 बजे तक 5 लाख 18 हजार 484 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। शारदा बैराज की डाउनस्ट्रीम से एक लाख 68 हजार 408 व घाघरा बैराज के डाउनस्ट्रीम से 2 लाख 69 हजार 492 पानी प्रवाहित हुआ।



# अयोध्या की दीपावली में चित्रकूट की झांकी का करायें दर्शन : अजीत

संवाददाता। चित्रकूट

**अयोध्या की** भव्य दीपावली में चित्रकूट की झांकी का दर्शन कराने की मांग बुन्देली सेना ने मुख्यमंत्री से की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह को धर्मनगरी से जुड़ी दर्जनों समस्याओं का मांग पत्र सौंपा। मंगलवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह से मांग किया है कि चित्रकूट के दीपावली मेले का लाइव कवरेज कराया जाये, ताकि देश-प्रदेश के लोग घर बैठे चित्रकूट के दीपदान मेले का आनंद ले सकें। रामायण दर्शन समेत पूरी हो चुकी योजनाओं का दीपावली के पहले लोकार्पण, बस अड्डा में डिपो, दो सौ शैय्या अस्पताल खोह का शुभारंभ, मंदाकिनी नदी, राजापुर में यमुना नदी और बाल्मीकि नदी में रिवर फ्रंट बनाने, वाटर एटीएम, वाईफाई और टूरिस्ट गाइड की व्यवस्था करने की मांग की है। पाठा क्षेत्र को डकैत विहीन करने को पुलिस ट्रेनिंग स्कूल खोलने, कोल्हुआ का विकास करने, नगर के तालाबों का सुंदरीकरण, विद्युत शवदाहगृह, धर्मनगरी में बेड़ीपुलिया, शिवरामपुर, भरतकूप में हाइवे किनारे भव्य तोरण द्वार बनाने, बांकेसिद्ध का पर्यटन विकास, पाठा क्षेत्र के सपहा गांव में बनकर तैयार पशु अस्पताल में डॉक्टरों की तैनाती, रामशैय्या में दस साल से बंद पड़े यात्री प्रतिक्षालय को दीपावली के पहले खोलवाने, कच्ची छावनी के मुक्तिधाम का विकास समेत क्षेत्रीय मांगों का पुलिंदा सौंपा। धर्मनगरी में वाहन पार्किंग स्थल बनाया जाये। अमावस्या पर्वों पर लाखों श्रद्धालु तीर्थक्षेत्र आते हैं। ऐसे में वाहन पार्किंग अतिआवश्यक है। कामदगिरि पर्वत में खोही और आसपास सघन पौधरोपण की मांग भी की गई। मंदाकिनी नदी सफाई को मशीन क्रय करने की मांग की। तीर्थक्षेत्र के समग्र विकास से जुड़ी दर्जनों सुझाव मांग पत्र के जरिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपे गए।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते अजीत सिंह

## तीन चोरों के कब्जे से टैम्पो बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर रैपुरा थानाध्यक्ष अजीत पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के छह हजार रुपये व एक टैम्पो बरामद कर जेल भेजा है। मंगलवार को रैपुरा थानाध्यक्ष अजीत कुमार पाण्डेय की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गोविन्द मौर्य पुत्र सुखराम निवासी गौहनिया, अरशद उर्फ गूंगा पुत्र अब्बाश निवासी बुदावा सब्जीमंडी थाना घूरपुर व कलीम उर्फ कल्लू पुत्र तूतन निवासी मंतोरिया का पुरवा कर्मा बाजार थाना घूरपुर जिला प्रयागराज के कब्जे से चोरी के छह हजार रुपये व एक टैम्पो यूपी 70/एफटी-3505 बरामद कर चोरों को जेल भेजा है। टीम में दरोगा शिवकुमार यादव, दरोगा शिवपूजन यादव, सिपाही कृष्णकान्त, रोहित व राजदेव कुशवाहा शामिल रहे।



## लोनिवि प्रांतीय खंड की खुली पोल, लेपन के दो माह बाद ही हुआ गड्ढा



संवाददाता। कुरारा (हमीरपुर)

**कस्बे के** मनकी तिराहा के समीप हमीरपुर कालपी हाइवे में सड़क उखड़ जाने गड्ढा होगया है। वही कस्बे में बस स्टैंड के पास झलोखर से सरसई गाँव तक लेपन की गई गिट्टी उखड़ जाने सड़क खराब हो गयी है। इससे वाहनों को निकलने मे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोनिवि प्रांतीय खंड की पोल खुल कर सामने आ गयी है। हमीरपुर से जिले के सीमा के अंतिम गाँव सरसई तक हाइवे का निर्माण कार्य हुआ था। इस हाइवे में चार माह पूर्व रिपेरिंग का कार्य कार्यदायी संस्था लोनिवि द्वारा कराया गया था। लेकिन इसको लेबल करके सड़क को गड्ढा मुक्त किया गया था। लेकिन दो माह बाद ही यह सड़क कई जगह उखड़ गयी है। तथा गड्ढा हो गए है। इनमे पानी भर रहा है। इससे वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा निवासी पंकज सिंह राजावत, धर्मेन्द्र सिंह, लल्ला , नफीश अहमद, आदि ने बताया कि बस स्टैंड के पास सड़क उखड़ गयी है। तथा मनकी मोड़ के पास कई जगह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे वाहन निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क की मरम्मत कराये जाने की मांग लोक निर्माण विभाग से की है। इस सड़क को गड्ढा मुक्त भी कराया जा चुका है मगर कुछ दिन बाद ही गड्ढे ही गड्ढे हो गये है। प्रांतीय खंड ने गड्ढा मुक्त के नाम पर करोड़ो रुपये ठिकाने लगा दिये है। यही नही विभागीय लोगो का कहना है कि जब से अधिशासी अभियंता एमएल वर्मा ने कार्यभार संभाला तब से सड़को की हालत खराब होती जा रही है।

## क्विक न्यूज

### पुलनुमा रपटे डूबने से दर्जनो गांवों का संपर्क टूटा, हजारों एकड़ फसल नष्ट

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कल शाम से शुरू हुई बारिश पूरी रात होने के साथ आज दिन में भी बूंदाबांदी होती रही, जिसके चलते हजारों बीघे बोई गई रबी की फसल जल मग्न होकर बर्बाद हो गई, वही नदियों नालों में उफान के चलते क्षेत्र के सात मुख्य मार्गों के पुल नुमा बने रपटे डूब जाने से दर्जनों गांव का कस्बे व अन्य स्थानों से संपर्क टूट गया है। प्रशासन इन अवरुद्ध मार्गो की निगरानी में लग गया है। कल से आज तक रिकॉर्ड की गई बारिश 111 मिमी होने से पूरे क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, सबसे खराब हालत हिमौली गांव की थी, जहां दरवाजे के पास बंयारे में खड़ा ट्रैक्टर चन्द्रावल नदी की सहायक सीहो नदी में बाढ़ आने से डूब गया, वही खेतों में पलेवा के लिए रखे गए चार डीजल इंजन भी डूब गए। गांव में मकानों के अंदर भी पानी घुस गया है। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने बताया कि क्षेत्र में नदियों के बढ़ते हुए जल स्तर को देखते हुए सभी राजस्व कर्मियों को सतर्क कर दिया गया है, नायब तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक भी अलग-अलग क्षेत्रों में निगरानी में लगे हुए हैं, आधा दर्जन से अधिक नालों और नदियों के ऊपर बने रपटा मार्गों में पानी जलभराव होने से उन्हें आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। वहीं क्षेत्र में निरीक्षण के लिए निकले नायब तहसीलदार दिवाकर मिश्रा ने बताया कि मौदहा से पड़ोहरी मार्ग में चंद्रावल नदी व भवानी के निकट चंद्रावल नदी के रपटे के ऊपर से नदी का पानी बहने से इन्हें आवागमन के लिए बंद किया गया है, वही पारा, लदार,लरौंद, हिमौली,गुरदहा, भवानी,पड़ोहरी मार्गों में सीहो व श्याम नदी के रपटों में पानी आने से यह मार्ग भी अवरुद्ध हो गए हैं, जिन्हें आवागमन के लिए बंद किया गया है। फिलहाल क्षेत्र में बोई गई हजारों बीघे में फसलों में मटर, लाही, अलसी, चना व मसूर की फसल बर्बाद हो गई है, लेकिन कहीं भी किसी तरह की जनहानि की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

### शव की हुई शिनाख्त, पत्नी ने हत्या का लगाया आरोप

**राठ ( हमीरपुर )।** सोमवार की शाम मल्हौबा रोड स्थित आरा मशीन के पास एक युवक का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिये सीएचसी के शव ग्रह में रखवा दिया था। आज मृतक की शिनाख्त मझगवां थाने के बरेल गांव निवासी 35 वर्षीय मंशाराम पुत्र विश्वनाथ अहिरवार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं मृतका की पत्नी ने पति की हत्या कर मार डालने का आरोप लगाया है। बरेल गांव निवासी विमला देवी ने बताया कि उसका पति मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। वह जुआं व शराब का भी लती था। रविवार को वह अपने मायके चंडौत गई हुई थी। तभी कुछ समय के बाद उसका पति मंशाराम गांव के एक अन्य युवक के साथ उसके मायके पहुंच गये। वहां से वह दोनों देर रात्रि को निकल आये थे। पत्नी ने उक्त युवक पर पति के साथ मारपीट करने का भी आरोप लगाया है। बताया कि उसके बाद उसके पति का कुछ भी पता नहीं चला। उसका पति ईंट भट्ठों की पेशगी के एक लाख रुपये भी लिये था। शाम को उसके पति मंशाराम का शव मल्हौबा रोड स्थित नहर के पास पड़ा हुआ मिला। मृतक की पत्नी ने पति की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। कोतवाल राजेशचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के शरीर में कोई चोट के निशान नहीं है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### शासन ने छूटे गांवों का आडिट करने के दिये आदेश, बीडीओ लीपापोती में जुटे

**हमीरपुर।** जिले में गौ आश्रय स्थलों के बजट में की गयी हेराफेरी व ग्राम प्रधानों द्वारा बजट के अभिलेखों की आडिट न कराये जाने के मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है,इसके लिये जिन गांवों में आडिट नही कराया है उन गांवों का आडिट करने के आदेश विभाग को दिये गये है। जानकारी के मुताबिक जिले में गौ आश्रय स्थलो व गौबंशों को पहली मर्तवा करोड़ो का बजट आवंटित किया था यह बजट गांवों में खंडविकास अधिकारी व सचिवों की देखरेख में खर्च किया जाना था।जिसमे मुस्करा के 15 गांवों,राठ के 52 गांव,सुमेरपुर में दस गांव, सरीला में 22 गांव,गोहांड में 33 गांव,इसी प्रकार कुरारा ब्लाक के कई गावों को मिलाकर तीन करोड़ 79 लाख 4223 रुपये की अनुदानित राशि का सचिव खर्च का अभिलेख प्रस्तुत नही कर पाये थे क्योकि इसमे भारी धांधली की आशंका जतायी गयी थी। जिले भर में आठ करोड़ 37 लाख रुपये का सरकारी बजट आया था इसके अलावा पशु चिकित्सा विभाग को अलग से बजट आया था मगर इस बजट में बडी मात्रा में धाधली पायी गयी थी। इस मामले की जानकारी होने के बाद बाद जब जिलाधिकारी ने बीडीओ के पेच कसे तो मामले की जांच होने लगी हालाकि सीडीओ कमलेश कुमार बैश्य ने बीडीओ का पक्ष लेते हुये कहा कि आडिट विभाग ने जानबूझकर गांवों में आडिट नही किया है जब कि आडिट विभाग के लेखापरीक्षा अधिकारी के पास इस बात के सबूत है कि उन्होने बीडीओ व सचिव को पत्र लिखकर ब्लाक में आडिट करने गये मगर उनको अभिलेख न मिल पाने के कारण आडिट नही कर पाये है।हालाकि राठ मुस्करा के बीडीओ ने कुछ गांवों में इस मामले की जाच करायी है मगर जांच में क्या हुआ इसकी कोई जानकारी नही दे पाये है। मामले को गंभीरता से लेते हुये जिन गांवों में जांच नही हो पायी है, शासन ने फिर से बारीकी से जांच कराने के आदेश दिये है। मौदहा बीडीओ अभिमंयु सेठ तो आडिट का माखौल उड़ाते हुये कहा था आडिट तो होता रहता है इस परकोई भी बीडीओ ध्यान नही देते है यह सब चलता रहता है। मामले को फंसता देख सभी बीडीओ लीपापोती में जुट गये है। इस मर्तवा आडिट बिभाग ब्लाको में न जाकर पशु चिकित्सालयों में आडिट करेगा ताकि कोई उगली न उठ पाये। यही नही यदि इस मामले की बारीकी से जांच करा लीजायेगी तो चौकाने वाले तथ्य सामने आयेगे सभी बीडीओ लाखों की धांधली में फंस जायेगे।

### दुर्घटना को दावत दे रही अमावल मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया

**सकलडीहा,चंदौली।** अमावल गांव से रेलवे स्टेशन को जाने वाली मार्ग से लेकर पुलिया पिछले कई माह से क्षतिग्रस्त है। जिसे लेकर आये दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी से लेकर सत्ताधारी दल के नेता मौन साधे हुए है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। समस्या का समाधान नही होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया है। प्रदेश सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दावा कर रही है। लेकिन विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही के कारण राहगीर प्रतिदिन दहशत में है। जबकि सिंचाई विभाग भी पुलों की मरम्मत के नाम पर कोरम पूर्ति कर रही है। पिछले कई माह से अमावल से चतुर्भुजपुर रेलवे स्टेशन जाने वाली मार्ग पूरी तरह से कई क्षतिग्रस्त है। बरसात के दिनों में सड़क झील के रूप में तब्दील हो जाती है।

### एकीकृत और कागज रहित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एप लॉन्च

**मीरजापुर।** देश के वरिष्ट डाक्टरों की टीम ने एक अनोखा मोबाईल एप विकसित किया है जिससे अब देश में कहीं से भी एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। भारत में बना यह मोबाईल एप स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्णत: कागज रहित बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हैद्य इस एप से रोगियों को चिकित्सकों, लैब्रटोरी, डाइअग्नास्टिक सेंटर और केमिस्ट की सेवाएँ एक ही मंच पर एकीकृत ढंग इस मिलती है। यह इस तरह का देश का पहला एप है जहां ऐलोपथीए होमोपथी और आयुर्वेद पद्धति के डाक्टर एक ही मंच पर उपलब्ध है। इस एप पर रोगी खुद को निशुल्क पंजीकृत करवा सकते है जिसके उपरांत उन्हे मेडिकल रेकॉर्ड्स के लिए 12 डठ का डिजिटल स्पेस मुफ्त दिया जाता है।

### अश्लील वीडियो बनाने की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के वार्ड तीन निवासी युवती ने एक युवक के खिलाफ अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। युवती ने पुलिस को बताया की ककरऊं गाँव निवासी युवक अजय कुमार पुत्र भगवानदीन द्वारा आये दिन परेशान किया जाता है। तथा दबंगई के बल पर पैसे की मांग करता है। बाहर आने जाने में जान से मारने की धमकी देता है। तथा घर से बाहर निकलने पर अश्लील वीडियो बनाता है उसने अश्लील बीडियो बनाकर वायरल कर देने की कई मर्तवा धमकी दे चुका है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

### तमंचा अड़ाकर दुष्कर्म किया, पुलिस की जांच

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गाँव निवासी महिला ने बीती रात घर मे घुसकर जबरन दुष्कर्म करने व तमंचा अड़ाकर जान से मारने की धमकी देने की तहरीर थाने में दी है।पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। गाँव की गुड़िया पत्नी रामबदन प्रजापति ने पुलिस को बताया की मेरा पति बाहर रह कर मजदूरी करता है। तथा वह अपने दो बच्चों के साथ गाँव मे रहती है। बीती रात मेरे घर की दीवार फांदकर मोहल्ले के ही अनिल पुत्र रघुवीर प्रजापति ने एक बजे रात में आया तथा मेरे साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया । जब मैने शोर किया तो मेरा बड़ा लड़का जाग गया वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उसने बताया कि सुबह में जब थाने आ रही थी तो उसने तमंचा अड़ाकर मारापीटा तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।तब में उसके भय से छिप कर थाने आयी।उसने तहरीर में बताया कि वह मेरे ऊपर बुरी नीयत रखता है। तथा इसके पूर्व भी एक बार दुष्कर्म कर चुका है। इसकी शिकायत थाने में की थी । लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने से इसके हौसले बुलंद है।

### रुपये मांगे तो जान से मारने की धमकी दी

**राठ (हमीरपुर)।** राठ कोतवाली के कस्बा खेड़ा गांव निवासी लखनलाल रैकवार पुत्र राजाराम ने बताया कि उसने गांव के प्रेमचंद्र पुत्र जवाहर लाल को पांच हजार रुपये ईंट भटटा का पेशगी दिया था। आज दोपहर 12 बजे जब उसने प्रेमचंद्र से भटटों पर न जाने पर पेशगी वापस मांगी तो वह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारापीटा। आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति ने उसकी जेब में पड़े रुपये निकाल लिये। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दीवार गिरने से तीन महिलाएं दबी, बड़ी घटना होते-होते बची

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर में बीती रात बारिश के चलते एक मकान की दीवार भरभराकर गिर गयी जिससे एक ही परिवार की तीन महिलाएं दब गई। उन्हें आन फानन में लोगो ने सरकारी अस्पताल पहुँचाया ।
गनीमत यह रही कि बारा बफात के चलते लोग जग रहे थे जिससे अन्न फांनन में अस्पताल पहुँचा कर समय पर इलाज हो सका जिससे उनके गम्भीर चोटे आयी है। ईदुनमिलादुन्नबी के चलते परिवार के सभी लोग जग रहे थे और खुशी का माहौल था और तेज बारिश भी हो रही तभी इशरत बानो,कनीज फातिमा ,शहाना बानो, तो तभी अचानक दीवार भर भराकर गिर गयी और तीनों लग दब गए तभी चीख पुकार मची जिससे अन्य लोग भी आ गए और अस्पताल के लिए ले गए जहां पर चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया राहत भरी बात यह रही कि बड़ी घटना टल गयी ।

## अखिलेश सरकार बनने से सूबे में फिर आयेगी खुशहाली: वन्दना यादव



संवाददाता। चित्रकूट

**सपा मुखिया** अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती वन्दना यादव महिला समाज यात्रा लेकर चित्रकूट आई। महिला सभा जिलाध्यक्ष उर्मिला निषाद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में हुई जनसभा में वन्दना यादव ने योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि विकास वाले दिन, समाजवादी पेंशन वाले दिन, नौजवानों को रोजगार वाले दिन, कन्या विद्याधन वाले दिन, 12वीं पास छात्राओं को लैपटाप वाले दिन और 24 घंटे बिजली वाले दिन तथा महिलाओं व बच्चियों के सुरक्षा वाले दिन 2022 में अखिलेश के आने पर फिर मिलेंगे। मंगलवार को सपा महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती वन्दना यादव ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान, गरीब, पिछड़ों को ठगने का काम किया है। योगी सरकार ने अपने संकल्प पत्र में किये वायदों को पूरा नहीं किया। भाजपा ने वायदा खिलाफी की है। योगी आदित्यनाथ सबसे अयोग्य मुख्यमंत्री साबित हुए हैं। योगी राज में महंगाई चरम पर पहुंची है। पढे-लिखे नौजवान रोजगार के लिए परेशान होकर आत्महत्या कर रहे हैं। किसान फसल और नस्ल बनाने को सड़कों पर आन्दोलन को मजबूर हैं। जिलाध्यक्ष उर्मिला निषाद ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सरकार की योजनाओं की चर्चा की। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी संविधान संवत शासन चलाने में अक्षम रहे हैं। मुख्यमंत्री की भाषा और कार्य अपराधियों जैसे हैं। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, सत्यनारायण पटेल, मो गुलाब खां, अनिल प्रधान, नथिया देवी वर्मा, रीता कुशवाहा, चमेलिया निषाद, गीता देवी, माया देवी, माया जायसवाल मौजूद रहे।

## हाथी गायब करने के मामले में दस्यु ददुआ के पूर्व विधायक बेटे वीर सिंह पटेल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

- वन विभाग की तहरीर पर कवि कोतवाली में दर्ज हुई मुकदमा

संवाददाता। चित्रकूट

**यूपी की** चित्रकूट पुलिस ने बुंदेलखंड के दुर्दांत डकैत रहे ददुआ के पूर्व विधायक पुत्र वीर सिंह पटेल पर गहन मंथन के बाद अमानत में खयानत व धोखाधड़ी का मामला कर्वी कोतवाली में दर्ज कर लिया है। वरिष्ठ सपा नेता एवं चित्रकूट सदर के पूर्व विधायक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने में वन विभाग को खासी मशक्त करनी पड़ी।आपको बता दे कि पूर्व विधायक ने सुपुर्दगी में दिए गए हाथी को चोरी से बेचने और फर्जी कागज तैयार कर बाहर भेजने की कोशिश की थी। समय पर सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने एमपी के सिंहपुर के पास से हाथी को बरामद कर लिया था। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती दर्जनों जिलों में आतंक का पर्याय रहे सात लाख के ईनामी दुर्दांत डकैत शिवकुमार पटेल



उर्फ ददुआ ने करीब डेढ़ दशक पहले बिहार से हाथी जय सिंह को खरीदा था। दुर्दांत डकैत ददुआ के एसटीएफ के साथ 22 जुलाई 2007 में हुई मुठभेड़ मारे जाने के बाद हाथी जय सिंह की जिम्मेदारी उसके बेटे पूर्व सपा विधायक वीर सिंह पटेल के कंधो पर रही है। दो साल पहले जब हाथी जय सिंह ने उत्पात मचाया तो वन विभाग ने पूर्व विधायक को नोटिस जारी कर कागजात मांगे थे । जिस पर पूर्व विधायक हाथी पर मालिकाना हक़ के कोई भी कागज नहीं दिखा पाए थे । परिणाम स्वरुप महावत मुटुन के खिलाफ वन विभाग ने केस दर्ज कर हाथी को पूर्व विधायक की सुपुर्दगी में सौंप दिया था । इसके साथ ही हाथी को जब्त कर दुधवा नेशनल पार्क भेजने के लिए कई बार डीएफओ कैलाश प्रकाश द्वारा शासन को पत्र लिखा गया , लेकिन अनुमति न मिलने की वजह से आगे की कोई कार्यवाई नहीं सकी। इधर यूपी में विधानसभा चुनाव का बिगुल फुकते ही पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल भी चित्रकूट जिले की सदर विधानसभा से ताल ठोकते नजर आ रहे है। पूर्व विधायक ने वन विभाग द्वारा सूपुर्ग किये गए हाथी जय सिंह का 50 लाख में गुजरात की एक कंपनी से सौदा कर लिया। दो दिन पहले हाथी जय सिंह को ट्रक से जामनगर गुजरात ले जाया जा रहा था। लेकिन मुखबिर से जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम ने एमपी के सिंहपुर वन वैरियर पर ट्रक समेत हाथी को पकड़ लिया। इसके बाद पूर्व विधायक के खिलाफ वन विभाग ने केस दर्ज कर हाथी को दुधवा नेशनल पार्क भेज दिया। हाथी बेचने के मामले में जिले के रैपुरा रेंज के फारेस्ट गार्ड शिव नरेन्द्र द्विवेदी की तरफ से पूर्व विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए कोतवाली कर्वी में तहरीर दी गई।

### ढाई माह पहले हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा

**राठ ( हमीरपुर )।** बीते ढाई माह पहले कुछैछा पौधशाला के पास अज्ञात बदमाश महिला के जेवरात व नकदी लूटकर ले जाने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। मझगवां थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि 7 अगस्त को महोबा कोतवाली के नथूपुरा गांव निवासी शिल्पी पत्नी गुमान सिंह के साथ कुछैछा गांव स्थित पौधशाला के पास अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट की थी। जिसकी महिला ने मझगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के खुलासे के लिये पुलिस अधीक्षक हमीरपुर प्रभारी निरीक्षक मझगवां को लूटकांड के आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए गए थे। सोमवार को मुखिबर की सूचना पर मझगवां थानाध्यक्ष ने टोलारावत पुलिया के पास से अभियुक्त राघवेंद्र पुत्र बलवान निवासी टोलारावत को गिरफ्तार किया है।

## दीपावली के पहले बनायें वैकल्पिक मार्ग : डीएम



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दीपावली मेला के मद्देनजर कामतानाथ परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर भारी भीड़ की संभावना के चलते वैकल्पिक परिक्रमा मार्ग बनाने के निर्देश पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह को दिये। उन्होंने कहा कि यह कार्य दीपावली मेले के पहले पूरा कर लिया जाये।
मंगलवार को जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली मेला में लाखों की भीड से आवागमन बाधित न हो। इसलिए वैकल्पिक मार्ग पर झाडियों की सफाई कराने के बाद समतल बराकर पत्थर लगाये जायें। दोनों ओर रेलिंग की व्यवस्था की जाये, ताकि दुर्घटना न हो सके। इस परिक्रमा मार्ग में रोशनी की चौकस व्यवस्था की जाये। परिक्रमा मार्ग दीपावली मेला से पहले तैयार करा लिया जाये। मेले को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। इस मौके पर सीडीओ अमित आसेरी, एसडीएम सदर पूजा यादव, पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

## गणेश बाग के पास बनेगा पार्क

संवाददाता। चित्रकूट



जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने गणेश बाग के पास एक नये पार्क के निर्माण की बाबत निरीक्षण कर कहा कि यहां दो हेक्टेयर जमीन पर एक पार्क बनेगा। जो जनसामान्य के लिए उपयोगी होगा। यह पार्क राजकीय भूमि पर बनेगा। मंगलवार को जिलाधिकारी ने तहसीलदार कर्वी संजय अग्रहरि से कहा कि इसकी नाप जल्द कराई जाये। इसका प्रस्ताव भेजा जाये, ताकि यह कार्य जल्द पूरा कर लिया जाये। यह पार्क यहां की जनता के लिए उपयोगी होगा। पार्क में मार्निंग वाक, शुद्ध वातावरण को उपयोग में लाया जा सकता है। इस मौके पर सीडीओ अमित आसेरी, एसडीएम सदर पूजा यादव, तहसीलदार सदर संजय अग्रहरि, लेखपाल रामबाबू तरौंहा, पुरुषोत्तम शुक्ल बनाडी आदि मौजूद रहे।

## पांच ओवरलोड ट्रकों को संयुक्त टीम ने किया सीज

संवाददाता। चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर बालू ले जा रहे पांच ओवरलोड ट्रकों को यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने सीज कर दिया है। चेताया है कि दुबारा ओवरलोड मिलने पर पांच हजार का ई-चालान किया जायेगा। मंगलवार को जिला मुख्यालय में सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय की अगुवाई में ओवरलोड वाहनों का यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने चालान किया। पांच ट्रकों को सीजकर सीओ ने चेताया है कि दुबारा गाडी मिलने पर पांच हजार रुपये का ई-चालान होगा। बिना रायल्टी और ओवरलोड वाहनों का एआरटीओ व यातायात प्रभारी ने संयुक्त जांच में ट्रकों को सीज किया। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव, चौकी प्रभारी शिवरामपुर अजय जायसवाल की संयुक्त टीम ने जिन वाहनों के नम्बर मिट गये थे, उन वाहनों में सिपाही ने पेंट से नम्बर लिखवाये। मध्य प्रदेश के अजयगढ़ से ट्रकों में बालू बिना रायल्टी के जिले से होकर इलाहाबाद गुजरते समय झांसी-मिर्जापुर राजमार्ग पर वाहनों की जांच की गई। ये संयुक्त जांच तीन दिनों तक चलेगी। ओवरलोड व बिना रायल्टी के पकडे ट्रकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### राष्ट्रगान के साथ निकाला जुलूसे मोहम्मदी

**धानापुर, चंदौली।** नारे तकबीर अल्लहुअकबर, नारे रिसालत या रसुलल्लाहए सरकार की आमद मरहबा के सदाओं से मंगलवार को पूरा कस्बा गुंजायान रहा। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर अकीदतमंदों ने धाना शहीद स्थल से जुलूस मुहम्मदी निकाला। जुलूस निकालने से पूर्व एक साथ सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाया उसके बाद एक हाथ में तिरंगा और एक हाथ मे इस्लामिक झंडा लेकर पूरे कस्बा में जुलूस निकाला जो रामलीला चबूतर होते हुए थाना चैराहाए नरौली मोड़ पठानटोली सहित पूरे कस्बा का भ्रमण किया और धाना शहीद मस्जिद के पास पुन: जाकर समाप्त हुआ। जुलूस में मुख्य रूप से ब्लाक प्रमुख अजय सिंह, जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंहए राजेश सिंह, भजापा जिला महामंत्री सुजीत , कमलाकांत मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि अन्नू सिंहए शामिल रहे।

## हर मुसलमान नमाज कायम कर लोगों के साथ अच्छा बर्ताव करे : मोहम्मद यासीन

संवाददाता। हमीरपुर



**जामा मस्जिद** के पेश इमाम काजी मोहम्मद यासीन ने हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर परचम कुसाई के बाद कहा कि नबी पाक की आंखो की ठंडक नमाज है,इसलिये हर मुसलमान का फर्ज है कि नमाज कायम करे लोगो के साथ अच्छा बर्ताव करे। जब किसी का पड़ोसी बीमार हो तो उसकी अयादत करे। उसे कोई खुशी पहुचे तो मुबाकरवाद दे। पड़ोसी गरीब है तो उसकी पैसो से मदद की जा सकती है, पेश इमाम ने कहा कि आप लोग अपने घरो के आसपास साफ सफाई का ख्याल रखे और बच्चो को अच्छी तालीम हासिल करवाये। प्रोग्राम की सदारत वली मोहम्मद शाह ने और आये हुये मेहमानो का शुक्रिया मोहम्मद रफीक मंसूरी ने अदा किया। इस मौके पर मास्टर नौशाद,शरीफ मोहम्मद एडवोकेट,अहमद बख्श,इम्तियाज,रक्षपाल यादव,मो रियाज,शीबू,सोबरन सिंह,तौहीद कम्यूम मंसूरी,अयान रिहान,आदि लोगो ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का शुभारंभ

संवाददाता। अमेठी

- 19 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान



**अपर जिलाधिकारी** न्यायिक सुधार रूंगटा ने आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से रैली को हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद में आज से 17 नवम्बर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा साथ ही आज से एक नवम्बर तक दस्तक अभियान भी चलेगा जिसमें आशा कार्यकर्ता लोगों की स्क्रीनिंग कर क्षय रोगियोंए फाइलेरिया डिफार्मिटी और कुपोषित बच्चों को चिह्नित करेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबे ने बताया कि संचारी रोग उन्मूलन अभियान उन माध्यमों को खत्म करने के लिए चलाया जाता है जो कि रोगों के वाहक होते हैं जैसे कि मलेरिया के वाहक डेंगू मच्छरए कालाजार के सैंडफ्लाई आदि का उन्मूलन करने के लिए साफसफाई और दवाओं का छिड़काव किया जाता है। वहीं दस्तक अभियान एक सर्वे जैसा अभियान है। इसमें आशा कार्यकर्ता आदि घर.घर जाकर लोगों को साफसफाई के लिए जागरूक करते हैं। यह देखने की कोशिश करते हैं कि कोई मरीज तो नहीं है। मरीज मिलने पर उसमें रोग पैदा होने के कारणों को जानने की कोशिश की जाती है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर.घर भ्रमण कर लोगों से चार बिंदुओं पर जानकारी लेंगी। इसके माध्यम से बुखार के मरीजए इंफ्यूएंजा की तरह सर्दी खांसी के मरीजए क्षय रोग संभावित लक्षणों वाले तथा कुपोषित रोगियों को चिह्नित करने का प्रयास करेंगी। घर घर भ्रमण के दौरान टीमें घरों के आसपास पानी को जमा न होने देने तथा साफसफाई के बारे में भी लोगों को जागरूक करेंगी। संचारी रोग उन्मूलन अभियान के तहत शिक्षा विभाग वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बच्चों का संवेदीकरण करेगा। ग्राम विकास विभाग ग्राम प्रधान के माध्यम से प्रभात फेरी निकालेगा। ग्राम स्तरीय बैठकों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता तथा रोगों के कारण नष्ट करने के लिए जागरूक किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों की सफाई की जाएगी साथ ही झाड़ियों की कटाई की जाएगी। इंडिया मार्क हैंडपंप.2 की मरम्मत होगी। वार्डों में फॉगिंग कराई जाएगी। पशुधन विकास विभाग सुअर पालकों को संवेदीकृत करेगा। कृंतक चूहों की रोकथाम के लिए कृषि विभाग समूहों के माध्यम से ग्रामीणों को संवेदीकृत करेगा। उद्यान विभाग मच्छर रोधी पौधे लगाएगा। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग अति कुपोषित बच्चों को पोषण संवर्धन के लिए उन्हें संदर्भित करेगा। इस अवसर पर मुख्य सेविकाएं आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# शरद पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर श्रीराम की लीलाओं पर रचित श्री राम चरित मानसपाठ



**लालगंज रायबरेली।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर लालगंज नगर के गांधी चौराहा स्थित बाजपेयी होटल में साज और संगीत के साथ श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारम्भ हो गया है।इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन उमाशकर बाजपेयी व रमाशंकर बाजपेयी के द्वारा किया गया है।यह कार्यक्रम लगभग पचास वर्षों से शरद पूर्णिमा के अवसर पर होता है।मानसपाठ का वाचन प्रसिद्ध विद्वानों के द्वारा किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि शरद पूर्णिमा को शास्त्रो में लक्ष्मी जी का जन्म दिवस भी मानते हैं।माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिये शरद पूर्णिमा तिथि उत्तम मानी गई है।शरद पूर्णिमा को हिन्दू धर्म में विशेष महत्व प्रदान किया गया है। शास्त्रों में शरद पूर्णिमा पर्व के बारे में विदित है कि इस पूर्णिमा तिथि पर चन्द्रमा अपनी 16 कलाओं से पूर्ण होता है।शरद पूर्णिमा क्वार मास की पूर्णिमा को होती है।हिन्दू धर्म में पूर्णिमा को कोजागर व्रत रखा जाता है,जिसे कौमुदी व्रत भी कहते हैं।शरद पूर्णिमा के दिन व्रत रखने के बाद चन्द्रोदय काल में पूजन किया जाता है।खीर खाने का विशेष प्रावधान है।कार्यक्रम आयोजक उमाशंकर बाजपेयी ने बताया कि बुधवार को मानस पाठ उपरांत राजतिलक के साथ साथ संगीत का भी कार्यक्रम होगा।प्रसाद वितरण भी किया जायेगा।इस मौके पर पं0 राधेश्याम बाजपेयी,करूणा नन्द द्विवेदी, अतुल द्विवेदी,कुलदीप तिवारी, धुन्नू द्विवेदी, बचोल द्विवेदी, योगेन्द्र दुबे, मुकेस विश्वकर्मा,रोहित गोस्वामी, सुशील शुक्ला,बच्चा पाण्डेय,शोभनाथ अवस्थी,अन्नू बाजपेयी, मन्नू बाजपेयी, तन्नू बाजपेयी, कृष्णा बाजपेई, अरनव, रमेस मिश्रा, सुरेन्द्रनाथ मिश्रा,सागर निर्मल, देवी कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# जुलूसे मोहम्मदी में उमड़ा जनसैलाब अंजुमनों ने पेश किया खिराजे अकीदत

संवाददाता। जगदीशपुर अमेठी



**जश्ने विलादत** रहमते आलम सल्ललाहु अलैहे वसल्लम का जुलूस बड़े ही शानो शौकत के साथ निकाला गया। हजारो की संख्या में अकीदत मंदो ने जुलूस में शिरकत कर नबी.ए.पाक को खेराज .ए.अकीदत पेश किया वही सुरक्षा को लेकर प्रशासन मुस्तैद रहा ।

जगदीशपुर में हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम का जन्मोत्सव ;पैदाइश की खुशी में द्धबड़े ही शनो शौकत के साथ मनाया जा रहा है स तक़रीबन सभी ग्राम सभाओ की मस्जिदों मजारो और गली कूचों को भारी बिजली की सजावट से रौशन किया गया है।उलैमाओं के बयानों के खातिर पंडाल का निर्माण किया गया है स जिसमे उलैमा ख़िताब फरमाएगें जहाँ एक तरफमंदिरो में घंटियां व दुसरी तरफमस्जिदों में अज़ान जब तक एक साथ होते रहेगें तब तक हमारी एक जकता कायम रहेगी।जश्ने विलादत के दूसरे दिन यानी मंगलवार को अंजुमन गुनचए इस्लाम के जेरे निगरानी में नायब अंजुमन निहालगढ़ सिधियावां जाफरगंज मालवा नियाँवा सिंदूरवा रानीगंज वारिशगंज पूरे गौहर ख़ैरतपुर माहेमऊ सलाबतगढ़ सहित सभी ग्राम सभाओं से जुलूस निकाला गया। सरकार.ए.दो आलम की विलादत का जश्न बड़े ही शनो शौकत के साथ मनाया गया स पैग़म्बरे इस्लाम इस दुनिया में सारे आलम के लिए रहमत बनकर तशरीफ़लाए इस लिए रहमतों की बारिश में नहाने के लिए इस जलसे में सभी धर्म व समुदाय के लोग शामिल होते है।आप ने इस दुनिया में लोगो को इंसानियत इंसाफ भाईचारा माँ बाप की इज़्ज़त करना यतिमो व बेवाओं की मदद करना बीमार की खैरियत मालूम करना व इबादत करने की शिक्षा दी जिस पर आज यह सारा जहान टिका हुआ है और वहीं रिवायत के मुताबिक सभी अंजुमनो का कारवाँ ईदगाह राम लीला मैदान में एकत्र होकर वहाँ से धीरे धीरे चौराहा गुलाबगंज की ओर रवाना होता है स जगह जगह अंजुमनों द्वारा बनाए गए मंच से अंजुमन गुनचए इस्लाम के सदर जनाब हाजी मोहम्मद रफीक वारसी उर्फ़ अल्लू मियां नबी ए पाक का बयान करते हुए आगे बढ़ते हैं और वहीं अंजुमनों द्वारा जगह जगह लंगर का आयोजन किया गया।जुलूसे मोहम्मदी में शामिल हाजी मोहम्मद नईम रैहान सुल्तानपुरी समाजसेवी इमरान सिद्दीकी प्रधान मोहम्मद अतीक प्रधान जव्वाद अहमद प्रधान इसराक अहमद सोनू पूर्व डीडीसी महमूद सुल्तान कोटेदार महमूद अहमद मौलाना तलात रसूल प्रधानाचार्य मुफ़्ती मंजूर अहमद प्रधान प्रतिनिधि आबिद अली महबूब अहमद खैरातपुर डीडीसी मोहम्मद तसलीम मुखतार किदवई वसीक खान सेठ मोहम्मद अल्ताफ खान मोहम्मद मासूम इलियास ठाकुर इसराक ठाकुर सिराज खान पुर्व प्रधान मोजीब प्रधान तौसीर उर्फ गुड्डू सहित ऐतिहासिक भीड़ के शक्ल में लोग मौजूद रहे ससुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रसाशन पूरी तरह मुस्तैद रहा स

# पुलिस ने चोरी का किया खुलासा तीन अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता। मुसाफिरखाना अमेठी



**जिले में** अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 संकठा प्रसाद मौर्या थाना मुसाफिरखाना मय हमराह द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित के दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्त विजय कुमार पुत्र रामेश्वर प्रसाद निवासी इसौली थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 जयराम निवासी इसौली थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर वीरेन्द्र मिश्रा पुत्र भवानी प्रसाद निवासी सरैया तालुकेदार थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को रामलीला मैदान के पास से समय करीब 06. 30 बजे शाम गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त विजय कुमार के कब्जे से चोरी का 01 अदद मोबाइल फोन व 800 रूपये नगद अभियुक्त प्रमोद कुमार के कब्जे से चोरी के 02 जोड़ी पायल सफेद धातु 1200 रूपये नगद व अभियुक्त वीरेन्द्र मिश्रा के कब्जे से चोरी एक टुकड़ा पीली धातु व 2000 रूपये नगद बरामद हुआ । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम तीनो ने मिलकर भिन्न.भिन्न दिनों में कस्बा मुसाफिरखाना से एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल चोरी किये थे ग्राम पलिया पूरब के पास एक स्कूटी सवार महिला से चैन छीनकर भाग गए थे तथा ग्राम पूरे दुखछोर नारा अढ़नपुर में एक व्यक्ति के घर में चोरी किये थे बरामद सामान व रूपये उसी चोरी व लूट के हैं । थाना मुसाफिरखाना द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है ।

## क्विक न्यूज

### बाइक व डंपर की टक्कर में दो युवकों की मौत

**जामो अमेठी ।** जिले के जगदीशपुर क्षेत्र में धार्मिक जुलूस को देखने के लिए बाइक से जा रहे दो युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है् मिली जानकारी के अनुसार घटना जामो थाना क्षेत्र के अंतर्गत की है मंगलवार को दिन में दोपहर करीब 1.00 बजे जायस. जगदीशपुर रोड पर जामो थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिटहुला गांव के पास जायस कोतवाली के अंतर्गत बेहता गांव निवासी समीर व मोहम्मद फ्तेह जुलूस ए मोहम्मदी देखने के लिए जगदीशपुर जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही डंपर गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर इतनी जोरदार थी कि अपाचे गाड़ी जिसका नंबर यूपी 33 बी 9947 था उसके परखच्चे उड़ गए और दोनों गाड़ी पर सवार नवयुवक दूर जा गिरे इस हादसे में मोहम्मद फ्तेह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी प् मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को सूचित किया लेकिन काफी देर तक सुविधा ना मिल पाने के कारण मोहम्मद समीर को पुलिस अपनी गाड़ी से जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां रास्ते में ही मोहम्मद समीर ने भी दम तोड़ दिया जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे जिनका रो.रोकर बुरा हाल है डंपर पुलिस के कब्जे में है एलाश को पुलिस ने कब्जे में लेकर औपचारिकता पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

### विदेश भेजने के नाम पर रूपये हड़पने का लगाया आरोप

**लालगंज,रायबरेली।** विदेश भेजने के नाम पर 60 हजार रूपये हड़पने का आरोप लगाते हुए मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया गया है।बाबाखेड़ा थाना खीरों निवासी उमेश कुमार ने बताया कि सरेनी के दुधवन गांव निवासी रंजीत ने मार्च 2021 में उसे विदेश भेजने के नाम पर 60 हजार रूपये लिए थे। इसी प्रकार मोहकमपुर थाना बिहार जिला उन्नाव निवासी बृजलाल ने भी रंजीत पर विदेश भेजने के नाम पर 60 हजार रूपये हड़पने का आरोप लगाया है। दोनों ने मामले का शिकायती पत्र कोतावली पुलिस को दिया है।

### संदिग्ध हालातों में युवक की गला रेतकर निर्मम हत्या

**ऊंचाहार,रायबरेली।** विक्षिप्त युवक की हत्या करके शव को सड़क के किनारे फेंक दिया गया है । हत्या के पीछे जमीनी विवाद की संभावना जताते हुए मृतक की मां ने कोतवाली में तहरीर दी है । पुलिस मामले की जांच कर रही है । यह घटना सोमवार की रात क्षेत्र के चड़ रई चौराहा से बकिया का पुरवा गांव को जाने वाले लिंक मार्ग के किनारे हुआ है । मंगलवार की सुबह जब राहगीर इस मार्ग पर जा रहे थे , तभी सड़क के किनारे एक शव को देखकर दंग रह गए । मामले की सूचना आसपास के क्षेत्र में फैलते ही घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई । सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची तो मृतक की पहचान दीपक सिंह उर्फमाना (30) पुत्र स्व राम आधार सिंह निवासी गांव नेवादा के रूप में हुई । उसकी हत्या किसी धारदार हथियार से गला रेतकर की गई थी । ग्रामीणों के अनुसार मृतक विक्षिप्त था और इधर उधर घुमा करता था । अन्तिम बार सोमवार जी शाम को इस बाबूगंज बाजार में देखा गया था । इस सनसनीखेज घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया है । अपर पुलिस अधीक्षक और सी ओ ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया । फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से कुछ साक्ष्य के रूप में नमूना संकलित किया है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है ।

### दहेज उत्पीड़न की शिकायत पर मामला दर्ज


**लालगंज,रायबरेली।** महिला पुलिस चौकी लालगंज में मंगलवार को पहला मुकदमा दर्ज किया गया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूरेनोखेराय मजरे बेहटाकला गांव निवासिनी अंतिमा सिंह ने महिला पुलिस चौकी में दहेज उत्पीड़न को लेकर शिकायती पत्र दिया था। उसका कहना है कि उसका विवाह उन्नाव निवासी धीरेंद्र सिंह के साथ हुआ था। दोनों के संसर्ग से उसके पुत्र भी है जो 11 माह का है। अंतिमा का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज में एक लाख रूपये व बाइक की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता रहा।बीती 8 अक्टूबर को उसे रसोई गैस खोलकर जान से मारने का प्रयास किया गया।चौकी प्रभारी संतोष कुमारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पति धीरेंद्र सिंह ,ससुर हरिश्चंद्र,सास सुशीला, जेठ जितेंद्र सिंह व जेठानी के विरूद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सड़कों पर जलभराव व कटीली झाड़ियों से आवागमन बाधित



**बछरावां रायबरेली।** बछरावां विकासखंड के अंतर्गत महराजगंज रोड पर रसूलपुर ग्राम सभा को जाने वाला मार्ग कटीली झाड़ियों जलभरा व कूड़ा से भरा हुआ है। ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क के किनारे जगह जगह घूर भी डाला गया है। जिससे आसपास के लोगों का जीना मुहाल है। इस गंदगी के कारण ग्रामीणों में संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। वहीं गांव के ही वरिष्ठ समाजसेवी व व्यवसाई रिंकू वर्मा, राहुल व अनुज सहित कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव से गुहार लगाई है कि गांव में ग्रामीणों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत साफसफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। वही इसके साथ ही साथ गांव के जाने वाले मार्ग को भी दुरुस्त करवा दिया जाए। जिससे ग्रामीणों को आवागमन की समस्या से निजात मिल जाए।

### उत्तर प्रदेश में सरकार शीघ्र लागू करें एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्टः गोविंद



**रायबरेली।** समाजवादी अधिवक्ता सभा रायबरेली के जिला अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है आए दिन प्रदेश में अधिवक्ताओं की हत्या हो रही है प्रदेश सरकार को चाहिए कि शीघ्र ही उत्तर प्रदेश में भी जैसे अन्य राज्यों में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू है उसको लागू कर के अधिवक्ताओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने का कार्य करे। वर्तमान समय में जो भी अधिवक्ता मारे गए हैं प्रदेश सरकार को चाहिए कि उनके परिवारों को 50-50 लाख मुआवजा और उनके परिवार से एक एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दे। इस मौके पर संजय सिंह, शिवेंद्र सिंह,संदीप शुक्ला ,विवेक सिंह, सिद्धार्थ सिंह,आलोक जयंत ,राहुल यादव ,शशांक पटेल ,दिवाकर सिंह, आरके शुक्ला, परितोष श्रीवास्तव ,राजू यादव ,अवधेश यादव ,कुलभूषण ओझा, मयूरगौतम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आचार्य स्मृति दिवस में पधारेंगी तीन प्रख्यात कवियत्रियां



**रायबरेली।** आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की स्मृति में 7 नवंबर को आयोजित होने वाले आचार्य स्मृति दिवस पर कवि सम्मेलन भी होगा। कवि सम्मेलन में देश की तीन प्रख्यात कवियित्रियां भाग लेने पहुंच रही हैं।समिति के अध्यक्ष विनोद शुक्ला ने बताया कि नई दिल्ली से प्रख्यात कवियत्री पद्मिनी शर्मा, रीवा मध्य प्रदेश से डॉक्टर निधि सिंह और सोनभद्र से श्रीमती विजय लक्ष्मी शुक्ला ष्संवेदनाष् काव्य रस की वर्षा करेंगी। उन्होंने बताया कि शाम 5 बजे कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएगा। कविता प्रेमियों से समय से पधारने का अनुरोध किया है। समिति के महामंत्री अनिल मिश्र ने बताया कि फिरोज गांधी कालेज सभागार में 7 नवंबर को कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कोरोना योद्धाओं का सम्मान होगा। दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि देशभर के 5 कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया जा रहा है। इस बार आचार्य स्मृति दिवस कोरोना संकल्प के दौरान पीड़ित लोगों की सेवा और संक्रमित शवों के अंतिम संस्कार कराने वाले कोरोना योद्धाओं को समर्पित किया गया है। संपादक आनंद स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य पथ स्मारिका का विमोचन भी होगा। स्मारिका में आचार्य द्विवेदी पर केंद्रित कई लेख प्रकाशित हो रहे हैं।

# आरेडिका में पद्मश्री सुधा सिंह का पदभार ग्रहण पर स्वागत समारोह का आयोजन



**रायबरेली।** खेल क्षेत्र की पदमश्री सम्मानित एथलीट सुश्री सुधा सिंह ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में ओएसडी (स्पोर्टस) के पद पर कार्य भार ग्रहण किया । इस उपलक्ष्य में आज सरस्वती प्रेक्षागृह में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह में आरेडिका महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव एवं आरेडिका खेल.कूद संघ के अध्यक्ष संजय कुमार कटियार व महासचिव श्री एस एस कैरो सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। पद्मश्री सुधा सिंह के नाम कई उपलब्धियां दर्ज है। एथलेटिक्स स्टीपलचेज में अपना परचम फहराने वाली उत्तर प्रदेश की एथलीट सुधा सिंह राज्य की ऐसी खिलाड़ी है जिन्हें अर्जुन पुरस्कार के साथ पद्मश्री पुरस्कार भी मिला है। एथलेटिक्स क्षेत्र में सुधा सिंह रायबरेली एक्सप्रेस के नाम से विख्यात हैं। सुश्री सुधा सिंह को 2012 में अर्जुन पुरस्कार 2013 में रानी लक्ष्मीबाई, 2016 में यस भारती एवं 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। सुधा सिंह भोपाल और कोच्चि में वर्ष 2008 में सीनियर फेडरेशन कपए ओपेन नेशनल में स्वर्ण पदक, चीन 2009 एशियन ट्रैक एंड फील्ड में रजत पदक ग्वांगझु 2010 एशियन गेम्स में स्वर्ण पदकए जापान 2011 एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक, पुणें 2013 एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक भुवनेश्वर 2017 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जकार्ता 2018 एशियन गेम्स में रजत पदक हासिल कर चुकी हैं।समारोह में ताइकांडो एवं फुटबॉल खिलाड़ी बच्चों द्वारा कला प्रदर्शन किया गया। पदमश्री सुधा सिंह की खेलो में प्राप्त उपलब्धियों को स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया । इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने बच्चों को उनकी उपलब्धियों से प्रेरणा लेने एवं अपने जीवन में अपनानें को कहा । पद्मश्री सुधा सिंह जी के पदभार संभालने से यहाँ खेल.कूद के क्षेत्र में अच्छी प्रगति होगी। आरेडिका आवसीय परिसर एवं रायबरेली क्षेत्र के बच्चों को उनके मार्गदर्शन से बेहतर प्रशिक्षण का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

# संचारी रोग नियत्रंण जागरूकता वैन को सीडीओ ने दिखाई हरी झण्डी



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा** - जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 18 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाकर स्वच्छता के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने हेतु विशेष सफाई रखने के लिए जागरूक किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार लोगों को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिबद्ध है। गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों में संचारी रोगों का खतरा अधिक होता है। साफ-सफाई अपनायें-मां और बच्चों को रोगों से बचायें। उन्होंने जन सामान्य से अपील किया है कि बुखार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/चिकित्सालय पर जायें। सभी विभागों को आपस में सामंजस्य बनाकर इस अभियान को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका निभानी होगी जिससे जनपदवासी स्वच्छता अपना कर स्वयं स्वस्थ्य रहें और अपने परिवार के साथ-साथ समाज को स्वस्थ्य रखा जा सके। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही नगर विकास पंचायतीराज/ग्राम विकास विभाग पशु पालन विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग शिक्षा विभाग दिव्यांगजन सात्कीकरण/समाजकल्याण विभाग कृषि एवं सिंचाई विभाग सूचना विभाग आदि कार्यक्रम से जुड़े समस्त विभाग एक साथ मिलकर संचारी रोग से बचाव हेतु कार्य करेंगे। 18 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक चलने वाले दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा साफ-सफाई कचरा निस्तारण जलभराव रोकने मच्छरों से बचाव आदि के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0पी0 भार्गव ने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि दिमागी बुखार से घबरायें नहीं, इसका शीघ्र इलाज करायें। बुखार होने पर बच्चों को बिना किसी देरी के उपचार के लिये सरकारी अस्पताल में ले जायें। कोई भी बुखार दिमागी बुखार हो सकता है। इससे सावधान रहने की जरूरत है और अपने आस-पास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाये।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मुकेश मातन हेलिया डब्ल्यूएचओ के एसएमओ मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. जयइन्द्र सिंह अधिशासी अधिकारी इकौना सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्रतिबंधित पशु का खेत में मिला छत विक्षत शव

**श्रावस्ती।** इकौना - मार्डर्न थाना श्रावस्ती अंतर्गत ग्राम दौलतपुर मे प्रतिबंधित पशु का गर्दन कटा हुआ शव गांव के ही निवासी सलामत के खेत मे पड़ा देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छत विछत पशु के शव को कब्जे मे लेकर पशु चोरी व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।श्रावस्ती मार्डर्न थाना अंतर्गत ग्राम दौलतपुर निवासी सीता देवी रोजाना की तरह सुबह उठकर पशुओं को चारा देने गयी तो उन्होंने देखा कि घर के बाहर खूंटे से बंधी बछिया गायब थी। तो वह उसकी तलाश करने लगी इस दौरान गांव के बाहर सलामत के खेत मे उनकी गायब बछिया का सिरकटा शव पड़ा था। जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी पुलिस ने मौके पर पहुँचकर पशु के छत विछत शव को कब्जे में लेकर पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध पशु चोरी व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना के संबंध मे मार्डर्न थाना श्रावस्ती के प्रभारी निरीक्षक वी. बी. सिंह बताते हैं कि किसी अराजक तत्व ने इस घटना को कारित किया है हम छानबीन कर रहे हैं जल्द ही दोषियों पर कार्यवाही होगी।

## दो दिन से घर से गायब युवक का शव अरहर के खेत में मिला

**श्रावस्ती।** सिरसिया - भिनगा कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर देवमन के मजरा के दत्त नगर निवासी 30 वर्षिय रिक्खी राम दो दिन पूर्व घर से अचानक गायब हो गया था जिसका शव दो दिन बाद संदिग्ध परिस्थितियो में गांव के बाहर अरहर खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलने पर सीओ भिनगा ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया। भिनगा कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर देवमन के मजरा दत्त नगर के निवासी 30 वर्षिय रिक्खी राम पुत्र अशर्फी लाल अपने घर से रविवार की शाम सात बजे अचानक कही चला गया जब वह वापस घर नही लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। बीते दो दिनों से परिजनों ने आस पास के गांवों समेत सभी रिस्तेदारों के यहां तलाश की लेकिन उसका कोई पता नही चल पाया। मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे रिक्खीराम का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर स्थित एक अरहर के खेत में पड़ा मिला।

# पूर्वी उत्तर प्रदेश से 75 फीसदी खत्म हो चुका है दिमागी बुखारः सीएम

## ● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़े का किया शुभारंभ

संवाददाता। बस्ती


कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ


प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएम पायनियर

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2021-22 के पूरे प्रदेश में संचालित होने वाले तीसरे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान का शुभारम्भ अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया। उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि इस अभियान के सफल संचालन से पूरे प्रदेश में जेई/एईएस, मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया एंव कालाजार रोगों पर प्रभावी नियंत्रण लगेंगा। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायती राज, नगर विकास विभाग, मनरेगा विभागों के प्रदर्शनी स्टाल का निरीक्षण किया। कहा कि पिछले वर्षों में संचारी रोगों व कोरोना संक्रमण के कारण किसी ने अपना पिता खोया तो किसी ने बेटा और किसी ने अपने भाई को गंवाया। कहा कि कोरोना में मरने वाले हर परिवार को 50-50 हजार की धनराशि दी जाएगी।

उन्होने कहा कि असमय की अतिवृष्टि से अभी भी रोगों का खतरा बना हुआ है। 15 नवम्बर तक हमें पूरी सावधानी बरतनी होगी। विशेष रूप से जल जमाव को रोकना होगा ताकि मच्छर न पनपें। उन्होने कहा कि 2017 से पहले बस्ती जनपद से भी सैकड़ों बच्चे जेई/एईएस से प्रभावित होते थे परन्तु पिछले चार वर्षो में हमने लगभग पूर्ण रूप से इस पर नियंत्रण पाया है। इसलिए इस वर्ष तीसरे चरण का अभियान बस्ती जनपद से शुरू किया जा रहा है।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करके यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके लिए संचारी रोगों से बचाव के उपायों के साथ-साथ जिला अस्पताल तथा ग्रामीण क्षेत्र में सीएचसी व पीएचसी पर इलाज की सुविधा बढ़ाई गई हैं। बस्ती के सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों से उत्तर प्रदेश ने अन्य राज्यों के समक्ष एक मॉडल प्रदेश बनने का काम किया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि 19 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 19 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक दस्तक अभियान पूरे प्रदेश में संचालित किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी स्वतंत्र देव सिंह, उद्यान राज्य मंत्री श्रीराम चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल, संजय चौधरी, विधायक दयाराम चौधरी, संजय प्रताप जायसवाल, अजय सिंह, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, रवि सोनकर, नगर पालिका अध्यक्ष रुपम मिश्रा, आयुक्त गोविंद राजू एनएस, आईजी अनिल राय, डीएम सौम्या अग्रवाल, पुलिस एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, सीएमओ डॉ. अनूप कुमार, एडीएम अभय कुमार मिश्रा, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, सत्येंद्र सिंह भोले, नीतेश शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे। समारोह का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया। प्रेक्षागृह पहुंचे मुख्यमंत्री ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायती राज, नगर विकास विभाग के स्टॉलों का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया।

## पिस्टल ले जाते व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा

**बस्ती।** एक व्यक्ति पिस्टल ले जाते हुए पकड़ा गया, पुलिस ने बताया कि यह व्यक्ति भाजपा नेता जटाशंकर शुक्ल का गनर है, जिसे यह नहीं मालूम था, कि इस तरह के कार्यक्रम में जहां पर सीएम के गनर को छोड़कर किसी अन्य के गनर को पिस्टल ले जाने की इजाजत नहीं है। बहरहाल सीएम के जाने के बाद पुलिस ने उसे हिदायत देकर छोड़ दिया। जब जटाशंकर से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल बंद मिला।

## सीएम को ज्ञापन तो नहीं दे पाए, अलबत्ता गिरफ्तार अवश्य हो गए

**बस्ती।** मुख्यमंत्री को ज्ञापन नहीं दे पाए अलबत्ता पुलिस की गिरफ्त में अवश्य आ गए। सीएम के बस्ती आगमन पर समस्याओं को लेकर मिलने जा रहे ग्रामीण चौकीदार वेलफेयर सोसाइटी के जिलाध्यक्ष नारायण यादव अपने दो दर्जन से अधिक चौकीदार साथियों के साथ कार्यक्रम में जाने की तैयारीकर ही रहे थे, कि इसकी भनक पुलिस को लग गई। मौके पर पहुंची दुबौलिया पुलिस ने जिलाध्यक्ष नारायण यादव एवं ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राजभर को थाने पर बैठा लिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि आजाद भारत में आज भी चौकीदारों से पुलिस द्वारा बेगारी कराया जाता है, विरोध करने पर प्रताड़ित तक किया जाता है। बताया कि एक तो वैसे ही चौकीदारों को इतना कम मानदेय मिलता है, कि उससे परिवार का भरण-पोषण ही संभव नहीं हो पाता। बच्चों की पढ़ाई से लेकर उनके लालन-पालन मे में पैसे की आवश्यकता पड़ती है। कहते हैं कि बड़ी मुस्किल से चौकीदार वर्ग अपने घर की इज्जत बचा पाता है। रहने को घर नहीं खाने को भरपेट भोजन नहीं, ऐसे में अगर पुलिस और समाज की ओर से सहयोग नहीं मिलेगा, तो चौकीदार कहां जाएगें। कहते हैं कि इन्हीं सब समस्याओं को लेकर वह लोग मुख्यमंत्री से मिलना चाह रहे थे, मगर पुलिस ने यहां भी उन लोगों का हक छीन लिया।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली पलटी एक की मौत, आधा दर्जन घायल

## ● अस्पताल पहुंचकर डीएम-एसपी ने जाना घायलों का हाल

संवाददाता। संतकबीरनगर


घायल बच्चे से जानकारी लेतीं जिलाधिकारी पायनियर

**जनपद** के दुधारा थाना क्षेत्र के दशावा गांव के निकट मंगलवार को वारावफात जुलूस में शामिल होने जा रहे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गये इस घटना में घायल बत्सी बत्सा गांव के निवासी है। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने राहत बचाव कार्य शुरू करते हुए सभी घायलो को जिला अस्पताल पहुँचाया। जहॉ प्राथमिक उपचार के दौरान एक बच्चे की मृत्यु हो गई जहॉ तीन बच्चों की स्थिति नाजुक देखते हुए डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। शेष अन्य घायलो का त्वरित उपचार चिकित्सकों द्वारा किया गया। घटना की सूचना जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओं अंशुमान मिश्र जिला अस्पताल में पहुँचकर घायलो का कुशल क्षेम जानते हुए जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने चिकित्सको को बेहतर ईलाज किये जाने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ईद-ए-मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल दुधारा थाना क्षेत्र के गांव बत्सी बत्सा से लोहरौली चौराहे पर जा रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर- ट्रॉली पलट जाने से ट्रॉली पर सवार आठ लड़के घायल हो गए। जिसमें दो लड़के गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव बत्सी बत्सा निवासी अहमद कमर पुत्र मुहम्मद हारून (13), मुहम्मद कैफ पुत्र बशीर अहमद (11), अहमद फैज पुत्र मुहम्मद खालिद (12), तौहीद पुत्र साबिर अली (12), मुहम्मद आरिफ पुत्र वाजिद (12), छोटकू पुत्र स्व. अमीरूल्लाह, अरमान पुत्र जाहिद अली, सुल्तान पुत्र गुड्डू ट्रैक्टर- ट्रॉली से बत्सी बत्सा से लोहरौली चौराहे पर जा रहे थे। अभी दशावां गांव के करीब स्थित टावर के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे सवार सभी लोग घायल हो गए। मुहम्मद आरिफ पुत्र वाजिद (12), छोटकू पुत्र स्व. अमीरूल्लाह को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने जिला संयुक्त चिकित्सालय खलीलाबाद पहुंचाया।

# दस्तक अभियान तृतीय चरण का हुआ शुभारम्भ

## ● डीएम ने दिलाई शपथ

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तृतीय चरण के जागरूकता वाहन का झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तृतीय चरण के प्रचार वाहन के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया।


आशाओं के साथ उपस्थित जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल पायनियर

उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस अभियान में दिमागी बुखार, कोविड-19, छय रोग, कुपोषण के रोगियों का चिन्हीकरण कर समुचित इलाज उपलब्ध कराए जाने एवं जन जागरूकता अभियान को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इन्द्र विजय विश्वकर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ0 मोहन झा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वीबीडी) डॉ0 एस0 रहमान, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 एस0डी0 ओझा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ0 मुबारक अली, डॉ0 वी0पी0 पाण्डेय, राजकीय बघौली प्रधानाचार्या श्रीमती निशा यादव के अलावा आशा वर्कर उपस्थित रही।

## क्विक न्यूज

### सिरके की दुकानों पर छापा

**विक्रमजोत।** विकासखंड क्षेत्र केशवपुर गाँव के हाइवे किनारे स्थित सिरके की दुकानो पर मिलावटी सामान बेचने की शिकायत पर खाद्य एंव आपूर्ति सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर सिरके के सैम्पल जमा किए। फूड इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने केशवपुर गांव निवासी मेवालाल और जग प्रसाद की दुकानों का सैंपल लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि इन दुकानों पर केमिकल से सिरका तैयार किया जाता है, उसी क्रम में दो दुकानों से सिरके का सैंपल लिया गया है, जिसे लैब में भेजा जाएगा, गड़बड़ी पाए जाने पर उनके खिलाफविधिक कार्रवाई की जाएगी। बतादें कि विक्रमजोत का इलाका सिरकें के मामले में काफी मशहूर है। चूंकि हाईवे के किनारे अधिकतर दुकान है, इस लिए लखनउ से आने जाने वाले अधिकतर लोग सिरका अवश्य खरीदते है। कई लोग बाहर से भी इस इलाके के सिरकें मी मांग करते है। सड़क के दोनों ओर दर्जनों की संख्या में सिरके की दुकान है। हर घर में सिरके की दुकान खुली हुई है।

### खोए हुए बच्चे को पुलिस ने मां-बाप को सौंपा

**विक्रमजोत।** विक्रमजोत पुलिस द्वारा बारावफात त्योहार के मद्देनजर शांति, सुरक्षा व्यवस्था में किए जा रहे रात्रि गस्त के दौरान एक बच्चा खतमसराय चौराहा पर बारिश में भींग घूमता हुआ दिखाई दिया, यह देख चौकी प्रभारी उ0नि0 पवन कुमार मौर्य मय हमराह के साथ मौके पर पहुंच कर उस बच्चे से नाम पता पूछा, तो उसने अपना नाम अरविंद कुमार पुत्र स्व0 मुन्नाराम प्रजापति सा0 चांदपुर थाना दुबौलिया बस्ती उम्र करीब 15 वर्ष बताया। बच्चे को पुलिस ने अपनी सुरक्षा में लेकर चौकी विक्रमजोत लाकर विश्वास दिलाते हुए जलपान कराया, भीगे कपड़ों के बदले नए अंग वस्त्र पहनाए तथा व्हाट्सअप की मदद से बच्चे के नाम पते पर सूचना भेजा गया। सूचना पाकर सुबह बच्चे के घर से उसकी मां संजना देवी व बच्चे के जीजा योगेश कुमार पुत्र स्व0 लालबहादुर चौकी आएं। जिनसे बच्चे के विषय में पूछताछ कर सकुशल उसके मां और जीजा के हवाले सुपुर्द कर दिया गया। खोए हुए बच्चे अरविंद को पाकर परिजन बहुत खुश हुए और दुआएं देते हुए घर को चले गए।

### भंडारे का आयोजन

**करनैलगंज ( गोंडा )।** दुर्गापूजा व दशहरा संपन्न होने के बाद सोमवार की देर शाम कैलाश बाग मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कैलाश बाग दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों द्वारा इस विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं भोजन का वितरण किया गया। भंडारे में भारी भीड़ जुटी और नगर के सभी धार्मिक समितियों के साथ-साथ नगर के श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष को सम्मानित भी किया गया और भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष द्वारा गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार हरजीत सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर हरि कुमार वैश्य, मोहित पांडेय, सरदार जोगेंद्र सिंह, राजू मोदनवाल, गणेश कुमार वैश्य, चंद्रशेखर गोस्वामी, आशीष सोनी, अनिल कुमार गुप्ता, अशोक सिंघानिया, ओपी तिवारी, सरदार हरजीत सिंह, सरदार भूपेंद्र सिंह, विश्वनाथ साह, राजू रस्तोगी, सुरेश कुमार पुरवार, श्रीराम सोनी, ज्ञान प्रकाश मिश्रा सहित नगर के तमाम लोग उपस्थित रहे।

### अमृत महोत्सवः स्वच्छ भारत अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन

**फतेहपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल, युवा कल्याण एवं पंचायतीराज विभाग की अध्यक्षता में अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वच्छ भारत अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन विकास भवन सभागार फतेहपुर में किया गया। राज्यमंत्री द्वारा पुलिस लाइन स्थित शहीद स्तम्भ पर माल्यापर्ण व पुष्प अर्पित किया। उन्होंने विकास भवन सभागार में महात्मा गांधी व डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वच्छ भारत अभियान, प्लास्टिक मुक्त भारत के लिये जन सामान्य में जागरूकता लाने तथा जन सामान्य को शपथ दिलाने हेतु कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में आये हुए विशिष्ट अतिथियों द्वारा अपने-अपने सम्बोधन में सरकार की उपलब्धियों एवं सफलताओं के सम्बन्ध में जन सामान्य को अवगत कराया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि 01 अक्टूबर यानी महात्मा गांधी के जन्म दिवस के पूर्व सन्ध्या से 31 अक्टूबर सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस तक स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन रूप दिया जायेगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबके प्रयास से युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। विस्तारपूर्वक केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन, युवा कल्याण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, श्रमिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला कल्याण, सौभाग्य योजना, मुफ्त राशन वितरण आदि योजनाओं की प्रगति के बारे में जन सामान्य को अवगत कराया।

## दस्तक अभियानः डीएम ने दिखायी दवा छिड़काव दल को हरी झण्डी

**फतेहपुर।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे द्वारा फॉगिंग वाहन, दवा छिड़काव दल को हरी झंडी दिखाकर व गुब्बारे को आकाश में छोड़कर किया गया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 19 अक्टूबर से 17 नवंबर तक, दस्तक अभियान 19 अक्टूबर से 01 नवंबर तक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के लिए नामित विभाग आपस मे समन्वय बनाकर अपने-अपने विभागों के कार्य करें। साथ ही जन सामान्य को जागरूक भी करे।

# यौमे पैदाइश पर याद किये गये हजरत मोहम्मद

## ● बारह-रबी-अल-अव्वल पर खलीलाबाद शहर में निकला जुलूस

संवाददाता। संतकबीरनगर


जुलूश में शामिल अकीदत मंद पायनियर

**पैगम्बर** हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे पैदाईश के मौके पर मंगलवार को शान्ति व अमन चैन के साथ अकीदत मंदो ने जुलूश निकालकर उनको याद किया। आजाद चौक पर मौलाना हसमुल्ला साहब ने उनके यौमे पैदाइश पर जानकारी देते हुए सभी से अमन चैन कायम रखने का अपील किया। जुलूश में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष खलीलाबाद जगत जायसवाल, डॉ0 अशरफ अली, कामरेड रूस्तम खॉ, एडवोकेट जीशान अली, पूर्व सभासद अरशद खॉ, अब्दुल्ला खॉ सहित सभ्रान्त नागरिक शामिल रहे। इस दौरान या मोहम्मद के नारों से सदायें गूंजती रहीं। जलूस में नगर के हिन्दू, मुस्लिम सभी लोगों के अलावा विभिन्न मदरसों के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नगर के विभिन्न स्थानों पर जलूस में शामिल लोगों के स्वागत में चाय, पानी, मीठे आदि के स्टाल लगाये गये थे। जुलूस नगर का भ्रमण करते हुए पुनः वापस अपने स्थान पर आकर समाप्त हुआ। जहां मुल्क व विश्व मे शांति, अमन के लिये दुयाएँ मांगी गयीं। गौरतलब हो कि अरबी माह 12 रबीउल औव्वल के दिन को इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे पैदाईश (जन्मदिन) के रुप में मनाया जाता है।

## मारपीट में युवक की मौत आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जिले के थाना बखिरा क्षेत्र के नारायनपुर गांव में बारावफात की सजावट कर रहे कुछ लोगों के बीच में आपसी विवाद हो गया। जिससे सगे साले व उसके साथियों ने अपने जीजा को लाठी-डंडे व लोहे के हथियार से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के लिए लोग घायल को मेंहदावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से बखिरा, मेंहदावल व बेलहर पुलिस मौके पर जुटी हुई है। इस मामले में आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि सोमवार कि बीती रात 11 बजे अफलाक अहमद (25) पुत्र एजाज अहमद निवासी नारायनपुर वारावफात त्यौहार को लेकर नारायनपुर शिव मंदिर के पास झंडी-पताका लगाकर सजावट कर रहा था। सजावट के काम में कुछ अन्य लोग भी लगे हुए थे।

## रिश्वत मामले में लेखपाल निलंबित

**गोंडा।** जमीन बंटवारे के मामले में लेखपाल द्वारा 90 हजार रुपये लेने के आरोप एवं पीड़ित व्यक्ति द्वारा विधानसभा के सामने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास व लेखपाल द्वारा रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के बाद मामले में तूल पकड़ लिया है। जिस पर उपजिलाधिकारी ने लेखपाल द्वारा रिश्वत लेने का वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल होने का संज्ञान लेते हुए लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित लेखपाल करनैलगंज लेखपाल संघ का अध्यक्ष भी बताया जा रहा है।

उपजिलाधिकारी करनैलगंज हीरालाल ने बताया कि तहसील करनैलगंज के अंतर्गत ग्राम पिपरी माझा में तैनात लेखपाल बसंत लाल को रिश्वत लेते हुए एक वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल होने एवं 90 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि इस मामले में पीड़ित व्यक्ति निर्भय निवासी ग्राम पिपरी मांझा सोमवार को विधानसभा के सामने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने जा रहा था। जिसे वहां पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया और उसे हिरासत में रखा हुआ है। जिसकी सूचना लखनऊ से मिलने के बाद नायब तहसीलदार एवं पुलिस कर्मचारियों को लखनऊ भेजा गया है। जो सुरक्षित उसको लेकर आएंगे। उसके बाद उसका बयान दर्ज किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि लेखपाल बसंत लाल लेखपाल संघ करनैलगंज का अध्यक्ष भी बताया जा रहा है और उस पर 90 हजार रुपये लेने का आरोप है। भूमि बंटवारे का प्रकरण है ऐसे में उसे निलंबित किया गया है। करनैलगंज तहसील में रिश्वतखोरी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके पूर्व भी पंचायत चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के बाद 2 लेखपालों को निलंबित होना पड़ा था। ऐसे में रिश्वतखोरी एवं सरकारी कार्य में बिना पैसे के काम न करने का एक गंभीर मामला उभर कर सामने आ रहा है।

## बड़े ही धूमधाम से मना जश्ने ईद मिलादुन्नबी

**गोंडा।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी कस्बे में जगह जगह कुमकुमों व रंगबिरंगी झालरों से सजावट करते हुए मीनार व दुनिया में मौजूद खूबसूरत मदीना शरीफ काबा शरीफ मस्जिद, दरगाह व गेट आदि के नक्शे को हूबहू बनाकर उसकी सजावट की गयी। जहां पूरी रात्रि हर साल से ज्यादा लोगों का हुजूम देखने को मिला। जगह जगह नात पाक, सलाम व हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा के तराने गाते हुए लोग नजर आए। रात्रि के जुलूस की शुरुआत घंटा घर के मस्जिद बंधू से नगर के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान प्रतिनिधि शमीम अहमद अच्छन व फहीम अहमद पप्पू अध्यक्ष अंजुमन सैदाये मोहम्मद की अगुवाइ में बड़े ही धूमधाम से निकाला गया। जो अपने रास्तों से होता हुआ सुबह चार बजे मोहल्ला सकरौरा पहुँच कर सम्पन्न हुआ। वहीं बारह रबीउल अव्वल की सुबह नई बाजार यतीम खाना के बकाई चौराहा से सय्यद शोयबुल अलीम बकाई की अगुवाई ,में एक बहुत ही विशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें कस्बे की तमाम लोग शामिल हुये। ये विशाल जुलूस अपने पुराने रास्तों से होता हुआ मदरसा इस्लामिया बकाइया पहुंचा। जहां महफिले मीलाद आयोजित किया गया। महफिले मीलाद का आगाज कारी मोहम्मद अहमद की तिलावते कुरआन से हुआ।कार्यक्रम के दौरान ही कमेटी के लोगों को सम्मानित किया गया और करीब तीन बजे बाद सलाम प्रोग्राम का समापन किया गया। इस दौरान जमील रायनी, हाजी हारून, नजीर विधायक, अब्दुल गफ्फार ठेकेदार, बाबू नेता, कलीम, अकबाल आलम अध्यक्ष सभासद संघ, मोहम्मद साबिर सभासद, जमील रायनी, रज्जब अली, मोहम्मद सईद मास्टर, हाजी वसीम अहमद, अब्दुल अजीज, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद इरफान सभासद, आवेस रायनी, कारी मासूम रजा सहित हजारों लोग मौजूद रहे। सुरक्षा को चाक चौबंद रखने के लिए उपजिलाधिकारी हीरालाल, सीओ मुन्ना उपाध्याय, कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज सुनील कुमार तिवारी भारी पुलिस व पीएसी फोर्स के साथ तैनात रहे।

# डाटा फीडिंग आपरेटर के चयन में हेराफेरी का आरोप

## ● शपथ पत्र के साथ डीएम से की शिकायत

संवाददाता। बस्ती

**विकास** खंड हर्रैया के ग्राम पंचायत भदावल कला में डाटा फीडिगं आपरेटर के चयन में हेराफेरी करने का आरोप गांव के ही सलीम ने लगाया है। डीएम को दिए शिकायत में आपरेटर के पद के लिए अभ्यर्थी मो. इकबाल ने कहा है, कि उसने 17 अगस्त 21 के पूर्व आवेदन किया था, इसके लिए ग्राम पंचायत प्रशासनिक समिति की खुली बैठक 30 अगस्त 21 को जूनियर हाईस्कूल भदावल में हुई। जिसमें पूरी पारदर्शिता निभाते और पर्ण सहमति से उसका चयन हुआ। कहा कि बाद में पता चला कि सेक्रेटरी ने कागजों में हेराफेरी करके रोशनी पुत्री मा. इकबाल नामक महिला का चयन कर लिया। जबकि उसके अतिरिक्त और कोई दूसरा अभ्यर्थी ने आवेदन ही नहीं किया, और न समिति ने किसी अन्य के नाम पर विचार ही नही किया। प्रधान रोशन ने भी सेक्रेटरी की गलती माना, और कहा कि पहले वाले कार्रवाई रजिस्टर में लिखा कि रोशनी का जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं हैं, फिर अचानक सेक्रेटरी ने कटिगं करके लिख दिया कि जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध करा दिया गया। कहते हैं कि एक तरह से सलीम अहमद का आरोप सही है, अब यह नहीं मालूम कि किस दबाव या लालच में आकर सेक्रेटरी ने रिपोर्ट बदल दी। डीएम सौम्या अग्रवाल ने सीडीओ को पारदर्शी तरीके से चयन सुनिश्चित करने को लिखा है। जहां भी देखों वहीं पर सेक्रेटरी की अनियमित भूमिका सामने आ रही है। ग्राम पंचायत भदावल कला में हुए डाटा फीडिगं आपरेटर की नियुक्ति के मामले में भी सेक्रेटरी की अनियमित भूमिका सामने आई हैं।

### रायठ में भी निकला 'डाटा फीडिंग आपरेटर' की अनियमित नियुक्ति का मामला

**बस्ती।** हर्रैया ब्लॉक के ग्राम पंचायत भदावल कला के बाद रूधौली तहसील के ग्राम पंचायत रायठ में भी डाटा फीडिगं आपरेटर के चयन में मनमानी और अनियमितता करने का मामला सामने आया है। यहीं की निवासिनी सुमन निषाद पुत्री रामचन्द्र ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर सहायक, एकाउन्टेन्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर पद के चयन में मनमानी का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और नए सिरे से नियुक्ति किए जाने की मांग की है। पत्र में सुमन निषाद ने कहा है कि उसने ग्राम पंचायत रायठ में सहायक, एकाउन्टेन्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन किया था, उसका हाई स्कूल एवं इण्टर मीडिएट का अंक अन्य अभ्यर्थियों से अधिक है, किन्तु ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान ने बिना खुली बैठक कराए बिना शासनादेश का उल्लंघन करते हुए प्रधान ने अपने सगे भाई की लड़की भतीजी सरिता यादव पुत्री शत्रुघ्न का चयन अवैध रूप से कर लिया।

## दो मंजिला मकान की दीवार ढहने से सास-बहू की मौत

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के ग्राम करसवां में मंगलवार की भोर दो मंजिला घर की दीवार ढह जाने से छप्पर के नीचे सो रहीं सास-बहू मलबे में दब गईं। जिन्हें आनन-फानन निकाला गया तब तक देर हो चुकी थी और सास-बहू की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को विच्छेदन हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार करसवां गांव निवासी स्व. रोशनलाल की 35 वर्षीय पत्नी श्यामा देवी अपनी सास कलावती पत्नी इन्द्रपाल 55 वर्ष के साथ घर के बाहर छप्पर के नीचे व बच्चे अंदर कमरे में सो रहे थे। देर रात तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के दौरान आज सुबह भोर में अचानक केशन साहू पुत्र राम कुमार साहू की दो मंजिला घर की दीवार अचानक छप्पर में ढह गई। जिसके मलबे के नीचे सास-बहू दब गई। शोर-शराबा सुनकर परिजन व आस-पास के लोगों ने जल्दी-जल्दी मलबा हटाया और सास-बहू को बाहर निकाला लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# बल्लेबाजी क्रम को अंतिम रूप देने उतरेगा भारत



## ऑस्ट्रेलिया के बीच अभ्यास मैच आज

**भाषा**। दुबई

**पिछले** मैच में जीत के साथ टी-20 विश्व कप की तैयारियां पुख्ता करने वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को दूसरे और आखिरी अभ्यास मैच में बल्लेबाजी क्रम को अंतिम रूप देने के इरादे से उतरेगी। भारत को टूर्नामेंट के पहले मैच में रविवार को पाकिस्तान से खेलना है। बतौर कप्तान विराट कोहली और कोच के तौर पर रवि शास्त्री का यह आखिरी टूर्नामेंट है।

इंग्लैंड के खिलाफ सोमवार को अभ्यास मैच से पहले ही कोहली ने कहा था कि शीर्ष तीन स्थान तय है जिसमें केएल राहुल और रोहित शर्मा पारी की शुरूआत करेंगे जबकि कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट से जीत में 70 रन की पारी खेलने वाले युवा ईशान किशन अंतिम एकादश में चयन का दावा पुख्ता कर चुके हैं।ऋषभ पंत (नाबाद 29) को सूर्यकुमार यादव से ऊपर भेजा गया था और अब देखना है कि वह बुधवार को किस क्रम पर उतरते हैं। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी नहीं की लिहाजा इस मैच में वह हाथ आजमाना चाहेंगे। चर्चा का विषय हार्दिक पंड्या बने हुए है जो इंग्लैंड के खिलाफ सहज नहीं दिखे। वह गेंदबाजी भी नहीं कर पा रहे हैं तो देखना यह होगा कि भारतीय टीम प्रबंधन क्या उन्हें विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में उतारता है।

उनकी गेंदबाजी के बिना भारत को छठे गेंदबाजी विकल्प की कमी खलेगी चूंकि पांच गेंदबाजों में से एक के विफल रहने पर जरूरत पड़ सकती है। इंग्लैंड के खिलाफ भुवनेश्वर कुमार ने एक विकेट लिया था लेकिन जसप्रीत बुमराह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे। मोहम्मद शमी ने तीन विकेट लिए लेकिन महंगे साबित हुए। राहुल चाहर भी काफी महंगे रहे। मौजूदा फॉर्म की बात करें तो आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला हारने के बाद से भारत लगातार आठ श्रृंखलाओं में अपराजेय रहा है। टी-20 विश्व कप 2016 के बाद से भारत ने 72 टी-20 मैच खेलकर 45 जीते हैं।

आस्ट्रेलिया ने जीत के साथ शुरूआत करते हुए न्यूजीलैंड को पहले अभ्यास मैच में तीन विकेट से हराया। डेविड वॉर्नर का खराब फॉर्म हालांकि आईपीएल के बाद यहां भी जारी रहा और वह पहली गेंद पर आउट हो गए। एडम जाम्पा और केन रिचर्डसन ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज विफल रहे। एश्टोन एगर और मिशेल स्टार्क ने आखिर में ताबड़तोड़ छोटी पारियां खेलकर टीम को जीत दिलाई।

**टीमें**

भारत: विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, राहुल चाहर, रविचंद्रन अश्विन, वरूण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, शारदुल ठाकुर।

आस्ट्रेलिया: आरोन फिंच (कप्तान), एश्टोन एगर, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मिशेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्वीपसन, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम जाम्पा।



**धोनी की सलाह का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं राहुल**

**दुबई**। केएल राहुल ने अगले कुछ दिनों के लिए अपने लिए जो लक्ष्य तय किए हैं उनमें महेंद्र सिंह धोनी की भारतीय टीम के मेंटर के तौर पर हर सलाह का पूरा फायदा उठाना भी शामिल है।

इस सलामी बल्लेबाज का मानना है कि धोनी की ड्रेसिंग रूम में उपस्थिति से शांति की भावना बनी रहती है। भारत टी-20 विश्व कप में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## नामीबिया को हराकर पहला मैच जीतने की कोशिश में नीदरलैंड

**अबुधाबी**। आयरलैंड के हाथों शर्मनाक हार से उबरकर नीदरलैंड टी-20 विश्व कप पहले दौर के मैच में बुधवार को नामीबिया जैसी नई टीम को हराकर खाता खोलना चाहेगा। आयरलैंड के तेज गेंदबाज कुर्टिस कैम्फर ने चार गेंद में चार विकेट लेकर नीदरलैंड की पारी की बखिया उधेड़ दी। अब वे सात विकेट से मिली उस हार को भुलाकर नामीबिया के खिलाफ ग्रुप ए के मैच में जीत दर्ज करना चाहेंगे। नीदरलैंड के बल्लेबाजों कोलिन एकेरमैन, रियान टेन डोइशे, स्कॉट एडवडर्स और रोल्फ वान डेर मर्वे को कैम्फर ने 10वें ओवर में लगातार चार गेंदों पर आउट किया। नीदरलैंड के लिए सिर्फ मैक्स ओडाउड कुछ देर टिककर 47 गेंद में 51 रन बना सके। नीदरलैंड के छह विकेट 51 रन पर गिर गए थे। टीम अब इस प्रदर्शन को भुलाकर नामीबिया के खिलाफ जीत दर्ज करना चाहेगी। नामीबिया को पहले मैच में श्रीलंका ने हराया था और इस मैच में हार से अगले दौर के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ 2011 विश्व कप में शानदार शतक लगाने वाले टेन डोइशे नामीबियाई गेंदबाजों के खिलाफ बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कप्तान पीटर सीलार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 वर्ष का अनुभव है जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 21 रन बनाए। नामीबिया की अनुभवहीन टीम के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस और अनुभवी हरफनमौल डेविड वीसे पर सारा दारोमदार होगा। वैश्विक टूर्नामेंट में पहला मैच खेलते हुए नामीबिया 19.3 ओवर में 96 रन पर आउट हो गई थी। इरास्मस समेत तीन ही बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके। गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन श्रीलंका ने 13.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

## सुपर 12 के लिए दावा मजबूत करने उतरेंगे श्रीलंका और आयरलैंड

**अबुधाबी**। पूर्व चैंपियन श्रीलंका का सामना टी-20 विश्व कप के पहले दौर के ग्रुप मुकाबले में बुधवार को यहां आयरलैंड से होगा और इस मैच की विजेता टीम सुपर 12 में जगह बनाने के करीब पहुंच जाएगी। श्रीलंका और आयरलैंड दोनों टीमें इस मुकाबले में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेंगी क्योंकि इन्होंने अपने पहले मुकाबलों में क्रमश: नामीबिया और नीदरलैंड को सात विकेट के समान अंतर से हराया है।

श्रीलंका ने अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत नामीबिया के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि आयरलैंड ने नीदरलैंड पर हर विभाग में दबदबा बनाया और इस दौरान तेज गेंदबाज कर्टिस कैंफर ने चार गेंद में चार विकेट भी चटकाए। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका को पता है कि आयरलैंड के खिलाफ उनकी राह आसान नहीं होगी और उनकी टीम को इस मुकाबले में गलती करने से बचना होगा।

इस पूर्व चैंपियन टीम को अपने सलामी बल्लेबाजों कुसाल परेरा और पथुम निसंका के अलावा अनुभवी दिनेश चांदीमल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अविष्का फर्नांडो और भानुका राजपक्षे नामीबिया के खिलाफ विपरीत अंदाज में खेल पारियों से दिखा चुके हैं कि वे क्या करने में सक्षम हैं।

महेश थेकशाना और वानिंदु हसारंगा की स्पिन जोड़ी ने नामीबिया के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया था और टूर्नामेंट में श्रीलंका की सफलता काफी हद तक इन दोनों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। लाहिरू कुमारा, चमिका करूणारत्ने और दुष्मंता चमीरा की मौजूदगी में टीम का तेज गेंदबाजी आक्रमण भी मजबूत है। कप्तान शनाका को हालांकि अपने तेज गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। दूसरी तरफ कैंफर की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नीदरलैंड को हराने के बाद आयरलैंड की टीम श्रीलंका की चुनौती के लिए तैयार होगी।

कैंफर और उनके साथी गेंदबाजों को बुधवार को अपने प्रदर्शन को दोहराना होगा। उन्हें श्रीलंका के बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिसमें अनुभव और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। श्रीलंका के खिलाफ आयरलैंड की गेंदबाजी से अधिक उसकी बल्लेबाजी की परीक्षा होगा।

श्रीलंका के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है और उसके स्पिनर काफी प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# स्कॉटलैंड ने पीएनजी को हराया

**भाषा**। अल अमेरात

**रिची** बेरिंगटन के अर्धशतक के बाद जोश डेवी की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से स्कॉटलैंड ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में मंगलवार को यहां पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 17 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए सुपर 12 में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए।

पीएनजी की टीम स्कॉटलैंड के 166 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नोर्मन वानुआ (47 रन, 37 गेंद, दो छक्के, दो चौके) और किपलिन डोरिगा (18) के बीच सातवें विकेट की 53 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी के बावजूद 19.3 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। कप्तान असद वला (18) और सेसे बाउ (24) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। स्कॉटलैंड की ओर से डेवी ने 18 रन देकर चार विकेट चटकाए। मार्क वाट, ब्रेड व्हील, एलेस्डेयर इवान्स और क्रिस ग्रीव्स ने एक-एक विकेट हासिल किया।

स्कॉटलैंड ने बेरिंगटन (70) और मैथ्यू क्रॉस (45) के बीच तीसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की मदद से नौ विकेट पर 165 रन रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। बेरिंगटन ने 49 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के मारे जबकि क्रॉस ने 36 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और इतने ही छक्के जड़े।

अपने पहले मैच में बांग्लादेश को छह रन से हराने वाले स्कॉटलैंड ने अपने दोनों मैच जीतकर सुपर 12 चरण में जगह बनाने का दावा मजबूत कर दिया है। टीम को पहले दौर का अपना आखिरी मुकाबला 21 अक्टूबर को मेजबान ओमान के खिलाफ खेलना है। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पीएनजी की शुरुआत काफी खराब रही और टीम ने पावर प्ले में ही 35 रन तक पांच विकेट गंवा दिए। पीएनजी ने दूसरे ओवर में टोनी उरा (02) के रूप में पहला विकेट गंवाया जो डेवी की गेंद को विकेटों पर खेल गए। ब्रेड व्हील ने दूसरे सलामी बल्लेबाज लेगा सेइका (09) को विकेटकीपर क्रॉस के हाथों कैच कराया। कप्तान असद वला (18) ने एलेस्डेयर इवान्स पर चार चौके मारे लेकिन इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर व्हील को कैच दे बैठे। चार्ल्स अमिनी एक रन बनाकर रन आउट हुए जबकि डेवी ने साइमन अताई (02) को बेरिंगटन के हाथों कैच कराके पीएनजी को पांचवां झटका दिया।

बाउ और वानुआ ने इसके बाद पारी को संभाला। बाउ ने वाट पर छक्के के साथ नौवें ओवर में टीम के रनों का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। बाउ हालांकि क्रिस ग्रीव्स की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग आन पर व्हील को कैच दे बैठे। वानुआ ने ग्रीव्स पर लगातार दो चौकों के साथ अपनी बाउंड्री का खाता खोला। पीएनजी को अंतिम छह ओवर में जीत के लिए 80 रन की दरकार थी।

वानुआ ने 15वें ओवर में व्हील पर दो छक्कों के साथ 18 रन जुटाए जबकि डोरिगा ने अगले ओवर में ग्रीव्स पर चौके और छक्के के साथ 16 रन जोड़े। वाट ने डोरिगा को स्टंप कराके इस साझेदारी को तोड़ा। इस ओवर में सिर्फ चार रन बने। पीएनजी को अंतिम तीन ओवर में जीत के लिए 42 रन की जरूरत थी। डेवी ने वानुआ को क्रॉस के हाथों कैच कराके पीएनजी की रही सही उम्मीद भी तोड़ दी। इससे पहले स्कॉटलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों जॉर्ज मुन्से (15) और कप्तान काइल कोएटजर (06) के विकेट गंवा दिए। कोएटजर को मोरिया ने बोल्ड किया। मुन्से अच्छी लय में दिख रहे थे। उन्होंने नोसेइना पोकाना पर चौके से खाता खोला और फिर चार्ल्स अमिनी पर भी लगातार दो चौके मारे। मुन्से हालांकि अमिनी के अगले ओवर में गेंद को हवा में लहराकर लेगा सेइका को कैच दे बैठे। बेरिंगटन और क्रॉस ने इसके बाद पारी को संवारा। दोनों ने पावर प्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 37 रन तक पहुंचाया।



पहले राउंड के मैच में स्कॉटलैंड के मैथ्यू क्रास का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ी सिमोन अताई (दाएं) के साथ जश्न मनाते पापुआ न्यू गिनी के किपलिन डोरिगा (बाएं)

## ओमान को जीत के लिए मिला 154 रनों का लक्ष्य

**अल अमेरात**। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम की 64 रन की पारी और शाकिब अल हसन (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी से बांग्लादेश ने ग्रुप बी के मैच मंगलवार को यहां ओमान के खिलाफ करो या मरो मैच में 20 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 153 रन बनाए। टूर्नामेंट का पहला मैच स्कॉटलैंड से गंवाने वाली बांग्लादेश की टीम को प्रतियोगिता में बने रहने के लिए इस मैच को जीतना जरूरी है। नईम ने दो आसान जीवनदान का फायदा उठाते हुए 50 गेंद की पारी में तीन चौके और चार छक्के जड़े। शाकिब ने 29 गेंद की पारी में छह शानदार चौके जड़े। बिलाल खान और फय्याज बट ने ओमान के लिए तीन-तीन विकेट लिए। बिलाल ने चार ओवर में महज 18 रन खर्च किए तो वही पाकिस्तान के लिए अंडर-19 विश्व कप (2010) खेल चुके फय्याज ने चार ओवर में 30 रन दिए। कलीमुल्लाह ने चार ओवर में 30 रन खर्चकर दो विकेट चटकाए जबकि कप्तान जीशान मकसूद ने दो ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। दोनों टीमें इस मैच में एक-एक बदलाव के उतरीं बांग्लादेश ने सौम्य सरकार की जगह नईम को तो वही ओमान ने खावर अली की जगह फय्याज बट को अंतिम 11 में शामिल किया था। टॉस गंवाने के बाद ओमान ने शुरू से ही कसी हुई गेंदबाजी की जिसका फायदा उन्हें तीसरे ओवर में मिला। बिलाल खान की गेंद पर कश्यप प्रजापति ने लिट्टन दास का आसान कैच टपका दिया। लिट्टन हालांकि इसका फायदा नहीं उठा सके और अगली गेंद पर पगबाधा हो गए। उन्होंने सात गेंद में छह रन बनाए। तीन ओवर के बाद टीम का स्कोर 11 रन पर एक विकेट था। मोहम्मद नईम ने चौथे ओवर में कलीमुल्लाह की तीसरे गेंद पारी का पहला चौका और फिर छक्का जड़ा। बड़े शॉट लगाने के लिए तीसरे क्रम पर भेजे गए मेहदी हसन को खाता खोले बगैर आउट हो गए।

## लियाम लिविंगस्टोन का टी-20 विश्वकप में खेलना संदिग्ध

**भाषा**। लंदन

**इंग्लैंड** के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन का उंगली की चोट के कारण टी-20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध है। उन्हें भारत के खिलाफ दुबई में अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। इंग्लैंड अगले 24 घंटे तक उनकी चोट पर नजर रखने के बाद ही फैसला लेगा।

भारत ने यह मैच सात विकेट से जीता। मैच के आखिरी क्षणों में सीमारेखा पर कैच लपकने की कोशिश में लिविंगस्टोन को चोट लगी। उन्होंने 20 गेंद में 30 रन बनाए और दो ओवर में 10 रन देकर एक विकेट लिया।

उन्हें स्टार हरफनमौला बेन स्टोक्स की जगह टीम में रखा गया था। स्टोक्स मानसिक स्वास्थ्य कारणों से क्रिकेट से दूर हैं।

## भारत-पाक के बीच विश्व कप मकाबले होने चाहिए: पादुकोण

**भाषा**। मुंबई

भारतीय बैडमिंटन के पूर्व दिग्गज प्रकाश पादुकोण का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के बाद भी दोनों देशों के बीच टी-20 विश्व कप के मैच का आयोजन होना चाहिए। दोनों टीमें 24 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले से टी-20 विश्व कप में अपने अभियान को शुरू करेंगे।

पादुकोण ने यहां नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक कार्यक्रम के इतर कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि खेलों को राजनीति के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए और इस मैच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यह मेरी निजी राय है और ऐसा होता है या नहीं इस पर टिप्पणी करने का मैं कोई अधिकार नहीं रखता हूं। उन्होंने कहा कि लेकिन



अगर आप मेरी निजी राय पूछ रहे है तो मुझे लगता है कि मैच का आयोजन होना चाहिए। वे पहले भी कई बार खेल चुके हैं, इसलिए यह अलग नहीं है। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर में हाल के दिनों में आतंकवादियों द्वारा नागरिकों की हत्या के मद्देनजर मैच रद्द कर दिया जाना चाहिए। आम आदमी पार्टी की दिल्ली में सरकार है।

## टीके के बिना आस्ट्रेलिया ओपन के लिए टेनिस खिलाड़ियों को वीजा नहीं

**मेलबर्न**। जनवरी में आस्ट्रेलिाई ओपन के दौरान उन टेनिस खिलाड़ियों को वीजा नहीं मिलेगा जिन्होंने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है। विक्टोरिया के प्रधानमंत्री डेनियल एंड्रयूज पहले ही घरेलू खेल लीगों में खेल रहे खिलाड़ियों और स्वास्थ्य समेत कुछ क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए टीका अनिवार्य होने की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने अब विदेश से यहां खेलने आ रहे टेनिस खिलाड़ियों के लिए भी टीका अनिवार्य कर दिया।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि ऐसे किसी खिलाड़ी को यहां के लिए वीजा मिलेगा जिसे टीका नहीं लगा हो।

वीजा मिलने पर भी कुछ सप्ताह पृथकवास में रहना होगा जो बाकी खिलाड़ियों को नहीं रहना होगा। आस्ट्रेलिया 18 महीने में पहली बार अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाएं फिर से खेलने की तैयारी में है।

# हरभजन और श्रीनाथ को एमसीसी की मानद आजीवन सदस्यता

**भाषा**। लंदन

**भारतीय** स्पिनर हरभजन सिंह और पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ उन 18 क्रिकेटरों में शामिल है जिन्हें मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने मंगलवार को मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की। लंदन स्थित एमसीसी को क्रिकेट नियमों का संरक्षक माना जाता है। हरभजन और श्रीनाथ का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है।

हरभजन के नाम 103 टेस्ट में 417 विकेट दर्ज हैं और वह खेल के इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीयों में तीसरे नंबर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में उन्होंने 700 से ज्यादा विकेट लिए हैं। श्रीनाथ अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के एलीट पैनल के मैच रेफरी है। वह भारत के महान तेज गेंदबाजों





में शामिल हैं। उन्होंने एकदिवसीय में 315 और टेस्ट में 236 विकेट लिए हैं। एमसीसी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस साल की सूची में 12 टेस्ट खेलने वाले देशों में से आठ को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जिसमें आधुनिक खेल के कुछ सबसे लोकप्रिय खिलाड़ी भी शामिल है। भारत के दो खिलाड़ियों के अलावा इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के चार-चार खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया गया है। इसमें वेस्टइंडीज के तीन, ऑस्ट्रेलिया के दो और न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे तथा श्रीलंका के एक - एक खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक के अलावा इयान बेल और मार्कस ट्रेस्कोथिक को आजीवन सदस्यता का सम्मान मिला है। इन तीनों ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 39,000 से अधिक रन बनाए है। इस सूची में चौथा नाम महिला विकेटकीपर बल्लेबाज साराह टेलर का है।

## पंकज आडवाणी ने चौथी जीत दर्ज की

**भाषा**। मुंबई

**स्टार** क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए 121 अंक के एक ब्रेक के साथ जीएससी विश्व स्नूकर क्वालीफायर्स में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। आडवाणी ने ढीली शुरुआत की जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी धवज हरिया ने 2-0 से बढ़त हासिल कर ली। आडवाणी ने हालांकि जल्द ही वापसी की और आखिर में 4-2 (29-74, 31-79, 121(121)-00, 69-14, 69-03, 72-17) से जीत दर्ज की। आडवाणी ने रविवार की रात को पुष्पेंदर सिंह को 4-1 (68(51)-34, 86-01, 00-86(86), 120(84)-11, 61-25) से हराया था। इस बीच पुरुष वर्ग में आदित्य मेहता और महिला वर्ग में विद्या पिल्लई दोनों को हार का सामना करना पड़ा। भारत के नंबर तीन खिलाड़ी लक्ष्मण रावत ने अपने सभी चारों मैच जीते।

# सिंधू, श्रीकांत और समीर की अच्छी शुरुआत

**डेनमार्क ओपन बैडमिंटन**

**भाषा**। ओडेन्से

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने डेनमार्क ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में तुर्की की नेसलिहान यिजिट के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की। किदांबी श्रीकांत और समीर वर्मा ने भी टूर्नामेंट में अपना सफर जीत के साथ शुरू किया। मौजूदा विश्व चैम्पियन सिंधू को विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी के खिलाफ महिला एकल मुकाबले में 21-12, 21-10 से जीत दर्ज करने में महज 30 मिनट का समय लगा।

टोक्यो ओलंपिक के बाद सुदिरमन कप और उबेर कप फाइनल्स से बाहर रहने वाली चौथी वरीयता प्राप्त इस भारतीय खिलाड़ी का दूसरे दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूगफान से सामना होगा। पूर्व चैम्पियन किदाम्बी श्रीकांत और भारत के ही समीर वर्मा ने भी यहां टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग में जीत के साथ शुरुआत की। श्रीकांत ने 2017 में यहां खिताब जीता था।



उन्होंने हमवतन बी साई प्रणीत को 30 मिनट में 21-14, 21-11 से हराया। वहीं 28वीं रैंकिंग वाले समीर ने थाईलैंड के 21वीं रैंकिंग वाले कुन्लावुट विदितसर्न को 21-17, 21-14 से मात दी। दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत का सामना दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के केंतो मोमोता से हो सकता है। वहीं समीर डेनमार्क के तीसरी वरीयता प्राप्त एंडर्स एंटोंसेन से खेल सकते हैं। पुरुष युगल में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि मिला-जुला रहा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने अपने पहले मैच में इंग्लैंड की कैलम हेमिंग और स्टीवन स्टॉलवुड की जोड़ी को 23-21, 21-15 से हराया, तो वहीं एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने बेन लेन और सीन वेंडी की इंग्लैंड की दुनिया की 17वें नंबर की जोड़ी को 21-19 21-15 से शिकस्त दिया। मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी को हालांकि पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें मलेशिया के गो जे फेइ और नूर इजुद्दीन ने 21-18, 21-11 से हराया। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज सिंधू को अपने मुकाबले में ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने पहले गेम में 5-4 से बढ़त हासिल करने के बाद आसानी से इसे अपने नाम किया।

दूसरे गेम की शुरुआत में वह 1-3 से पिछड़ रही थी लेकिन फिर वापसी कर 10-4 की बढ़त हासिल की। यिजिट ने हालांकि लगातार चार अंक हासिल कर स्कोर 10-9 कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद अपने खेल के स्तर को ऊंचा करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# वास्तविक बनता वर्चुअल

**शालिनी सक्सेना का कहना है कि जब पिछले साल वर्तमान महामारी की मार पड़ी, तो संगीत समारोह सहित सब कुछ ऑनलाइन हो गया, जो लाखों संगीत प्रेमियों को सामाजिक दूरी के दौर में एक एचसीएल के मंच पर एक साथ लेकर आया।**



कोविड-19 ने हमारे जीने और हमारे रोजमर्रा काम करने के तरीके को बदल दिया है। इसमें यह भी शामिल है कि हम अपने मनोरंजन के तरीकों की तलाश कैसे करते हैं। डिजिटल दुनिया में विस्फोट हो गया है और इसका मतलब है कि हम संगीत भी कैसे सुनें। कलाकारों को लाइव प्रस्तुति देने से लेकर उन्हें ऑनलाइन देखने तक, आज दुनिया एक अलग जगह बन गयी है।

एचसीएल डिजिटल कॉन्सर्ट्स के प्रमुख रोहित कौल बताते हैं कि जब उन्होंने बैठक, बैठक यूएस और साउंडस्केप के साथ शुरुआत की थी, तब से यात्रा दिलचस्प रही है क्योंकि उन्होंने पिछले साल मार्च में डिजिटल संगीत कार्यक्रम आयोजित करना शुरू किया था।

कौल कहते हैं,''जब हमने पिछले साल शुरू किया था, हमने कभी नहीं सोचा था कि हम इतने सारे संगीत कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित करेंगे। 100 माइलस्टोन वास्तव में अद्भुत है। हमने कभी नहीं सोचा था कि 8 करोड़ से अधिक लोग इन शोज को देखेंगे। यह समृद्धकारी और संतुष्टिदायक भी रहा है। हम अपने संगीत समारोहों में न केवल उद्योग के दिग्गजों को, बल्कि कई भावी कलाकारों को भी प्रस्तुत करने में सक्षम हुए हैं।''

वह बताते हैं कि उन्होंने जिस चीज के लिए योजना नहीं बनाई थी, वो थी एक निश्चित संख्या में दर्शकों की संख्या प्राप्त करना या कितने संगीत कार्यक्रम आयोजित करने थे या यदि इसकी समापन तिथि है या नहीं।

कौल का कहना है, ''हालांकि, इनमें से प्रत्येक प्लेटफॉर्म के साथ, चाहे वह बैठक हो या साउंडस्केप, एक खास किस्म के प्रशंसकों को लक्षित करने या उन्हें एक खास किस्म के कलाकार को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। इसके पीछे सोच यह है कि हम लगातार नए प्लेटफॉर्म चाहते हैं और नए तरीके खोजते हैं कि हम विभिन्न प्रकार के कलाकारों को अपने दर्शकों तक कैसे ले जा सकें।''

दिलचस्प बात यह है कि कौल और उनकी टीम के लिए वर्चुअल समारोह करना कोई नई बात नहीं थी। वे पूर्व-कोविड -19 दौर के दौरान भी अपने संगीत कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण आयोजित कर रहे थे।

कौल याद करते हैं, ''हम अपने लाइव कॉन्सर्ट को डिजिटल रूप से भी प्रसारित कर रहे थे। इससे हमें मदद मिली जब हमें तत्काल डिजिटल होना पड़ा। हमने कलाकार समुदाय से यह जानना चाहा था कि क्या किया जा सकता है क्योंकि प्रत्यक्ष संगीत कार्यक्रम ठप्प हो गए थे। हमारे पास पूर्वअर्जित शिक्षण के कारण हमारी प्रतिक्रिया त्वरित रही। रास्ते में, कई मोड़ आए थे। मगर सकारात्मक बात यह थी कि हमने डिजिटल स्पेस की ताकत को समझा। हम यह भी समझ गए थे कि प्रत्यक्ष समारोह की भी जरूरत है। हमने छोटी तकनीकी बारीकियां तक सीखीं। हमने सीखा कि दर्शकों को क्या पसंद है और कलाकारों तक प्रतिक्रिया भेजते हैं।''

कौल बताते हैं कि अब जब चीजें आसान हो रही हैं और कोविड-19 की संख्या कम हो रही है, तो वे अपने संगीत

> इनकार में जीने के बजाय आगे बढ़ने के पक्ष में चीजों को अपनाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि हम मानवीय स्पर्श खो रहे हैं। मानवीय तत्व - वह व्यक्ति, जिसने उस ऐप को बनाया है - अभी भी है। जब हम वीडियो कॉल पर चैट करते हैं, तो हर छोर पर लोग होते हैं। यह दूर जाने वाला नहीं है।
>
> — पूर्बयन चटर्जी

कार्यक्रम को-आनलाइन और आफलाइन के संयोजन में आयोजित करेंगे। वह कहते हैं, ''बेशक, हमें अभी भी कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना होगा और करना चाहिए। आफलाइन होने से पहले हम थोड़ा और इंतजार करेंगे। हमारा डिजिटल मॉडल फिर भी जारी रहेगा।''

100वें डिजिटल एचसीएल कॉन्सर्ट में, तबले पर सत्यजीत तलवलकर और सारंगी पर फारूक लतीफ खान के साथ कार्यक्रम- प्रस्तुति देने वाले सितार वादक पूर्बयन चटर्जी का एक दिलचस्प दृष्टिकोण है। वह बताते है कि आभासी अधिक से अधिक वास्तविक होता जा रहा है।

चटर्जी बताते हैं, ''हमें इनकार में जीने के बजाय आगे बढ़ने के पक्ष में चीजों को अपनाना चाहिए। समय के साथ चलना बेहतर है। चीजें आसान हो रही हैं और अब हम वर्चुअल कॉन्सर्ट आयोजित करने के लिए स्टूडियो जा सकते हैं। बहुत सी चीजें वर्चुअल हो गई हैं। हम ऐप पर खाना ऑर्डर कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हम मानवीय स्पर्श खो रहे हैं। मानवीय तत्व - वह व्यक्ति, जिसने उस ऐप को बनाया है - अभी भी है। जब हम वीडियो कॉल पर चैट करते हैं, तो हर छोर पर लोग होते हैं। यह दूर जाने वाला नहीं है।''

100वें मील के पत्थर के लिए उनकी पसंद दिलचस्प थी। उन्होंने एक ऐसा टुकड़ा चुना, जिसमें उत्साह का अनुभव हो। चटर्जी कहते हैं, ''चूंकि यह एक उत्सव था, इसलिए मैंने राग मारू बिहाग से शुरुआत करने का फैसला किया, यह राग बहुत मधुर है और यह एक खुशी का अवसर था। मैंने सारंगी की शुरुआत की, जो सबसे पहले बहुत शुभ है और यह वाद्य यंत्र सर्वोत्कृष्ट रूप में मूलतः भारतीय वाद्ययंत्र है। मैं इस उपकरण का प्रचार करना चाहता था। इसके अलावा, एचसीएल अपनी जड़ों की ओर वापस जाने के लिए खड़ा है, इसलिए मैंने कुछ ऐसा चुना जो उसके लिए सुखद स्वर हो।'' हालांकि, वह वर्चुअल स्तर पर प्रस्तुति करने के लिए नए नहीं हैं। इससे पहले भी वह लाइव परफॉर्मेंस समेत वर्चुअल शो कर चुके हैं।

चटर्जी बताते हैं, ''यहां तक कि जब कोई कोरोना काल नहीं था तब भी हम विश्व संगीत दिवस पर एक आभासी शो किया करते थे। हमने कौशिकी चक्रवर्ती के साथ जुगलबंदी की, जिसे वर्चुअल ऑडियंस के लिए दिल्ली में शूट किया गया था। मैंने यह सोचा नहीं था, कि मैं केवल वर्चुअल शो ही करूंगा। लेकिन चीजें धीरे-धीरे लाइव परफॉर्मेंस और दर्शकों के साथ पटरी पर वापस आ रही हैं।''

बकौल चटर्जी, ''पिछले साल भी, जब चीजें आसान हुई थीं, वो दिखने लगी थीं। मैंने ओडिशा में जो प्रस्तुति दी थी वो हाऊसफुल प्रस्तुति थी, मैंने मुंबई में कुछ शो किए और वहां अच्छी उपस्थिति थी। मैंने हाल ही में चेन्नई में एक शो किया था और लोग वहां अच्छी संख्या में आए थे। मेरा अगले महीने मुंबई में एक शो है। देखते हैं कि वह कैसा होता है। टीकाकरण अभियान अच्छा चलने से , लोगों में डर धीरे-धीरे कम हो रहा है।''



# पारिवारिक रिश्तों के बारे में

**रीयूनियन**
**ट्रूम स्टूडियो**
**कलाकार : लिलेट दुबे, केके रैना, वीर राजवंत सिंह, कश्मीरा ईरानी, प्रबल पंजाबी, देविका वत्स**
**रेटेड : 4/10**

रीयूनियन एक ऐसे परिवार के बारे में है जो वर्षों से नहीं मिला है, लेकिन परिवार के एक सदस्य की मृत्यु पर एक साथ आता है और उसकी अंतिम इच्छा को पूरा करता है। विषय और अंतर्निहित संदेश कि परिवार सबसे पहले आता है, बहुत अच्छा है। आज कल ऐसे विषय पर कोई फिल्म या वेब सीरीज कम ही देखने को मिलती है। निश्चित रूप से एक स्वागत योग्य बदलाव।

इस वेब सीरीज का एक और प्लस यह है कि नौ में से कोई भी एपिसोड 24 मिनट से ज्यादा का नहीं है। इससे उन्हें एक बार में देखना आसान हो जाता है। साथ ही, चुनी गई लोकेल बहुत अच्छी है। फिर, इतनी हरियाली और प्राचीन समुद्र तटों को देखना दुर्लभ है।

स्टार कास्ट का अभिनय सही जगह पर है। साथ ही कहानी नौ एपिसोड के बाद खत्म होती है। इसलिए, अगर निर्माता इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो इसे पूरी तरह से अलग ट्रैक होना चाहिए, लेकिन एक ही कास्ट के साथ हो सकता है।

बाप-बेटे के रिश्ते को हकीकत में दिखाया गया है। यह कुछ ऐसा है जिसे अक्सर देखा जाता है; आमतौर पर पिता और पुत्र के बीच बहुत अच्छे संबंध नहीं होते हैं और यह स्वाभाविक रूप से सामने आया है। यह देखते हुए कि लोग यथार्थवादी सिनेमा की तलाश में हैं, यह उनके लिए बिल्कुल सही है।

हालाँकि, कुछ नो-नो भी हैं। सबका अभिनय ठप है; ऐसा लगता है कि वे केवल प्रयास करने के बजाय अभिनय की गति के साथ जा रहे हैं। यहां पति-पत्नी की भूमिका निभाने वाले वीर राजवंत सिंह और कश्मीरा ईरानी के बीच कोई केमिस्ट्री नहीं है।

यथार्थवाद की तलाश करने वालों को यह पसंद आएगा।

**— शालिनी सक्सेना**



# बुजुर्गों की देखभाल में बदलाव लाती प्रौद्योगिकी

**कनिष्क आचार्य का कहना है कि बुजुर्गों की देखभाल उद्योग एक तकनीकी क्रांति के कगार पर है**

2021 में, जीवन की उच्च गुणवत्ता प्राप्ति के लिए प्रौद्योगिकी और अनुकूलन परस्पर घुल गए हैं। वरिष्ठ नागरिक अब एक बटन के स्पर्श में नुस्खे अपलोड कर सकते हैं, डॉक्टरों से बात कर सकते हैं और परिवार और दोस्तों के संपर्क में रह सकते हैं। हालांकि, ये छोटे अनुकूलन केवल इस बात की सामने लाने लगे हैं कि वरिष्ठ जीवन के लिए तकनीक क्या कर सकती है।

यह नाटकीय लग सकता है, लेकिन यह अतिशयोक्ति नहीं है - वरिष्ठ नागरिक, एक समूचे समुदाय के रूप में ,नई तकनीक को अपनाने में सबसे धीमे रहे हैं, और उद्योग की अन्य शाखाओं के विपरीत, वरिष्ठ जीवन या बुजुर्ग देखभाल को, जैसा कि संदर्भित है, भारत में,ऐतिहासिक रूप से, उसके ग्राहक आधार द्वारा बेहतर तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित नहीं किया गया है, जिसका मुख्य कारण लघु उपयोगकर्ता आधार और संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली काफी हद तक खंडित किस्म की सेवा है, जो कि अधिकांशतया मौजूदा परेशानियों के लिए सरल प्राथमिक-सहायता समाधान प्रदान करती हैं। ये एक समस्या है। वरिष्ठ देखभाल प्रदाता केवल उसी हद तक कल्याणकारी सहायता प्रदान कर सकते हैं कि जब वे समूचे व्यक्ति से संबंधित निर्णय लेने के लिए अपने ग्राहकों का एक संपूर्ण खाका खींचने में सक्षम हों।


लेकिन दौर बदल रहा है। जैसा कि तकनीक कंपनियां 740 बिलियन डॉलर के बुजुर्ग देखभाल मार्केट को बदलने की विशाल क्षमता को पहचानती हैं और तकनीकी समझ रखने वाले बूमर्स तेजी के साथ सेवानिवृत्ति में प्रवेश कर रहे हैं, यानी समूचा उद्योग परिवर्तन के लिए तैयार है।

बड़ी बाधा यह कि अधिकांश प्रौद्योगिकियां, जो वरिष्ठ जीवन के चेहरे पर फर्क डाल सकती हैं, अब अपनी अनेक सुस्त प्रणालियों को एकत्रित कर रही हैं। हालांकि हम कई उपकरणों से डेटा संग्रहित कर रहे हैं, मगर ये प्रौद्योगिकियां परस्पर संवाद नहीं कर रही हैं - उदाहरण के लिए, ईएचआर, जो कैलेंडर सिस्टम या मेडिकल रिकॉर्ड सिस्टम पर नहीं ले जाते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सारा डेटा कहां जा रहा है? ऐसे में पैटर्न बनाने और विसंगतियों का पता लगाने के लिए एआई या एमएल इंजन को प्रशिक्षित करने वाले एक मजबूत डेटा एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म की आवश्यकता महत्वपूर्ण है। आईओटी बाद का जीवन जीने के लिए सार्थक समाधान गढ़ने में एक बड़ी भूमिका निभाएगा - ऐसे उपकरण जो गद्दे में लगे चिप्स के माध्यम से नींद के पैटर्न, आराम और परिवर्तनशील हृदय गति का पता लगा सकते हैं, ताकि इसे दिन-समय के डेटा के साथ जोड़कर समझा जा सके, जो कि चिकित्सकों और देखभाल कंपनियों को बेहतर निर्णय लेने और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद कर सकता है। ऐसे उपकरण -जो मधुमेह से संबंधित आंशिक या पूर्ण अंधेपन से प्रभावित लोगों के लिए जीवन जीने में मदद करते हैं - जाइरोस और सेंसर लगे ट्रिपल लेयर चिप डिजाइन से लैस होते हैं, जो जीवन की गुणवत्ता को अद्भुत ढंग से बदल सकते हैं।

महामारी की शुरुआत के बाद से, असुरक्षित परिस्थितियों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की मृत्यु में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सामाजिक दूरी के दिशा-निर्देशों के प्रभाव में और मिलने वालों पर सीमा लागू होने से, बुजुर्ग अपने घरों में अकेले और असुरक्षित समय बिता रहे हैं। यह असाध्य न्यूरो स्थितियों वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से समस्याजनक है, जो बगैर डिमेंशिया के बुजुर्ग के बतौर पहले ही परेशान चल रहे थे

जैसा कि हम आगामी 2022 तक देखते हैं,कि वरिष्ठ जीवन में गिरावट की रोकथाम एक शीर्ष चिंता का विषय बनी रहेगी। अधिकांशतया नहीं मगर यह एक चौकन्ना रहने वाली घटना है जो जीवन की दिशा बदल देती है। इस चुनौती को हल करने में मदद करने हेतु, डिमेंशिया का शिकार होने वालों का पता लगाने के लिए एआई-सक्षम सेंसर और बीकन सिस्टम स्थापित किया गया है। इसके परिणामस्वरूप 40 प्रतिशत तक इस रोग से ग्रसित होने में और इस रोग से संबंधित ईआर मुलाकातों में 80 प्रतिशत तक की कमी आएगी।

प्रौद्योगिकी नवाचार के चक्रव्यूह में अक्सर जो चीज खो जाती है वो है तकनीक को विकसित करने और लागू करने की आवश्यकता, जो दैनिक जीवन में वास्तविक अंतर लाती है, चाहे वह दैनिक जीवन (एडीएल) की गतिविधियों के प्रदर्शन में गुणवत्ता में सुधार करना हो या समूचे देखभालकर्ता रिसीवर संवाद में वरिष्ठों की गरिमा को बहाल करना हो। यह एक ऐसी चीज है जिस पर अब तक ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। प्री-बेबी बूमर पीढ़ी के साथ एक बड़ा मसला तकनीक को अपनाने के प्रति अनिच्छा या अक्षमता है। धारण योग्य स्वास्थ्य उपकरणों, ट्रैकर्स आदि के जरिए ढलने हेतु मजबूर करने की कोशिश से, शायद ही कभी वांछित परिणाम प्राप्त होते हैं। एक भरोसेमंद बदलाव लाने के लिए प्रौद्योगिकी को बुजुर्गों के जीवन में सहज भाव से बुनना होगा, इसमें बुजुर्ग असंयम से संबंधित एक और महत्वपूर्ण मामला देखा जा सकता है। यह 65 और उससे अधिक उम्र के लगभग 51 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों को प्रभावित करता है, और इसमें दैनिक जीवन गतिविधियां करने के लिए एकमात्र मौजूदा समाधान आक्रामक सर्जरी या वयस्क डायपर है। यदि हम एक सेंसर-आधारित पैच बना सकते हैं जो पहले से रिकॉर्ड और संकेत कर सकता है, कि किसी व्यक्ति का मूत्राशय या आंत भरा हुआ है, तो यह व्यक्ति और उनके देखभाल-कर्ता दोनों के लिए एजेंसी को बहाल करेगा। इसलिए, गैर-हस्तक्षेपकारी तकनीक विकसित करना महत्वपूर्ण है जो जीवन की गुणवत्ता में नाटकीय रूप से सुधार कर सके और बाद के जीवन में गरिमा बहाल कर सके। यह बुजुर्ग स्वास्थ्य की निगरानी कर सकती है और बेहतर देखभाल प्रदान कर सकती है।



**(लेखक वेल्डरकेयर, लाइफस्टाइल के संस्थापक और सीईओ हैं, जो बुजुर्गों के लिए सर्विस रिटायरमेंट मॉडल है।)**

# 'कैसा होता है दिन-प्रतिदिन के आधार पर जीना'

**नरेंद्र गुप्ता** जो एंड टीवी के मौका-ए-वरदात-ऑपरेशन विजय में **न्यूटन चट्टोपाध्याय** की भूमिका निभा रहे हैं, ने सुप्रिया रमेश से उनके चरित्र के बारे में बात की, वह भूमिका के लिए क्यों सहमत हुए और अपराध शैली में कितना काम करना पड़ता है।



**■ मौका-ए-वरदात - ऑपरेशन विजय क्या है?**

यह स्वयं परिभाषित है। भारतीय अधिकारियों का एक बैंड एक अपराध का पता लगाता है और अपराधियों को पकड़ने की कोशिश करता है और वे इसे सफलतापूर्वक करते हैं। मैं एक वैज्ञानिक की भूमिका निभा रहा हूं, जो दिमाग है और भारतीय अधिकारियों की मदद करता है। वह अधिकारियों का मार्गदर्शन करने और उनकी मदद करने के लिए अतीत और वर्तमान से निष्कर्ष निकालते हैं।

**■ अपनी भूमिका के बारे में बताएं?**

इसकी बहुत अलग भूमिका है। मैं एक वैज्ञानिक की भूमिका निभा रहा हूं जो पहुंच से दूर रहता है। मेरा ठिकाना और संपर्क जानकारी किसी को नहीं पता। लेकिन मुख्य किरदार न्यूटन चट्टोपाध्याय सब कुछ जानता है और हर चीज पर नज़र रखता है। ऐसा करते हुए अगर कुछ दक्षिण की ओर जाता है, तो वह अचानक प्रकट होता है और लोगों का मार्गदर्शन करता है। वह एक विशेषज्ञ है जो खुद को शामिल नहीं करता है लेकिन हमेशा स्टैंडबाय पर रहता है। वह पिता तुल्य, प्रोफेसर, मित्र, वैज्ञानिक जैसे हैं। वह हर चीज, हर भावना का समामेलन है।

**■ आपने इस भूमिका के लिए हां क्यों कह दी?**

मैंने इस रोल के लिए हामी भरी थी क्योंकि यह किरदार उनके पास है फिर भी उनके पास नहीं है। जब मैं शूटिंग कर रहा होता हूं, तो मैं अपनी मांद में होता हूं और वहीं से दूसरे किरदारों को चीजें समझा रहा होता हूं और वह भी बिना देखे। यह एक अलग तरह की चुनौती है। एक्टिंग में ज्यादातर बार कोई दूसरा कलाकार होता है जिसके साथ आप डायलॉग देते और लेते हैं। मैं इन संवादों पर तुरंत प्रतिक्रिया देता हूं और यह काफी चुनौतीपूर्ण है। कुछ ऐसे मौके आते हैं जब मैं अचानक कहीं प्रकट हो जाता हूं और फिर संवाद खत्म कर वहां से गायब हो जाता हूं। बहुत ज्ञानी, यह एक ऐसा चरित्र है जिसे मैंने चित्रित नहीं किया है इसलिए मैंने इसे स्वीकार कर लिया है और मैं इसे दिलचस्प पाते हुए आनंद ले रहा हूं। मुझे यकीन है।

**■ यहां 'आलोकिक शक्तियान' का क्या अर्थ है?**

आलोकिक शक्ति का तात्पर्य उन शक्तियों से है जो हमारी नियमित वैज्ञानिक पहुंच और समझ से परे हैं। लोक का अर्थ है लोग और लौकिक का अर्थ है कि लोग कहां से हैं। अलौकिक का अर्थ कुछ ऐसा है जो वहां से नहीं है जहां लोग रहते हैं। उदाहरण के लिए, अलौकिक क्षमताएं। आध्यात्मिक शक्ति जो अभी तक खोजी नहीं गई है लेकिन वैज्ञानिक शब्दों पर आधारित है। मुख्य विरोधी और विरोधी इन जैसी नई शक्तियों को खोजते रहते हैं। इन विचारों को वास्तविक रूप में प्रस्तुत करना बहुत चुनौतीपूर्ण है क्योंकि यह हमारी कल्पना से परे है।

प्रतिपक्षी के पास ये आलोकिक शक्तियां हैं, लेकिन नायक स्थिति को बराबर करने के लिए अपनी चालाक और वर्तमान बेहतर तकनीक का उपयोग करते हैं। उनके पास अनुकरणीय शक्तियों का विलास नहीं है, लेकिन उनके पास ज्वार को बदलने का साहस, ब्रौन और दृष्टिकोण है।

**■ आप ज्यादातर क्राइम जॉनर का हिस्सा रहे हैं चाहे वह सीरीज हो या फिल्म। चुनौतियां क्या हैं?**

डेली सोप इस बारे में हैं कि आप दिन-प्रतिदिन कैसे जीते हैं और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया करते हैं। जबकि क्राइम शोज में आपको एक खास कहानी, क्राइम और जॉनर का ख्याल रखना होता है। आपको अपनी भावनाओं को अलग तरह से प्रदर्शित करना होगा और अपराध का पता लगाने के बारे में यथार्थवादी दृष्टिकोण रखना होगा। सहजता और समग्र जानकारी में वृद्धि के कारण यह अलग है।

**■ हम समझते हैं कि आपने बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। काम का माहौल कैसे अलग है?**

एक अभिनेता के लिए फिल्मों में काम करना या टेलीविजन या किसी मीडिया में काम करना एक समान होता है। लेकिन हर मीडिया में अभिनय की कुछ सीमाएँ और पहलू होते हैं। फिल्मों में अभिनय की बात करें तो समय की पाबंदी के लिहाज से कोई सीमा नहीं है। टेलीविजन में अभिनय के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि हर एपिसोड में एक होता है। आपको इसे संपादित करना होगा और इसे नियोजित कार्यक्रम में प्रसारित करना होगा। यह एक अच्छी चुनौती है क्योंकि विश्राम के लिए कम समय है। आप हमेशा समय पर शूटिंग कर रहे हैं और विलंब करने के लिए यहां कोई जगह नहीं है चाहे कुछ भी हो। उस दिन चैनल खाली नहीं जा सकता।

**■ महामारी में शूटिंग किस तरह भिन्न थी?**

महामारी में, सेट पर बहुत कम लोग होते हैं जो पहले हुआ करते थे। ऐसे कई प्रोटोकॉल हैं जो एक साथ कई लोगों की बातचीत को प्रतिबंधित करते हैं। काम का बोझ बढ़ गया है लेकिन जितने अभिनेता पहल करते हैं और कुछ चीजें खुद करते हैं। हमें एक दूसरे की मदद करनी है और जिम्मेदारियों को साझा करना है। इन महत्वपूर्ण प्रतिबंधों के कारण कोई भीड़ और दर्शक नहीं है। हम सभी बहुत खुश हैं कि हम इन नियमों का पालन करके एक दूसरे को सुरक्षित रखते हुए काम कर रहे हैं।